हेतु (फल) का कथन —अज्ञान का विनाश, सम्यग्ज्ञान की उत्पत्ति, देव-मनुष्यादि के द्वारा निरन्तर पूजा का होना और प्रत्येक समय मे असख्यात-गुणित श्रेणीरूप से कर्मों की निर्जरा का होना साक्षात्प्रत्यक्ष फल है।

जियमोहिंधणजलणो अण्णाणतमंधयारदिणयरओ।
कम्ममलकलुसपुसओ जिणवयणमिवोवही सुहयो॥[3]

यह जिनागम जीव के मोहरूपी इन्धन को भस्म करने के लिये अग्नि के समान है, अज्ञानरूपी अन्धकार को नष्ट करने के लिए सूर्य के समान है, कर्म-मल अर्थात् द्रव्य-कर्म और कर्मकलुष अर्थात् भाव कर्म को मार्जन करने वाला समुद्र के समान है और परम सुभग है।

शब्दात्पदप्रसिद्धिः पदसिद्धेरर्थनिर्णयो भवति।
अर्थात्तत्त्वज्ञानं तत्वज्ञानात्पर श्रेयः॥[4]

शब्द से पद की सिद्धि होती है, पद की सिद्धि से उसके अर्थ का निर्णय

---

१ जयधवल पु० १ पृ० ६। २. धवल पु० १ पृ० ५५। ३. धवल पु० १ पृ० ५६। ४ धवल पु० १ पृ० १०।

होता है। अर्थ-निर्णय से तत्वज्ञान और तत्वज्ञान से परमकल्याण होता है।

इस कथन से उन लोगो के मत का खण्डन हो जाता है जो शास्त्र को ज्ञान मे निमित्त न मानकर यह कहते है कि शास्त्र से ज्ञान नही होता है।

परिमाण की व्याख्या—अक्षर, पद आदि की अपेक्षा परिमाण संख्यात है और तद्वाच्य विषय की अपेक्षा परिमाण अनन्त है।

नाम—इस शास्त्र का नाम आलापपद्धति है।

कर्ता—अर्थकर्ता और ग्रन्थकर्ता के भेद से कर्ता दो प्रकार का है। श्री १००८ महावीर तीर्थंकर अर्थकर्ता है। श्री १०८ गौतम गणधर द्रव्य-श्रुत के कर्ता हैं। श्री गौतम स्वामी, लोहाचार्य और जम्बू स्वामी ये तीन अनुबद्ध केवली हुए। इनके पश्चात् परिपाटी क्रम से पांच श्रुतकेवली हुए। इसके पश्चात् ज्ञान हीन होता गया, किन्तु वह ज्ञान परम्परा से श्री १०८ देवसेन आचार्य को प्राप्त हुआ, जिन्होने इस आलापपद्धति शास्त्र की रचना की है। (इससे उस मत का खण्डन हो जाता है जो सर्वथा यह मानते हैं कि एक द्रव्य दूसरे द्रव्य की पर्याय का कर्ता नही हो सकता है।)

इस प्रकार मगल, निमित्त, हेतु, परिमाण, नाम और कर्ता का व्याख्यान समाप्त हुआ।

आलापपद्धतिर्वचनरचनाऽनुक्रमेण नयचक्रस्योपरि उच्यते ॥१॥

शब्दार्थ—(आलाप) शब्दोच्चारण अर्थात् वोलचाल। (पद्धति) रीति या ढग। (नयचक्र) सम्यग्ज्ञान के अवयव रूप नय ताका समूह।

सूत्रार्थ—वचनो की रचना के क्रम के अनुसार प्राकृतमय नयचक्र नामक शास्त्र के आधार पर से आलापपद्धति को (मैं देवसेनाचार्य) कहता हू।

अर्थात् इस आलापपद्धति शास्त्र की रचना प्राकृत-नयचक्र ग्रथ के आधार पर हुई है।

सा च किमर्थम् ? ॥२॥

सूत्रार्थ—इस आलापपद्धति ग्रथ की रचना किस लिये की गई है ?

द्रव्यलक्षणसिद्धयर्थम् स्वभावसिद्धयर्थञ्च ॥३॥

सूत्रार्थ—द्रव्य के लक्षण की सिद्धि के लिये और पदार्थों के स्वभाव की सिद्धि के लिये इस ग्रथ की रचना हुई है।

द्रव्याणि कानि ? ॥४॥

सूत्रार्थ—द्रव्य कौन है ?

जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालद्रव्याणि ॥५॥

सूत्रार्थ—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये छह द्रव्य हैं।

विशेषार्थ—जीव द्रव्य उपयोगमयी अथवा चैतन्यमयी है। वह ससारी और मुक्त दो प्रकार का है। ससारी जीव त्रस और स्थावर के भेद से दो प्रकार के हैं।

स्पर्श, रस, गध और वर्ण जिसमे पाये जावें वह पुद्गल द्रव्य है।

जो जीव और पुद्गल इन दो द्रव्यो को चलने मे सहकारी कारण हो, जिसके बिना जीव और पुद्गल की गति नही हो सकती, वह धर्म द्रव्य है। जैसे, मछलियो के चलने मे जल सहकारी कारण होता है—जहा तक जल होता है वही तक मछलियो का गमन होता है। मछलियो मे गमन की शक्ति होते हुए भी जल के अभाव मे मछलियो का गमन नही होता है अर्थात् जल से आगे मछलियाँ पृथ्वी पर गमन नही कर सकती हैं। इसीलिये धर्म द्रव्य का लक्षण गतिहेतुत्व कहा गया है। जहा तक धर्म द्रव्य है, वहां तक ही लोकाकाश है। लोक और अलोक के विभाजन मे धर्मद्रव्य कारण है। कहा भी है—

लोयालोयविभेयं गमणं ठाणं च जाण हेदूहि।
जइ णहि ताणं हेऊ किह लोयालोयववहारे ॥१३५॥
[नयचक्र]

जो जीव और पुद्गल को ठहरने मे सहकारी कारण हो वह अधर्म द्रव्य है। जैसे, पथिक को ठहरने मे छाया सहकारी कारण है। इसके प्रदेश भी धर्म द्रव्य के समान है।

जो समस्त द्रव्यो को अवगाहन देवे वह आकाश द्रव्य है। क्षेत्र की अपेक्षा आकाश द्रव्य सब द्रव्यो से बडा है, सर्व-व्यापी है, इसलिए यह समस्त द्रव्यो को अवकाश देने मे समर्थ है। अन्य द्रव्य भी परस्पर अवगाहन देते हैं, किन्तु सर्व-व्यापी नही होने से वे समस्त द्रव्यो को अवगाहन नही दे सकते, इसीलिये अवगाहनहेतुत्व आकाश द्रव्य का लक्षण कहा गया है।[१] धर्म-द्रव्य के अभाव के कारण अलोकाकाश मे कोई द्रव्य नही जाता है। इसलिये वह किसी को अवगाहन नही देता है। फिर भी उसमे अवगाहन-दान की शक्ति है। इस प्रकार अलोकाकाश मे भी अवगाहन-हेतुत्व लक्षण घटित हो जाता है। इससे, कार्य होने पर ही निमित्त कारण कहलाता है, इस सिद्धान्त का खण्डन हो जाता है। निमित्त अपने कारणपने की शक्ति से निमित्त कहलाता है।

जो द्रव्यो के वर्तन मे सहकारी कारण हो वह कालद्रव्य है। काल के अभाव मे पदार्थों का परिणमन नही होगा। परिणमन न हो तो द्रव्य व पर्याय भी न होगी। सर्व शून्य का प्रसग आयेगा।[२]

द्रव्य का लक्षण—

सद्द्रव्यलक्षणम् ॥६॥

सूत्रार्थ—द्रव्य का लक्षण सत् है।

उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत् ॥७॥[४]

सूत्रार्थ—जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य से युक्त है वह सत् है।

विशेषार्थ—अन्तरग और बहिरग निमित्त के वश से जो नवीन अवस्था उत्पन्न होती है उसे उत्पाद कहते है। जैसे, मिट्टी के पिंड की घट पर्याय। पूर्व अवस्था के नाश को व्यय कहते है। जैसे, घट की उत्पत्ति होने पर पिण्ड आकृति का व्यय। अनादिकालीन पारिणामिक स्वभाव है, उसका व्यय और

---

१ सर्वार्थसिद्धि अ० ५। २. 'कालाभावे न भावानां परिणामस्तदतरात्। न द्रव्य नापि पर्य्याय: सर्वाभाव: प्रसज्यते।।' (नियमसार गाथा ३२ की टीका मे उद्धृत)। ३ तत्वार्थ सूत्र अ० ५ सूत्र २९। ४. तत्वार्थ सूत्र अ० ५ सूत्र ३०।

उत्पाद नहीं होता किन्तु 'ध्रुवरूप से' स्थिर रहता है इसलिये उसे ध्रुव कहते हैं। जैसे, पिण्ड और घट अवस्था मे मिट्टी का अन्वय बना रहता है। (सर्वार्थसिद्धि)।

॥ इति द्रव्याधिकार ॥

गुणाधिकार

गुणों का कथन प्रारम्भ होता है।

लक्षणानि कानि ? ॥८॥

सूत्रार्थ—द्रव्यो के लक्षण (गुण) कौन-कौन से हैं ?

विशेषार्थ—लक्षण, शक्ति, धर्म, स्वभाव, गुण और विशेष ये सब एक 'गुण रूप' अर्थ के वाचक हैं।[1]

"व्यतिकीर्णं वस्तुव्यावृत्तिहेतुर्लक्षणम्"[2]। अर्थात्—मिली हुई अनेक वस्तुओ मे से किसी एक वस्तु को पृथक् करने वाले हेतु को लक्षण कहते हैं।

अस्तित्वं, वस्तुत्वं, द्रव्यत्वं, प्रमेयत्वं, अगुरुलघुत्वं, प्रदेशत्वं, चेतनत्वमचेतनत्वं, मूर्तत्वममूर्तत्वं, द्रव्याणां दश सामान्यगुणाः ॥९॥

सूत्रार्थ—अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, और अमूर्तत्व ये द्रव्यो के दश सामान्य गुण हैं।

विशेषार्थ—प्राकृत-नय चक्र मे भी कहा है—

दव्वाण सहभूदा सामण्णविसेसदो गुणा णेया।
सव्वेसिं सामण्णा दह भणिया सोलस विसेसा ॥११॥
अत्थित्तं वत्थुत्तं दव्वत्तं पमेयत्त अगुरुलहुगुत्त।
पदेसत्तं चेदणिदरं मुत्तममुत्तं वियाणेह ॥१२॥

---

१. शक्तिर्लक्षणविशेषो धर्मो रूप गुणा-स्वभावश्च। प्रकृति शील चाकृति-रेकार्थं वाचका. शब्द ॥ २. न्यायदीपिका।

जो सदैव द्रव्यो के साथ रहे अर्थात् जो सहभू हो उन्हे गुण कहते हैं। अथवा, एक द्रव्य को दूसरे द्रव्य से पृथक् करे, उसे विशेष गुण कहते हैं। (सूत्र ९२–९३)

उन गुणो के सामान्य तथा विशेष इस प्रकार दो भेद हैं। सामान्य गुण दश और विशेष गुण सोलह होते हैं। अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व और अमूर्तत्व ये दस सामान्य गुण जानने चाहिये। यद्यपि ग्रन्थकार स्वय इन गुणो का स्वरूप आगे सूत्र ९४–१०४ मे कहेगे तथापि पाठको की सुविधा के लिये उनका स्वरूप यहा पर भी दिया जाता है।

जिस द्रव्य को जो स्वभाव प्राप्त है, उस स्वभाव से च्युत न होना अस्तित्व गुण है। (सूत्र १०६)

सामान्य-विशेषात्मक वस्तु होती है। उस वस्तु का जो भाव वह वस्तुत्व है। (सूत्र ९५)

जो अपने प्रदेश-समूह के द्वारा अखण्डपने से अपने स्वभाव व विभाव पर्यायो को प्राप्त होता है, होवेगा, हो चुका है, वह द्रव्य है। उस द्रव्य का जो भाव, वह द्रव्यत्व है। अथवा, वस्तु के सामान्यपने को द्रव्यत्व कहते है, क्योकि वह सामान्य ही विशेषो को प्राप्त होता है। (सूत्र ९६)

जिस शक्ति के निमित्त से द्रव्य किसी भी प्रमाण (ज्ञान) का विषय अवश्य होता है वह प्रमेयत्व गुण है। (सूत्र ९८)

जो सूक्ष्म है, वचन के अगोचर है, प्रति समय परिणमन-शील है और आगम प्रमाण से जाना जाता है, वह अगुरुलघु गुण है। (सूत्र ९९)

ससार अवस्था मे कर्म-परतन्त्र जीव मे स्वाभाविक अगुरुलघु गुण का अभाव है।[1]

---

१. 'अगुरुवलहुअत्त णाम जीवस्स साहावियमत्थि चे ण, ससारावत्थाए कम्मपरततम्मि तस्साभावा।' (धवल पु० ६ पृ० ५८)

किन्तु कर्मोदय कृत अगुरुलघु से अत्यन्त निवृत्त हो जाने पर स्वाभाविक अगुरुलघु गुण का आविर्भाव हो जाता है।[1]

जिस गुण के निमित्त से द्रव्य क्षेत्रपने को प्राप्त हो वह प्रदेशत्व गुण है। एक अविभागी पुद्गल परमाणु के द्वारा व्याप्त क्षेत्र को प्रदेश कहते है। (सूत्र १००)

अनुभूति का नाम चेतना है। जिस शक्ति के निमित्त से स्व पर की अनुभूति अर्थात् प्रतिभासकता होती है वह चेतना गुण है। (सूत्र १०१)

जडपने को अचेतन कहते है, अननुभवन सो अचेतनता है। चेतना का अभाव सो अचेतनत्व है। (सूत्र १०२)

रूपादिपने को अर्थात् स्पर्श-रस-गन्ध और वर्णपने को मूर्तत्व कहते हैं। (सूत्र १०३)

स्पर्श-रस-गन्ध-वर्ण इनसे रहित-पना अमूर्तत्व है। (सूत्र १०४)

ये गुण एक से अधिक द्रव्यो में पाये जाते है इसलिये ये सामान्य गुण है। चेतनत्व भी सर्व जीवो मे पाया जाता है इसलिये सामान्य गुण है। मूर्तत्व भी सर्व पुद्गलो मे पाया जाता है इसलिये सामान्य गुण है। जीव के अतिरिक्त अन्य पाच द्रव्य अचेतन हैं और जोव, धर्म, अधर्म, आकाश और काल द्रव्य अमूर्तिक हैं, इसलिये अचेतनत्व और अमूर्तत्व भी सामान्य (साधारण) गुण है।[2]

प्रश्न—चेतनत्व और मूर्तत्व सामान्य गुण कैसे हैं ?

उत्तर—जीव और पुद्गल यदि एक एक होते तो शका ठीक थी। किन्तु जीव भी अनन्त हैं और पुद्गल भी अनन्त हैं। अत स्वजाति की अपेक्षा चेतनत्व व मूर्तत्व सामान्य गुण है।

---

१. 'अनादिकर्मनोकर्मसम्बन्धाना कर्मोदयकृतमगुरुलघुत्वम्, तदत्यन्तविनिवृत्तौ तु स्वाभाविकमाविर्भवति।' (रा० वा० ८/११)

२. चेदणमचेदणा तह मुत्तममुत्तावि चरिन जे भणिया।
सामण्ण सजाईण ते वि विसेसा विजाईण ॥१६॥ [प्राकृत नयचक्र]

प्रत्येकमष्टौ सर्वेषाम् ॥१०॥

सूत्रार्थ—इन दस सामान्य गुणो मे से प्रत्येक द्रव्य मे आठ-आठ गुण हैं और दो-दो गुण नही हैं।

जीव द्रव्य मे अचेतनत्व और मूर्तत्व ये दो गुण नही हैं। पुद्गल द्रव्य मे चेतनत्व और अमूर्तत्व ये दो गुण नही है। धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाश-द्रव्य और कालद्रव्य इन चार द्रव्यो मे चेतनत्व और मूर्तत्व ये दो गुण नही हैं। इस प्रकार दो-दो गुणो को छोड़कर प्रत्येक द्रव्य मे आठ-आठ गुण होते हैं।

जीव मे अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशत्व, चेतनत्व और अमूर्तत्व ये आठ गुण होते हैं।

पुद्गल द्रव्य मे अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व ये आठ गुण होते हैं।

धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य इन चार द्रव्यो मे अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशत्व, अचेतनत्व और अमूर्तत्व ये आठ गुण होते हैं।

अब द्रव्यो के विशेष गुणो को बतलाते हैं।

ज्ञानदर्शनसुखवीर्याणि स्पर्शरसगन्धवर्णाः गतिहेतुत्वं स्थितिहेतुत्वमवगाहहेतुत्वं वर्तनाहेतुत्वं चेतनत्वमचेतनत्वं मूर्तत्वममूर्तत्वं द्रव्याणां षोडश विशेषगुणाः ॥११॥

सूत्रार्थ—ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, गतिहेतुत्व, स्थितिहेतुत्व, अवगाहनहेतुत्व, वर्तनाहेतुत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व ये द्रव्यो के सोलह विशेष गुण हैं।

विशेषार्थ—जिस शक्ति के द्वारा आत्मा पदार्थों को साकार जानता है, सो ज्ञान है।

भूतार्थ का प्रकाश करने वाला ज्ञान होता है। अथवा सद्भाव के निश्चय करने वाले धर्म को ज्ञान कहते हैं।[1]

---

१. 'भूतार्थप्रकाशकं ज्ञानम्। अथवा सद्भावविनिश्चयोपलम्भकं ज्ञानम्।' (धवल पु० १ पृ० १४२ व १४३)

जाणइ तिकालसहिए दव्वगुणे पज्जए य बहुभेए।
पच्चक्खं च परोक्खं अणेण णाणे त्ति णं बेंति ॥
॥२९९॥ [गो० जी०]

जिसके द्वारा जीव त्रिकाल-विषयक समस्त द्रव्य, उनके गुण और उनकी अनेक प्रकार की पर्यायों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जाने सो ज्ञान है। बहिर्मुख चित् प्रकाश को ज्ञान माना है।[1]

अन्तर्मुख चित् (चैतन्य) दर्शन है।[2] जो आलोकन करता है, वह आलोक या आत्मा है तथा वर्तन अर्थात् व्यापार सो वृत्ति है। आलोकन अर्थात् आत्मा की वृत्ति (व्यापार) सो आलोकन-वृत्ति या स्वसंवेदन है और वही दर्शन है। (यहां पर 'दर्शन' शब्द से लक्ष्य का निर्देश किया है। अथवा प्रकाश-वृत्ति दर्शन है। 'प्रकाश' ज्ञान है। उस प्रकाश (ज्ञान) के लिए जो आत्मा का व्यापार सो प्रकाश-वृत्ति है और वही दर्शन है। विषय और विषयी के योग्य देश में होने की पूर्वावस्था दर्शन है।[3])

जं सामण्णं गहणं, भावाणं णेव कट्टु आयारं।
अविसेसिऊण अत्थे दंसणमिदि भण्णदे समये ।।४८२।। गो.जी.

सामान्य विशेषात्मक बाह्य पदार्थों को अलग-अलग भेदरूप से ग्रहण नहीं करके जो सामान्य ग्रहण (आत्मग्रहण) अर्थात् स्व-रूप (निजरूप) मात्र का अवभासन होता है उसको परमागम में दर्शन कहा है। अथवा, सामान्य अर्थात् आत्मा के ग्रहण को दर्शन कहते हैं।[4]

जो स्वाभाविक भावो के आवरण के विनाश होने से आत्मीक शान्तरस अथवा आनन्द उत्पन्न होता है वह सुख है।[1] सुख का लक्षण अनाकुलता है।[2] स्वभाव प्रतिघात का अभाव सो सुख है।[3] मोहनीय कर्म के उदय से इच्छारूप आकुलता उत्पन्न होती है सो ही दुख है। मोहनीय कर्म के नाश होने से आकुलता का भी अभाव हो जाता है और आत्मीक परम-आनन्द उत्पन्न होता है, वही सुख है।[4]

वीर्य का अर्थ शक्ति है।[5] वीर्य, बल और शुक्र ये सब एकार्थक शब्द हैं।[6] जीव की शक्ति को वीर्य कहते हैं। आत्मा मे अनन्त वीर्य है किन्तु अनादि काल से उस अनन्त शक्ति को वीर्यान्तराय कर्म ने घात रखा है। उसके क्षयोपशम से कुछ वीर्य प्रकट होता है।

जो स्पर्श किया जाता है वह स्पर्श है और जो स्वाद को प्राप्त होता है वह रस है। जो सूंघा जाता है वह गन्ध है। जो देखा जाता है वह वर्ण है।[7] कोमल, कठोर, हल्का, भारी, ठडा, गर्म, स्निग्ध, रूक्ष के भेद से स्पर्श आठ प्रकार का है। तीता, कडुआ, खट्टा, मीठा, और कसैला के भेद से रस पाँच प्रकार का है। सुगन्ध और दुर्गन्ध के भेद से दो प्रकार की गन्ध है। काला, नीला, पीला, सफेद और लाल के भेद से वर्ण पाच प्रकार का है। ये स्पर्श आदि के मूल भेद हैं। वैसे प्रत्येक के सख्यात असख्यात और अनन्त भेद होते हैं।[8]

जीव और पुद्गलो को गमन मे सहकारी होना गति-हेतुत्व है।

जीव और पुद्गलो को ठहरने मे सहकारी होना स्थिति-हेतुत्व है।

---

१. 'स्वभावप्रतिकूल्याभावहेतुक सौख्यम्।' (पचास्तिकाय गा० १६३ टीका)। २. 'अनाकुलत्वैकलक्षण सौख्यम्।' (प्रवचनसार गा० ५९ टीका)। ३. 'स्वभावप्रतिघाताभाव-हेतुक हि सौख्यम्।' (प्रवचनसार गा० ६१ टीका) ४. 'सौख्य च मोहक्षयात्।' (पद्मनन्दि ८।६; तत्त्वार्थ वृत्ति ९।४४)। ५. 'वीर्यं शक्तिरित्यर्थ।' (धवल पु० १३ पृ० ३९०)। ६ 'वीर्यं बल शुक्रमित्येकोर्थ।' (धवल पु० ६ पृ० ७८)। ७. सर्वार्थसिद्धि २/२०। ८. सर्वार्थसिद्धि ५/२३।

समस्त द्रव्यो को अवकाश देना अवगाहन-हेतुत्व है ।

समस्त द्रव्यो के वर्तन मे सहकारी होना वर्तना-हेतुत्व है ।

चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व का स्वरूप सूत्र ९ की टीका मे कहा जा चुका है । चेतनत्व सर्व जीवो में पाया जाता है इसलिये इसको सामान्य गुणो मे कहा है । किन्तु पुद्गल आदि द्रव्यो मे नही पाया जाता इसलिये इसे विशेष गुणो मे कहा है । अचेतनत्व पुद्गल आदि पाँच द्रव्यो में पाया जाता है इसलिये सामान्य गुणो मे कहा है, किन्तु जीव द्रव्य मे नही पाया जाता इसलिये विशेष गुणो मे भी कहा है । मूर्तत्व सर्व पुद्गल द्रव्यो मे पाया जाया है इसलिये सूत्र ९ मे सामान्य गुणो मे कहा है, किन्तु जीव, धर्म, अधर्म, आकाश और काल द्रव्यो मे नही पाया जाता है इसलिये विशेष गुण कहा है । इसी प्रकार अमूर्तत्व गुण जीव, धर्म. अधर्म, आकाश और काल इन द्रव्यो मे पाया जाता है इसलिये सूत्र ९ मे सामान्य गुण कहा है किन्तु पुद्गल द्रव्य मे नही पाया जाता इसलिए विशेष गुण कहा है ।[1] (देखो सूत्र १४) । प्राकृत नयचक्र मे इन विशेष गुणो का कथन निम्न प्रकार है :—

णाणं दंसण सुह सत्ति रूवरसगंधफास गमणठिदी ।
वट्टणगाहणहेउं मुत्तममुत्तं खु चेदणिदर च ॥१३॥
अट्ठचदु णाणदंसणभेया सत्ति सुहस्स इह दो दो ।
वण्णरस पंच गंधा दो फासा अट्ठ णायव्वा ॥१४॥

आठ प्रकार का ज्ञान—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान, कुमतिज्ञान, कुश्रुतज्ञान, विभंगज्ञान । चार प्रकार का दर्शन—चक्षुर्दर्शन, अचक्षुर्दर्शन, अवधिदर्शन, केवलदर्शन ।

'क्षायोपशमिकी शक्तिः क्षायिकी चेति शक्तेर्द्वौ भेदौ ।'[2]

---

१. चेदणमचेदणा तह मुत्तममुत्तावि चरिम जे भणियं । सामण्ण सजाईणं ते वि विसेसा विजाईण ।१६। [प्राकृत नयचक्र पृ० २५]

२. प्राकृत नयचक्र पृ० २४ ।

अर्थात्—शक्ति के दो भेद हैं—क्षायोपशमिकी शक्ति और क्षायिकी शक्ति।

सुख दो प्रकार का—इन्द्रिय जनित और अतीन्द्रिय सुख।[1]

जीव और पुद्गल मे पाये जाने वाले विशेष गुणो की सख्या :—

प्रत्येकं जीव पुद्गलयोः षट् ॥१२॥

सूत्रार्थ—सोलह प्रकार के विशेष गुणो मे से जीव और पुद्गल मे छ-छः विशेष गुण पाये जाते हैं।

विशेषार्थ—जीव द्रव्य मे ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, चेतनत्व और अमूर्तत्व ये छः विशेष गुण पाये जाते हैं।

पुद्गल द्रव्य मे स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, मूर्तत्व, और अचेतनत्व ये छ. गुण पाये जाते हैं।

धर्मादिक चार द्रव्यो मे पाये जाने वाले विशेष गुणो की सख्या:—

इतरेषां (धर्माधर्माकाशकालानां) प्रत्येकं त्रयो गुणाः ॥१३॥

सूत्रार्थ—धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्य इन चारो द्रव्यो मे तीन तीन विशेष गुण पाये जाते हैं।

विशेषार्थ—धर्मद्रव्य मे गतिहेतुत्व, अमूर्तत्व और अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण पाये जाते हैं।

अधर्म द्रव्य मे स्थितिहेतुत्व, अमूर्तत्व और अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण पाये जाते हैं।

आकाश द्रव्य मे अवगाहनहेतुत्व, अमूर्तत्व और अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण पाये जाते है।

कालद्रव्य मे वर्तनाहेतुत्व, अमूर्तत्व तथा अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण हैं।

आगे अचेतनत्व आदि चार गुणो को सामान्य गुणो तथा विशेष गुणो मे क्यो कहा है, इस शङ्का का परिहार करते हैं :—

१ 'इन्द्रियजमतीन्द्रिय चेति सुखस्य द्वौ भेदौ।' [प्रा० नयचक्र पृ० २४]

अन्तस्थाश्चत्वारो गुणाः स्वजात्यपेक्षया सामान्यगुणा विजात्यपेक्षया त एव विशेषगुणाः ॥१४॥

सूत्रार्थ—अन्त के चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व और अमूर्तत्व ये चार गुण स्वजाति की अपेक्षा से सामान्य गुण तथा विजाति की अपेक्षा से विशेष गुण कहे जाते हैं।

सूत्र ९, १० व ११ की टीका मे इसका विशेष कथन है

॥ इस प्रकार गुणाधिकार समाप्त हुआ ॥

पर्याय अधिकार

पर्याय का लक्षण और उसके भेद—

गुणविकाराः पर्यायास्ते द्वेधा अर्थव्यंजनपर्यायभेदात् ॥१५॥

सूत्रार्थ—गुणो के विकार को पर्याय कहते हैं। वे पर्यायें दो प्रकार की हैं—(१) अर्थ पर्याय, (२) व्यजन पर्याय।

विशेषार्थ—परिणाम अर्थात् परिणमन को विकार कहते हैं। कहा भी है—

'परिणाम अह वियारं ताणं तं पज्जयं दुविहं ॥'

[नयचक्र गाथा १७]

अर्थात् परिणाम या विकार को पर्याय कहते हैं और वे पर्यायें दो प्रकार की हैं।

'गुणद्वारेणान्वयरूपायाः एकत्वप्रतिपत्तेर्निबंधनं कारणभूतं गुणपर्यायः ॥' [पचास्तिकाय गाथा १६ टीका]

अर्थात् गुणो के द्वारा अन्वयरूप एकता के ज्ञान का कारण जो पर्याय हो, वह गुणपर्याय है। जैसे, वर्णगुण की हरी पीली आदि पर्याय होती है, हरएक पर्याय मे वर्णगुण की एकता का ज्ञान है, इससे यह गुण पर्याय है।

अर्थ पर्याय सूक्ष्म होती है, क्षण क्षण मे नाश होने वाली तथा वचनो के अगोचर होती है।

✓व्यजन पर्याय स्थूल होती है, चिरकाल तक रहती है, वचन के गोचर तथा छद्मस्थो की दृष्टि का विषय भी होती है।

सुहुमा अवायविसया खणखइणो अत्थपज्जया दिट्ठा।
वंजणपज्जाया पुण थूला गिरगोयरा चिरविवत्था ॥२५॥

[वसुनन्दि श्रावकाचार]

✓अर्थ—पर्याय के दो भेद है— अर्थ पर्याय और व्यजन पर्याय। इनमे अर्थपर्याय सूक्ष्म है, ज्ञान का विषय है, शब्दो से नही कही जा सकती और क्षण क्षण मे नाश होती रहती है। किन्तु व्यंजन पर्याय स्थूल है, शब्दगोचर है अर्थात् शब्दो द्वारा कही जा सकती है और चिरस्थायी है।

'तत्रार्थपर्यायाः सूक्ष्माः क्षणक्षयिणस्तथाऽवाग्गोचरा विषया भवन्ति। व्यजनपर्यायाः पुनः स्थूलाश्चिरकालस्थायिनो वाग्गोचराश्छद्मस्थदृष्टिविषयाश्च भवन्ति। समयवर्तिनोऽर्थपर्याया भण्यंते चिरकालस्थायिनो व्यजनपर्याया भण्यंते इति कालकृतभेदः।'

[पचास्तिकाय गाथा १६ टीका]

अर्थ—अर्थ पर्याय सूक्ष्म है, प्रतिक्षण नाश होने वाली है तथा वचन के अगोचर है। और व्यजन पर्याय स्थूल होती है, चिरकाल तक रहने वाली, वचनगोचर व अल्पज्ञानी को दृष्टिगोचर भी होती है। अर्थ पर्याय और व्यजन पर्यायो मे कालकृत भेद है क्योकि समयवर्ती अर्थ पर्याय है और चिरकाल स्थायी व्यजन पर्याय है।

ज्ञानार्णव मे भी कहा है—

मूर्तो व्यंजनपर्यायो वाग्गम्योऽनश्वरः स्थिरः।
सूक्ष्मः प्रतिक्षणध्वंसी पर्यायश्चार्थसंज्ञिकः ॥६/४५॥

अर्थ—व्यजनपर्याय मूर्तिक है, वचन के गोचर है, अनश्वर है, स्थिर है और अर्थपर्याय सूक्ष्म है, क्षणविध्वसी है।

द्रव्य-पर्यायें और गुण-पर्यायें दोनो ही अर्थपर्याय और व्यजनपर्याय के भेद से दो-दो प्रकार की होती हैं। इन पर्यायो का कथन सूत्रकार स्वय करेंगे।

अर्थ-पर्याय के भेद प्रतिभेदो का कथन किया जाता है—

अर्थपर्यायास्ते द्वेधा स्वभावविभावपर्यायभेदात् ॥१६॥

सूत्रार्थ—अर्थपर्याय दो प्रकार की है—(१) स्वभावार्थपर्याय (२) विभावार्थपर्याय।

विशेषार्थ—स्वभावपर्याय सर्वद्रव्यो में होती है किन्तु विभावपर्याय जीव और पुद्गल इन दो द्रव्यो मे ही होती है, क्योंकि ये दो द्रव्य ही बंध अवस्था को प्राप्त होते हैं।

सब्भावं खु विहावं दव्वाणं पज्जयं जिणुद्दिट्ठं ।
सव्वेसिं च सहावं विब्भावं जीवपुद्गलाणं च ॥१८॥
दव्वगुणाण सहावा पज्जायं तह विहावदो णेयं ।
जीवे जीवसहावा ते वि विहावा हु कम्मकदा ॥१६॥
पुग्गलदव्वे जो पुण विब्भाओ कालपेरिओ होदि ।
सो णिद्धरुक्खसहिदो बंधो खलु होइ तस्सेव ॥२०॥

[नयचक्र]

अर्थात्—जिनेन्द्र भगवान ने द्रव्यो की स्वभावपर्याय और विभावपर्याय कही हैं। सर्वद्रव्यो मे स्वभाव पर्यायें होती हैं, किन्तु जीव और पुद्गलो मे विभावपर्यायें भी होती हैं। द्रव्य और गुणो मे स्वभावपर्याय भी होती हैं और विभावपर्याय भी होती है। जीव मे जीवस्वरूप स्वभावपर्यायें होती हैं और कर्मकृत विभावपर्यायें होती हैं। पुद्गल मे विभावपर्यायें कालप्रेरित होती हैं जो स्निग्ध व रूक्षगुण के कारण बंधरूप होती है।

कम्मोपाधिविवज्जिय पज्जाया ते सहावमिदि भणिदा ॥'

[नियमसार गाथा १५]

अर्थात्—जो पर्यायें कर्मोपाधि से रहित हैं वे स्वभावपर्यायें हैं।

अर्थपर्याय का कथन—

अगुरुलघुविकाराः स्वभावार्थपर्यायास्ते द्वादशधा षड्वृद्धिरूपाः षड्हानिरूपाः; अनन्तभागवृद्धिः असख्यातभागवृद्धिः,

संख्यातभागवृद्धिः, संख्यातगुणवृद्धिः, असंख्यातगुणवृद्धिः, अनन्तगुणवृद्धिः, इति षड्वृद्धिः; तथा अनन्तभागहानिः, असंख्यातभागहानिः, संख्यातभागहानिः, संख्यातगुणहानिः, असंख्यातगुणहानिः, अनन्तगुणहानिः, इति षड्हानिः। एवं षट्वृद्धिषड्ढानिरूपा ज्ञेयाः ॥१७॥

सूत्रार्थ—अगुरुलघुगुण का परिणमन स्वाभाविक अर्थपर्यायें हैं। वे पर्यायें बारह प्रकार की है, छ वृद्धिरूप और छ हानिरूप। अनन्तभाग वृद्धि, असख्यातभाग वृद्धि, सख्यातभाग वृद्धि, सख्यातगुण वृद्धि, असख्यातगुण वृद्धि, अनन्तगुण वृद्धि, ये छ वृद्धिरूप पर्यायें हैं। अनन्तभाग हानि, असख्यातभाग हानि, सख्यातभाग हानि, सख्यातगुण हानि, असख्यातगुण हानि, अनन्तगुण हानि, ये छ हानिरूप पर्यायें हैं। इस प्रकार छ वृद्धिरूप और छ हानिरूप पर्यायें जाननी चाहियें।

विशेषार्थ—प्रत्येक द्रव्य मे आगमप्रमाण से सिद्ध अनन्त अविभाग-प्रतिच्छेद वाला अगुरुलघुगुण स्वीकार किया गया है। जिसका छ -स्थान-पतित वृद्धि और हानि के द्वारा वर्तन होता रहता है। अत इन धर्मादि द्रव्यो का उत्पाद-व्यय स्वभाव से होता रहता है।[1]

प्राकृत नयचक्र मे स्वभावपर्याय का कथन निम्न प्रकार किया गया है—

अगुरुलहुगा अणंता, समयं समयं समुब्भवा जे वि।
दव्वाणं ते भणिया, सहावगुणपज्जया जाण ॥२२॥

अर्थात् अगुरुलघुगुण अनन्त अविभाग प्रतिच्छेद वाला है, उस अगुरुलघु-गुण मे प्रति समय पर्यायें उत्पन्न होती रहती हैं। अगुरुलघुगुण की पर्यायो

१. "स्वनिमित्तस्तावदनन्तानामगुरुलघुगुणानामागमप्रामाण्यादभ्युपगम्यमानाना षट्स्थानपतिततया वृद्धया हान्या च प्रवर्तमानाना स्वभावादेतेषामुत्पादो व्ययश्च।" (सर्वार्थसिद्धि ५/७)

को शुद्ध द्रव्यो की स्वभाव पर्यायें जाननी चाहियें।

प्रत्येक शुद्ध द्रव्य मे अनन्त गुण होते हैं। उन अनन्त गुणो मे एक अगुरुलघु गुण भी होता है जिसमे अनन्त अविभाग-प्रतिच्छेद होते हैं। उस अगुरुलघु गुण मे ही नियत क्रम से अविभाग-प्रतिच्छेदो की ६ प्रकार की वृद्धि और ६ प्रकार की हानि रूप प्रति समय परिणमन होता रहता है। यह प्रति-समय का परिणमन ही शुद्ध द्रव्यो की स्वभाव पर्यायें हैं।

श्री पचास्तिकाय गाथा १६ की टीका मे श्री १०८ जयसेन आचार्य ने भी कहा है—

"स्वभावगुणपर्याया अगुरुलघुकगुणषट्हानिवृद्धिरूपाः सर्वद्रव्य-साधारणाः।"

'अगुरुलघु गुण षट्हानि षट्वृद्धि रूप सर्व द्रव्यो मे साधारण स्वभाव गुण पर्याय है।' इस ही ग्रथ मे अगुरुलघु गुण का स्वरूप निम्न प्रकार बतलाया गया है—

सूक्ष्मा वागगोचराः प्रतिक्षणं वर्तमान आगमप्रमाणादभ्युपगम्या अगुरुलघुगुणाः। सूक्ष्मं जिनोदिततत्त्वं, हेतुभिर्नैव हन्यते। आज्ञासिद्धं तु तद्ग्राह्यं, नान्यथावादिनो जिनाः॥

अर्थ—जो सूक्ष्म, वचन के अगोचर और प्रति समय मे परिणमनशील अगुरुलघु नाम के गुण हैं, उन्हे आगमप्रमाण से स्वीकार करना चाहिये। जिनेन्द्र भगवान के कहे हुए जो सूक्ष्म तत्व हैं वे हेतुओ अर्थात् तर्क के द्वारा खण्डित नही हो सकते इसलिये जो सूक्ष्म तत्व हैं वे आज्ञा (आगम) से सिद्ध हैं, अत उनको ग्रहण करना चाहिये, क्योकि जिनेन्द्र भगवान अन्यथावादी नही होते हैं। अर्थात् जिस प्रकार से कथन किया है उसी प्रकार से उन्होने जाना है। अत. वैसा ही पदार्थ है।

यद्यपि अगुरुलघु गुण सामान्य गुण है, सर्व द्रव्यो मे पाया जाता है तथापि ससार अवस्था मे कर्म पर-तन्त्र जीवो मे उस स्वाभाविक अगुरुलघु-गुण का अभाव है। यदि कहा जाय कि स्वभाव का विनाश मानने पर जीव द्रव्य का विनाश प्राप्त होता है, क्योकि लक्षण के विनाश होने पर लक्ष्य का

विनाश होता है, ऐसा न्याय है, सो भी बात नहीं है अर्थात् अगुरुलघुगुण के विनाश होने पर भी जीव का विनाश नहीं होता है, क्योंकि ज्ञान और दर्शन को छोडकर अगुरुलघुत्व जीव का लक्षण नहीं है, चूंकि वह आकाश आदि अन्य द्रव्यों में भी पाया जाता है।[1] अनादि काल से कर्म नोकर्म से बंधे हुए जीवों के कर्मोदय-कृत अगुरुलघुत्व है किन्तु मुक्त जीवों के कर्म नोकर्म की अत्यन्त निवृत्ति हो जाने पर स्वाभाविक अगुरुलघुगुण का आविर्भाव होता है।[2]

छ. वृद्धि व हानि में अनन्त का प्रमाण सम्पूर्ण जीव राशि, असंख्यात का प्रमाण असंख्यात लोक और संख्यात का प्रमाण उत्कृष्ट संख्यात जानना चाहिये।[3]

मान लो अगुरुलघु गुण के अविभाग-प्रतिच्छेदों का प्रमाण १२००० है और संख्यात का प्रमाण ३, असंख्यात का प्रमाण ४, अनन्त का प्रमाण ५ है। १२००० को ५ का भाग देने पर लब्ध २४०० प्राप्त होता है जो १२००० का अनन्तवां भाग है। इस अनन्तवें भाग रूप २४०० को १२००० में जोडने पर १४४०० अनन्त भाग वृद्धि प्राप्त होती है। १२००० को असंख्यात रूप ४ का भाग देने पर ३००० प्राप्त होता है जो असंख्यातवां भाग है उस असंख्यातवें भाग रूप ३००० को १२००० में जोडने पर (१२०००+३०००)=१५००० प्राप्त होता है जो असंख्यातवें भाग वृद्धि रूप है। १२००० को संख्यात रूप ३ का भाग देने पर ४००० प्राप्त होता है जो संख्यातवा भाग है। इस संख्यातवें भाग रूप ४००० को १२००० में जोडने

---

१ 'संसारावत्थाए कम्मपरतंतम्मि तस्साभावा ण च सहावविणासे जीवस्स विणासो, लक्खणविणासे लक्खविणासस्स णाइयत्तादो। ण च णाण-दंसणे मुच्चा जीवस्स अगुरुलहुत्तं लक्खणं, तस्स आयासादीसु वि उवलंभादो।' (धवल पु० ६ पृ० ५८)। २. 'मुक्त जीवाना कथमिति चेत् ? अनादिकर्मनोकर्मसम्बन्धाना कर्मोदयकृतमगुरुलघुत्वम्, तदत्यन्त विनिवृत्तौ तु स्वभाविकमाविर्भवति।' (राजवार्तिक अ० ८ सूत्र ११ वार्तिक १२)
३ धवल पु० १२ पृ० १५१–१५७।

पर १६००० प्राप्त होता है जो सख्यातवें भाग वृद्धि रूप है। १२००० को संख्यातरूप ३ से गुणा करने पर ३६००० सख्यातगुण वृद्धि प्राप्त होती है। १२००० को असख्यात रूप ४ से गुणा करने पर ४८००० असख्यातगुण वृद्धि प्राप्त होती है। १२००० को अनन्तरूप ५ से गुणा करने पर ६०००० अनन्तगुण वृद्धि प्राप्त होती है। ये छ वृद्धि है।

१२००० को अनन्तरूप ५ का भाग देने पर २४०० प्राप्त होता है जो अनन्तवा भाग है। इस अनन्तवें भाग रूप २४०० को १२००० मे से घटाने पर (१२०००—२४००) ९६०० प्राप्त होते है जो अनन्तवें भाग हानि रूप है। १२००० को असंख्यात रूप ४ का भाग देने पर ३००० प्राप्त होते हैं जो असंख्यातवें भाग है। इस असख्यातवें भाग रूप ३००० को १२००० मे से घटाने पर शेष ९००० रहते हैं जो असख्यातवें भाग हानि रूप है। १२००० को सख्यात रूप ३ का भाग देने पर ४००० प्राप्त होते हैं। संख्यातवें भाग रूप ४००० को १२००० मे से घटाने पर ८००० शेष रहते हैं जो सख्यातवें भाग हानि रूप है। १२००० को सख्यात रूप ३ से भाग देने पर ४००० लब्ध होता है। १ ००० से घटकर मात्र ४००० रह जाना सख्यातगुण हानि है। १२००० को असख्यात रूप ४ का भाग देने पर ३००० लब्ध होता है। १२००० से घटकर मात्र ३००० शेप रह जाना असख्यातगुण हानि है। १२००० को अनन्तरूप ५ का भाग देने पर २४०० लब्ध आते हैं। मात्र २४०० रह जाना अनन्तगुण हानि है। इस प्रकार ये छ हानिया हैं।

अगुल के असख्यातवें भाग वार अनन्तवें भाग वृद्धि होने पर एक बार असख्यातवें भाग वृद्धि होती है। पुनः अगुल के असख्यातवें भाग वार अनन्तवें भाग वृद्धि होने पर एक वार असख्यातवें भाग वृद्धि होती है। इस प्रकार अंगुल के असख्यातवें भाग वार असख्यातवें भाग वृद्धि होने पर एक वार सख्यातवें भाग वृद्धि होती है। पुन पूर्वोक्त प्रकार अगुल के असख्यातवें भाग वार असख्यातवें भाग वृद्धि होने पर एक वार सख्यातवें भाग वृद्धि होती है। इस प्रकार अगुल के असख्यातवें भाग वार सख्यातवें भाग वृद्धि होने पर एक वार सख्यातगुणी वृद्धि होती है। पूर्वोक्त प्रकार अगुल के

असंख्यातवें भाग वार संख्यातगुणी वृद्धि होने पर एक वार असंख्यातगुण वृद्धि होती है। अंगुल के असंख्यातवें भाग वार असंख्यातगुण वृद्धि होने पर एक वार अनन्तगुण वृद्धि होती है। इस प्रकार छ. वृद्धि होने पर छः हानियां होती

एक षट्स्थान पतित वृद्धि में, अनन्तगुण वृद्धि एक होती है। असंख्यातगुण वृद्धि कांडक प्रमाण अर्थात् अंगुल के असंख्यातवें भाग प्रमाण होती हैं। संख्यातगुण वृद्धि कांडक × (कांडक + १) = (कांडक^2 + कांडक) प्रमाण होती हैं। संख्यात भाग वृद्धि (कांडक + १) (कांडक^2 + कांडक) = (कांडक^3 + २ कांडक^2 + कांडक) प्रमाण होती हैं। असंख्यात भाग वृद्धि (कांडक + १) (कांडक^3 + २ कांडक^2 + कांडक) = (कांडक^4 + ३ कांडक^3 + ३ कांडक^2 + कांडक) प्रमाण होती हैं। अनन्तभाग वृद्धि (कांडक + १) (कांडक^4 + ३ कांडक^3 + ३ कांडक^2 + कांडक) = (कांडक^5 + ४ कांडक^4 + ६ कांडक^3 + ४ कांडक^2 + कांडक) प्रमाण होती हैं।[1]

इसी प्रकार एक षट्स्थान पतित हानि में अनन्तगुणहानि, असंख्यातगुण हानि, संख्यातगुण हानि, संख्यातभाग हानि, असंख्यातभाग हानि, अनन्तभागहानि का प्रमाण जानना चाहिये।

अनन्तभाग वृद्धि की उर्वक (३) संज्ञा है, असंख्यातभाग वृद्धि की चतुरंक (४), संख्यातभाग वृद्धि की पचांक (५), संख्यातगुण वृद्धि की षडंक (६), असंख्यातगुण वृद्धि की सप्तांक (७) और अनन्तगुण वृद्धि की अष्टांक (८) संज्ञा जाननी चाहिये।[2]

विभावार्थपर्यायाः षड्विधाः मिथ्यात्व-कषाय-राग-द्वेष-पुण्य-पापरूपाऽध्यवसायाः ॥१८॥

सूत्रार्थ—विभावअर्थपर्याय छ प्रकार की है (१) मिथ्यात्व (२) कषाय (३) राग (४) द्वेष (५) पुण्य और (६) पाप। ये छ अध्यवसाय विभाव अर्थ-पर्यायें हैं।

---

१ धवल पु० १२ पृ० १९९ से २०१। २ धवल पु० १२ पृ० १७०।

विशेषार्थ—मिथ्यात्व कषाय आदि रूप जीव के परिणामो मे कर्मोदय के कारण जो प्रति समय हानि या वृद्धि होती रहती है, वह विभाव अर्थ-पर्याय है। यह हानि या वृद्धि अनन्तवें भाग आदि रूप षट्स्थान-गत ही होगी, क्योंकि कोई भी हानि या वृद्धि इन छ स्थानो से बाहर नही हो सकती, इन छ स्थानो के अन्तर्गत ही होती है। श्री जयसेन आचार्य ने भी जीव की अशुद्ध पर्याय का कथन करते हुए लिखा है—

'अशुद्धार्थपर्याया जीवस्य षट्स्थानगतकषायहानिवृद्धि विशुद्ध-संक्लेशरूपशुभाशुभलेश्यास्थानेषु ज्ञातव्याः।'

[पचास्तिकाय गाथा १६ टीका]

अर्थ—कषायो की षट्स्थानगत हानि वृद्धि होने से विशुद्ध या सक्लेश रूप शुभ अशुभ लेश्याओं के स्थानो मे जीव की अशुद्ध (विभाव) अर्थ पर्यायें जाननी चाहियें।

'पुद्गलस्य विभावार्थपर्याया द्वयणुकादिस्कधेषु वर्णान्तरादि-परिणामनरूपाः।' [पचास्तिकाय गाथा १६ टीका]

अर्थ—द्वि-अणुक आदिक स्कंधो मे वर्णादि से अन्य वर्णादि होने रूप पुद्गल की विभाव अर्थ पर्यायें हैं।

इस प्रकार जीव के लेश्यारूप परिणामो मे और पुद्गल-स्कधो के वर्णादि मे जो प्रतिक्षण परिणमन होता है वह विभावार्थ पर्याय है।

॥ इति अर्थ पर्याय ॥

[व्यञ्जनपर्यायास्तेद्वेधा स्वभावविभावपर्यायभेदात्[1]]

अर्थ—स्वभावव्यजनपर्याय और विभावव्यजनपर्याय के भेद से व्यंजन-पर्याय दो प्रकार की है।

विशेषार्थ – द्रव्य-व्यजनपर्याय और गुण-व्यजनपर्याय मे प्रत्येक स्वभाव

---

१. यह सूत्र यद्यपि किसी भी प्रति मे नही है किन्तु प्रकरणानुसार यह सूत्र होना चाहिये।

और विभाव के भेद से दो दो प्रकार की है। ससारी जीव और पुद्गलस्कंध मे ही विभाव पर्याय होती है।

जीव की विभाव-द्रव्य-व्यजनपर्याय—

विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायाश्चतुर्विधा नरनारकादिपर्यायाः अथवा चतुरशीतिलक्षा योनयः ॥१९॥

सूत्रार्थ—नर नारक आदि रूप चार प्रकार की अथवा चौरासी लाख योनि रूप जीव की विभाव-द्रव्य-व्यजनपर्याय है।

विशेषार्थ—जीव और पुद्गलो मे ही विभाव पर्याये होती हैं। द्रव्य की व्यंजन पर्याय द्रव्य-व्यजनपर्याय है। विभावरूप परिणत द्रव्य की व्यजन-पर्याय विभाव-द्रव्य-व्यजनपर्याय है। स्वभाव से अन्यथारूप होना विभाव है। द्रव्य के लक्षण या चिह्न को व्यजन कहते हैं। परिणमन को पर्याय कहते हैं। नारक, तिर्यंच, मनुष्य और देव, ये चारो जीव की द्रव्य पर्यायें हैं, क्योंकि ये जीव के किसी गुण की पर्यायें नही हैं। ये पर्याये गति व आयु-कर्मोदय-जनित हैं और जीव स्वभाव का पराभव करके उत्पन्न होती हैं इसलिये विभाव पर्यायें हैं। श्री कुन्दकुन्द आचार्य ने कहा भी है—

> कम्मं णामसमक्खं सभावमध अप्पणो सहावेण।
> अभिभूय णरं तिरियं णेरइयं वा सुरं कुणदि ॥११७॥
>
> [प्रवचनसार]

अर्थ—नाम सज्ञा वाला कर्म अपने स्वभाव से जीव के स्वभाव का पराभव करके मनुष्य, तिर्यंच, नारक अथवा देव पर्यायो को करता है।

'जीवस्य भवांतरगतस्य शरीरनोकर्मपुद्गलेन सह मनुष्यदेवादि-पर्यायोत्पत्तिः चेतनजीवस्याचेतनपुद्गलद्रव्येण सह मेलापकादसमान-जातीयः द्रव्यपर्यायो भण्यते। एते समानजातीया असमानजातीयाश्च अनेकद्रव्यात्मिकैकरूपा द्रव्यपर्याया जीवपुद्गलयोरेव भवन्ति अशुद्धा एव भवन्ति। कस्मादिति चेत्? अनेकद्रव्याणां परस्परसंश्लेषरूपेण सम्बन्धात।'

[पंचास्तिकाय गाथा १६ टीका]

अर्थ—जीव जब दूसरी गति को जाता है तब नवीन शरीररूप नोकर्म पुद्गलो के साथ सम्बन्ध को प्राप्त करता है, उससे मनुष्य, देव, तिर्यंच, नारक पर्यायो की उत्पत्ति होती है। चेतनरूप जीव के साथ अचेतनरूप पुद्गल के मिलने से जो मनुष्यादि पर्याय हुई यह असमानजाति द्रव्य-पर्याय है। ये समानजातीय तथा असमानजातीय अनेक द्रव्यो की एकरूप द्रव्य-पर्यायें पुद्गल और जीव मे ही होती हैं। ये अशुद्ध ही होती हैं, क्योकि अनेक द्रव्यो के परस्पर सश्लेष-सम्बन्ध से उत्पन्न होती हैं।

जीव की विभाव-गुण-व्यजनपर्याय—

विभावगुणव्यंजनपर्याया मत्यादयः ॥२०॥

सूत्रार्थ—मतिज्ञान आदिक जीव की विभाव-गुण-व्यजनपर्यायें हैं।

विशेषार्थ—स्थूल, वचनगोचर, नाशवान और स्थिर पर्यायें व्यजनपर्यायें हैं। सूक्ष्म और प्रतिक्षण नाश होने वाली पर्यायें अर्थपर्यायें हैं। कुमति, कुश्रुत, कुअवधि, मति, श्रुत, अवधि और मन पर्यय—ये सात ज्ञान; चक्षु, अचक्षु और अवधि—ये तीन दर्शन, ये सब जीव की विभाव-गुण-व्यजनपर्यायें हैं। इन सातो उपयोगो का जघन्य काल भी अन्तर्मुहूर्त है, अत ये व्यजन-पर्यायें हैं। ये सातो उपयोग आवरणकर्म के क्षयोपशम के अधीन हैं अत ये विभाव-पर्याये हैं। ज्ञानगुण तथा दर्शनगुण की क्षायोपशमिक पर्यायें हैं, अतः गुण पर्यायें हैं। इस प्रकार मतिज्ञान आदिक जीव की विभाव-गुण-व्यजन-पर्यायें हैं।

जीव की स्वभाव-द्रव्य-व्यजनपर्याय —

स्वभावद्रव्यव्यंजनपर्यायाश्चरमशरीरात् किंचिन्न्यूनसिद्ध-पर्यायाः ॥२१॥

सूत्रार्थ—अन्तिम शरीर से कुछ कम जो सिद्धपर्याय है, वह जीव की स्वभाव-द्रव्य-व्यजनपर्याय है।

विशेषार्थ—तिलोयपण्णत्ती अधिकार ९ के सूत्र ९ व १० में सिद्धो की अवगाहना का कथन है। इन दो गाथाओ द्वारा दो भिन्न मतो का उल्लेख किया गया है। इनमे से गाथा १० टिप्पण मे उद्धृत की गई है जिसका

अर्थ है—'अन्तिम भव में जिसका जैसा आकार, दीर्घता और वाहुल्य हो उससे तृतीय भाग से कम सब सिद्धो की अवगाहना होती है।' अर्थात् पूर्व जन्म मे शरीर की जितनी लम्बाई-चौडाई होती है उसके तीसरे भाग से न्यून सिद्ध पर्याय की अवगाहना होती है। किन्तु गाथा ९ मे कहा है— 'लोक विनिश्चय ग्रन्थ मे लोक विभाग मे सब सिद्धो की अवगाहना का प्रमाण कुछ कम चरम शरीर के समान कहा है।'[१] इसका दृष्टान्त इस प्रकार है— मोम रहित मूस के (साचे के) बीच के आकार की तरह अन्तिम शरीर से कुछ कम आकार वाले केवलज्ञानमूर्ति अमूर्तिक सिद्ध भगवान विराजते हैं।[२] यह सिद्ध पर्याय जीव की शुद्ध पर्याय है इसलिए स्वभाव-पर्याय है। किसी विवक्षित गुण की पर्याय नही है इसलिए द्रव्य-पर्याय है। सिद्ध पर्याय सादि-अनन्त पर्याय है इसलिए व्यजन-पर्याय है। सिद्ध पर्याय की अवगाहना अन्तिम शरीर से कुछ न्यून है।

जीव की स्वभाव-गुण-व्यजनपर्याय—

स्वभावगुणव्यंजनपर्याया अनन्तचतुष्टयरूपा जीवस्य ॥२२॥

सूत्रार्थ—अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख और अनन्तवीर्य इन अनन्तचतुष्टयरूप जीव की स्वभाव-गुण-व्यजनपर्याय है।

विशेषार्थ—ज्ञानावरण कर्म के अत्यन्त क्षय से अनन्तज्ञान, दर्शनावरण कर्म के अत्यन्त क्षय से अनन्तदर्शन, मोहनीय कर्म के अत्यन्त क्षय से अनन्त सुख,[३] अन्तराय कर्म के अत्यन्त क्षय से अनन्तवीर्य, इस प्रकार चारघातिया कर्मो के क्षय से अनन्तचतुष्टयरूप जीव की स्वभाव-गुण-व्यजनपर्याय उत्पन्न होती है। इन अनन्त चतुष्टय का कभी नाश नही होगा, अर्थात् चिरकाल

---

१. 'लोयविणिच्छयगथे लोयविभागम्मि सव्वसिद्धाण। ओगाहणपरिमाण भणिद किचूण चरिमदेहसमो ॥९॥' [ति० प०]। २. 'किंचिदून चरम-शरीराकारेण गतसिक्थमूषगर्भाकारवत् पुरुषाकार.।' [बृहद्द्रव्यसग्रह गाथा ५१ टीका] ३. 'सौख्य च मोहक्षयात्।' [पद्मनन्दि पंचविंशति ८/६]; ',तत्सुख मोहक्षयात्।' [तत्वार्थवृत्ति ६/४४]।

स्थायी है, इसलिये यह व्यजनपर्याय है। कर्मोपाधिरहित पर्याय है अतः स्वभावपर्याय है। ज्ञान, दर्शन, सुख और वीर्य गुणो की पर्याय है अत. गुण-पर्याय है। कहा भी है—

णाणं दसण सुह वीरियं च जं उहयकम्मपरिहीणं।
तं सुद्धं जाण तुम जीवे गुणपज्जय सव्वं ॥२६॥ [नयचक्र]

दोनो प्रकार के कर्मों से रहित शुद्ध जीव के अनन्त ज्ञान-दर्शन-सुख-वीर्य जीव की स्वभाव-गुण-पर्याय है।

पुद्गल की विभाव-द्रव्य-व्यजनपर्याय—

पुद्गलस्य तु द्व्यणुकादयो विभावद्रव्यव्यंजनपर्यायाः ॥२३॥

सूत्रार्थ—द्वि-अणुकादि स्कध पुद्गल की विभाव-द्रव्य-व्यजन पर्याय हैं।

विशेषार्थ—यहा पर 'तु' शब्द का अर्थ 'और' है। और पुद्गल की विभाव-द्रव्य-व्यजनपर्यायें द्वि-अणुक आदि स्कध हैं। शब्द, बन्ध, सूक्ष्मता, स्थूलता. सस्थान, भेद, तम, छाया, आतप, उद्योत आदि भी पुद्गल की विभाव-द्रव्य-व्यजनपर्यायें है। कहा भी है—

सद्दो बधो सुहुमा-थूलो सठाणभेदतमछाया।
उज्जोदादवसहिया पुग्गलदव्वस्स पज्जाया ॥१६॥

[वृहद्द्रव्यसग्रह]

अर्थ—शब्द, बन्ध, सूक्ष्म, स्थूल, सस्थान, भेद, तम (अधकार), छाया, उद्योत और आतप ये सब पुद्गल द्रव्य की पर्यायें हैं।

'शब्दादन्येऽपि आगमोक्तलक्षणा आकुञ्चनप्रसारणदधिदुग्धादयो विभावव्यंजनपर्याया ज्ञातव्या।' [वृ० द्र० स० गाथा १६ टीका]

अर्थात्—शब्द आदि के अतिरिक्त शास्त्रोक्त अन्य भी, जैसे सिकुडना, फैलना, दही, दूध आदि विभाव-द्रव्य-व्यजनपर्यायें जाननी चाहियें।

पुद्गल की विभाव-गुण-व्यजनपर्याय—

रसरसान्तरगन्धगन्धान्तरादिविभावगुणव्यंजनपर्यायाः ॥२४॥

सूत्रार्थ—द्वि-अणुक आदि स्कन्धो मे एक वर्ण से दूसरे वर्णरूप, एक रस से दूसरे रसरूप, एक गंध से दूसरे गंधरूप, एक स्पर्श से दूसरे स्पर्शरूप होने वाला चिरकाल-स्थायी-परिणमन पुद्गल की विभाव-गुण-व्यजन-पर्याय है।

विशेषार्थ—द्वि-अणुक आदि स्कध पुद्गल द्रव्य की अशुद्ध-पर्याय है। इस अशुद्ध पुद्गल द्रव्य के गुणो मे जो परिणमन होता है वह विभाव-गुण-पर्याय है। यदि वह परिणमन क्षणक्षयी है तो वह विभाव-गुण-अर्थपर्याय है और यदि वह परिणमन चिरकाल स्थायी है तो वह विभाव-गुण-व्यंजन-पर्याय है। इसी बात को श्री जयसेन आचार्य ने पचास्तिकाय गाथा १६ की टीका मे कहा है—

'पुद्गलस्य विभावार्थपर्याया द्व्यणुकादिस्कंधेषु वर्णान्तरादि परिणमनरूपा, विभावव्यंजनपर्यायाश्च पुद्गलस्य द्व्यणुकादि-स्कन्धेष्वेव चिरकालस्थायिनो ज्ञातव्यः।'

पुद्गल की स्वभाव-द्रव्य-व्यजनपर्याय—

अविभागिपुद्गलपरमाणुः स्वभावद्रव्यव्यंजनपर्यायः॥२५॥

सूत्रार्थ—अविभागी पुद्गल परमाणु पुद्गल की स्वभाव-द्रव्य-व्यजन-पर्याय है।

विशेषार्थ—टिप्पण मे आचारसार तीसरी अध्याय की गाथा १३ उद्धृत की है उसका यह अभिप्राय है कि—परमाणु पुद्गल का ऐसा अवयव (टुकडा) है, जो भेदा नही जा सकता अर्थात् परमाणु के टुकड़े नही हो सकते, इसलिये पुद्गल परमाणु अविभागी है। उस पुद्गल परमाणु में स्निग्ध या रूक्ष गुण के कारण परस्पर बधने की शक्ति रहती है। परस्पर बध होजाने पर बहुप्रदेशी हो जाता है। अत प्रचय शक्ति के कारण वह परमाणु भी कायवान् है। वह पुद्गल स्कध के भेद से उत्पन्न होता है। वह परमाणु चतुरस्र है अर्थात् लम्बाई, चौडाई, मोटाई वाला है और इन्द्रियो के द्वारा ग्रहण नही किया जा सकता है।

'अणवः परिमण्डलाः'[१] अर्थात् परमाणु गोल होता है। सबसे जघन्य अवगाहना गोल होती है। जीव की भी सबसे जघन्य अवगाहना वर्तुल-आकार अर्थात् गोल होती है।[२] श्री कुन्दकुन्द आचार्य ने नियमसार मे पुद्गल परमाणु का कथन इस प्रकार किया है—

अत्तादि अत्तमज्झं अत्तंतं णेव इंदिए गेज्झं।
जं दव्वं अविभागी तं परमाणुं विआणाहि ॥२६॥

अर्थ—जिसका आदि, मध्य और अन्त एक है और जिसको इन्द्रिया ग्रहण नही कर सकती ऐसा जो अविभागी (विभाग रहित) पुद्गल द्रव्य है उसे परमाणु समझो।

'भेदादणु' ॥५/२७॥[३] इस सूत्र द्वारा यह बतलाया गया है कि परमाणु स्कध के भेद से उत्पन्न होता है, अत अनादि काल से अब तक परमाणु की अवस्था मे ही रहने वाला कोई भी परमाणु नही है।[४]

अपदेसो परमाणू पदेसमेत्तो य सयमसद्दो जो।
णिद्धो वा लुक्खो वा दुपदेसादित्तमणुहवदि ॥१६३॥ [प्रवचन०]

अर्थात् पुद्गल परमाणु अप्रदेश है (बहुप्रदेशी नहीं है), एक प्रदेशमात्र है, स्वयं अशब्द है, स्निग्धता या रूक्षता के कारण द्विप्रदेशादि स्कधरूप बध अवस्था का अनुभव करता है।

सव्वेसिं खंधाणं जो अंतो तं वियाण परमाणू।
सो सस्सदो असद्दो एक्को अविभागी मुत्तिभवो ॥७७॥
[पचास्तिकाय]

अर्थ—स्कध पर्यायो का जो अन्तिम भेद है वह परमाणु है, वह परमाणु विभाग के अभाव के कारण अविभागी है, एक प्रदेशी होने से एक है। मूर्त-द्रव्यरूप से अविनाशी होने से नित्य है। रूपादि के परिणाम से उत्पन्न होने

१. महापुराण सर्ग २४ श्लोक १४८। २. धवल पु० ११ पृ० ३३–३५, सूत्र २० की टीका। ३. मोक्ष-शास्त्र। ४. 'न चानादि परमाणुर्नाम कश्चिदस्ति।' राजवार्तिक ५/२५/१०।

के कारण मूर्तिप्रभव है। शब्द परमाणु का गुण नही है किन्तु पुद्गल स्कंध रूप पर्याय है, अतः परमाणु अशब्द है।

एयपदेसो वि अणू णाणाखंधप्पदेसदो होदि।
बहुदेसो उवयारा तेण य काओ भणंति सव्वण्हु ॥२६॥
[बृहद् द्रव्य-सग्रह]

अर्थ—एकप्रदेशी भी परमाणु अनेक स्कन्धरूप बहुप्रदेशी हो सकता है, इस कारण सर्वज्ञदेव ने पुद्गल परमाणु को उपचार से काय कहा है।

परमाणु निरवयव भी है और सावयव भी है। द्रव्यार्थिक नय का अवलम्बन करने पर दो परमाणुओ का कथचित् सर्वात्मना समागम होता है, क्योकि परमाणु निरवयव होता है। यदि परमाणु के अवयव होते हैं ऐसा माना जाय तो परमाणु को अवयवी होना चाहिए। परन्तु ऐसा नही है, क्योकि अवयव के विभाग द्वारा अवयवो के सयोग का विनाश होने पर परमाणु का अभाव प्राप्त होता है, पर ऐसा है नही, क्योकि परमाणु रूप कारण का अभाव होने से सब स्थूल कार्यों (स्कधो) का भी अभाव प्राप्त होता है। परमाणु के कल्पितरूप अवयव होते हैं, यह कहना भी ठीक नही है, क्योकि इस तरह मानने पर अव्यवस्था प्राप्त होती है। इसलिए परमाणु को निरवयव होना चाहिए। निरवयव परमाणुओ से स्थूल कार्य की उत्पत्ति नही बनेगी, यह कहना ठीक नही है, क्योकि निरवयव परमाणुओ के सर्वात्मना समागम से स्थूल कार्य (स्कध) की उत्पत्ति होने मे कोई विरोध नही आता। पर्यायार्थिक नय का अवलम्बन करने पर दो परमाणुओ का कथचित् एकदेशेन समागम होता है। परमाणु के अवयव नही होते, यह कहना ठीक नही है, क्योकि यदि उसके उपरिम, अधस्तन, मध्यम और उपरिमोपरिम भाग न हो तो परमाणु का ही अभाव प्राप्त होता है। ये भाग कल्पित रूप होते हैं, यह कहना ठीक नही है, क्योकि परमाणु मे ऊर्ध्वभाग, अधोभाग, मध्यमभाग तथा उपरिमोपरिमभाग कल्पना के बिना भी उपलब्ध होते है। परमाणु के अवयव हैं इसलिये उनका सर्वत्र विभाग ही होना चाहिए, ऐसा कोई नियम नही है, क्योकि ऐसा मानने पर तो सब वस्तुओ के अभाव का

प्रसग प्राप्त होता है। जिनका भिन्न-भिन्न प्रमाणो से ग्रहण होता है और जो भिन्न-भिन्न दिशा वाले हैं वे एक हैं यह कहना भी ठीक नही है, क्योकि ऐसा मानने पर विरोध आता है। अवयवो से परमाणु नही बना है यह कहना भी ठीक नही है, क्योकि अवयवो के समूहरूप ही परमाणु दिखाई देता है। अवयवो के सयोग का विनाश होना चाहिये यह भी कोई नियम नही है, क्योकि अनादि सयोग के होने पर उसका विनाश नही होता।[1] इस प्रकार अविभागी पुद्गल-परमाणु द्रव्यार्थिक नय के अवलम्बन से निरवयव है और पर्यायार्थिक नय से सावयव है। पुद्गल परमाणु निरवयव ही है, ऐसा एकान्त नही है।

द्वि-अणुक आदि स्कध कार्यों का उत्पादक होने से पुद्गल-परमाणु स्यात् कारण है, स्कध-भेद से उत्पन्न होता है, अत स्यात् कार्य है। परमाणु से छोटा कोई भेद नही है, अतः स्यात् अन्त्य है, प्रदेश-भेद न होने पर भी गुणादि-भेद होने के कारण परमाणु अन्त्य नही भी है। सूक्ष्म परिणमन होने से स्यात् सूक्ष्म है और स्थूल कार्य की उत्पत्ति की योग्यता रखने से स्यात् स्थूल भी है। द्रव्यता नही छोडता, अत स्यात् नित्य है, स्कधपर्याय को प्राप्त होता है और गुणो का विपरिणमन होने से स्यात् अनित्य है। अप्रदेशत्व की विवक्षा मे एक रस, एक गध, एक वर्ण और दो स्पर्श वाला है, अनेक प्रदेशी स्कधरूप परिणमन की शक्ति होने से अनेक रस आदि वाला भी है। स्कधरूप कार्य-लिंग से अनुमेय होने के कारण स्यात् कार्यलिंग है और प्रत्यक्ष-ज्ञान का विषय होने से कार्यलिंग नही भी है।[2] इस प्रकार परमाणु के विषय मे अनेकान्त है।

यदि यह कहा जाय कि परमाणु अनादिकाल से अणु रहता है सो यह कहना ठीक नही है, क्योकि यदि परमाणु अपने अणुत्व को नही छोडता तो उससे स्कधरूप कार्य भी उत्पन्न नही हो सकता।[3] इससे यह स्पष्ट हो जाता

---

१. धवल पु० १४ पृ० ५६–५७। २. तत्त्वार्थराजवार्तिक अ० ५ सू० २५ वार्तिक १६। ३. 'न हि तस्यानादिपारिणामिकाण्वस्यस्य कार्यमस्ति, तत् स्वभावाविनिवृत्ते।' [त० रा० वा० ५/२५/८]

है कि स्कंध अवस्था मे परमाणु अणुरूप से नही रहता है किन्तु अणुत्व को छोडकर स्कंधत्व को प्राप्त हो जाता है।

पुद्गल परमाणु-अवस्था मे सश्लेषसम्बन्ध से रहित है, अतः परमाणु अवस्था शुद्ध है, इसीलिये परमाणु स्वभाव-पर्याय है। परमाणु किसी गुण की पर्याय नही है अतः द्रव्यपर्याय है। परमाणु-रूप पर्याय चिरकालस्थायी भी है इसलिये परमाणु व्यजन पर्याय है। अत परमाणु को पुद्गल की स्वभाव-द्रव्य-व्यजन-पर्याय कहा गया है।

पुद्गल की स्वभाव-गुण-व्यजन पर्याय—

वर्णगंधरसैकैकाविरुद्धस्पर्शद्वयं स्वभावगुणव्यंजनपर्यायाः ॥२६॥

सूत्रार्थ—पुद्गलपरमाणु मे एक वर्ण, एक गध, एक रस और परस्पर अविरुद्ध दो स्पर्श होते हैं। इन गुणों की जो चिरकाल स्थायी पर्यायें हैं वे स्वभाव-गुण-व्यजन पर्यायें हैं।

विशेषार्थ—तीखा, चरपरा, कसायला, खट्टा, मीठा इन पाच रसो मे से एक काल मे एक रस रहता है। शुक्ल, पीत, रक्त, काला, नीला इन पांच वर्णों मे से एक वर्ण एक काल मे रहता है। सुगन्ध, दुर्गन्ध इन दो प्रकार की गध मे से कोई एक गध एक काल मे रहती है। शीत व उष्ण स्पर्श मे से कोई एक, तथा स्निग्ध व रूक्ष स्पर्श मे से कोई एक, इस प्रकार दो स्पर्श एक काल मे परमाणु मे रहते हैं। अर्थात् शीत-स्निग्ध, शीत-रूक्ष, उष्ण स्निग्ध, उष्ण-रूक्ष—स्पर्श के इन चार युगलो मे से कोई एक युगल एक काल मे एक परमाणु में रहता है। शीत-उष्ण ये दोनो स्पर्श या स्निग्ध-रूक्ष ये दोनो स्पर्श एक काल मे एक परमाणु मे नही रह सकते, क्योकि ये परस्पर मे विरुद्ध हैं।

एयरसवण्णगंधं दो फासं सद्दकारणमसद्दं।
खधंतरिदं दव्वं परमाणुं तं वियाणाहि ॥८१॥ [पंचास्तिकाय]

अर्थ—जिसमे कोई एक रस, कोई एक वर्ण, कोई एक गध वदो स्पर्श

हो, जो शब्द का कारण हो, स्वय शब्द रहित हो, जो स्कध से जुदा हो, उस पुद्गल द्रव्य को परमाणु कहते है।

इस प्रकार पुद्गल द्रव्य की परमाणु रूप शुद्ध पर्याय मे वर्ण, गध व रस गुणो की एक एक पर्याय होती है तथा स्पर्शगुण की परस्पर अविरुद्ध दो पर्याये होती है। वे स्वभाव गुण पर्यायें है। वे पर्यायें चिरकाल तक भी रहती हैं, अत. व्यजनपर्यायें है। अर्थात् पुद्गल-परमाणु मे वर्ण, गध, रस व स्पर्शगुणो की चिरकाल तक रहने वाली पर्यायें, पुद्गल की स्वभाव-गुण-व्यजन पर्यायें हैं।

॥ इति व्यजन पर्याय ॥

अनाद्यनिधने द्रव्ये स्वपर्यायाः प्रतिक्षणम् ।
उन्मज्जन्ति निमज्जन्ति जलकल्लोलवज्जले ॥१॥
धर्माधर्मनभः काला अर्थपर्यायगोचराः ।
व्यंजनेन तु सम्बद्धौ द्वावन्यौ जीव पुद्गलौ ॥२॥

अर्थ—अनादि-अनन्त द्रव्य मे अपनी अपनी पर्यायें प्रतिक्षण उत्पन्न होती रहती है और विनशती रहती है जैसे जल मे लहरें उत्पन्न होती रहती हैं और विनशती रहती हैं ॥१॥

धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्य इन चारो द्रव्यो में अर्थ पर्याय ही होती है किन्तु इनसे भिन्न जीव और पुद्गल इन दोनो द्रव्यो मे व्यंजन पर्यायें भी होती हैं ॥२॥

विशेषार्थ गाथा १—द्रव्यार्थिक नय के अवलम्बन से द्रव्य नित्य है— न उत्पन्न होता है और न विनष्ट होता है अर्थात् अनादि–अनिधन है, सत् स्वभाव वाला है। कहा भी है—

'उप्पत्ती व विणासो दव्वस्स य णत्थि अत्थि सब्भावो।'
[पचास्तिकाय गाथा ११]

'द्रव्यस्य···त्रिकालावस्थायिनोऽनादिनिधनस्य न समुच्छेदसमुदयौ युक्तौ। ···ततो द्रव्यार्थार्पणायामनुत्पादमनुच्छेदं सत्स्वभावमेव द्रव्यं।'
[श्री अमृतचन्द्र आचार्य की टीका]

'अनादिनिधनस्य द्रव्यस्य द्रव्यार्थिकनयेनोत्पत्तिश्च विनाशो वा नास्ति।'
[श्री जयसेन आचार्य की टीका]

यद्यपि द्रव्यार्थिक नय से द्रव्य त्रिकाल अवस्थायी अनादि-अनिधन है, उत्पाद-व्यय से रहित है तथापि पर्यायार्थिक नय के अवलम्बन से उस अनादि-अनिधन द्रव्य मे प्रतिक्षण पर्याये उत्पन्न होती हैं, विनष्ट होती हैं, क्योकि द्रव्य अनित्य है और उत्पाद-व्यय सहित है। कहा भी है—

उप्पज्जंति वियंति य भावा णियमेण पज्जवणयस्स।
दव्वट्ठियस्स सव्वं सदा अणुप्पण्णमविणट्ठं॥
[जयधवल पु० १ पृ० २४८]

अर्थ—पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा द्रव्य नियम से उत्पन्न होते हैं और नाश को प्राप्त होते हैं तथा द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा वे सदा अविनष्ट और अनुत्पन्न स्वभाव वाले हैं।

इस प्रकार दोनो नयो के अवलम्बन से वस्तुस्वरूप की सिद्धि हो सकती है, क्योकि वस्तुस्वरूप अनेकान्तमयी है। इन दोनो नयो मे से किसी एक नय का एकान्त पक्ष ग्रहण करने से ससारादि का अभाव हो जायगा। कहा भी है—

ण य दव्वट्ठियपक्खे संसारो णेव पज्जवणयस्स।
सासयवियत्तिवायी जम्हा उच्छेदवादीया॥
[जयधवल पु० १ पृ० २४९]

अर्थ—द्रव्यार्थिक नय के पक्ष मे ससार नही बन सकता है। उसी प्रकार सर्वथा पर्यायार्थिक नय के पक्ष मे भी संसार नही बन सकता है, क्योकि द्रव्यार्थिक नय नित्यव्यक्तिवादी है और पर्यायार्थिक नय उच्छेदवादी है।

विशेषार्थ गाथा २—धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और काल-द्रव्य ये चारो द्रव्य सर्वदा शुद्ध हैं, क्योकि कभी बध को प्राप्त नही होते अत. इन चारो द्रव्यो मे अगुरुलघुगुण के कारण प्रतिक्षण षट्वृद्धि-हानिरूप अर्थपर्याय होती रहती हैं, किन्तु बध के सम्बन्ध से होने वाली क्रिया निमित्तक पर्यायें अथवा व्यजनपर्यायें नही होती हैं। जीव और पुद्गल ये दोनो द्रव्य बध को प्राप्त होने के कारण अशुद्ध होते हैं अत. इनमे क्रियानिमित्तक तथा व्यजन पर्यायें भी होती हैं। कहा भी है—

परिणामजुदो जीओ गइगमणुवलंभओ असंदेहो ।
तह पुग्गलो य पाहणपहुइ-परिणामदंसणा णाउं ॥२६॥
वंजणपरिणइविरहा धम्मादीआ हवे अपरिणामा ।
अत्थ परिणाममासिय सव्वे परिणामिणो अत्था ॥२७॥

[वसुनन्दि श्रावकाचार]

अर्थ—जीव परिणामयुक्त है अर्थात् परिणामी है, क्योकि उसका स्वर्ग, नरक आदि गतियो मे निःसन्देह गमन पाया जाता है। इसी प्रकार पाषाण मिट्टी आदि स्थूल पर्यायो के परिणमन देखे जाने से पुद्गल को परिणामी जानना चाहिये। धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य ये चारो द्रव्य व्यजनपर्याय के अभाव से यद्यपि अपरिणामी कहलाते है तथापि अर्थपर्याय की अपेक्षा ये द्रव्य परिणामी हैं, क्योकि अर्थपर्याय सभी द्रव्यो मे होती है।

'धर्मादीनि द्रव्याणि यदि निष्क्रियाणि ततस्तेषामुत्पादो न भवेत्। क्रियापूर्वको हि घटादीनामुत्पादो दृष्टः ? ···क्रियानिमित्तोत्पादाभावेऽप्येषां धर्मादीनामन्यथोत्पाद. कल्प्यते। ··अनन्तानामगुरुलघुगुणानामागमप्रमाण्यादभ्युपगम्यमानानां षट्स्थानपतितया वृद्धया हान्या च प्रवर्तमानाना स्वभावदेवतेषामुत्पादो व्ययश्च।'

[सर्वार्थसिद्धि ५/७]

अर्थात्—क्योकि घटादिक का क्रियापूर्वक ही उत्पाद होता है इसलिये

निष्क्रिय धर्मादि द्रव्यो का उत्पाद कैसे हो सकता है ? यद्यपि इन धर्मादिक द्रव्यो मे क्रियानिमित्तक उत्पाद नही है तो भी इनमे अन्य प्रकार से उत्पाद माना गया है । प्रत्येक द्रव्य मे आगम प्रमाण से अनन्त अविभाग-प्रतिच्छेद वाला अगुरुलघुगुण स्वीकार किया गया है जिसका छह स्थानपतित वृद्धि हानि के द्वारा वर्तन होता रहता है, अत. इन धर्मादि द्रव्यो का उत्पाद-व्यय स्वभाव से होता है ।

इस प्रकार धर्मादि चार द्रव्यो मे स्वभाव अर्थपर्याय होती है किन्तु जीव और पुद्गल मे व्यजनपर्यायें भी होती है ।

॥ इति पर्यायाधिकार ॥

स्वभावाधिकार

प्रकारान्तर से द्रव्य का लक्षण —

गुणपर्ययवद्द्रव्यम् ॥२७॥[1]

सूत्रार्थ—गुण-पर्याय वाला द्रव्य है ।

विशेषार्थ—पहिले सूत्र ६ व ७ मे द्रव्य का लक्षण 'सत्' तथा 'उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य' कह चुके हैं फिर भी यहा प्रकारान्तर से द्रव्य का लक्षण कहा गया है । द्रव्य का गुण और पर्यायो से कथचित् भेद है इसलिये सूत्र मे 'मतुप्' प्रत्यय का प्रयोग किया गया है । गुण अन्वयी होते हैं और पर्याय व्यतिरेकी होती है । कहा भी है—

गुण इदि दव्वविहाणं दव्वविकारो हि पज्जवो भणिदो ।
तेहि अणूणं दव्वं अजुदपसिद्धं हवे णिच्चं ॥[2]

अर्थ—द्रव्य मे भेद करने वाले धर्म को विशेष गुण और द्रव्य के विकार को पर्याय कहते हैं । द्रव्य इन दोनो से युक्त होता है । तथा वह अयुतसिद्ध और

१. यही सूत्र मोक्षशास्त्र अ० ५ मे सूत्र ३८ है । २. सर्वार्थसिद्धि ५/३८ ।

नित्य होता है। अर्थात् द्रव्य, गुण और पर्याय से अभिन्न होता है।

एक द्रव्य दूसरे द्रव्य से जुदा होता है वह विशेष गुण है। इस गुण के द्वारा द्रव्य का अस्तित्व सिद्ध होता है। यदि भेदक विशेष गुण न हो तो द्रव्य में साकर्य हो जाय।[1]

सूत्र ६, ७ व २७ के द्वारा द्रव्य का लक्षण तीन प्रकार कहा गया है। द्रव्य के इन तीन लक्षणो मे से किसी एक लक्षण का कथन करने पर शेष दोनो लक्षण भी अर्थ से ग्रहण हो जाते हैं। जैसे नित्य-अनित्य स्वभाव वाले 'सत्' कहने से नित्यरूप ध्रौव्य और अनित्यरूप उत्पाद-व्यय का अथवा नित्यरूप गुण का और अनित्यरूप पर्याय का ग्रहण हो जाता है।[2] इस प्रकार इन तीनो लक्षणो मे कोई भेद या अन्तर नही है, मात्र विवक्षाभेद है।

द्रव्यो के सामान्य व विशेष स्वभावो का कथन—

स्वभावाः कथ्यन्ते—अस्तिस्वभावः, नास्तिस्वभावः, नित्यस्वभावः, अनित्यस्वभावः, एकस्वभावः, अनेकस्वभावः, भेदस्वभावः, अभेदस्वभावः, भव्यस्वभावः अभव्यस्वभावः, परमस्वभावः एते द्रव्याणामेकादश सामान्यस्वभावाः; चेतनस्वभावः, अचेतनस्वभावः, मूर्तस्वभावः, अमूर्तस्वभावः, एकप्रदेशस्वभावः, अनेकप्रदेशस्वभावः, विभावस्वभावः, शुद्धस्वभावः, अशुद्धस्वभावः, उपचरितस्वभावः एते द्रव्याणां दश विशेषस्वभावाः ॥२८॥

सूत्रार्थ—स्वभावो का कथन किया जाता है— १. अस्तिस्वभाव, २. नास्तिस्वभाव, ३. नित्यस्वभाव, ४ अनित्यस्वभाव, ५ एकस्वभाव, ६. अनेकस्वभाव, ७. भेदस्वभाव, ८ अभेदस्वभाव, ९. भव्यस्वभाव, १०. अभव्यस्वभाव, ११. परमस्वभाव—ये ग्यारह द्रव्यो के सामान्य स्वभाव हैं, १. चेतनस्वभाव, २ अचेतनस्वभाव, ३ मूर्तस्वभाव, ४ अमूर्तस्वभाव,

१. सर्वार्थसिद्धि ५/३८ । २. पचास्तिकाय गा० १० की टीका।

५. एकप्रदेशस्वभाव, ६. अनेकप्रदेशस्वभाव, ७. विभावस्वभाव, ८. शुद्धस्वभाव, ९. अशुद्धस्वभाव, १०. उपचरितस्वभाव—ये दश, द्रव्यों के विशेष स्वभाव हैं।

विशेषार्थ—द्रव्यों के स्वरूप को स्वभाव कहते है। तत्काल पर्याय को प्राप्त वस्तु भाव कहलाती है। अथवा वर्तमान पर्याय से युक्त द्रव्य को भाव कहते हैं।[1]

प्रश्न—गुणाधिकार कहा जा चुका है फिर स्वभाव अधिकार को पृथक् कहा जा रहा है। इसमे क्या रहस्य है ?

उत्तर—जो गुण है वह गुणी मे ही प्राप्त होते हैं।

प्रश्न—गुण गुणी मे किस प्रकार प्राप्त होते है ?

उत्तर—गुण गुणी मे अभेद है इसलिये गुण गुणी मे ही प्राप्त होते हैं। स्वभाव गुण मे भी प्राप्त होते हैं और गुणी मे भी प्राप्त होते है।

प्रश्न—स्वभाव गुण और गुणी मे किस प्रकार प्राप्त होते हैं ?

उत्तर—गुण और गुणी अपनी अपनी पर्याय से परिणमन करते हैं। जो परिणति अर्थात् पर्याय है वह ही स्वभाव है। गुण और स्वभाव मे यह विशेषता है। इसलिये स्वभाव का स्वरूप पृथक् लिखा गया है।

१. जिस द्रव्य का जो स्वभाव है, उस अपने स्वभाव से कभी च्युत नही होना अस्तिस्वभाव है, जैसे अग्नि अपने दाह स्वभाव से कभी च्युत नही होती। [आलापपद्धति सूत्र १०६]

२ परस्वरूप नही होने के कारण 'नास्तिस्वभाव' है। [सूत्र १०७]

३. अपनी अपनी नाना पर्यायों मे 'यह वही है' इस प्रकार द्रव्य का हमेशा सद्भाव पाया जाना 'नित्यस्वभाव' है। [सूत्र १०८]

४. उस द्रव्य का अनेक पर्याय रूप परिणत होने से 'अनित्यस्वभाव' है। [सूत्र १०९]

५. सम्पूर्ण स्वभावो का एक आधार होने से 'एकस्वभाव' है। [सूत्र ११०]

१. धवल पु० १ पृ० १४।

६ एक ही द्रव्य के अनेक स्वभावो की उपलब्धि होने से 'अनेकस्वभाव' है। [सूत्र १११]

७ गुण गुणी आदि मे सज्ञा, सख्या, लक्षण और प्रयोजन की अपेक्षा भेद होने से 'भेदस्वभाव' है। [सूत्र ११२]

८. गुण-गुणी आदि मे प्रदेश भेद नही होने से अथवा एक स्वभाव होने से 'अभेदस्वभाव' है। [सूत्र ११३]

९. भाविकाल मे आगे की (भावि) पर्यायो के होने योग्य है अथवा अपने स्वरूप से परिणमन करने योग्य है अत. 'भव्यस्वभाव' है। [सूत्र ११४]

१० काल-त्रय मे भी पीछे की (भूत) पर्यायाकार होने के अयोग्य है अथवा पर-द्रव्य स्वरूपाकार होने के अयोग्य है अत. 'अभव्यस्वभाव' है।

[सूत्र ११५]

११. पारिणामिक भाव की प्रधानता से 'परमस्वभाव' है। [सूत्र ११६]

ये ग्यारह, सामान्य स्वभाव है। विशेष दस स्वभावो मे से १ चेतनस्वभाव, २ अचेतनस्वभाव, ३ मूर्तस्वभाव, ४. अमूर्तस्वभाव— इन चार स्वभावो की व्याख्या सूत्र ६ के विशेषार्थ मे हो चुकी है। शेष छह विशेप स्वभावो की व्याख्या निम्न प्रकार है—

५. अखण्डपने की अपेक्षा 'एकप्रदेश' स्वभाव है।

६. भेदपने की अपेक्षा अनेक-प्रदेश' स्वभाव है।

७ स्वभाव से अन्यथा होना 'विभाव' स्वभाव है। [सूत्र १२१]

८ कैवल्य अर्थात् शुद्ध भाव को 'शुद्ध' स्वभाव कहते हैं। [सूत्र १२२]

९. शुद्ध स्वभाव से विपरीत 'अशुद्ध' स्वभाव है। [सूत्र १२२]

१०. स्वभाव का अन्यत्र उपचार करना 'उपचरित' स्वभाव है, जैसे मार्जार (बिलाव) को सिंह कहना। वह उपचरित स्वभाव दो प्रकार का है १. कर्मज, २. स्वाभाविक। जीव के मूर्तत्व और अचेतनत्व उपचरित-कर्मज-स्वभाव हैं। सिद्धो के सर्वज्ञता और सर्वदर्शिता स्वाभाविक-उपचरित-स्वभाव है—क्योंकि अनुपचरित नय से जीव के अमूर्त व चेतन स्वभाव है और सिद्ध आत्मज्ञ हैं।

[सूत्र १२३-१२४]

जीव और पुद्गल के भावो की सख्या—

जीवपुद्गलयोरेकविशतिः ॥२९॥

सूत्रार्थ—जीव मे और पुद्गल मे उपर्युक्त इक्कीस इक्कीस (११ सामान्य और १० विशेष) स्वभाव पाये जाते हैं ॥३५॥

विशेषार्थ—जीव मे इक्कीस भाव बतलाये गये हैं जिससे स्पष्ट हो जाता है कि जीव मे अचेतन स्वभाव और मूर्तस्वभाव भी हैं। इसी प्रकार पुद्गल मे भी इक्कीस स्वभाव कहे गये हैं जिससे स्पष्ट है कि पुद्गल मे चेतन और अमूर्त स्वभाव भी है।

शका—छह द्रव्यो मे जीव चेतन स्वभाव वाला और शेष पांच द्रव्य (पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश, कालद्रव्य) अचेतन स्वभाव वाले हैं। यदि जीव मे भी अचेतन स्वभाव मान लिया जायगा तो जीव मे और अन्य पाँच द्रव्यो मे कोई अन्तर नही रहेगा ?

समाधान—जीव मे अचेतनधर्म दो अपेक्षा से कहा गया है।

(१) जीव मे अनन्त गुण हैं। उनमे से चेतन गुण तो चेतनरूप है, अन्य गुण चेतनरूप नही हैं, क्योकि एक गुण मे दूसरा गुण नही होता है।

'द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः ॥५/४१॥' [तत्वार्थ-सूत्र]

इस सूत्र मे गुण का लक्षण बतलाते हुये जो 'निर्गुण' शब्द दिया गया है उससे यह स्पष्ट हो जाता है कि एक गुण अन्य गुणो से रहित होता है। यदि चेतनगुण के अतिरिक्त अन्यगुणो को भी चेतनरूप मान लिया जाय तो सकर दोष आ जायगा अथवा चेतन के अतिरिक्त अन्यगुणो के अभाव का प्रसग आ जायगा। इसलिये जीव मे चेतनगुण के अतिरिक्त अन्य गुण चेतन रूप नही हैं अर्थात् अचेतन है। श्री १०८ अकलक देव ने स्वरूप सम्बोधन मे कहा भी है—

प्रमेयत्वादिभिर्धर्मैरचिदात्मा चिदात्मकः।
ज्ञानदर्शनतस्तस्माच्चेतनाचेतनात्मकः ॥३॥

अर्थ—प्रमेयत्व आदि धर्मो की अपेक्षा आत्मा अचित् है और ज्ञान, दर्शन

की अपेक्षा से चिदात्मक है। अतएव आत्मा चेतनात्मक भी है और अचेतनात्मक भी है।

(२) जीव अनादिकाल से कर्मों से बँधा हुआ है। उन कर्मों ने जीव का चेतनगुण घात रखा है। कहा भी है—

का वि अउव्वा दीसदि पुग्गल-दव्वस्स एरिसी सत्ती।
केवल-णाणसहावो विणासिदो जाइ जीवस्स ॥२११॥
[स्वा० का० अ०]

अर्थ—पुद्गल द्रव्य की कोई ऐसी अपूर्व शक्ति है, जिससे जीव का केवलज्ञान-स्वभाव भी नष्ट हो जाता है।

इस प्रकार जितने अशो मे चेतनगुण का घात हो रहा है, उतने अशो मे अचेतनभाव है। जीव के पाच स्वतत्त्व-भावो मे से एक औदयिक भाव है, जिसके इक्कीस भेदो मे से एक अज्ञान (अचेतन) भी भेद है। कहा भी है—

'औपशमिकक्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य स्वतत्त्वमौदयिकपारिणामिकौ च ॥१॥ गतिकषायलिङ्गमिथ्यादर्शनाज्ञानासयतासिद्धलेश्याश्चतुश्चतुस्त्र्येकैकैकैकषड्भेदाः ॥६॥ [तत्वार्थ-सूत्र अध्याय २]

इस प्रकार तत्त्वार्थसूत्र मे भी अज्ञान (अचेतन) भी जीव का स्वतत्त्व भाव कहा गया है। क्योकि जीव का यह अचेतन भाव द्रव्य कर्मो के सम्बन्ध से होता है और पौद्गलिक कर्म जीव से भिन्न द्रव्य हैं, इसलिये असद्भूत व्यवहारनय की अपेक्षा से जीव मे अचेतन भाव है।

'जीवस्याप्यसद्भूतव्यवहारेणाचेतनस्वभावः'
[आलापपद्धति सूत्र १६२]

इसी प्रकार कर्मबन्ध के कारण जीव मूर्तरूप परिणमन कर रहा है।

'स्पर्शरसगंधवर्णसद्भावस्वभाव मूर्तं। स्पर्शरसगधवर्णाऽभावस्वभावममूर्तं। ...अमूर्तः स्वरूपेण जीवः पररूपावेशान्मूर्तोऽपि।'
[पचास्तिकाय गा० ९७ टीका]

अर्थ—स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण का सद्भाव जिसका स्वभाव है वह मूर्त है; स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण का अभाव जिसका स्वभाव है वह अमूर्त है। जीव स्वरूप से अमूर्त है किन्तु पररूप से अनुरक्त होने की अपेक्षा मूर्त भी है।

बंधं पडि एयत्तं लक्खणदो हवइ तस्स णाणत्तं।
तम्हा अमुत्तिभावोऽणेयंतो होइ जीवस्स ॥ [सर्वार्थसिद्धि २/७]

अर्थ—आत्मा और कर्म बन्ध की अपेक्षा से एक हैं तो भी लक्षण की अपेक्षा वह भिन्न है। इसलिये जीव का अमूर्तिक भाव अनेकान्तरूप है। वह बध की अपेक्षा से मूर्त है और स्वभाव अपेक्षा से मूर्त नही है।

'कम्म सम्बन्धवसेण पोग्गलभावमुवगयजीवदव्वाणं च पच्च-क्खेण परिच्छित्ति कुणइ ओहिणाणं।' [जयधवल पु० १ पृ० ४३]

अर्थ—कर्म के सम्वन्ध से पुद्गलभाव (मूर्तभाव) को प्राप्त हुये जीवो को जो प्रत्यक्ष रूप से जानता है उसे अवधिज्ञान कहते हैं।

जीव मे यह मूर्त भाव पौद्गलिक कर्मो के सम्वन्ध से आया है इसलिये जीव मे यह मूर्तभाव असद्भूत-व्यवहारनय का विषय है। 'जीवस्याप्य-सद्भूतव्यवहारेण मूर्तस्वभावः' [आलापपद्धति सूत्र १६४]—अर्थात् असद्भूत-व्यवहारनय से जीव के भी मूर्तस्वभाव है। इसका विशेष कथन सूत्र १०३ की टीका मे भी है।

पुद्गल मे चेतन स्वभाव कहने का कारण यह है कि पौद्गलिक कर्म आत्म-परिणामो से अनुरंजित होने के कारण कथचित् चैतन्य है किन्तु पुद्गल द्रव्य स्वभाव की अपेक्षा अचेतन है। कहा भी है—

'पौरुषेयपरिणामानुरञ्जितत्वात् कर्मणः स्याच्चैतन्यम्, पुद्गलद्रव्या-देशाच्च स्यादचेतनत्वमिति।' [राजवार्तिक ५/१९/२४]

अर्थ—'कर्म' पुरुष के परिणामो से अनुरंजित होने के कारण कथचित् चेतन हैं, पुद्गलद्रव्य की दृष्टि से वह अचेतन हैं।

आत्मा पुद्गल द्रव्य से भिन्न दूसरा द्रव्य है। क्योकि आत्मपरिणामो से अनुरंजित होने के कारण पुद्गल मे चेतनभाव है अत यह असद्भूत व्यवहार

नय का विषय है। कहा भी है—

'असद्भूतव्यवहारेण कर्मनोकर्मणोरपि चेतनस्वभावः।'

[आलापपद्धति सूत्र १६०]

अर्थ—असद्भूतव्यवहारनय से कर्म नोकर्म के भी चेतनस्वभाव है। सूत्र १६० मे भी पुद्गल के चेतनस्वभाव बतलाया गया है।

इसी प्रकार पुद्गल मे अमूर्तभाव सिद्ध कर लेना चाहिये।

धर्मादि तीन द्रव्यो मे स्वभावो की सख्या—

चेतनस्वभावः मूर्तस्वभावः विभावस्वभावः अशुद्धस्वभावः उपचरितस्वभावः एतैर्विना धर्मादि [धर्माधर्माकाशानां] त्रयाणां षोडशस्वभावाः सन्ति ॥३०॥

सूत्रार्थ—धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य तथा आकाशद्रव्य इन तीन द्रव्यो मे उपर्युक्त २१ स्वभावो मे से चेतनस्वभाव, मूर्तस्वभाव, विभावस्वभाव, उपचरित स्वभाव और अशुद्धस्वभाव ये पाच स्वभाव नही होते, शेष सोलह स्वभाव होते हैं। अर्थात् १ अस्तिस्वभाव, २. नास्तिस्वभाव, ३ नित्यस्वभाव, ४. अनित्यस्वभाव, ५. एकस्वभाव, ६. अनेकस्वभाव, ७ भेदस्वभाव, ८ अभेदस्वभाव, ९. परमस्वभाव, १० एकप्रदेशस्वभाव, ११. अनेकप्रदेश-स्वभाव, १२ अमूर्तस्वभाव, १३. अचेतनस्वभाव, १४. शुद्धस्वभाव, १५ भव्य-स्वभाव, १६ अभव्यस्वभाव— ये १६ स्वभाव होते है।

विशेषार्थ—धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य और पुद्गलद्रव्य ये पाचो ही द्रव्य अचेतन स्वभाव वाले है, मात्र जीवद्रव्य चेतनस्वभावी है, किन्तु जीव के साथ बध को प्राप्त हो जाने से पुद्गल मे तो चेतनस्वभाव हो जाता हैं, शेष चार द्रव्य (धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्य) जीव के साथ बध को प्राप्त नही होते, इसलिये इन चारो द्रव्यो मे चेतन-स्वभाव का निषेध किया गया है।

मात्र पुद्गल द्रव्य मूर्तिक है। शेष पाच द्रव्य (जीव, धर्म, अधर्म, आकाश, काल) अमूर्तिक हैं, किन्तु पुद्गल के साथ बध को प्राप्त हो जाने

से जीव मे मूर्तिक स्वभाव हो जाता है। शेष चार द्रव्य (धर्म, अधर्म, आकाश, काल) पुद्गल के साथ बध को प्राप्त नही होते, इसलिए इनमे मूर्त-स्वभाव का निषेध किया गया है।

धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य ये चारो द्रव्य बध को प्राप्त नही होते इसलिये इनमे विभावस्वभाव, उपचरितस्वभाव और अशुद्धस्वभाव भी नही होते, क्योकि अन्य द्रव्य के साथ बध को प्राप्त होने पर ही द्रव्य अशुद्ध होता है, विभावरूप परिणमता है और कथचित् उस अन्य द्रव्य के स्वभाव को ग्रहण करने से अन्यद्रव्य के स्वभाव का उपचार होता है। जीव और पुद्गल बंध को प्राप्त होते हैं, इसलिये उनमे विभावस्वभाव, उपचरित स्वभाव और अशुद्धस्वभाव का कथन किया गया है।

कालद्रव्य मे स्वभावो की संख्या—

तत्र बहुप्रदेशत्वंविना कालस्य पंचदश स्वभावा: ॥३१॥

सूत्रार्थ—(इक्कीस स्वभावो मे से पाच स्वभावो का निषेध करके सूत्र ३० में शेष सोलह स्वभाव धर्मादिक तीन द्रव्यो मे बतलाये गये थे) उन सोलह स्वभावो मे से बहुप्रदेश-स्वभाव के बिना शेष पन्द्रह स्वभाव कालद्रव्य मे पाये जाते हैं।

विशेषार्थ—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश ये पाच द्रव्य बहुप्रदेशी हैं, इसीलिये इनको पचास्तिकाय कहा गया है, किन्तु कालद्रव्य अर्थात् कालाणु, एकप्रदेशी है, इसलिये उसको बहुप्रदेशी अर्थात् कायवान् नही कहा गया है।

'अजीवकायाधर्म्माधर्म्माकाशपुद्गला: ।' ॥५/१॥ [तत्वार्थसूत्र]

अर्थ—धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, पुद्गलद्रव्य ये चारो अजीव भी है और कायवान् भी हैं।

जीव, पुद्गल, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य यद्यपि बहुप्रदेशी हैं तथापि अखण्ड की अपेक्षा से इनमे एकप्रदेशी-स्वभाव भी है।

यद्यपि पुद्गल परमाणु भी एकप्रदेशी है तथापि स्निग्ध-रूक्ष गुण के कारण वह पुद्गल परमाणु बध को प्राप्त होने पर बहुप्रदेशी हो जाता है,

इसलिये पुद्गल परमाणु उपचार से बहुप्रदेशी है। कहा भी है—

"एयपदेसो वि अणू णाणाखंधप्पदेसदो होदि।
बहुदेसो उवयारा तेण य काओ भणंति सव्वण्हु ॥२६॥
[द्रव्यसग्रह]

अर्थ—एकप्रदेशी भी परमाणु अनेक स्कधरूप बहुप्रदेशी हो सकता है। इस कारण सर्वज्ञदेव उपचार से पुद्गल परमाणु को काय (बहुप्रदेशी) कहते है।

स्निग्ध रूक्ष गुण न होने के कारण कालाणु बध को प्राप्त नही हो सकता, इसलिये उपचार से भी बहुप्रदेशी नही है।

एकविंशतिभावाः स्युर्जीवपुद्गलयोर्मताः।
धर्मादीनां षोडश स्युः काले पंचदश स्मृताः ॥३॥

अर्थ—जीव और पुद्गल द्रव्यो मे इक्कीस, धर्म, अधर्म और आकाश इन तीन द्रव्यो मे सोलह तथा काल द्रव्य मे पन्द्रह स्वभाव जानना चाहिये।

॥ इति स्वभावाधिकार ॥

प्रमाण अधिकार

ते कुतो ज्ञेयाः ? ॥३२॥

सूत्रार्थ—वे इक्कीस प्रकार के स्वभाव कैसे जाने जाते हैं, अर्थात् किसके द्वारा जाने जाते हैं ?

प्रमाणनयविवक्षातः ॥३३॥

सूत्रार्थ—प्रमाण और नय की विवक्षा के द्वारा उन इक्कीस स्वभावो के यथार्थ स्वरूप का ज्ञान होता है।

विशेषार्थ—'प्रमाणनयैरधिगम' ॥१/६॥' [त० सू०] द्वारा भी कहा गया है कि प्रमाण व नय के द्वारा वस्तु का ज्ञान होता है।

प्रमाण का लक्षण—

सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम् ॥३४॥

सूत्रार्थ—सम्यग्ज्ञान को प्रमाण कहते हैं।

विशेषार्थ—संशय विपर्यय और अनध्यवसाय से रहित ज्ञान को सम्यग्ज्ञान कहते हैं। समीचीन ज्ञान को सम्यग्ज्ञान कहते है।

अन्यूनमनतिरिक्तं यथातथ्यं विना च विपरीतात्।
निःसन्देहं वेद यदाहुस्तज्ज्ञानमागमिनः ॥४२॥

[रत्नकरण्ड श्रावकाचार]

अर्थ—जो ज्ञान न्यूनता रहित, अधिकता रहित, विपरीतता रहित और सन्देह रहित, जैसा का तैसा जानता है, शास्त्र के ज्ञाता पुरुष उसको सम्यक्-ज्ञान कहते है।

अनादि को सादि रूप जानना, अनन्त (अन्त रहित) को सान्त रूप जानना, अविद्यमान पर्याय को विद्यमान रूप से जानना, अभाव रूप पर्यायो को सद्भाव रूप से जानना, अनियत को नियत रूप जानना सम्यग्ज्ञान नही है, क्योंकि उसने यथार्थ नही जाना है।

प्रमाण के भेद—

तद्द्वेधा प्रत्यक्षेतरभेदात् ॥३५॥

सूत्रार्थ—प्रत्यक्ष प्रमाण और इतर अर्थात् परोक्ष प्रमाण के भेद से वह प्रमाण दो प्रकार का है।

विशेषार्थ—तत्त्वार्थ सूत्र मे भी 'तत्प्रमाणे ॥१/१०॥' इस सूत्र द्वारा प्रमाण के दो भेद बतलाये हैं। इतर से अभिप्राय परोक्ष का है। अनुमान, उपमान, शब्द प्रमाण परोक्षप्रमाण है। जो इन्द्रिय ज्ञान है वह परोक्षप्रमाण है।

प्रति + अक्ष = प्रत्यक्ष। 'अक्ष्णोति व्याप्नोति जानातीत्यक्ष आत्मा, इस प्रकार अक्ष शब्द का अर्थ आत्मा है। केवल आत्मा के प्रति जो नियत है उसको प्रत्यक्ष कहते हैं। [सर्वार्थसिद्धि १/१२]

जो ज्ञान इन्द्रिय आदि और प्रकाश आदि की सहायता के बिना पदार्थों को स्पष्ट जानता है उसको प्रत्यक्ष प्रमाण कहते हैं। कहा भी है—

इन्द्रियानिन्द्रियापेक्षमुक्तमव्यभिचारि च।
साकारग्रहणं यत्स्यात्तत्प्रत्यक्षं प्रचक्ष्यते ॥१।१७॥ [तत्त्वार्थसार]

अर्थ—इन्द्रिय और अनिन्द्रिय (मन) की अपेक्षा से रहित और व्यभिचार रहित जो पदार्थों का साकार ग्रहण है उसको प्रत्यक्ष प्रमाण कहा गया है। सकल प्रत्यक्ष जो केवलज्ञान वह सिद्ध व अरहंत भगवान के ही होता है।

परोक्ष=पर+अक्ष। आत्मा से भिन्न इन्द्रियादि जो पर, उनकी सहायता की अपेक्षा रखने वाला ज्ञान परोक्ष ज्ञान है। कहा भी है—

'पराणीन्द्रियाणि मनश्च प्रकाशोपदेशादि च बाह्यनिमित्तं प्रतीत्य तदावरणकर्मक्षयोपशमापेक्षस्यात्मनो मतिश्रुतं उत्पद्यमानं परोक्षमित्याख्यायते।' [सर्वार्थसिद्धि १।११]

अर्थात्—मतिज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम की अपेक्षा रखने वाले आत्मा के, इन्द्रिय और मन तथा प्रकाश और उपदेशादिक बाह्यनिमित्तों की सहायता से, मतिज्ञान, श्रुतज्ञान उत्पन्न होते है, अतः ये दोनो ज्ञान परोक्ष हैं।

'पराणीन्द्रियाणि आलोकादिश्च, परेषामायत्तं ज्ञानं परोक्षम्।'
[धवल पु० १३ पृ० २१२]

अर्थ—पर का अर्थ इन्द्रिया और आलोकादि हैं, और पर अर्थात् इन इन्द्रियादि के अधीन जो ज्ञान होता है वह परोक्ष ज्ञान है।

समुपात्तानुपात्तस्य प्राधान्येन परस्य यत्।
पदार्थानां परिज्ञानं तत्परोक्षमुदाहृतम् ॥१६॥ [तत्त्वार्थसार]

अर्थ—अपने से भिन्न जो समुपात्त इन्द्रियादि और अनुपात्त प्रकाशादि (निमित्तों) की मुख्यता से जो पदार्थों का ज्ञान वह परोक्ष कहा जाता है।

प्रत्यक्ष ज्ञान के दो भेद हैं, सकल प्रत्यक्ष और एकदेश प्रत्यक्ष। अब एकदेश-प्रत्यक्ष ज्ञान का कथन करते हैं—

अवधिमनःपर्ययावेकदेशप्रत्यक्षौ ॥३६॥

अर्थ—अवधिज्ञान और मनःपर्यय ज्ञान ये दोनों एकदेश प्रत्यक्ष हैं।

विशेषार्थ—अवधि का अर्थ मर्यादा या सीमा है। जो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की मर्यादा लिये हुए ज्ञान है वह अवधिज्ञान है। कहा भी है—

'अवधिर्मर्यादा सीमेत्यर्थः। अवधिसहचरितं ज्ञानमवधिः। अवधिश्च सः ज्ञानं च तदवधिज्ञानम्। नातिव्याप्तिः रूढिबलाधानवशेन क्वचिदेव ज्ञाने तस्यावधिशब्दस्य प्रवृत्तेः। किमट्ठं तत्थ ओहिसद्दो परूविदो? ण; एदम्हादो हेट्ठिमसव्वणाणाणि सावहियाणि उवरिमणाणं णिरवहियमिदि जाणावणट्ठं। ण मणपज्जवणाणेण वियहिचारो; तस्स वि अवहिणाणादो अप्पविसयत्तेण हेट्ठिमत्तब्भुवगमादो। पओगस्स पुण ट्ठाणविवज्जासो संजमसहगयत्तेण कयविसेसपदुप्पायणफलो त्ति ण कोच्छि दोसो।' [जयधवल पु० १ पृ० १७]

अर्थ—अवधि, मर्यादा और सीमा ये शब्द एकार्थवाची हैं। अवधि से सहचरित ज्ञान भी अवधि कहलाता है। इस प्रकार अवधिरूप जो ज्ञान है वह अवधिज्ञान है। यदि कहा जाय कि अवधिज्ञान का लक्षण इस प्रकार करने पर मतिज्ञान अलक्ष्यो मे यह लक्षण चला जाता है, इसलिये अतिव्याप्ति दोष प्राप्त होता है, सो ऐसा नही है, क्योंकि रूढि की मुख्यता से किसी एक ही ज्ञान मे अवधि शब्द की प्रवृत्ति होती है। अवधिज्ञान से नीचे के सभी ज्ञान सावधि हैं और ऊपर का केवलज्ञान निरवधि है, इस बात का ज्ञान कराने के लिये अवधिज्ञान मे अवधि शब्द का प्रयोग किया है। यदि कहा जाय कि इस प्रकार का कथन करने पर मन पर्ययज्ञान से व्यभिचार दोष आता है, सो भी बात नही है, क्योंकि मन पर्ययज्ञान भी अवधिज्ञान से अल्प विषय वाला है, इसलिये विषय की अपेक्षा उसे अवधिज्ञान से नीचे का स्वीकार किया है। फिर भी सयम के साथ रहने के कारण मन पर्ययज्ञान मे जो विशेपता आती है उस विशेपता को दिखलाने के लिये मन पर्ययज्ञान को अवधिज्ञान से नीचे न रखकर ऊपर रखा है, इसलिये कोई दोष नही है।

वह अवधिज्ञान तीन प्रकार का है—देशावधि, परमावधि और सर्वावधि। अथवा दो प्रकार का है—भवप्रत्यय और गुणप्रत्यय। अथवा छह प्रकार का है—हीयमान, वर्धमान, अवस्थित, अनवस्थित, अनुगामी और अननुगामी।

अवधिज्ञान का विषय रूपी पदार्थ है। कहा भी है—

'रूपिष्ववधेः।' [तत्त्वार्थसूत्र १/२७]

इसलिये अवधिज्ञान पुद्गल द्रव्य और ससारी जीव को जानता है। कहा भी है—

'परमाणुपज्जतासेसपोग्गलदव्वाणमसंखेज्जलोगमेत्तखेत्तकालभावाणं कम्मसवधवसेण पोग्गलभावमुवगयजीवदव्वाण च पच्चक्खेण परिच्छित्तिं कुणइ ओहिणाणं।' [जयधवल पु० १ पृ० ४३]

अर्थ—महास्कध से लेकर परमाणु पर्यन्त समस्त पुद्गल द्रव्यो को असख्यातलोकप्रमाण क्षेत्र को, असख्यातलोकप्रमाण काल को और असख्यातलोकप्रमाण भावो को तथा कर्म के सम्बन्ध से पुद्गल भाव को प्राप्त हुए जीवो को जो प्रत्यक्ष रूप से जानता है उसे अवधिज्ञान कहते है।

गोम्मटसार जीवकाण्ड गाथा ५९२ मे 'रूवी जीवा' शब्दो द्वारा ससारी को रूपी कहा है तथा २१ स्वभावो मे जीव के मूर्तस्वभाव कहा है इसलिए ससारी जीव अवधिज्ञान का विषय बन जाता है।

धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य और सिद्धजीव ये अवधिज्ञान के विषय नही हैं। [धवल पु० १५ पृ० ७ व ३२]

णेरइयदेवतित्थयरोहिक्खेत्तस्सबाहिरं एदे।
जाणंति सव्वदो खलु सेसा देसेण जाणंति॥

[धवल पु० १३ पृ० २९५]

अर्थ—नारकी, देव और तीर्थंकर का अवधिज्ञान सर्वाङ्ग से जानता है और शेप जीवो का अवधिज्ञान शरीर के एकदेश से जानता है।

मन पर्ययज्ञान— 'परकीयमनोगतोऽर्थो मन, मनसः पर्यायाः विशेपाः मनःपर्यायाः, तान् जानातीति मनःपर्ययज्ञानम्।'' एदं वयणं

देसामासियं। कुदो? अचिंतियाणमद्धचिंतियाणं च अत्थाणमवगमादो। अधवा मणपज्जवसण्णा जेण रूढिभवा तेण चिंतिए वि अचिंतिए वि अत्थे वट्टमाणणाणविसया त्ति घेत्तव्वा। ओहिणाणं व एदं पि पच्चक्खं, अणिंदियजत्तादो।' [धवल पु० १३ पृ० २१२]

अर्थ—परकीय मन को प्राप्त हुए अर्थ का नाम मन है और मन की (मनोगत अर्थ की) पर्यायो अर्थात् विशेषो का नाम मन पर्याय है। उन्हे जो जानता है वह मन पर्यय ज्ञान है। यह वचन देशामर्षक है, क्योकि इससे अचिन्तित और अर्धचिन्तित अर्थो का भी ज्ञान होता है। अथवा 'मन पर्यय' यह सज्ञा रूढिजन्य है, इसलिये चिन्तित और अचिन्तित दोनो प्रकार के अर्थ मे विद्यमान ज्ञान को विषय करने वाली यह सज्ञा है, ऐसा यहा ग्रहण करना चाहिये। अवधिज्ञान के समान यह ज्ञान भी प्रत्यक्ष है, क्योकि यह इन्द्रियो से नही उत्पन्न होता।

'ऋजुविपुलमती मनःपर्ययः ॥१।२३॥' [तत्त्वार्थसूत्र]

अर्थ—ऋजुमति और विपुलमति के भेद से मन पर्यय ज्ञान दो प्रकार का है।

ऋजुमति मन पर्यय ज्ञान ऋजुमनोगत अर्थ को विषय करता है, ऋजुवचनगत अर्थ को विषय करता है और ऋजुकायगत अर्थ को विषय करता है [धवल पु०१३ पृ० ३२६ सूत्र ६२]। विपुलमति मन पर्यय ज्ञान ऋजुमनोगत अर्थ को जानता है, अनृजुमनोगत अर्थ को जानता है, ऋजुवचनगत अर्थ को जानता है, अनृजुवचनगत अर्थ को जानता है, ऋजुकायगत अर्थ को जानता है और अनृजुकायगत अर्थ को जानता है। [धवल पु०१३ सूत्र ७० पृ० ३४०]

ऋजुमति मन पर्यय ज्ञानी काल की अपेक्षा जघन्य से दो तीन भव और उत्कर्ष से सात और आठ भवो को जानता है, क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य से आठ कोश भीतर की बात और उत्कर्ष से आठ योजन के भीतर की बात जानता है, बाहर की नही जानता। [धवल पु० १३ पृ० ३३८—३३९]

विपुलमति मन पर्यय ज्ञान काल की अपेक्षा जघन्य से सात आठ भवो और उत्कर्ष से असख्यात भवो को जानता है, क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य से आठ

योजन और उत्कर्ष से मानुषोत्तरशैल अर्थात् ४५ लाख योजन के भीतर की बात को जानता है। [धवल पु० १३ पृ० ३४२-३४३]

केवलं सकलप्रत्यक्षं ॥३७॥

सूत्रार्थ—केवलज्ञान सकल प्रत्यक्ष है।

विशेषार्थ—चार घाति कर्मों का क्षय होने से केवलज्ञान उत्पन्न होता है। कहा भी है—

'मोहक्षयाज्ज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलम् ॥१०।१॥'

[तत्त्वार्थसूत्र]

अर्थ—मोहनीय कर्म के क्षय होने से, पुन ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय इन तीनो घाति कर्मों का युगपत् क्षय होने से केवलज्ञान उत्पन्न होता है।

उस केवलज्ञान का विषय मूर्त-अमूर्त आदि सर्वद्रव्य और उनकी भूत, भविष्यत् और वर्तमान तीनो काल की सर्व पर्यायें है। कहा भी है—

'सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य ॥१।२९॥' [तत्त्वार्थसूत्र]

अर्थ—केवलज्ञान का विषय सर्वद्रव्य और सर्वपर्यायें हैं।

तक्कालिगेव सव्वे सदसब्भूदा हि पज्जया तासिं।
वट्टंते ते णाणे विसेसदो दव्वजादीणं ॥३७॥ [प्रवचनसार]

अर्थ—उन जीवादि समस्त द्रव्यो की सर्व विद्यमान पर्यायो को और अविद्यमान पर्यायो को तात्कालिक अर्थात् वर्तमान पर्याय की तरह विशेषता सहित ज्ञान अर्थात् केवलज्ञान जानता हैं।

इसकी टीका मे श्री अमृतचन्द्र आचार्य ने इसका दृष्टान्त देते हुए कहा है—

'दृश्यते हि छद्मस्थस्यापि वर्तमानमिव व्यतीतमनागतं वा वस्तु चिन्तयतः संविदालम्बितस्तदाकारः।'

अर्थ—जगत मे देखा जाता है कि छद्मस्थो का ज्ञान भी जैसे वर्तमान वस्तु का चिंतवन करते हुए उसके आकार का अवलम्बन करता है उसी प्रकार

भूत और भविष्यत् वस्तु का चिंतवन करते हुए उसके आकार का अवलम्बन करता है।

श्री अनन्तवीर्य आचार्य ने भी प्रमेयरत्नमाला अध्याय २ सूत्र १२ की टीका मे कहा है—

'कथमतीन्द्रियज्ञानस्य वैशद्यमिति चेत् ? यथा सत्यस्वप्नज्ञानस्य भावनाज्ञानस्य चेति। दृश्यते हि भावनाबलादेतद्‌देश वस्तुनोऽपि विशद्‌दर्शनमिति।'

अर्थ—अतीन्द्रिय ज्ञान के विशदता कैसे सम्भव है ? जैसे कि सत्य स्वप्न ज्ञान के और भावना (मानसिक) ज्ञान के विशदता सम्भव है। भावना के बल से दूरदेशवर्ती दूरकालवर्ती (अतीत, अनागत) वस्तु का भी विशद दर्शन पाया जाता है।

अर्थात् जिस प्रकार छद्मस्थ भी भावना या चिंतवन के बल से अतीत अनागत पर्यायो को स्पष्ट जान लेता है उसी प्रकार केवली भी केवलज्ञान के बल से अतीत अनागत पर्यायो को स्पष्ट जानते हैं। किन्तु अतीत और अनागत पर्यायें ज्ञान का विषय हो जाने मात्र से विद्यमान या सद्‌भाव रूप नही हो जाती, क्योकि छद्मस्थज्ञान भी और केवलज्ञान भी अविद्यमान (अतीत, अनागत) पर्यायो को अविद्यमान (अभाव) रूप से जानता है, इसका कारण यह है कि द्रव्य मे मात्र वर्तमान पर्याय का सद्‌भाव रहता है और शेष पर्यायो का अभाव अर्थात् प्रागभाव या प्रध्वंसाभाव रहता है। सर्वथा अभाव नही है, क्योकि वे शक्तिरूप से रहती हैं।

श्री वीरसेन आचार्य ने जयधवल मे केवलज्ञान की निम्न प्रकार विशद व्याख्या की है—

'केवलमसहायं इन्द्रियालोकमनस्कारनिरपेक्षत्वात्। आत्मसहायमिति न तत्केवलमिति चेत् ? न, ज्ञानव्यतिरिक्तात्मनोऽसत्त्वात्। अर्थसहायत्वान्न केवलमिति चेत् ? न, विनष्टानुत्पन्नातीतानागतार्थेष्वपि तत् प्रवृत्त्युपलम्भात्। असति प्रवृत्तौ खरविषाणेऽपि प्रवृत्तिरस्त्विति चेत् ? न, तस्य भूतभविष्यच्छक्तिरूपतयाऽप्यसत्त्वात्। वर्तमानपर्या-

याणामेव किमित्यर्थत्वमिष्यत इति चेत्? न, 'अर्यते परिच्छिद्यते' इति न्यायतस्तत्रार्थत्वोपलम्भात्। तदनागतातीतपर्यायेष्वपि समानमिति चेत्? न, तद्ग्रहणस्य वर्तमानार्थग्रहणपूर्वकत्वात्। आत्मार्थव्यतिरिक्तसहायनिरपेक्षत्वाद्वा केवलमसहायम्। केवलं च तज्ज्ञानं च केवलज्ञानम्।' [जयधवल पु० १ पृष्ठ २१-२३]

अर्थ—असहाय ज्ञान को केवलज्ञान कहते है, क्योकि वह इन्द्रिय, प्रकाश और मनस्कार की अपेक्षा से रहित है।

शका—केवलज्ञान आत्मा की सहायता से होता है इसलिये उसे केवल अर्थात् असहाय नही कह सकते?

समाधान—नही, क्योकि ज्ञान से भिन्न आत्मा का सत्त्व नही है, इसलिये केवलज्ञान असहाय है।

शका—केवलज्ञान अर्थ की सहायता लेकर प्रवृत्त होता है इसलिये केवल अर्थात् असहाय नही है?

समाधान—नही, नष्ट हुए अतीत पदार्थो मे और अनुत्पन्न अनागत पदार्थो मे केवलज्ञान की प्रवृत्ति पाई जाती है, इसलिये केवलज्ञान अर्थ की सहायता से नही होता।

शका—यदि विनष्ट और अनुत्पन्नरूप असत् पदार्थो मे केवलज्ञान की प्रवृत्ति होती है तो खरविषाण मे भी उसकी प्रवृत्ति होनी चाहिये?

समाधान—नही, क्योकि खरविषाण का जिस प्रकार वर्तमान मे सत्त्व नही पाया जाता है, उसी प्रकार उसका भूतशक्ति और भविष्यत्शक्तिरूप से भी सत्त्व नही पाया जाता, अत उसमे केवलज्ञान की प्रवृत्ति नही होती है।

शका—वर्तमान पर्यायो को ही अर्थ क्यो स्वीकार किया जाता है? अर्थात् अतीत और अनागत पर्यायो को अर्थ क्यो नही माना जाता?

समाधान—नही, क्योकि 'जो जाना जाता है उसको अर्थ कहते हैं' इस व्युत्पत्ति के अनुसार वर्तमान पर्यायो मे अर्थपना पाया जाता है।

शंका—वर्तमान पर्याय के समान अतीत और अनागत पर्यायों में भी यह व्युत्पत्ति-अर्थ पाया जाता है अर्थात् जिस प्रकार वर्तमान पर्यायें जानी जाती हैं उसी प्रकार अतीत और अनागत पर्यायें भी जानी जाती हैं, अतः अतीत और अनागत पर्यायों को भी अर्थ कहना चाहिये ?

समाधान—नहीं, क्योंकि अतीत और अनागत पर्यायों का ग्रहण (ज्ञान) वर्तमान अर्थ के ग्रहण पूर्वक होता है इसलिये अतीत, अनागत पर्यायों को 'अर्थ' संज्ञा स्वीकार नहीं की गई।

केवलज्ञान आत्मा और अर्थ से अतिरिक्त इन्द्रियादि की सहायता की अपेक्षा से रहित है, इसलिये भी वह केवल अर्थात् असहाय है। केवल अर्थात् असहाय जो ज्ञान है उसको केवलज्ञान समझना चाहिये।

[जयधवल पु० १ पृ० २१-२४]

जिस प्रकार से वर्तमान पर्याय की 'अर्थ' संज्ञा है यदि उसी प्रकार अतीत और अनागत पदार्थों की भी 'अर्थ' संज्ञा होती तो ज्ञेयों के परिणमन के कारण केवलज्ञान में परिणमन सम्भव नहीं हो सकता था। ज्ञेयों के परिणमन अनुसार केवलज्ञान में भी परिणमन होता है यह बात असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि निम्न आर्षवाक्यों से यह सिद्ध है—

'ज्ञेयपदार्थाः प्रतिक्षणं भङ्गत्रयेण परिणमन्ति तथा ज्ञानमपि परिच्छित्त्यपेक्षया भङ्गत्रयेण परिणमति।' [प्रवचनसार गाथा १८ टीका]

अर्थ—जिस प्रकार ज्ञेय पदार्थों में प्रतिक्षण उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य होता रहता है उसी के अनुसार केवलज्ञान में भी जानने की अपेक्षा उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य होता रहता है।

'येन येनोत्पादव्ययध्रौव्यरूपेण प्रतिक्षणं ज्ञेयपदार्थाः परिणमन्ति तत्परिच्छित्त्याकारेणानीहितवृत्त्या सिद्धज्ञानमपि परिणमति तेन कारणेनोत्पादव्ययत्वम्।' [बृहद्द्रव्यसंग्रह गाथा १४ टीका]

अर्थ—ज्ञेय पदार्थ जिस जिस प्रकार उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य रूप से प्रतिक्षण परिणमन करते हैं, उसी उसी प्रकार से सिद्धों का केवलज्ञान भी उन उन ज्ञेय-

पदार्थों के जानने रूप आकार से विना इच्छा परिणमन करता है।

'ण च णाणविसेसद्दुवारेण उप्पज्जमाणस्स केवलणाणंसस्स केवलणाणत्तं फिट्टदि; पमेयवसेण परियत्तमाणसिद्धजीवणाणंसाणं पि केवलणाणत्ताभावप्पसंगादो।' [जयधवल पु० १ पृ० ५०-५१]

अर्थ—यदि कहा जाय कि केवलज्ञान का अश ज्ञानविशेष रूप से उत्पन्न होता है, इसलिये उसका केवलज्ञानत्व ही नष्ट हो जाता है, सो भी कहना ठीक नही है, क्योकि ऐसा मानने पर प्रमेय के निमित्त से परिवर्तन करने वाले सिद्धजीवो के ज्ञानाशो को भी केवलज्ञान के अभाव का प्रसग प्राप्त होता है। अर्थात् यदि केवलज्ञान के अश मतिज्ञानादि ज्ञानविशेष रूप से उत्पन्न होते हैं, इसलिये उनमे केवलज्ञान नही माना जा सकता है तो प्रमेयो के निमित्त से सिद्धजीवो के ज्ञान मे परिवर्तन होता है, अत सिद्धो का ज्ञान भी केवलज्ञान नही बनेगा।

'प्रतिक्षणं विवर्तमानानर्थानपरिणामि केवलं कथं परिछिनत्तीति चेन्न, ज्ञेयसमविपरिवर्तिनः केवलस्य तदविरोधात्।'

[धवल पु० १ पृ० १९८]

अर्थ—अपरिवर्तनशील केवलज्ञान प्रत्येक क्षण मे परिवर्तनशील पदार्थों को कैसे जानता है? ऐसी शका ठीक नही है, क्योकि ज्ञेय पदार्थों को जानने के लिये तदनुकूल परिवर्तन करने वाले केवलज्ञान के ऐसे परिवर्तन मान लेने मे कोई विरोध नही आता है।

इस प्रकार जो पर्यायें प्रतिक्षण उत्पन्न होती हैं उनको केवलज्ञान सद्भाव रूप से जानता है। और जो उत्पन्न होकर विनष्ट हो चुकी है या उत्पन्न नही हुई हैं उनको अभाव रूप से जानता है अन्यथा ज्ञेयो के परिणमन के अनुकूल केवलज्ञान मे परिणमन नही बन सकता।

मतिश्रुते परोक्षे ॥३८॥

अर्थ—मतिज्ञान और श्रुतज्ञान ये दो परोक्षज्ञान है।

विशेषार्थ—इन्द्रिय और मन की सहायता से मतिज्ञान की प्रवृत्ति होती

है। इसलिये मतिज्ञान परोक्ष है। कहा भी है—

'तदिन्द्रियानिन्द्रियनिमित्तम्।' [तत्त्वार्थसूत्र १/१४]

अर्थ—उस मतिज्ञान मे इन्द्रिया और मन निमित्त होते है अर्थात् वह मतिज्ञान इन्द्रिय और मन की अपेक्षा रखता है।

'श्रुतं मतिपूर्वं ···।' [तत्त्वार्थसूत्र १/२०]

अर्थ—मतिज्ञान पूर्वक श्रुतज्ञान होता है।

इस प्रकार आत्मा से पर जो इन्द्रिय और मन, उनकी सहायता की अपेक्षा रखने से मति और श्रुत ये दोनो ज्ञान परोक्ष हैं।

'मतिश्रुतयोर्निबन्धो द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु।' [तत्त्वार्थसूत्र १/२६]

अर्थ—मतिज्ञान और श्रुतज्ञान का विषय सर्व द्रव्यो की असर्वपर्यायें है, अर्थात् द्रव्यो की त्रिकालवर्ती कुछ पर्यायो को मतिज्ञान और श्रुतज्ञान जानते हैं।

॥ इस प्रकार प्रमाण का स्वरूप कहा गया ॥

नयाधिकार

तदवयवा नयाः ॥३९॥

सूत्रार्थ—प्रमाण के अवयव नय हैं।

विशेषार्थ—आगे सूत्र १८१ मे 'प्रमाणेन वस्तुसगृहीतार्थैकाशो नय।' इन शब्दो द्वारा यह कहा गया है कि जो प्रमाण के द्वारा ग्रहण की हुई वस्तु के एक अश को ग्रहण करे वह नय है। इसी बात को श्री वीरसेन आचार्य ने धवल पु० १ पृ० ८३ पर कहा है—

'प्रमाणपरिगृहीतार्थैकदेशे वस्त्वध्यवसायो नयः।'

अर्थ—प्रमाण के द्वारा ग्रहण की गई वस्तु के एक अश मे वस्तु का निश्चय करने वाला ज्ञान नय है।

नय के इस लक्षण से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रमाण के अवयव नय है। सूत्र १८१ मे नय का लक्षण विभिन्न प्रकार से कहा गया है।

नयभेदा उच्यन्ते ॥४०॥

सूत्रार्थ—नय के भेदो को कहते है ।

णिच्छयववहारणाया मूलमभेया णयाण सव्वाणं ।
णिच्छयसाहणहेऊ[1] दव्वयपज्जत्थिया[2] मुणह ॥४॥

गाथा अर्थ—सम्पूर्ण नयो के निश्चयनय और व्यवहारनय ये दो मूल-भेद हैं। निश्चय का हेतु द्रव्यार्थिक नय है और साधन का हेतु अर्थात् व्यवहार का हेतु पर्यायार्थिक नय हैं।

विशेषार्थ—निश्चय नय द्रव्य मे स्थित है और व्यवहारनय पर्याय मे स्थित है। श्री अमृतचन्द्र आचार्य ने भी समयसार गाथा ५६ की टीका मे 'व्यवहारनयः किल पर्यायाश्रितत्वात्' 'निश्चयनयस्तु द्रव्याश्रितत्वात्' इन शब्दो द्वारा यह बतलाया है कि व्यवहारनय पर्याय के आश्रय है और निश्चयनय द्रव्य के आश्रय है। अर्थात् निश्चयनय का विषय द्रव्य है और व्यवहारनय का विषय पर्याय है।

ववहारो य वियप्पो भेदो तह पज्जओ त्ति एयट्ठो ॥५७२॥
[गो० जी०]

'व्यवहारेण विकल्पेन भेदेन पर्यायेण ।' [समयसार गा० १२ टीका]

अर्थात्—व्यवहार, विकल्प, भेद और पर्याय ये सब एकार्थवाची शब्द हैं।

क्योकि निश्चयनय का विषय द्रव्य है और व्यवहारनय का विषय पर्याय है, इसलिये यह कहा गया है कि निश्चय का हेतु द्रव्यार्थिक नय है और व्यवहार का हेतु पर्यायार्थिक नय है।

आगे सूत्र २०४ मे बतलाया है कि अभेद और अनुपचार रूप से जो वस्तु का निश्चय करे वह निश्चयनय है। सूत्र २०५ मे बतलाया है कि भेद और उपचार से जो वस्तु का व्यवहार करे सो व्यवहार नय है।

✓इस प्रकार नय के मूलभेद दो है (१) निश्चयनय (२) व्यवहारनय अथवा

---

१. 'णिच्छयसाहणहेओ' इति पाठातरम्। २. 'पज्जयदव्वत्थिय' इति पाठातरम् [नयचक्र]।

(१) द्रव्यार्थिक नय (२) पर्यायार्थिक नय। इन दोनो नयो के आश्रय से ही भगवान् का उपदेश हुआ है। कहा भी है—

'द्वौ हि नयौ भगवता प्रणीतौ द्रव्यार्थिक. पर्यायार्थिकश्च। तत्र न खल्वेकनयायत्ता देशना किंतु तदुभयायत्ता।'

[पचास्तिकाय गाथा ४ टीका]

अर्थ—भगवान ने दो नय कहे हैं—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक। वहा कथन एक नय के अधीन नही होता, किन्तु दोनो नयो के अधीन होता है।

द्रव्यार्थिकः, पर्यायार्थिकः. नैगमः, संग्रहः, व्यवहारः, ऋजुसूत्रः, शब्दः, समभिरूढः, एवंभूत इति नव नयाः स्मृताः ॥४१॥

सूत्रार्थ—द्रव्यार्थिक नय, पर्यायार्थिक नय, नैगम नय, सग्रह नय, व्यवहार नय, ऋजुसूत्र नय, शब्द नय, समभिरूढ नय, एवंभूत नय ये नव नय माने गये हैं ॥४६॥

विशेषार्थ—इन नयो का स्वरूप इस प्रकार है—

द्रव्यार्थिक नय—द्रव्य जिसका प्रयोजन है वह द्रव्यार्थिक नय है। [सर्वार्थसिद्धि १/६]। द्रव्य का अर्थ सामान्य, उत्सर्ग और अनुवृत्ति है, इस को विषय करने वाला नय द्रव्यार्थिक नय है [सर्वार्थसिद्धि १/३३]। जो उन उन पर्यायो को प्राप्त होता है, प्राप्त होगा अथवा प्राप्त हुआ था वह द्रव्य है। द्रव्य ही जिसका प्रयोजन है, वह द्रव्यार्थिक नय है [धवल पु. १ पृ ८३]।

आगे सूत्र १८४ मे भी द्रव्यार्थिक नय का लक्षण इसी प्रकार कहा है।

पर्यायार्थिक नय—'**पर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येति पर्यायार्थिकः** ॥१६१॥' [आलापपद्धति] [सर्वार्थसिद्धि १/६]। अर्थात्—पर्याय ही जिस नय का प्रयोजन है, वह पर्यायार्थिक नय है। पर्याय का अर्थ विशेष, अपवाद और व्यावृत है, इसको विषय करने वाला पर्यायार्थिक नय है [सर्वार्थसिद्धि १/३३]। अथवा 'परि' जो कालकृत भेद को प्राप्त होता है उसे

पर्याय कहते हैं। वह पर्याय जिस नय का प्रयोजन है वह पर्यायार्थिक नय है।
[धवल पु० १ पृ० ८४]

तित्थयर-वयण संगह-विसेस-पत्थार-मूल-वायरणी।
दव्वट्ठिओ य पज्जय-णयो य सेसा वियप्पा सिं॥
[धवल पु० १ पृ० १२]

अर्थ—तीर्थंकरो के वचनो के सामान्य प्रस्तार का मूल व्याख्यान करने वाला द्रव्यार्थिक नय है और उन्ही वचनो के विशेष प्रस्तार का मूल व्याख्याता पर्यायार्थिक नय है। शेष सभी नय इन दोनो नयो के विकल्प अर्थात् भेद हैं।

'द्रव्यार्थिक नयः स त्रिविधो नैगम-संग्रह-व्यवहारभेदेन।' 'पर्यायार्थिको नयश्चतुर्विधः ऋजुसूत्र-शब्द-समभिरूढैवंभूतभेदेन।'
[धवल पु० ९ पृ० १७० व १७१]

अर्थ—द्रव्यार्थिक नय है, वह नैगम, सग्रह और व्यवहार के भेद से तीन प्रकार है। पर्यायार्थिक नय ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवभूत के भेद से चार प्रकार का है।

ऋजुसूत्र नय अर्थनय है और शब्द, समभिरूढ, एवभूत ये तीन, व्यञ्जन नय हैं, क्योकि इनमे शब्द की मुख्यता है। कहा भी है—

'पर्यायार्थिको द्विविधः, अर्थनयो व्यञ्जननयश्चेति।'
[धवल पु० १ पृ० ८५]

नैगमनय —'नैक गच्छतीति निगम, निगमो विकल्प.' जो एक को ही प्राप्त नही होता अर्थात् अनेक को प्राप्त होता है, वह निगम है। निगम का अर्थ विकल्प है। जो विकल्प को ग्रहण करे, वह नैगम नय है।[1] अनिष्पन्न अर्थ मे सकल्पमात्र को ग्रहण करने वाला नय नैगम है। यथा हाथ मे फरसा लेकर जाते हुए किसी पुरुष को देखकर कोई अन्य पुरुष पूछता है—आप किस काम के लिये जा रहे हैं? वह कहता है—प्रस्थ लेने के लिये जा रहा हूँ। यद्यपि उस समय वह प्रस्थ पर्याय सन्निहित नही है, तथापि प्रस्थ बनाने के सकल्प

१ आलापपद्धति सूत्र १९६।

मात्र से उसमे प्रस्थ व्यवहार किया गया है। तथा ईंधन और जल आदि के लाने मे लगे हुए किसी पुरुप से कोई पूछता है कि आप क्या कर रहे हैं? उसने कहा—भात पका रहा हूँ। उस समय भात पर्याय सन्निहित नही है, केवल भात के लिये किये गये व्यापार मे भात का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार का जितना व्यवहार अनिष्पन्न अर्थ के अवलम्वन से सकल्प मात्र को विषय करता है वह सव नैगम नय का विपय है।　　[सर्वार्थसिद्धि १/३३]

सग्रह नय:—जो नय अभेद रूप से सम्पूर्ण वस्तु समूह को विपय करता है वह सग्रह नय है।[1]

भेद सहित सब पर्यायो को अपनी जाति के अविरोध द्वारा एक मानकर सामान्य से सब को ग्रहण करने वाला नय सग्रह नय है। यथा—सत्, द्रव्य और घट आदि। 'सत्' कहने पर सत् इस प्रकार के वचन और विज्ञान की अनुवृत्ति रूप लिंग से अनुमित सत्ता के आधारभूत सब पदार्थों का सामान्य रूप से सग्रह हो जाता है। 'द्रव्य' ऐसा कहने पर भी 'उन उन पर्यायो को द्रवता है, प्राप्त होता है' इस प्रकार इस व्युत्पत्ति से युक्त जीव, अजीव और उनके सब भेद प्रभेदो का सग्रह हो जाता है। तथा 'घट' ऐसा कहने पर घट, इस प्रकार की बुद्धि और घट, इस प्रकार के शब्द की अनुवृत्ति रूप लिंग से अनुमित सब घट पदार्थों का सग्रह हो जाता है। [सर्वार्थसिद्धि १/३३]

व्यवहारनय—सग्रह नय से ग्रहण किये हुए पदार्थ को भेद रूप से व्यवहार करता है, ग्रहण करता है, वह व्यवहार नय है।[2]

सग्रह नय के द्वारा ग्रहण किये गये पदार्थों का विधिपूर्वक अवहरण अर्थात् भेद करना व्यवहारनय है। सर्व सग्रह नय के द्वारा जो वस्तु ग्रहण की गई है, वह अपने उत्तर भेदो के बिना व्यवहार कराने मे असमर्थ है, इस लिये व्यवहारनय का आश्रय लिया जाता है। यथा—संग्रह नय का विषय जो द्रव्य है, वह जीव अजीव की अपेक्षा किये विना व्यवहार कराने मे असमर्थ है, इसलिये जीव द्रव्य है और अजीव द्रव्य है, इस प्रकार के व्यवहार का

---

१. आलापपद्धति सूत्र १९७। २. आलापपद्धति सूत्र १९८।

आश्रय लिया जाता है। जीव द्रव्य और अजीव द्रव्य भी जब तक संग्रहनय के विषय रहते हैं तब तक वे व्यवहार कराने मे असमर्थ हैं, इसलिये व्यवहार से जीव द्रव्य के देव नारकी आदि रूप और अजीव द्रव्य के घटादि रूप भेदों का आश्रय लिया जाता है। इस प्रकार इस नय की प्रवृत्ति वहां तक होती है जहां तक वस्तु मे फिर कोई विभाग करना सम्भव नही रहता। [सर्वार्थसिद्धि १/३३]। इस व्यवहार नय मे कालकृत भेद नहीं होता है।

ऋजुसूत्र नय—जो नय सरल को सूचित करता है अर्थात् ग्रहण करता है वह ऋजुसूत्र नय है।[१]

ऋजुसूत्र नय अतीत और अनागत तीनो कालो के विषयों को ग्रहण न करके वर्तमान काल के विषयभूत पदार्थों को ग्रहण करता है, क्योंकि अतीत के विनष्ट और अनागत के अनुत्पन्न होने से उनमे व्यवहार नही हो सकता। वह वर्तमान काल समय मात्र है और उसके विषयभूत पर्यायमात्र को विषय करने वाला ऋजुसूत्र नय है [सर्वार्थसिद्धि १/३३]।

ऋजुसूत्र नय का विषय पच्यमान पक्व है। जिसका अर्थ कथंचित् पच्यमान और कथंचित् उपरतपाक होता है। जितने अंश मे वह पक चुकी है उसकी अपेक्षा वह वस्तु पक्व अर्थात् कथंचित् उपरतपाक है और अन्तिम पाक की समाप्ति का अभाव होने की अपेक्षा अर्थात् पूरा पाक न हो सकने की अपेक्षा वही वस्तु पच्यमान भी है ऐसा सिद्ध होता है। इसी प्रकार क्रियमाण-कृत, भुज्यमान-भुक्त, बध्यमान-बद्ध और सिद्ध्यत्-सिद्ध आदि व्यवहार भी घटित हो जाता है। [जयधवल पु० १ पृ० २२३–२२४]

ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा जिस समय प्रस्थ से धान्य मापे जाते हैं, उसी समय वह प्रस्थ है। इस नय की दृष्टि मे 'कुंभकार' संज्ञा भी नहीं बन सकती, क्योंकि शिवक आदि पर्यायो को करने से उनके कर्ता को 'कुंभकार' यह संज्ञा नही दी जा सकती। ठहरे हुए किसी पुरुष से 'आप कहां से आ रहे हो' इस प्रकार प्रश्न होने पर 'कही से भी नही आ रहा हूँ' इस प्रकार यह ऋजु-सूत्र नय मानता है, क्योंकि जिस समय प्रश्न किया गया उस समय आगमन

१. आलापपद्धति सूत्र १९९।

रूप क्रिया नहीं पाई जाती ।　　　　　　[जयधवल पु० १ पृ० २२५]

तथा इस ऋजुसूत्र नय की दृष्टि में 'काक कृष्ण होता है' यह व्यवहार भी नहीं बन सकता है, क्योंकि जो कृष्ण है वह कृष्णात्मक ही है, काकरूप नहीं है। यदि कृष्ण को काकरूप माना जाय तो भ्रमर आदिक को भी काकरूप मानने की आपत्ति प्राप्त होती है। इसी प्रकार काक भी काकरूप ही है कृष्णरूप नहीं है, क्योंकि यदि काक को कृष्णरूप माना जाय तो काक के पीले पित्त सफेद हड्डी और लाल रुधिर आदि को भी कृष्णरूप मानने की आपत्ति प्राप्त होती है।　　　　[जयधवल पु० १ पृ० २२६]

इस ऋजुसूत्र नय की दृष्टि में विशेषण-विशेष्य भाव भी नहीं बनता है, क्योंकि भिन्न दो पदार्थों में तो विशेषण-विशेष्य भाव बन नहीं सकता, क्योंकि भिन्न दो पदार्थों में विशेषण-विशेष्य भाव मानने पर अव्यवस्था की आपत्ति प्राप्त होती है, अर्थात् जिन किन्हीं दो पदार्थों में भी विशेषण-विशेष्य भाव हो जायगा। उसी प्रकार अभिन्न दो पदार्थों में विशेषण-विशेष्य भाव नहीं बन सकता, क्योंकि अभिन्न दो पदार्थों का अर्थ एक पदार्थ ही होता है और एक पदार्थ में विशेषण-विशेष्य भाव के मानने में विरोध आता है।

[जयधवल पु० १ पृ० २२९]

इस ऋजुसूत्र नय की दृष्टि में संयोग अथवा समवाय सम्बन्ध नहीं बनता है। इसीलिये सजातीय और विजातीय दोनों प्रकार की उपाधियों से रहित केवल शुद्ध परमाणु ही है, अतः जो स्तंभादिरूप स्कन्धों का प्रत्यय होना है वह ऋजुसूत्र नय की दृष्टि में भ्रान्त है। तथा वह परमाणु निरवयव है, क्योंकि परमाणु के ऊर्ध्वभाग, अधोभाग और मध्यभाग आदि अवयवों के मानने पर अनवस्था दोष की आपत्ति प्राप्त होती है और परमाणु को अपरमाणुपने का प्रसंग प्राप्त होता है।　　　　[जयधवल पु० १ पृ० २३०]

इस ऋजुसूत्र नय की दृष्टि में बन्ध्य-बन्धक भाव, वध्य-घातक भाव, दाह्य-दाहकभाव और संसारादि कुछ भी नहीं बन सकते।

[जयधवल पु० १ पृ० २२८]

इस ऋजुसूत्र नय की दृष्टि में ग्राह्य-ग्राहकभाव भी नहीं बनता है। ज्ञान

से असबद्ध अर्थ का तो ग्रहण होता नही है, क्योकि ऐसा मानने पर अव्यवस्था दोष की आपत्ति प्राप्त होती है। अर्थात् असम्बद्ध अर्थ का ग्रहण मानने पर किसी भी ज्ञान से किसी भी पदार्थ का ग्रहण हो जायगा। तथा ज्ञान से सम्बद्ध अर्थ का भी ग्रहण नही होता है, क्योकि वह ग्रहण काल मे रहता नही है। यदि कहा जाय कि अतीत होने पर भी उसका ज्ञान के साथ कार्य-कारणभाव सम्बन्ध पाया जाता है, अत उसका ग्रहण हो जायगा; सो भी ठीक नही है, क्योकि ऐसा मानने पर चक्षुइन्द्रिय से व्यभिचार दोष आता है। अर्थात् पदार्थ की तरह चक्षुइन्द्रिय से भी ज्ञान का कार्यकारण सम्बन्ध पाया जाता है, फिर भी ज्ञान चक्षु को नही जानता है।

[जयधवल पु० १ पृ० २३०—२३१]

इस ऋजुसूत्र नय की दृष्टि मे वाच्य-वाचक भाव भी नही होता है। इस प्रकार इस नय की दृष्टि मे सकल व्यवहार का उच्छेद होता है।

[जयधवल पु० १ पृ० २३२]

शब्दनय—जो नय शब्द अर्थात् व्याकरण से, प्रकृति और प्रत्यय के द्वारा सिद्ध अर्थात् निष्पन्न शब्द को मुख्यकर विषय करता है वह शब्द नय है।[1]

'शपति' अर्थात् जो पदार्थ को बुलाता है अर्थात् पदार्थ को कहता है या उसका निश्चय कराता है वह शब्दनय है। यह शब्दनय लिंग, सख्या, काल, कारक, पुरुष और उपग्रह के व्यभिचार को दूर करता है। पुल्लिग के स्थान में स्त्रीलिंग का और स्त्रीलिंग के स्थान मे पुल्लिग का कथन करना आदि लिंग-व्यभिचार है। जैसे—'तारका स्वाति:' स्वाति नक्षत्र तारका है। यहा पर तारका शब्द स्त्रीलिंग और स्वाति शब्द पुल्लिग है, अत. स्त्रीलिंग शब्द के स्थान पर पुल्लिग शब्द का कथन करने से लिंग-व्यभिचार है अर्थात् तारका शब्द स्त्रीलिंग है उसके साथ मे पुल्लिग स्वाति शब्द का प्रयोग किया गया है जो व्याकरण अनुसार ठीक नही है। एकवचन आदि के स्थान पर द्विवचन आदि का कथन करना सख्या-व्यभिचार है। जैसे 'नक्षत्रं पुनर्वसू' पुनर्वसू

---

१. आलापपद्धति सूत्र २००।

नक्षत्र है। यहा पर नक्षत्र शब्द एकवचनान्त और पुनर्वसू शब्द द्विवचनान्त है, इसलिये एकवचन के साथ में द्विवचन का कथन करने से सख्या-व्यभिचार है। भूत आदि काल के स्थान मे भविष्यत् आदि काल का कथन करना काल-व्यभिचार है। जैसे—विश्वदृश्वास्य पुत्रो जनिता' जिसने समस्त विश्व को देख लिया है ऐसा इसको पुत्र होगा। यहा पर 'विश्वदृश्वा' शब्द भूत-कालीन है और 'जनिता' यह भविष्यत्कालीन है। अतः भविष्य अर्थ के विषय मे भूतकालीन प्रयोग करना काल-व्यभिचार है। एक कारक के स्थान पर दूसरे कारक के प्रयोग करने को साधन-व्यभिचार कहते हैं। उत्तमपुरुष के स्थान पर मध्यमपुरुष और मध्यमपुरुष के स्थान पर उत्तमपुरुष आदि के प्रयोग करने को पुरुष-व्यभिचार कहते हैं।

इस प्रकार जितने भी लिङ्ग आदि व्यभिचार हैं वे सभी अयुक्त हैं, क्योंकि अन्य अर्थ का अन्य अर्थ के साथ सम्बन्ध नही हो सकता। इसलिये जैसा लिंग हो, जैसी संख्या हो और जैसा साधन हो उसी के अनुसार शब्दो का कथन करना उचित है। [जयधवल पु० १ पृ० २३५—२३७]

समभिरूढनयः—आगे सूत्र २०१ मे कहेगे 'परस्परेणाभिरूढाः समभिरूढाः। शब्दभेदेऽप्यर्थभेदो नास्ति, यथा शक्र इन्द्रः पुरंदर इत्यादयः समभिरूढाः।' परस्पर मे अभिरूढ शब्दो को ग्रहण करने वाला नय समभिरूढ नय कहलाता है। इस नय के विषय मे शब्द-भेद रहने पर भी अर्थ-भेद नही है, जैसे शक्र, इन्द्र और पुरदर ये तीनो ही शब्द देवराज के पर्यायवाची होने से देवराज मे अभिरूढ हैं। किन्तु शोलापुर से प्रकाशित नयचक्र पृ० १८ पर लिखा है—'शब्दभेदेप्यर्थभेदो भवत्येवेति' अर्थात् शब्द-भेद होने पर अर्थ-भेद होता ही है। जयधवल मे भी इस प्रकार कहा है—

शब्दभेद से जो नाना अर्थो मे अभिरूढ है अर्थात् जो शब्दभेद से अर्थभेद मानता है वह समभिरूढनय है। जैसे एक ही देवराज इन्दनक्रिया का कर्ता होने से अर्थात् आज्ञा और ऐश्वर्य आदि से युक्त होने के कारण इन्द्र कहलाता है और वही देवराज शकनात् अर्थात् सामर्थ्यवाला होने के कारण शक्र कह-

लाता है तथा वही देवराज पुर अर्थात् नगरो को दारण अर्थात् विभाग करने वाला होने के कारण पुरन्दर कहलाता है। ये तीनो शब्द भिन्न भिन्न अर्थ से सम्बन्ध रखते हैं, इसलिये एक अर्थ के वाचक नही हैं। आशय यह है कि अर्थभेद के बिना पदो मे भेद बन नही सकता है, इसलिये पदभेद से अर्थभेद होना ही चाहिये, इस अभिप्राय को स्वीकार करने वाला समभिरूढ नय है।

[जयधवल पु० १ पृ० २३९]

इस समभिरूढ नय मे पर्यायवाची शब्द नही पाये जाते है, क्योकि यह नय प्रत्येक पद का भिन्न अर्थ स्वीकार करता है। इस नय की दृष्टि मे दो शब्द एक अर्थ मे रहते हैं ऐसा मानना भी ठीक नही है, क्योकि भिन्न दो शब्दों का एक अर्थ मे सद्भाव मानने मे विरोध आता है। यदि कहा जाय कि उन दोनों शब्दो मे समान शक्ति पाई जाती है, इसलिये वे एक अर्थ मे रहते है, सो ऐसा कहना भी ठीक नही है, क्योकि यदि दो शब्दो मे सर्वथा समान शक्ति मानी जाय तो फिर वे दो नही रहेंगे, एक हो जायेंगे। इसलिये जब वाचक शब्दो मे भेद पाया जाता है तो उनके वाच्यभूत अर्थ मे भेद होना ही चाहिये। [जयधवल पु० १ पृ० २४०]

श्री पूज्यपाद आचार्य ने सर्वार्थसिद्धि मे इस प्रकार कहा है—

नाना अर्थों का समभिरोहण करने वाला समभिरूढ नय है। क्योंकि जो नाना अर्थों को 'सम' अर्थात् छोड़कर प्रधानता से एक अर्थ में रूढ होता है वह समभिरूढ नय है। जैसे 'गो' इस शब्द के वचन आदि अनेक अर्थ पाये जाते हैं, तथापि वह 'पशु' अर्थ मे रूढ है। अथवा अर्थ का ज्ञान कराने के लिये शब्दो का प्रयोग किया जाता है। एक अर्थ का ज्ञान एक शब्द के द्वारा हो जाता है, अतः इस नय की दृष्टि मे पर्यायवाची शब्दो का प्रयोग निरर्थक है। यदि शब्दों मे भेद है तो अर्थभेद अवश्य है। इस प्रकार नाना अर्थो का समभिरोहण करने वाला समभिरूढ नय है। जैसे इन्द्र, शक्र और पुरन्दर ये तीन शब्द होने से इनके अर्थ भी तीन हैं। इन्द्र का अर्थ ऐश्वर्यवान् है, शक्र का अर्थ सामर्थ्यवान् है, पुरन्दर का अर्थ नगर का विभाग करने वाला है।

[सर्वार्थसिद्धि १/३३]

एवभूत नय—जिस नय मे वर्तमान क्रिया की प्रधानता होती है वह एवभूत नय है।[१]

जिस शब्द का जिस क्रियारूप अर्थ है तद्रूप क्रिया से परिणत समय मे ही उस शब्द का प्रयोग करना युक्त है, अन्य समय मे नही, ऐसा जिस नय का अभिप्राय है वह एवभूत नय है। इस नय मे पदो का समास नही होता है, क्योकि जो स्वरूप और काल की अपेक्षा भिन्न है उनको एक मानने मे विरोध आता है। यदि कहा जाय कि पदो मे एककालवृत्ति रूप समास पाया जाता है सो ऐसा कहना भी ठीक नही है, क्योकि पद क्रम से ही उत्पन्न होते हैं और वे जिस क्षण मे उत्पन्न होते हैं, उसी क्षण मे विनष्ट हो जाते हैं, इसलिये अनेक पदो का एक काल मे रहना नही बन सकता। तथा इस नय मे जिस प्रकार पदो का समास नही बन सकता है, उसी प्रकार घ, ट आदि वर्णों का भी समास नही बन सकता, क्योकि अनेक पदो के समास मानने मे जो दोष कह आये है, वे सब दोष अनेक वर्णों के समास मानने मे भी प्राप्त होते है। इसलिये एवभूत नय की दृष्टि मे एक ही वर्ण एक अर्थ का वाचक है। [जयधवल पु० १ पृ० २४२]

उपनयाश्च कथ्यन्ते ॥४२॥

सूत्रार्थ—अब उपनयो का कथन करते है।

उपनय के लक्षण कथन करने के लिये सूत्र कहते है।

नयानां समीपा उपनयाः ॥४३॥

सूत्रार्थ—जो नयो के समीप में रहे वे उपनय हैं।

विशेषार्थ—'आत्मन उपसमीपे प्रमाणादीनां वा तेषामुपसमीपे नयतीत्युपनय.।' [सस्कृत नय चक्र पृ० ४५] अर्थात् जो आत्मा के या उन प्रमाणादिको के अत्यन्त निकट पहुँचाता है वह उपनय है।

यह उपनय भी वस्तु के यथार्थ धर्म का कथन करता है, अयथार्थ धर्म का कथन नही करता, इसलिये इसके द्वारा भी वस्तु का यथार्थ बोध होता है।

१. आलापपद्धति सूत्र २०२।

उपनय के भेदो का कथन करने के लिये आगे का सूत्र कहा जाता है—

सद्भूतव्यवहारः असद्भूतव्यवहारः उपचरितासद्भूत-व्यवहारश्चेत्युपनयास्त्रेधा ॥४४॥

अर्थ—सद्भूत-व्यवहार, असद्भूतव्यवहार और उपचरित-असद्भूत-व्यवहार ऐसे उपनय के तीन भेद होते है।

विशेषार्थ—'भेदोपचारतया वस्तु व्यवह्रियत इति व्यवहारः।'[1] द्वन्द्व समास की अपेक्षा इस सूत्र का अर्थ होता है—भेद और उपचार के द्वारा जो वस्तु का व्यवहार होता है वह व्यवहार नय है। जो भेद के द्वारा वस्तु का व्यवहार करे वह सद्भूत-व्यवहार नय है और जो उपचार के द्वारा वस्तु का व्यवहार करे वह असद्भूत-व्यवहार नय है।

सज्ञा, सख्या, लक्षण, प्रयोजन की अपेक्षा गुण और गुणी मे भेद करने वाली नय सद्भूत-व्यवहार नय है।[2] इसी प्रकार पर्याय-पर्यायी में, स्वभाव-स्वभावी में, कारक-कारकी मे भी भेद करना सद्भूत व्यवहार नय है।[3] जैसे उष्ण स्वभाव और अग्नि स्वभावी मे भेद करना तथा मृतपिंड की शक्ति-विशेष कारक मे और मृतपिंड कारकी मे भेद करना। ये सब सद्भूतव्यवहार नय के दृष्टान्त है।

अन्यत्र प्रसिद्ध धर्म (स्वभाव) का अन्यत्र समारोप करने वाली असद्भूत-व्यवहार नय है।[4] जैसे पुद्गल आदि मे जो धर्म (स्वभाव) है उसका जीवादि मे समारोप करना। इसके नौ भेद हैं—१ द्रव्य मे द्रव्य का उपचार, २. पर्याय मे पर्याय का उपचार, ३ गुण मे गुण का उपचार, ४. द्रव्य मे गुण का उपचार, ५. द्रव्य में पर्याय का उपचार, ६ गुण मे द्रव्य का उपचार, ७ गुण मे पर्याय का उपचार, ८ पर्याय मे द्रव्य का उपचार, ९. पर्याय मे गुण का उपचार। यह नौ प्रकार का उपचार असद्भूत-व्यवहारनय का विषय है।[5] जैसे—१. पुद्गल मे जीव का उपचार अर्थात् पृथ्वी आदि पुद्गल मे

---

१ आलापपद्धति सूत्र २०५। २ आलापपद्धति सूत्र २०६। ३. आलापपद्धति सूत्र २०६। ४ आलापपद्धति सूत्र २०७। ५. आलापपद्धति सूत्र २१०

एकेन्द्रिय जीव का उपचार। २. दर्पणरूप पर्याय मे अन्य पर्यायरूप प्रतिबिंब का उपचार। किसी के प्रतिबिंब को देखकर जिसका वह प्रतिबिंब है उसको उस प्रतिबिंबरूप बतलाना। ३. मतिज्ञान मूर्त है—यहा विजाति ज्ञानगुण मे विजाति मूर्तगुण का आरोपण है। ४. जीव-अजीव ज्ञेय अर्थात् ज्ञान के विषयक है। यहा जीव-अजीव द्रव्य मे ज्ञानगुण का उपचार है। ५. परमाणु बहुप्रदेशी है अर्थात् परमाणु पुद्गल द्रव्य मे बहुप्रदेशी पर्याय का उपचार है। ६. श्वेत प्रसाद। यहा पर श्वेत गुण मे प्रसाद द्रव्य का आरोप किया गया है। ७. ज्ञानगुण के परिणमन मे ज्ञान-पर्याय का ग्रहण, गुण मे पर्याय का आरोपण है। ८. स्कध को पुद्गल द्रव्य कहना, पर्याय मे द्रव्य का उपचार है। ९ इसका शरीर रूपवान है। यहां पर शरीर रूप पर्याय मे 'रूपवान' गुण का उपचार किया गया है।[1]

मुख्य के अभाव मे प्रयोजनवश या निमित्तवश जो उपचार होता है वह उपचरित-असद्भूत-व्यवहारनय है।[2] जैसे मार्जार (बिलाव) को सिंह कहना। यहा पर मार्जार और सिंह मे सादृश्य सम्बन्ध के कारण मार्जार मे सिंह का उपचार किया गया है, क्योकि सम्बन्ध के बिना उपचार नही हो सकता। जैसे चूहे आदि मे सिंह का उपचार नही किया जा सकता। वह सम्बन्ध अनेक प्रकार का है। जैसे—अविनाभाव सम्बन्ध, संश्लेष सम्बन्ध, परिणाम-परिणामी सम्बन्ध, श्रद्धा-श्रद्धेय सम्बन्ध, ज्ञान-ज्ञेय सम्बन्ध, चारित्र-चर्या सम्बन्ध इत्यादि। ये सब उपचरित-असद्भूत-व्यवहारनय के विषय हैं।[3] 'तत्त्वार्थ का श्रद्धान सम्यग्दर्शन है' यह उपचरित-असद्भूत-व्यवहारनय का विषय है, क्योकि यहा पर श्रद्धा-श्रद्धेय सम्बन्ध पाया जाता है। 'सर्वज्ञ' यह भी उपचरित-असद्भूत-व्यवहारनय का विषय है, ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध पाया जाता है, सर्व जो ज्ञेय उनका ज्ञायक सर्वज्ञ होता है। इत्यादि

इदानीमेतेषां भेदा उच्यन्ते ॥४५॥

सूत्रार्थ—अब उनके (नयो और उपनयो के) भेदो को कहते हैं।

---

१. टिप्पण सूत्र २१०। २. आलापपद्धति सूत्र २१२। ३. आलापपद्धति सूत्र २१३।

द्रव्यार्थिकस्य दश भेदा: ॥४६॥

सूत्रार्थ—द्रव्यार्थिक नय के दश भेद है।

द्रव्यार्थिक नय के दश भेदो का कथन दश सूत्रो द्वारा किया जाता है। उनमे से प्रथम तीन सूत्रो मे शुद्ध द्रव्यार्थिक नय के तीन भेदो का कथन है—

१. कर्मोपाधिनिरपेक्ष: शुद्धद्रव्यार्थिक:, यथा संसारी-जीव: सिद्धसदृक्शुद्धात्मा ॥४७॥

सूत्रार्थ—शुद्ध द्रव्यार्थिक नय का विषय कर्मोपाधि की अपेक्षा रहित जीव द्रव्य है, जैसे—ससारी जीव सिद्ध समान शुद्धात्मा है।

विशेषार्थ—यद्यपि ससारी जीव कर्मोपाधि सहित है तथापि शुद्ध द्रव्यार्थिक नय उस जीव को कर्मोपाधि से रहित सिद्ध जीव समान शुद्ध बतलाता है। यदि जीव सिद्ध समान शुद्धात्मा हो तो वह ससारी नही हो सकता और ससारी जीव सिद्ध समान शुद्धात्मा नही हो सकता, क्योकि ससारी अवस्था जीव की अशुद्ध पर्याय है। सिद्ध अवस्था जीव की शुद्ध पर्याय है। एक समय मे जीव की एक ही अवस्था रह सकती है। कर्मोपाधि अर्थात् कर्म बध जीव की अशुद्धता का कारण है, क्योकि अन्य द्रव्य के बध बिना द्रव्य अशुद्ध नही हो सकता। कर्म-बध के कारण ही जीव ससारी हो रहा है। फिर भी कर्म-बध की अपेक्षा न करके उस ससारी जीव को (अशुद्धात्मा को) शुद्धात्मा बतलाना शुद्ध द्रव्यार्थिक नय का प्रथम भेद है। ससारी अवस्था की अपेक्षा से इस नय का विषय सत्य नही है तथापि शुद्ध द्रव्य की दृष्टि से इस नय का विषय सत्य है। प्राकृत नयचक्र मे कहा भी है—

कम्माण मज्झगयं जीव जो गहइ सिद्ध सकासं।
भण्णइ सो सुद्धणओ खलु कम्मोवाहिणिरवेक्खो ॥१८॥

अर्थात्—कर्मो के बीच मे पडे हुए जीव को सिद्ध समान ग्रहण करने वाली नय कर्मोपाधि-निरपेक्ष-शुद्ध नय है।

२. उत्पादव्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहक: शुद्धद्रव्यार्थिको यथा द्रव्यं नित्यम् ॥४८॥

सूत्रार्थ—उत्पाद-व्यय को गौण करके (अप्रधान करके) सत्ता (ध्रौव्य) को ग्रहण करने वाली शुद्ध द्रव्यार्थिक नय है। जैसे—द्रव्य नित्य है।

विशेषार्थ—द्रव्य का लक्षण उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य है।[1] तथा द्रव्य अनेकान्तात्मक अर्थात् नित्य-अनित्य-आत्मक है। किन्तु शुद्ध द्रव्यार्थिक नय उत्पाद-व्यय को अप्रधान करके मात्र ध्रौव्य को ग्रहण करके (नित्य-अनित्य-आत्मक) द्रव्य को नित्य बतलाती है। अनेकान्त दृष्टि मे इस शुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का विषय यथार्थ नही है तथापि एक धर्म को (अनित्य धर्म को) गौण करके नित्य धर्म को मुख्य करने से इस नय के विषय को सर्वथा अयथार्थ नही कहा जा सकता।

उप्पादवयं गौणं किच्चा जो गहइ केवला सत्ता।
भण्णइ सो सुद्धणओ इह सत्तागाहओ समए ॥१६॥ [नयचक्र]

अर्थात्—उत्पाद-व्यय को गौण करके मात्र ध्रुव को ग्रहण करने वाला नय आगम में सत्ताग्राहक शुद्ध नय है।

३. भेदकल्पनानिरपेक्षः शुद्धो द्रव्यार्थिको यथा निजगुण-पर्यायस्वभावाद् द्रव्यमभिन्नम् ॥४६॥

सूत्रार्थ—शुद्ध द्रव्यार्थिक नय भेदकल्पना की अपेक्षा से रहित है, जैसे—निज गुण से, निज पर्याय से और निज स्वभाव से द्रव्य अभिन्न है।

विशेषार्थ—यद्यपि सज्ञा, सख्या, लक्षण और प्रयोजन की अपेक्षा गुण और द्रव्य मे, पर्याय और द्रव्य मे तथा स्वभाव और द्रव्य मे भेद है किन्तु प्रदेश की अपेक्षा गुण-द्रव्य मे, पर्याय-द्रव्य मे, स्वभाव-द्रव्य मे भेद नही है अर्थात् अनेकान्त रूप से द्रव्य भेद-अभेद—आत्मक है।

शुद्ध द्रव्यार्थिक नय का विषय भेद नही है, मात्र अभेद है। भेद विवक्षा को गौण करके शुद्ध-द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा गुण-पर्याय-स्वभाव का द्रव्य से अभेद है, क्योंकि प्रदेश भेद नही है।

---

१. आलापपद्धति सूत्र ७।

गुणगुणियाइचउक्के अत्थे जो णो करेइ खलु भेयं ।
सुद्धो सो दव्वत्थो भेदवियप्पेण णिरवेक्खो ॥२०॥ [नयचक्र]

अर्थात्—गुण, गुणी आदि चार अर्थो (गुण, पर्याय, स्वभाव, द्रव्य) मे भेद नही करने वाले नय को भेद-विकल्प-निरपेक्ष शुद्ध-द्रव्यार्थिक नय कहा गया है ।

तीन सूत्रो में अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय के तीन भेदो का कथन—

४. कर्मोपाधिसापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथा क्रोधादि-कर्मजभाव आत्मा ॥५०॥

सूत्रार्थ—कर्मोपाधि की अपेक्षा सहित अशुद्ध जीव द्रव्य अशुद्ध-द्रव्यार्थिक-नय का विषय है, जैसे—कर्मजनित क्रोधादिभावरूप आत्मा है ।

विशेषार्थ—अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का विषय अशुद्ध द्रव्य है । ससारी जीव अनादि काल से पौद्गलिक कर्मो से वधा हुआ है इसलिये अशुद्ध है । ससारी जीव मे कर्मजनित औदयिक भाव निरन्तर होते रहते हैं । वे औदयिक भाव जीव के स्वतत्त्व है ।[1] क्रोधादि कर्मजनित औदयिकभावमयी आत्मा अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का विषय है ।

भावेसु राययादी सव्वे जीवंमि जो दु जपेदि ।
सोहु असुद्धो उत्तो कम्माणोवाहिसावेक्खो ॥२१॥ [नयचक्र]

अर्थात्—सव जीवो मे रागादि भावो को कहने वाला जो नय है वह कर्मोपाधि-सापेक्ष अशुद्ध नय है ।

५. उत्पादव्ययसापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथैकस्मिन् समये द्रव्यमुत्पादव्ययध्रौव्यात्मकम् ॥५१॥

सूत्रार्थ—उत्पाद-व्यय की अपेक्षा सहित द्रव्य अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का विषय है, जैसे—एक ही समय मे उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मक द्रव्य है ।

---

१. मोक्षशास्त्र २/१ ।

विशेषार्थ—शुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का विषय मात्र ध्रौव्य है।[१] क्योंकि उत्पाद-व्यय पर्यायार्थिक नय का विषय है। द्रव्य का लक्षण सत् है और सत् का लक्षण उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यमयी है।[२] इस प्रकार द्रव्य का लक्षण उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य रूप है, किन्तु उत्पाद-व्यय पर्यायार्थिक नय का विषय होने के कारण उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मक द्रव्य को—अशुद्ध द्रव्य को—अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय का विषय कहा है।

उप्पादवयविमिस्सा सत्ता गहिऊण भणइ तिदयत्तं।
दव्वस्स एयसमये जो हु असुद्धो हवे विदिओ ॥२२॥ [नयचक्र]

अर्थात्—उत्पाद-व्यय मिश्रित ध्रुव अर्थात् एक समय मे इन तीन मयी द्रव्य को ग्रहण करने वाला दूसरा अशुद्ध नय है।

६. भेदकल्पनासापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथात्मनो दर्शन-ज्ञानादयोगुणाः ॥५२॥

सूत्रार्थ—भेदकल्पना-सापेक्ष द्रव्य अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का विषय है, जैसे—आत्मा के ज्ञान-दर्शनादि गुण हैं।

विशेषार्थ—आत्मा एक अखण्ड द्रव्य है, उसमे ज्ञान-दर्शन आदि गुण नही हैं, ऐसा शुद्ध द्रव्यार्थिक नय का प्रयोजन है। कहा भी है—

'णवि णाण ण चरित्तं ण दंसणं जाणगो सुद्धो।'[३]

अर्थात्—आत्मा मे न ज्ञान है, न चारित्र है, न दर्शन है, वह तो ज्ञायक, शुद्ध है।

आत्मा मे ज्ञान, दर्शन आदि गुणो की कल्पना करना अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का विषय है। अर्थात् एक अखण्ड द्रव्य मे गुणो का भेद करना अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय का विषय है।

भेदे सदि सम्बंध गुणगुणियईण कुणइ जो दव्वे।
सो वि असुद्धो दिट्ठो सहिओ सो भेदकप्पेण ॥२३॥ [नयचक्र]

---

१. आलापपद्धति सूत्र ४८। २ आलापपद्धति सूत्र ६ व ७।
३. समयसार गाथा ७।

अर्थात्—गुण गुणी मे भेद होने पर भी जो नय द्रव्य मे गुण गुणी का सम्बन्ध करती है वह भेदकल्पना सहित अशुद्ध नय जाननी चाहिये।

७. अन्वयसापेक्षो द्रव्यार्थिको यथा गुणपर्यायस्वभावं द्रव्यम् ॥५३॥

सूत्रार्थ—सम्पूर्ण गुण पर्याय और स्वभावों मे द्रव्य को अन्वयरूप से ग्रहण करने वाली नय अन्वय सापेक्ष द्रव्यार्थिक नय है।

विशेषार्थ—प्राकृत नय चक्र मे इस नय का स्वरूप निम्न प्रकार कहा है—

णिस्सेससहावाणं अण्णयरूवेण दव्वदव्वेदि।
दव्वठवणो हि जो सो अण्णयदव्वत्थिओ भणिदो ॥२४॥

जो नय सम्पूर्ण स्वभावो को यह द्रव्य है, यह द्रव्य है, ऐसे अन्वय रूप से द्रव्य की स्थापना करता है वह अन्वय द्रव्यार्थिक नय है।

सस्कृत नयचक्र मे इस नय का स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—

नि.शेषगुणपर्यायान् प्रत्येक द्रव्यमब्रवीत्।
सोऽन्वयो निश्चयो हेम यथा सत्कटकादिषु ॥७॥[1]

यः पर्यायादिकान् द्रव्यं ब्रूते त्वन्वयरूपतः।
द्रव्यार्थिकः सोऽन्वयाख्यः प्रोच्यते नयवेदिभिः ॥४॥[2]

अर्थात्—जो सम्पूर्ण गुणो और पर्यायो मे से प्रत्येक को द्रव्य बतलाता है वह अन्वय द्रव्यार्थिक नय है। जैसे कडे आदि पर्यायो मे तथा पीतत्व आदि गुणो मे अन्वय रूप से रहने वाला स्वर्ण। अथवा मनुष्य, देव आदि नाना पर्यायो मे यह जीव है, यह जीव है, ऐसा अन्वय द्रव्यार्थिक नय का विषय है।

आगे सूत्र १८७ मे भी इस नय का स्वरूप इसी प्रकार कहा है।

८. स्वद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिको यथा स्वद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यमस्ति ॥५४॥

---

१. शोलापुर से प्रकाशित सस्कृत नयचक्र पृ० ५। २. शोलापुर से प्रकाशित संस्कृत नयचक्र पृ० ४१।

सूत्रार्थ—स्वद्रव्य स्वक्षेत्र स्वकाल स्वभाव की अपेक्षा द्रव्य को अस्ति रूप से ग्रहण करने वाला नय स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक नय है।

विशेषार्थ—कल्याण पावर प्रिंटिंग प्रेस शोलापुर से प्रकाशित संस्कृत नयचक्र पृ० ३ व ५ पर इस नय का स्वरूप निम्न प्रकार कहा गया है—

'परद्रव्यादिनां विवक्षामकृत्वा स्वद्रव्यस्वक्षेत्रस्वकालस्वभावापेक्षया द्रव्यस्यास्तित्वमस्तीति स्वद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिकनयः।'

अस्तित्वं वस्तुरूपस्य स्वद्रव्यादिचतुष्टयात्।
एवं यो वक्त्यभिप्रायं स्वादिग्राहकनिश्चयः ॥८॥

अर्थ—परद्रव्यादि की विवक्षा न कर, स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभाव की अपेक्षा से द्रव्य के अस्तित्व को अस्तिरूप से ग्रहण करने वाला नय स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक नय है। अथवा स्वद्रव्यादि चतुष्टय से वस्तु-स्वरूप का अस्तित्व बतलाना जिस नय का अभिप्राय है वह स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक नय है।

आगे सूत्र १८८ मे भी इस नय का कथन है।

९. परद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिको यथा परद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यं नास्ति ॥५५॥

सूत्रार्थ—परद्रव्य परक्षेत्र परकाल परस्वभाव की अपेक्षा द्रव्य नास्ति रूप है ऐसा परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक नय है।

विशेषार्थ—संस्कृत नयचक्र मे इस नय का स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—

'स्वद्रव्यादीनां विवक्षामकृत्वा परद्रव्यपरक्षेत्रपरकालपरभावापेक्षया द्रव्यस्य नास्तित्वकथकः परद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिकनयः।'
[पृ० ३

नास्तित्वं वस्तुरूपस्य परद्रव्याद्यपेक्षया।
वांछितार्थेषु यो वक्ति परद्रव्याद्यपेक्षकः ॥९॥ [पृ० ५

अर्थ—स्वद्रव्य आदि की विवक्षा न कर परद्रव्य परक्षेत्र परकाल परभाव की अपेक्षा से द्रव्य के नास्तित्व को कथन करने वाला नय परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक नय है। अथवा परद्रव्यादि चतुष्टय की अपेक्षा से जो नय विवक्षित पदार्थ मे वस्तु के नास्तित्व को बतलाता है वह परद्रव्यादि सापेक्ष द्रव्यार्थिक नय है। जैसे रजतद्रव्य रजतक्षेत्र रजतकाल रजतपर्याय अर्थात् रजतादि रूप से स्वर्ण नास्ति है।

आगे सूत्र १८९ मे भी इसका कथन है।

१०. परमभावग्राहकद्रव्यार्थिको यथा ज्ञानस्वरूप आत्मा, अत्रानेकस्वभावानां मध्ये ज्ञानाख्यः परमस्वभावो गृहीतः ॥५६

सूत्रार्थ—ज्ञानस्वरूप आत्मा ऐसा कहना परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय का विषय है, क्योकि इसमे जीव के अनेक स्वभावो मे से ज्ञाननामक परमभाव का ही ग्रहण किया गया है।

विशेषार्थ—सस्कृत नयचक्र मे इस नय का स्वरूप निम्न प्रकार कहा गया है—

'संसारमुक्तपर्यायाणामाधारं भूत्वाप्यात्मद्रव्यकर्मबंधमोक्षाणां कारणं न भवतीति परमभावग्राहकद्रव्यार्थिकनयः।' [पृ० ३]

कर्मभिर्जनितो नैव नोत्पन्नस्तत्क्षयेन च।
नयः परमभावस्य ग्राहको निश्चयो भवेत् ॥१०॥ [पृ० ५]

अर्थ—यद्यपि आत्मद्रव्य ससार और मुक्त पर्यायो का आधार है तथापि आत्मद्रव्य कर्मो के बध और मोक्ष का कारण नही होता है। यह परमभाव-ग्राहक द्रव्यार्थिक नय है। अथवा, आत्मा कर्म से उत्पन्न नही होता और न कर्मक्षय से उत्पन्न होता है—द्रव्य के ऐसे भाव को बतलाने वाला परमभाव-ग्राहक द्रव्यार्थिक नय है।

प्राकृत नयचक्र मे इस नय का स्वरूप इस प्रकार कहा है—

गिह्णइ दव्वसहावं असुद्धसुद्धोपचार परिचत्तं।
सो परमभावगाही णायव्वो सिद्धिकामेण ॥२६॥ [पृ० ६]

अर्थात्—शुद्ध और अशुद्ध के उपचार से रहित जो नय द्रव्य के स्वभाव को ग्रहण करता है वह परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय है।

आगे सूत्र १६० मे भी इस नय का कथन है।

अथ पर्यायार्थिकस्य षड् भेदाः ॥५७॥

सूत्रार्थ—अब पर्यायार्थिक नय के छ भेदो का कथन करते हैं—

१. अनादिनित्यपर्यायार्थिको यथा पुद्गलपर्यायो नित्यो मेर्वादिः ॥५८॥

सूत्रार्थ—अनादि-नित्य पर्यायार्थिक नय जैसे मेरु आदि पुद्गल की पर्याय नित्य है।

विशेषार्थ—मेरु, कुलाचल पर्वत, अकृत्रिम जिनबिंब-जिनालय आदि ये सब पुद्गल की पर्यायें अनादिकाल से है अनन्तकाल तक रहेगी, इनका कभी विनाश नही होगा अत ये अनादि-नित्य-पर्यायार्थिक नय के विषय हैं। क्योकि सभी पर्यायें विनाश को प्राप्त हो ऐसा एकान्त नही है। कहा भी है—

'होदु वियंजणपज्जाओ, ण च वियंजणपज्जायस्स सव्वस्स विणासेण होदव्वमिदि णियमो अत्थि, एयंतवादप्पसंगादो। ण च ण विणस्सदि त्ति दव्वं होदि, उप्पाय-ट्ठिदि-भंगसंगयस्स दव्वभाव-ब्भुवगमादो।' [धवल पु॰ ७ पृ॰ १७८]

अर्थ—'अभव्यत्व' जीव की व्यंजन पर्याय भले ही हो, किन्तु सभी व्यजन पर्याय का नाश अवश्य होना चाहिये, ऐसा कोई नियम नही है, क्योकि ऐसा मानने से एकान्तवाद का प्रसग आ जायगा। ऐसा भी नही है कि जो वस्तु विनष्ट नही होती वह द्रव्य ही होना चाहिये, क्योकि जिसमें उत्पाद-ध्रौव्य और व्यय पाये जाते हैं उसे द्रव्यरूप से स्वीकार किया गया है।

प्राकृत नयचक्र मे भी कहा है—

अक्कट्टिमा अणिहणा ससिसूराईण पज्जया गिहणइ।
जो सो अणाइणिच्चो जिणभणिओ पज्जयत्थिणओ ॥२७॥

अर्थ—जो नय चन्द्रमा, सूर्य आदि अकृत्रिम, अविनाशी पुद्गलपर्यायों को ग्रहण करता है वह अनादि-नित्य पर्यायार्थिक नय है ऐसा जिनेन्द्र भगवान ने कहा है।

संस्कृत नयचक्र में इस नय का लक्षण इस प्रकार कहा है—

पर्यायार्थी भवेन्नित्याऽनादिनित्यार्थगोचरः।
चन्द्रार्कमेरुभूशैल-लोकादेः प्रतिपादकः ॥१॥ [पृ० ९]

'भरतादिक्षेत्राणि हिमवदादिपर्वताः पद्मादिसरोवराणि सुदर्शनादिमेरुनगाः लवणकालोदकादिसमुद्राः एतानि मध्यस्थितानि कृत्वा परिणताऽसंख्यातद्वीपसमुद्राः श्वभ्रपटलानि भवनवासिवानव्यंतरविमानानि चन्द्रार्कमंडला ज्योतिर्विमानानि सौधर्मकल्पादिस्वर्गपटलानि यथायोग्यस्थाने परिणताऽकृत्रिमचैत्यचैत्यालयाः मोक्षशिलाश्च बृहद्वातवलयाश्च इत्येवमाद्यनेकाश्चर्यरूपेण परिणतपुद्गलपर्यायाद्यनेकद्रव्यपर्यायैः सह परिणतलोकमहास्कंधपर्यायाः त्रिकालस्थिताः संतोऽनाद्यनिधना इति अनादि-नित्य-पर्यायार्थिक नयः।' [पृ० ९]

अर्थ—भरत आदि क्षेत्र, हिमवत् आदि पर्वत, पद्मादि सरोवर, सुदर्शन आदि मेरु पर्वत, लवण, कालोदधि आदि समुद्रों को मध्य में स्थित करके असंख्यातद्वीप समुद्र स्थित हैं; नरक के पटल, भवनवासियों के विमान, व्यंतरों के विमान, चन्द्र, सूर्य आदि मंडल ज्योतिषियों के विमान और सौधर्मकल्पादि स्वर्गों के पटल; यथायोग्य स्थानों में परिणत अकृत्रिम चैत्य चैत्यालय, मोक्षशिला और बृहद्वातवलय आदि अनेक आश्चर्य से युक्त परिणत पुद्गलों की अनेक द्रव्यपर्याय सहित परिणत लोकमहास्कंध आदि पर्यायें त्रिकालस्थित हैं इसलिये अनादि-अनिधन हैं। इस प्रकार के विषय को ग्रहण करने वाला अनादिनित्यपर्यायार्थिक नय है।

२. सादिनित्यपर्यायार्थिको यथा सिद्धपर्यायो नित्यः ॥५९॥

सूत्रार्थ—सादि नित्यपर्यायार्थिक नय, जैसे—सिद्धपर्याय नित्य है।

विशेषार्थ—पर्यायार्थिक नय के प्रथम भेद का विषय अनादिनित्य पर्याय है और इस दूसरे भेद का विषय सादि-नित्य पर्याय है। सिद्धपर्याय ज्ञानावरणादि आठो कर्मों के क्षय से उत्पन्न होती है अत सादि है किन्तु इस पर्याय का कभी नाश नही होगा इसलिये नित्य है। इसी प्रकार ज्ञानावरण कर्म के क्षय से उत्पन्न होने वाला क्षायिक ज्ञान, दर्शनावरण कर्म के क्षय से उत्पन्न होने वाला क्षायिक दर्शन, मोहनीय कर्म के क्षय से उत्पन्न होने वाले क्षायिक सम्यग्दर्शन, क्षायिक चारित्र तथा अनन्त सुख, अन्तराय कर्म के क्षय से उत्पन्न होने वाले क्षायिक दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य ये सब क्षायिक भाव भी सादि-नित्य पर्याय हैं। कहा भी है—

'जीवा एव क्षायिकभावेन साद्यनिघना:।'

[पचास्तिकाय गा० ५३ टीका]

अर्थात्—क्षायिक भावो की अपेक्षा जीव भी सादि-अनिधन है।

इसी बात को प्राकृत नयचक्र मे भी कहा गया है—

कम्मखयादुप्पण्णो अविणासी जो हु कारणाभावे।

इदमेवमुच्चरंतो भण्णइ सो साइणिच्च णओ॥२०१॥ [पृ० ७४]

अर्थात्—कर्मों के क्षय से उत्पन्न होने वाले भाव अविनाशी हैं, क्योंकि कर्मोदयरूप बाधक कारण का अभाव है। इन क्षायिक भावो को विषय करने वाली सादि-नित्य पर्यायार्थिक नय है।

सस्कृत नयचक्र मे भी कहा है—

पर्यायार्थी भवेत्सादि व्यये सर्वस्य कर्मण।

उत्पन्नसिद्धपर्यायग्राहको नित्यरूपक:॥२॥ [पृ० ६]

आदत्ते पर्याय नित्य सादि च कर्मणोऽभावात्।

स सादि नित्यपर्यायार्थिकनामा नय: स्मृत:॥८॥ [पृ० ४१]

'शुद्धनिश्चयनयविवक्षामकृत्वा सकलकर्मक्षयोद्भूत चरमशरीराकारपर्यायपरिणतिरूपशुद्धसिद्धपर्याय: सादिनित्यपर्यायार्थिक नय:॥२॥ [पृ० ७]

अर्थ – शुद्धनिश्चयनय की विवक्षा न करके, सम्पूर्ण कर्मों के निरवशेषतया क्षय के द्वारा उत्पन्न हुई चरमशरीर के आकार वाली परिणतिरूप शुद्ध सिद्ध-पर्याय को जो नयग्रहण करता है, वह सादिनित्य पर्यायार्थिक नय है।

३. सत्तागौणत्वेनोत्पादव्ययग्राहकस्वभावोऽनित्यशुद्धपर्यायार्थिको यथा समय समयं प्रति पर्याया विनाशिनः ॥६०॥

सूत्रार्थ—ध्रौव्य को गौण करके उत्पाद-व्यय को ग्रहण करने वाला नय अनित्यशुद्धपर्यायार्थिक नय है जैसे—प्रति समय पर्याय विनाश होती है।

विशेषार्थ—यहा पर 'सत्ता' का अभिप्राय ध्रौव्य से है और गौण का अर्थ अप्रधान है। प्राकृत नयचक्र मे इस नय का स्वरूप इस प्रकार कहा है—

सत्ता अमुक्खरूवे उप्पादवयं हि गिह्णए जो हु।
सो हु सहावअणिच्चोगाही खलु सुद्धपज्जाओ ॥२०२॥ [पृ० ७५]

ध्रौव्य को गौण करके उत्पाद-व्यय को ग्रहण करने वाला नय अनित्यशुद्ध-पर्यायार्थिक नय है।

संस्कृत नयचक्र मे भी कहा है—

सत्तागौणत्वाद्यो व्ययमुत्पादं च शुद्धमाचष्टे।
सत्तागौणत्वेनोत्पादव्ययवाचकः स नयः ॥६॥ [पृ० ४२]

'सत्तागौणत्वेनोत्पादव्ययग्राहकस्वभावानित्यशुद्धपर्यायार्थिक।'
[पृ० ३७]

अर्थात्—ध्रौव्य को गौण करके शुद्ध उत्पाद-व्यय को जो नय ग्रहण करता है वह अनित्य-शुद्ध-पर्यायार्थिक नय है।

४. सत्तासापेक्षस्वभावो नित्याशुद्धपर्यायार्थिको यथा एकस्मिन् समये त्रयात्मकः पर्यायः ॥६१॥

सूत्रार्थ—ध्रौव्य की अपेक्षा सहित ग्रहण करने वाला नय नित्य-अशुद्ध-पर्यायार्थिक नय है। जैसे—एक समय मे पर्याय उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मक है।

विशेषार्थ—नयात्मक शब्द का अभिप्राय यह है कि पूर्व पर्याय का विनाश, उत्तर पर्याय का उत्पाद और द्रव्यपने से ध्रौव्य। इस नय का विषय ध्रौव्य भी होने से इस नय को अशुद्धपर्यायार्थिक कहा गया है, क्योंकि शुद्धपर्यायार्थिक नय का विषय ध्रौव्य नही होता।

प्राकृत नयचक्र मे भी इस नय को अनित्य-अशुद्ध पर्यायार्थिक नय कहा गया है। गाथा निम्न प्रकार है—

जो गहइ एक्कसमये उप्पादव्वयधुवत्तसंजुत्तं।
सो सब्भावअणिच्चो अशुद्धओ पज्जयत्थिणओ ॥२०३॥

[पृ० ७४]

अर्थात्—उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य ये तीनों एक समय मे होते हैं। उन उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य से युक्त सत्ता को जो नय ग्रहण करता है वह अनित्य-अशुद्ध-पर्यायार्थिक नय है।

ध्रौव्योत्पादव्ययग्राही कालेनैकेन यो नयः।
स्वभावानित्यपर्यायग्राहकोऽशुद्ध उच्यते ॥१०॥

[संस्कृत नयचक्र पृ० ४२]

अर्थात्—एक ही काल मे ध्रौव्य-उत्पाद-व्यय को जो नय ग्रहण करता है वह अनित्य-अशुद्ध-पर्यायार्थिक नय कहा गया है।

५. कर्मोपाधिनिरपेक्षस्वभावो नित्यशुद्धपर्यायार्थिको यथा सिद्धपर्यायसदृशाः शुद्धाः संसारिणां पर्यायाः ॥६२॥

सूत्रार्थ—कर्मोपाधि (कर्मबंधन) से निरपेक्ष ग्रहण करने वाला नय नित्य-शुद्ध-पर्यायार्थिक नय है। जैसे—ससारी जीवो की पर्याय (अरहत पर्याय) सिद्ध समान शुद्ध है।

विशेपार्थ—सस्कृत नयचक्र मे इस नय का स्वरूप निम्न प्रकार कहा है—

विभावनित्यशुद्धोऽय पर्यायार्थी भवेदलं।
ससारिजीवनिकायेषु सिद्धसादृश्यपर्ययः ॥५॥ [पृ० १०]

पर्यायानंगिनां शुद्धात् सिद्धानामिव यो वदेत् ।
स्वभावनित्यशुद्धोसौ पर्यायग्राहको नयः ॥११॥ [पृ० ४२]

'चराचरपर्यायपरिणत समस्तसंसारीजीवनिकायेषु शुद्धसिद्धपर्याय-विवक्षाभावेन कर्मोपधिनिरपेक्षस्वभावनित्यशुद्धपर्यायार्थिक नयः ॥५॥'
[पृ० ८]

अर्थ—चराचर पर्याय परिणत ससारी जीवधारियो के समूह में शुद्ध सिद्ध पर्याय की विवक्षा से कर्मोपाधि से निरपेक्ष स्वभावनित्य-शुद्ध-पर्यायार्थिक नय है। यहा पर संसाररूप विभाव मे यह नय नित्य-शुद्ध-पर्याय को जानने की विवक्षा रखता है।

प्राकृत नयचक्र मे इस नय को अनित्य-शुद्ध-पर्यायार्थिक नय कहा है—

देहीणं पज्जाया सुद्धा सिद्धाण भणइ सारित्था ।
जो सो अणिच्चसुद्धो पज्जयगाही हवे सो णओ ॥२०४॥
[पृ० ७५]

अर्थात्—ससारी जीवो की पर्यायो को जो नय सिद्ध समान शुद्ध कहता है वह अनित्यशुद्धपर्यायार्थिक नय है।

६. कर्मोपाधिसापेक्षस्वभावोऽनित्याशुद्धपर्यायार्थिको यथा संसारिणामुत्पत्तिमरणे स्तः ॥६३॥

सूत्रार्थ—अनित्य-अशुद्ध-पर्यायार्थिक नय का विषय कर्मोपाधि सापेक्ष स्वभाव है, जैसे ससारी जीवो का जन्म तथा मरण होता है।

विशेषार्थ—सस्कृत नयचक्र मे इस नय का लक्षण निम्न प्रकार कहा है—

अशुद्धनित्यपर्यायान् कर्मजान् विवृणोति यः ।
विभावानित्यपर्यायग्राहकोऽशुद्धसंज्ञकः ॥१२॥ [पृ० ४२]

'शुद्धपर्यायविवक्षाऽभावेन कर्मोपाधिसजनितनारकादिविभाव-पर्यायाः जीवस्वरूपमिति कर्मोपाधिसापेक्ष-विभावानित्याशुद्धपर्यायार्थिक नयः ॥'
[पृ० ८]

अर्थात्—शुद्ध पर्याय की विवक्षा न कर, कर्मजनित नारकादि विभाव पर्यायो को जीवस्वरूप बतलाने वाला नय अनित्य-अशुद्ध-पर्यायार्थिक नय है।

प्राकृत नयचक्र मे भी कहा है—

भणइ अणिच्चासुद्धा चउगइजीवाण पज्जया जो हु।
होइ विभावअणिच्चो असुद्धओ पज्जयत्थिणओ ॥२०५॥
[पृ० ७५]

अर्थात्—जो नय ससारी जीवो की चतुर्गति सम्बन्धी अनित्य तथा अशुद्ध पर्यायो को ग्रहण करता है वह विभाव-अनित्य-अशुद्ध-पर्यायार्थिक नय है।

॥ इस प्रकार पर्यायार्थिक नय के छह भेदो का निरूपण हुआ ॥

नैगमस्त्रेधा भूतभाविवर्तमानकालभेदात् ॥६४॥

सूत्रार्थ—भूत भावि वर्तमानकाल के भेद से नैगम नय तीन प्रकार की है।

विशेषार्थ—नैगम नय का स्वरूप सूत्र ४१ की टीका मे कहा गया है और आगे सूत्र १९६ मे कहेगे। नैगमनय के तीन भेदो का स्वरूप ग्रथकार कहते हैं। कुछ आचार्य नैगमनय छह प्रकार की कहते हैं। जैसे—१. अतीत को वर्तमान, २. वर्तमान को अतीत, ३. अनागत को वर्तमान, ४. वर्तमान को अनागत, ५. अनागत को अतीत, ६. अतीत को अनागत कहना।

अतीते वर्तमानारोपणं यत्र, स भूतनैगमो यथा अद्य दीपोत्सवदिने श्री वर्द्धमानस्वामी मोक्षं गतः ॥६५॥

सूत्रार्थ—जहां पर अतीतकाल मे वर्तमान को सस्थापन किया जाता है, वह भूत नैगम नय है। जैसे—आज दीपावली के दिन श्री महावीर स्वामी मोक्ष गये हैं।

विशेषार्थ—जो नय भूतकाल सम्बन्धी पर्याय को वर्तमान काल मे आरोपण करके, सस्थापन करके कहता है उसको भूत नैगम नय कहते है।

प्राकृत नयचक्र मे भी इसी प्रकार कहा गया है—

णिव्वित्तदव्वकिरिया वट्टणकाले दु जं समाचरणं।
तं भूयणइगमणयं जह अड णिव्वुइदिणं वीरे ॥३३॥ [पृ० ८]

अर्थ—जो क्रिया हो चुकी उसको वर्तमान काल मे समाचरण करना वह भूत नैगम नय है जैसे आज महावीर भगवान का निर्वाण दिवस है।

अतीतं सांप्रतं कृत्वा निर्वाणं त्वद्य योगिनः।
एवं वदत्यभिप्रायो नैगमातीतवाचकः ॥१॥

[संस्कृत नयचक्र पृ० १२]

अर्थ—जो अतीत योगियो के निर्वाण को वर्तमान मे बतलाता है वह भूत नैगम नय का विषय है।

'तीर्थकरपरमदेवादिपरमयोगींद्राः अतीतकाले सकलकर्मक्षयं कृत्वा निर्वाणपदं प्राप्ताः संतोपि इदानीं सकलकर्मक्षयं कृतवत इति निर्वाणपूजाभिषेकार्चनाक्रियाविशेषान् कुर्वंतः कारयंत इति अथवा व्रतगुरु-श्रुतगुरु-जन्मगुरु-प्रभृति सत्पुरुषा अतीतकाले समाधिविधिना गत्यंतरप्राप्ता अपि ते इदानीं अतिक्रांताः भवन्ति इति तद्दिने तेषां गुणानुरागेण दानपूजाभिषेकार्चनानि सांप्रतं कुर्वन्त इत्याद्यतीत विषयान् वर्तमानवत् कथनं अतीतनैगमनयो भवति।'

[संस्कृत नयचक्र पृ० १०]

अर्थ—यद्यपि तीर्थकर परमदेव आदि योगीन्द्र अतीतकाल मे सम्पूर्ण कर्मो का क्षय करके निर्वाण को प्राप्त कर चुके है फिर भी वर्तमान मे वे सम्पूर्ण कर्मों का क्षय करने वाले हैं, इस प्रकार निर्वाण की पूजा, अभिषेक और अर्चना विशेष क्रियाओ को वर्तमान मे करते और कराते है। अथवा व्रतगुरु, दीक्षा-गुरु, शिक्षागुरु, जन्मगुरु आदि सत्पुरुष समाधि विधि से दूसरी गति को प्राप्त हो चुके है, फिर भी वे आज समाधि से युक्त हुए हैं, इस प्रकार से उस उस दिन के गुणानुराग से दान, पूजा, अभिषेक और अर्चा को वर्तमान काल मे

करते हैं। इस प्रकार अतीत विषयो को वर्तमान के समान कथन करना भूत-नैगम नय है।

भाविनि भूतवत्कथनं यत्र स भाविनैगमो यथा अर्हन् सिद्ध एव ॥६६॥

सूत्रार्थ—जहा भविष्यत् पर्याय मे भूतकाल के समान कथन किया जाता है वह भाविनैगम नय है। जैसे—अरहन्त सिद्ध ही हैं।

विशेषार्थ—जो नय आगामी काल मे होने वाली पर्याय को अतीतकाल मे कथन करता है वह भाविनैगम नय है। जैसे—श्री अरहत भगवान अभी सिद्धभगवान नही है, आगामी काल मे होवेंगे—उन अरहत भगवान को जो नय सिद्ध रूप से कथन करती हैं, वह भाविनैगम नय है। प्राकृत नयचक्र मे कहा है—

णिप्पण्णमिव पयंपदि भाविपयत्थं णरो अणिप्पण्णं।
अप्पत्थे जह पत्थं भण्णइ सो भावि णइगमोत्ति णओ ॥३५॥

[पृ० ८]

अर्थात्—जो नय अनिष्पन्न, भावि पदार्थ को निष्पन्नवत् कहता है, जैसे अप्रस्थ को प्रस्थ कहता है वह भाविनैगम नय है।

संस्कृत नयचक्र में भी इस प्रकार कहा है—

चित्तस्थं यदनिर्वृत्तप्रस्थके प्रस्थकं यथा।
भाविनो भूतवद्ब्रूते नैगमोऽनागतो मतः ॥३॥ [पृ० १२]

अर्थात्—अपूर्ण (अनिष्पन्न) प्रस्थ मे प्रस्थ की संकल्पना करना अर्थात् भावि को भूतवत् बतलाना भाविनैगम नय है।

'भाविकाले परिणमिष्यतोऽनिष्पन्नक्रियाविशेषान् वर्तमानकाले निष्पन्ना इति कथनं।' [संस्कृत नयचक्र पृ० १२]

जो पर्याय अभी अनिष्पन्न है, भाविकाल मे निष्पन्न होगी उसको वर्तमान मे निष्पन्न कहना भावि नैगम नय है। जैसे—

'विवक्षाकालेऽतीर्थंकरान् रावणलक्ष्मीधरश्रेणिकादीन् तीर्थंकरपरमदेवा इति अधिराज्यपदव्यभावेऽपि नृपकुमाराधिराज इति कथनं, प्रस्थप्रायोग्यवस्तुविशेषः प्रस्थमित्यादिदृष्टांतान् भाविकाले निष्पन्नान् भविष्यन्तोऽवतिष्ठमानान् विषयान् निष्पन्ना इति कथनं भाविनैगम नयः। [पृ० ११]

अर्थ—विवक्षाकाल मे जो तीर्थंकर नही है उन भावी रावण, लक्ष्मण श्रेणिक आदि को परमतीर्थंकर देव कहना, राज्यपद को अप्राप्त राजकुमार को राजा कहना, प्रस्थयोग्य वस्तुविशेष को प्रस्थ कहना इत्यादिक दृष्टातो को, भाविकाल मे पूर्ण होने वाले भाविरूप मे रहने वाले विषयो को पूर्ण हो गये इन प्रकार से कथन करना भाविनैगम नय है।

कर्तुमारब्धमीषन्निष्पन्नमनिष्पन्नं वा वस्तु निष्पन्नवत्कथ्यते यत्र स वर्तमाननैगमो यथा ओदनः पच्यते ॥६७॥

सूत्रार्थ—करने के लिए प्रारम्भ की गई ऐसी ईषत् निष्पन्न (थोडी बनी हुई) अथवा अनिष्पन्न (बिल्कुल नही बनी हुई) वस्तु को निष्पन्नवत् कहना वह वर्तमान नैगम नय है। जैसे—भात पकाया जाता है।

विशेषार्थ—प्रारम्भ किये गये किसी कार्य को, उस कार्य के पूर्ण नहीं होने पर भी पूर्ण हुआ कह देना वर्तमान नैगम नय है। जैसे—कोई पुरुष भात बनाने की सामग्री इकट्ठी कर रहा था किन्तु उसका यह कहना कि 'भात बना रहा हूँ', वर्तमान नैगम नय का विषय है। प्राकृत नय चक्र मे भी कहा है—

पारद्धा जा किरिया पयणविहाणादि कहइ जो सिद्धा।
लोए व पुच्छमाणे तं भण्णइ वट्टमाणणयं ॥३४॥ [पृ० ८]

अर्थ—चावल पकाने की क्रिया प्रारम्भ करते समय पूछे जाने पर यह कहना कि 'भात बना रहा हूँ' वर्तमान नैगम नय है।

संस्कृत नय चक्र मे भी कहा है—

अनिष्पन्नं क्रियारूपं निष्पन्नं गदति स्फुटं।
नैगमो वर्तमानः स्यादोदनं पच्यते यथा ॥२॥ [पृ० १२]

अर्थात्—अपूर्ण क्रियारूप को जो निष्पन्न-पूर्ण बतलाता है वह वर्तमान नैगमनय है। जैसे—भात पकाया जाता है।

'वसतिं करोमि, ओदनं पक्वान्नं पचामि, वाहं करोमीत्याद्य-निष्पन्नक्रियाविशेषानुद्दिश्य निष्पन्ना इति वदनं वर्तमाननैगमनयः।'
[पृ० १०]

अर्थ—मैं वसतिका बनाता हूँ, भात को, पक्वान्न को पकाता हूँ, इत्यादि अपूर्ण क्रिया विशेषो को लक्ष्य करके 'पक गये' ऐसा कहना वर्तमान नैगम नय है।

॥ इस प्रकार नैगम नय के तीनो भेदों का निरूपण हुआ ॥

संग्रहो द्वेधाः ॥६८॥

सूत्रार्थ—सग्रह नय दो प्रकार का है (१) सामान्य सग्रह (२) विशेष सग्रह। अथवा—शुद्ध सग्रह, अशुद्ध सग्रह के भेद से दो प्रकार का है। सामान्य सग्रह को शुद्ध सग्रह और विशेष सग्रह को अशुद्ध सग्रह समझना चाहिए।

शुद्ध सग्रह अथवा सामान्य सग्रह का स्वरूप—

सामान्यसंग्रहो यथा सर्वाणि द्रव्याणि परस्परमविरोधीनि ॥६९॥

सूत्रार्थ—सामान्य सग्रह नय, जैसे—सर्व द्रव्य परस्पर अविरोधी हैं।

विशेषार्थ—सर्व द्रव्य सामान्य से सत् रूप हैं, क्योंकि 'सत्' द्रव्य का लक्षण है। इसीलिए सर्व द्रव्य परस्पर मे अविरोधी हैं। 'सत्' कहने से जीव अजीव सभी द्रव्यो का ग्रहण हो जाता है अतः यह सामान्य संग्रह नय का विषय है। प्राकृत नयचक्र मे कहा भी है—

'अवरे परमविरोहे सव्वं अत्थित्ति सुद्धसंगहणो ॥ [पृ० ८]

अर्थ—सर्व द्रव्यो मे परस्पर अविरोध है क्योंकि सत् रूप हैं—यह शुद्ध-सग्रह अथवा सामान्य-संग्रह नय है ।

सस्कृत नयचक्र मे भी कहा है—

'परस्पराविरोधेन समस्तपदार्थसंग्रहैकवचनप्रयोगचातुर्येण कथ्य-मानं सर्वं सदित्येतत् सेनावनंनगरमित्येतत प्रभृत्यनेकजाति निचय-मेकवचनेन स्वीकृत्य कथनं सामान्यसंग्रहनयः ।' [पृ० १३]

अर्थ—परस्पर अविरोध रूप से सम्पूर्ण पदार्थों के सग्रहरूप एकवचन के प्रयोग के चातुर्य से कहा जाने वाला सब सत् स्वरूप है । इस प्रकार से सेना-समूह, वन, नगर आदि अनेक जाति के समूह को एकवचन रूप से स्वीकार करके कथन करना सामान्य सग्रह नय है ।

विशेषसंग्रहो यथा सर्वे जीवाः परस्परमविरोधिनः ॥७०॥

सूत्रार्थ—विशेषसग्रहनय, जैसे—सर्व जीव परस्पर मे अविरोधी हैं, एक हैं ।

विशेषार्थ—जो नय एक जाति विशेष की अपेक्षा से अनेक पदार्थों को एकरूप ग्रहण करता है वह विशेष सग्रह नय है । जैसे—चैतन्यपने की अपेक्षा से सम्पूर्ण जीवराशि एक है । जीव के कहने से सामान्यतया सब जीवो का तो ग्रहण हो जाता है परन्तु अजीव का ग्रहण नही होता है, अतः यह विशेष सग्रह नय है । प्राकृत नयचक्र मे भी कहा है—

'होइ तमेव असुद्धं इगिजाइविसेसगहणेण ।' [पृ० ७६]

अर्थात्—एक जातिविशेष ग्रहण करने से वह अशुद्ध (विशेष) सग्रह नय है ।

सस्कृत नयचक्र मे भी इसी प्रकार कहा है—

'जीवनिचयाजीवनिचयहस्तिनिचयतुरंगनिचयरथनिचयपदाति—निचय इति निंबुजबीरजंबूमाकंदनालिकेरनिचय इति द्विजवर वणिग्वर तलवराद्यष्टादशश्रेणीनिचय इत्यादि दृष्टांतैः प्रत्येकजाति-निचयमेकवचनेन स्वीकृत्य कथनं विशेषसंग्रहनयः ।' [पृ० १३]

अर्थ — जीव समूह, अजीव समूह, हाथियों का समूह, घोड़ों का समूह, रथों का समूह, पैदल चलने वाले सैनिकों का समूह, निम्बू, जामुन, आम व नारियल का समूह; इसी प्रकार द्विजवर, वणिक्श्रेष्ठ, कोटपाल आदि अठारह श्रेणी के निचय इत्यादि दृष्टान्तों के द्वारा अनेक जाति के समूह को नियम से एकवचन द्वारा स्वीकार करके कथन करना विशेष संग्रह नय है।

॥ इस प्रकार संग्रह नय के दोनों भेदों का कथन हुआ ॥

व्यवहारोऽपि द्वेधा ॥७१/१॥

सूत्रार्थ—व्यवहारनय भी दो प्रकार का है (१) सामान्य (२) विशेष।

विशेषार्थ—संस्कृत नयचक्र में कहा भी है—

य: संग्रहग्रहीतार्थे शुद्धाशुद्धे विभेदक:।
शुद्धाशुद्धाभिधानेन व्यवहारो द्विधा मत: ॥१७॥ [पृ० ४२]

अर्थ—शुद्ध (सामान्य) संग्रह नय द्वारा ग्रहीत अर्थ की भेदक तथा अशुद्ध (विशेष) संग्रह नय द्वारा ग्रहीत अर्थ की भेदक व्यवहार नय भी शुद्ध, अशुद्ध (सामान्य, विशेष) के अभिधान से दो प्रकार का है।

सामान्य व्यवहार नय का स्वरूप—

सामान्यसंग्रहभेदको व्यवहारो यथा द्रव्याणि जीवाजीवा: ॥७१/२॥

सूत्रार्थ—सामान्यसंग्रह नय के विषयभूत पदार्थ में भेद करने वाला सामान्यसंग्रहभेदक व्यवहारनय है। जैसे—द्रव्य के दो भेद हैं—जीव और अजीव।

विशेषार्थ—संस्कृत नयचक्र में इस नय का स्वरूप इस प्रकार कहा है—

सामान्यसंग्रहस्यार्थे जीवाजीवादि भेदत:।
भिनत्ति व्यवहारोयं शुद्धसंग्रहभेदक: ॥१॥ [पृ० १५]

'अनेन सामान्यसंग्रहनयेन स्वीकृतसत्ता सामान्यरूपार्थं भित्वा जीवपुद्गलादिकथन, सेनाशब्देन स्वीकृतार्थं भित्वा हस्त्यश्वरथपदाति-

कथनं, नगरशब्देन स्वीकृतार्थं भित्वा अयस्कार सुवर्णकारकांस्यकारौषधिकारशान्यकारजालकारवैद्यकारादि कथन, वनशब्देन स्वीकृतार्थं भित्वा पनसाम्रनालिकेरपूगद्रुमादि कथनमिति सामान्यसंग्रहभेदकव्यवहारनयो भवति।' [पृ० १४]

अर्थ—जो सामान्यसग्रह के द्वारा कहे गये अर्थ को जीव अजीव आदि के भेद से विभाजन करता है वह शुद्धसग्रह का भेदक व्यवहारनय है। इस तरह सामान्यसग्रह नय के द्वारा स्वीकृत सत्ता सामान्य अर्थ को भेदकर जीव, पुद्गल कहना; सेना शब्द के द्वारा स्वीकृत अर्थ को भेदकर हाथी, घोडा, रथ, प्यादे आदि को कहना, नगर शब्द के द्वारा स्वीकृत पदार्थ का भेद कर लुहार, सुनार, कसार, औषधिकार, मारक, जलाकार, वैद्य आदि कहना, वन शब्द के द्वारा स्वीकार किये गये अर्थ को भेदकर पनस आम, नारियल, सुपारी आदि वृक्षो को कहना सामान्य सग्रह का भेदक व्यवहारनय है।

विशेषसंग्रहभेदको व्यवहारो यथा जीवा. संसारिणो मुक्ताश्च ॥७२॥

सूत्रार्थ—विशेष सग्रह नय के विषयभूत पदार्थ को भेदरूप से ग्रहण करने वाला विशेषसग्रहभेदक व्यवहार नय है, जैसे—जीव के ससारी और मुक्त ऐसे दो भेद करना।

विशेषार्थ—सस्कृत नयचक्र मे इस नय का स्वरूप इस प्रकार कहा है—

विशेषसंग्रहस्यार्थे जीवादौ रूपभेदत ।
भिनत्ति व्यवहारस्त्वशुद्धसंग्रहभेदकः ॥२॥ [पृ० १५]

'विशेषसंग्रहनयेन स्वीकृतार्थान् जीवपुद्गलनिचयान भित्वा देवनारकादिकथनं घटपटादिकथन, हस्त्यश्वरथपदातीन् भित्वा भद्रगजजात्यंश्व-महारथ-शतभट-सहस्रभटादिकथन, निंबजंबुजंबीरनारंगनालिकेरसहकारपादपनिचयं भित्वा सरसविरसता मधुराम्रादिरस-

विशेषतां परिमलतां हरितपाण्डुरादिवर्णविशेषतां ह्रस्वदीर्घतां सफल-निःफलतामित्यादि कथनं, तलवराद्यष्टादशश्रेणीनिचयं भित्वा बलाबलतां सस्वनिस्वतां कुशलाकुशलतां योग्यायोग्यतां कुब्जदीर्घतां कुरूपसुरूपतां स्त्रीपुंनपुंसकभेदविशेषतां कर्मविभागतां सदसदाचरणतां च कथनमित्याद्यनेकविषयान् भित्वा कथनं विशेषसंग्रहभेदकव्यवहार-नयो भवति ।'
[पृ० १४]

अर्थ—जो विशेषसग्राहक नय के विषयभूत जीवादि पदार्थ को रूपभेद से—स्वरूपभेद से विभाजित करता है वह अशुद्धसग्रह (विशेषसग्रह) भेदक व्यवहार नय है। विशेषसग्रह नय के द्वारा स्वीकृत पदार्थो को जीवपुद्गलो के समूह को भेद करके देवनारकादिक और घट वस्त्रादिक का कथन करना; हस्ति, घोडे, रथ, प्यादो को भेदरूप से विकल्प करके भद्र हाथी, सुन्दर घोडा, महारथ, शतभट, सहस्रभट आदि रूप से कहना, निंब, जामुन, जबीर, नारगी, नारियल और आम के समूह को भेद करके सरस, विरसता को, मधुर आम के रस की विशेषता को, सुगन्धता को, हरित-श्वेत-पीतादिक वर्ण-विशेषता को, ह्रस्व-दीर्घता को, सफलता-निष्फलता आदि से युक्त कहना, रथो को, तलवर, कोत-वाल आदि अठारह श्रेणी-समूह के भेद कर बलाबल को, सधनता-निर्धनता को, कुशलता-अकुशलता को, योग्यता-अयोग्यता को, कुबडापन व मोटापे को, कुरूपता-सुरूपता को, स्त्री-पुरुष-नपुसक को, कर्मफल को, सदाचरण-असदाचरण को कहना, इत्यादि अनेक विषयो को भेद करके कहना विशेष-सग्रह-भेदक-व्यवहारनय है।

॥ इस प्रकार व्यवहार नय के दोनो भेदो का निरूपण हुआ ॥

ऋजुसूत्रोपि द्विविधः ॥७३॥

सूत्रार्थ—ऋजुसूत्र नय भी दो प्रकार का है। अर्थात्—(१) सूक्ष्मऋजुसूत्र नय (२) स्थूलऋजुसूत्र नय। ऋजुसूत्र नय का विशेष कथन सूत्र ४१ की टीका मे है।

सूक्ष्मऋजुसूत्र नय का स्वरूप—

सूक्ष्मर्जुसूत्रो यथा एकसमयावस्थायी पर्याय ।७४।।

सूत्रार्थ—जो नय एक समयवर्ती पर्याय को विषय करता है वह सूक्ष्म-ऋजुसूत्र नय है।

विशेषार्थ—प्राकृत नयचक्र मे भी सूक्ष्मऋजुसूत्र नय का स्वरूप निम्न प्रकार कहा है—

> जो एयसमयवट्टी गेह्णइ दव्वे धुवत्तपज्जाश्रो।
> सो रिउसुत्ते सुहुमो सव्वं सद्दं जहा खणिय ।।२११।। [पृ० ७६]

अर्थात्—जो नय द्रव्य मे एक समयवर्ती पर्याय को ग्रहण करता है, वह सूक्ष्मऋजुसूत्र नय है। जैसे—'शब्द' क्षणिक है।

संस्कृत नयचक्र मे भी कहा है—

> द्रव्ये गृह्णाति पर्याय ध्रुवं समयमात्रिक।
> ऋजुसूत्राभिधः सूक्ष्मः स सर्वं क्षणिक यथा ।।१८।। [पृ० ४२]

द्रव्य मे समयमात्र रहने वाली पर्याय को जो नय ग्रहण करती है, वह सूक्ष्मऋजुसूत्र नय कही गई है। जैसे सर्व क्षणिक है।

'प्रतिसमय प्रवर्तमानार्थपर्याये वस्तुपरिणमनमित्येष. सूक्ष्म-ऋजुसूत्र नयो भवति।' [पृ० १६]

'अर्थपर्यायापेक्षया समयमात्र।' [पृ० १७]

अर्थ—प्रति समय प्रवर्तमान अर्थपर्याय मे वस्तुपरिणमन को विषय करने वाला सूक्ष्मऋजुसूत्र नय है। अर्थ पर्याय की अपेक्षा समयमात्र काल है।

स्थूलऋजुसूत्र नय का स्वरूप—

स्थूलर्जुसूत्रो यथा मनुष्यादिपर्यायास्तदायुःप्रमाणकालं तिष्ठन्ति ।।७५।।

सूत्रार्थ—जो नय अनेक समयवर्ती स्थूलपर्याय को विषय करता है, वह

स्थूलऋजुसूत्र नय है। जैसे—मनुष्यादि पर्यायें अपनी-अपनी आयु प्रमाण काल तक रहती हैं।

विशेषार्थ—प्राकृत नयचक्र मे स्थूलऋजुसूत्र नय का स्वरूप इस प्रकार कहा है—

मणुवाइयपज्जाओ मणुसोत्ति सगट्ठिदीसु वट्टंतो।
जो भणइ तावकालं सो थूलो होइ रिउसुत्तो ॥२१२॥ [पृ० ७७]

अर्थात्—अपनी स्थिति पर्यंत रहने वाली मनुष्य आदि पर्याय को उतने काल तक जो नय मनुष्य आदि कहता है वह स्थूलऋजुसूत्र नय है।

संस्कृत नयचक्र मे इस प्रकार कहा है—

यो नरादिकपर्यायं स्वकीयस्थितिवर्त्तनं।
तावत्कालं तथा चष्टे स्थूलाख्यऋजुसूत्रकः ॥१६॥ [पृ० ४२]

मनुष्यादि पर्यायें अपनी-अपनी स्थिति काल तक रहती हैं। उतने काल तक मनुष्य आदि कहना स्थूलऋजुसूत्र नय है।

'नरनारकादिघटपटादिव्यंजनपर्यायेषु जीवपुद्गलाभिधानरूपवस्तूनि परिणतानीति स्थूलऋजुसूत्रनयः [पृ० १६]। व्यंजनपर्यायापेक्षया प्रारम्भतः प्रारभ्य अवसान यावद्भवतीति निश्चयः कर्तव्य इति तात्पर्यं।' [पृ० १७]

अर्थ—नर-नारक आदि और घट-पट आदि व्यंजन पर्यायो मे जीव और पुद्गल नामक पदार्थ परिणत हुए हैं। इस प्रकार का विषय स्थूलऋजुसूत्र नय का है। व्यंजनपर्याय की अपेक्षा प्रारम्भ से अवसान तक वर्तमान पर्याय निश्चय करना चाहिये।

॥ इस प्रकार ऋजुसूत्र नय के दोनों भेदो का कथन हुआ ॥

शब्दसमभिरूढैवंभूता नयाः प्रत्येकमेकैका नयाः ॥७६॥

[illegible] शब्द नय, समभिरूढ नय और एवंभूत नय इन तीनों नयो मे से [illegible] प्रकार का है। शब्द नय एक प्रकार का है, समभिरूढ

नय एक प्रकार का है तथा एवंभूत नय एक प्रकार का है ।

शब्द नय का कथन—

शब्दनयो यथा दाराः भार्या कलत्रं जलं आपः ॥७७॥

सूत्रार्थ—शब्द नय जैसे—दारा, भार्या कलत्र अथवा जल व आप एकार्थवाची हैं ।

विशेषार्थ—इन नय का विशेष कथन सूत्र ४१ की टीका में किया जा चुका है । किन्तु संस्कृत नयचक्र मे इस प्रकार कहा है—

'शब्दप्रयोगस्यार्थं जानामीति कृत्वा तत्र एकार्थमेकशब्देन ज्ञाते सति पर्यायशब्दस्य अर्थक्रमो यथेति चेत् पुष्यतारका नक्षत्रमित्येकार्थो भवति । अथवा दाराः कलत्रं भार्या इति एकार्थो भवतीति कारणेन लिंगसंख्यासाधनादि व्यभिचारं मुक्त्वा शब्दानुसारार्थं स्वीकर्तव्यमिति शब्दनयः ।' [पृ० १७]

अर्थ—'शब्दप्रयोग के अर्थ को जानता हूं' इस प्रकार अभिप्राय को धारण करके एक शब्द के द्वारा एक अर्थ को जान लेने पर पर्यायवाची शब्द का अर्थक्रम जैसे पुष्य, तारक और नक्षत्र ये एकार्थ के वाचक हैं इसलिए इन का एकार्थ है । अथवा दारा, कलत्र, भार्या इनका एकार्थ होता है । कारणवशात् लिंग, संख्या, साधन आदि के व्यभिचार को छोडकर शब्द के अनुसार अर्थ को स्वीकार करना चाहिये यह शब्दनय है ।

टिप्पण में कहा है—जहाँ पर लिंग, संख्या, साधन आदि का व्यभिचार होने पर भी दोष नही है वह शब्द नय है ।

प्राकृत नयचक्र मे इस प्रकार कहा है—

जो वट्टणं ण मण्णइ एयत्थे भिण्णलिंग आईणं ।
सो सद्दणओ भणिओ पुस्साइयाण जहा ॥२१३॥ [पृ० ७७]

अर्थ—जो नय एक पदार्थ मे भिन्न लिंगादिक की स्थिति को नही मानता है वह शब्द नय है जैसे—पुष्यादि ।

शब्द नय के विषय मे दो मत हैं—एक मत यह है कि शब्द नय लिंग

आदि के दोष को दूर करता है। दूसरा मत है कि शब्द नय की दृष्टि मे लिंग, संख्या, साधन आदि का दोष नही है।

समभिरूढनयो यथा गौः पशुः ॥७८॥

सूत्रार्थ—नाना अर्थों को 'सम' अर्थात् छोडकर प्रधानता से एक अर्थ मे रूढ होता है वह समभिरूढ है। जैसे—'गो' शब्द के वचन आदि अनेक अर्थ पाये जाते हैं तथापि वह 'पशु' अर्थ मे रूढ है।

विशेषार्थ—समभिरूढ नय का स्वरूप विस्तारपूर्वक सूत्र ४१ की टीका मे कहा जा चुका है। आगे सूत्र २०१ मे भी इसका लक्षण कहेंगे।

एवंभूतनयो यथा इन्दतीति इन्द्रः ॥७९॥

सूत्रार्थ—जिस नय मे वर्तमान क्रिया ही प्रधान होती है वह एवंभूतनय है। जैसे—जिस समय देवराज इन्दन क्रिया को करता है उस समय ही इस नय की दृष्टि मे वह इन्द्र है।

विशेषार्थ—सूत्र ४१ की टीका मे एवभूत नय का स्वरूप सविस्तार कहा जा चुका है। आगे सूत्र २०२ मे भी इसका स्वरूप कहा जायगा।

॥ द्रव्यार्थिक नय के १० भेद, पर्यायार्थिक नय के ६ भेद, नैगम नय के ३ भेद, संग्रहनय के २ भेद, व्यवहार नय के २ भेद, ऋजुसूत्र नय के २ भेद, शब्द नय, समभिरूढनय और एवंभूतनय ये तीन, इस प्रकार नय के २८ भेदों का कथन हुआ ॥

उपनयभेदा उच्यन्ते ॥८०॥

सूत्रार्थ—उपनय के भेदों को कहते हैं।

विशेषार्थ—उपनय का लक्षण सूत्र ४३ मे कहा जा चुका है। उसके तीन मूल भेद हैं—१. सद्भूत, २. असद्भूत, ३. उपचरित असद्भूत व्यवहारनय।

सद्भूतव्यवहारो द्विधा ॥८१॥

सूत्रार्थ—सद्भूत व्यवहारनय दो प्रकार का है।

विशेषार्थ—सूत्र ४४ मे उपनय के तीन भेद बतलाये थे—(१) सद्भूत व्यवहारनय, (२) असद्भूत व्यवहारनय, (३) उपचरित असद्भूत व्यवहारनय। इनमे से सर्वप्रथम सद्भूत व्यवहारनय के भेदो को कहते हैं। व्यवहारनय का लक्षण तथा सद्भूत व्यवहारनय का लक्षण सूत्र ४४ की टीका में कहा जा चुका है, आगे भी सूत्र २०५ व २०६ मे कहेंगे। शुद्धसद्भूत और अशुद्धसद्भूत के भेद से सद्भूत व्यवहारनय दो प्रकार की है।

शुद्ध सद्भूत व्यवहारनय—

शुद्धसद्भूतव्यवहारो यथा शुद्धगुणशुद्धगुणिनोः शुद्धपर्यायशुद्धपर्यायिणोर्भेदकथनम् ॥८२॥

सूत्रार्थ—शुद्धगुण और शुद्धगुणी मे तथा शुद्धपर्याय और शुद्धपर्यायी मे जो नय भेद का कथन करता है वह शुद्धसद्भूत व्यवहारनय है।

विशेषार्थ—कर्मोपाधि निरपेक्ष शुद्ध जीव गुणी और क्षायिक शुद्ध ज्ञान मे तथा सिद्ध जीव व सिद्धपर्याय मे भेद कथन करना शुद्धसद्भूत व्यवहारनय का विषय है।

संस्कृत नयचक्र में भी इस प्रकार कहा है—

'संज्ञालक्षणप्रयोजनादिभिर्भित्त्वा शुद्धद्रव्ये गुणगुणिविभागैकलक्षणं कथयन् शुद्धसद्भूतव्यवहारोपनयः।' [पृ० २१।

संज्ञा, लक्षण, प्रयोजन के द्वारा भेद करके शुद्ध द्रव्य मे गुण और गुणी के विभाग के एक मुख्यलक्षण को कहने वाला शुद्धसद्भूत व्यवहारनय है।

अशुद्धसद्भूत व्यवहारनय—

अशुद्धसद्भूतव्यवहारो यथाऽशुद्धगुणाऽशुद्धगुणिनोरशुद्धपर्यायाशुद्धपर्यायिणोर्भेद कथनम् ॥८३॥

सूत्रार्थ—अशुद्धगुण और अशुद्धगुणी मे तथा अशुद्धपर्याय और अशुद्धपर्यायी मे जो नयभेद का कथन करता है वह अशुद्धसद्भूतव्यवहारनय है।

विशेषार्थ—'संज्ञालक्षणप्रयोजनादिभिर्भित्त्वा अशुद्धद्रव्ये गुणगुणि-

विभागैकलक्षणं कथयन् अशुद्धसद्भूतव्यवहारोपनयः ।'

[संस्कृत नयचक्र पृ० २१]

अर्थात्—संज्ञा, लक्षण, प्रयोजन के द्वारा भेद करके अशुद्ध द्रव्य मे गुण और गुणी के विभाग रूप मुख्य लक्षण को कहने वाला अशुद्ध-सद्भूतव्यवहार-नय है।

॥ इस प्रकार सद्भूत-व्यवहारनय के दोनों भेदों का कथन हुआ ॥

असद्भूतव्यवहारस्त्रेधा ॥८४॥

सूत्रार्थ—असद्भूतव्यवहारनय तीन प्रकार की है।

विशेषार्थ—असद्भूत व्यवहारनय का लक्षण सूत्र ४४ की टीका मे कहा जा चुका है और आगे भी सूत्र २०७ मे कहेगे। संस्कृत नयचक्र मे भी कहा है—

'यदन्यस्य प्रसिद्धस्य धर्मस्यान्यत्र कल्पना असद्भूतो भवेद्भावः ।'

[पृ० २२]

अर्थ—अन्य के प्रसिद्ध धर्म को किसी अन्य मे कल्पित करना सो असद्भूत-व्यवहारनय है।

असद्भूतव्यवहारनय के तीन भेद हैं—(१) स्वजात्यसद्भूतव्यवहारनय, (२) विजात्यसद्भूतव्यवहारनय, (३) स्वजातिविजात्यसद्भूतव्यवहारनय।

स्वजात्यसद्भूतव्यवहारनय का लक्षण—

स्वजात्यसद्भूतव्यवहारो यथा परमाणुर्बहुप्रदेशीति कथन-मित्यादि ॥८५॥

सूत्रार्थ—स्वजाति-असद्भूत-व्यवहारनय जैसे परमाणु को बहुप्रदेशी कहना, इत्यादि।

विशेषार्थ—जो नय स्वजातीय द्रव्यादिक मे स्वजातीय द्रव्यादि के सम्बन्ध से होने वाले धर्म का आरोपण करता है वह स्वजात्यसद्भूतव्यवहारनय है। जैसे—परमाणु बहुप्रदेशी है। परमाणु अन्य परमाणुओ के सम्बन्ध से बहु-

प्रदेशी हो सकता है। यहाँ पर स्वजातीय द्रव्य मे स्वजातीय द्रव्य के सम्बन्ध से होने वाली विभावपर्याय का आरोपण किया गया है। कहा भी है—

अणुरेकप्रदेशोपि येनानेकप्रदेशकः।
वाच्यो भवेदसद्भूतो व्यवहारः स भण्यते ॥५॥

[संस्कृत नयचक्र पृ० ४७]

अर्थ—जिसके द्वारा अणु एकप्रदेशी होने पर भी बहुप्रदेशी बतलाया जाता है वह भी असद्भूत-व्यवहारनय है।

संस्कृत नयचक्र मे पृ० २२ पर स्वजात्यसद्भूतव्यवहारनय का कथन इस प्रकार किया गया है—

'पुद्गलद्रव्यस्य घटपटादिसम्बन्धप्रबन्धपरिणतिविशेषकथकः स्वजात्यसद्भूतव्यवहारोपनयः। ...स्कंधरूपस्वरूपेषु पुद्गलस्त्विति भाष्यते, इत्यसद्भूतरूपोसौ व्यवहारस्वजातिकः।'

अर्थ—घट वस्त्र इत्यादिक सम्बन्धी रचना की परिणति विशेष को पुद्गल द्रव्य के बतलाने वाला स्वजात्यसद्भूत व्यवहार उपनय है। अथवा स्कन्धरूप निजपर्यायो मे पुद्गल है इस प्रकार का कथन करने वाला स्वजाति से असद्भूतव्यवहाररूप स्वजातीयासद्भूतव्यवहारोपनय है।

विजात्यसद्भूतव्यवहारोपनय—

विजात्यसद्भूतव्यवहारो यथा मूर्तं मतिज्ञानं यतो मूर्तद्रव्येण जनितम् ॥८६॥

सूत्रार्थ—विजात्यसद्भूतव्यवहार उपनय जैसे मतिज्ञान मूर्त है क्योकि मूर्तद्रव्य से उत्पन्न हुआ है।

विशेषार्थ—जो नय विजातीय द्रव्यादिक मे विजातीय द्रव्यादिक का संस्थापन करता है वह विजात्यसद्भूतव्यवहार उपनय है। जैसे—मूर्तिक मतिज्ञानावरण कर्म और वीर्यांतरायकर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न होने वाला क्षायोपशमिक मतिज्ञान मूर्तिक है। यहाँ पर मतिज्ञान नामक आत्मगुण मे पौद्गलिक मूर्तत्वगुण कहा गया है।

संस्कृत नयचक्र पृ० २२ पर इस उपनय का स्वरूप इस प्रकार कहा गया है।

'एकेन्द्रियादिजीवानां शरीराणि जीवस्वरूपाणीति विजात्यसद्भूत-व्यवहारोपनयः। ...एकेन्द्रियादिजीवानां देहं जीव इति ध्रुवं वक्त्य-सद्भूतको नूनं स्याद् विजातीति संज्ञितः।'

अर्थ—एकेन्द्रियादि जीवो के शरीर जीवस्वरूप है, इस प्रकार से कथन करने वाला विजातीय-असद्भूत-व्यवहार-उपनय है। एकेन्द्रियादि जीवो का शरीर जीव है, इस प्रकार कथन करने वाला विजातीय-असद्भूत-व्यवहार-उपनय है। यहाँ विजाति द्रव्य को विजाति द्रव्य मे कहा गया है।

शरीरमपि यो जीवं प्राणिनो वदति स्फुटं।
असद्भूतो विजातीयो ज्ञातव्यो मुनिवाक्यतः ॥१॥
मूर्तमेवमिति ज्ञानं कर्मणा जनितं यतः।
यदि नैव भवेन्मूर्तं मूर्तेन स्खलितं कुतः ॥२॥

[सस्कृत नयचक्र पृ० ४५]

अर्थ—जो प्राणियो के शरीर को ही जीव बतलाता है, वह स्पष्टतया विजातीय-असद्भूतव्यवहार उपनय समझना चाहिए, क्योकि विजातीय पुद्गल द्रव्य मे विजातीय जीव द्रव्य का कथन किया गया है ॥१॥ विजातीय गुण मे विजातीय गुण का आरोपण करने से भी असद्भूत व्यवहार होता है। जैसे—कर्म से जनित होने से ज्ञान मूर्त है, यदि मूर्त नही है तो मूर्त से स्खलित क्यो होता। मतिज्ञान मूर्त द्रव्य से स्खलित होता है अत मतिज्ञान को मूर्त कहना सत्य है, सर्वथा असत्य नही है।

स्वजातिविजात्यसद्भूतव्यवहार उपनय—

स्वजातिविजात्यसद्भूतव्यवहारो यथा ज्ञेये जीवेऽजीवे ज्ञानमिति कथनं ज्ञानस्य विषयात् ॥८७॥

सूत्रार्थ—ज्ञान का विषय होने के कारण जीव अजीव ज्ञेयो मे ज्ञान का

कथन करना स्वजातिविजात्यसद्भूतव्यवहारोपनय है ।

विशेषार्थ—जीव और अजीव ज्ञान का विषय होने के कारण विषय मे विषयी का उपचार करके जीव-अजीव ज्ञेय को ज्ञान कहा गया है । यहा पर ज्ञान गुण की अपेक्षा जीव स्वजातीय है और अजीव विजातीय है । जीव की अपेक्षा स्वजातीय तथा अजीव की अपेक्षा विजातीय मे ज्ञान गुण का कथन किया गया है ।

सस्कृत नयचक्र पृ० २२ पर इस नय का स्वरूप निम्न प्रकार कहा गया है—

'जीवपुद्गलानां परस्परसंयोगप्रबंधपरिणतिविशेषकथकः स्वजाति-विजात्यसद्भूतव्यवहारोपनयः। ···स्वजातीतर रूपादिवस्तुश्रद्धेयरूपकः तत् प्रधानं वदत्येवं द्वंद्वग्राही नयो भवेत् ।'

अर्थ—जीव और पुद्गलो के परस्पर संयोग रचनारूप परिणतिविशेष को बतलाने वाला स्वजातिविजातीय-असद्भूतव्यवहार-उपनय है । स्वजातीय और विजातीय वस्तु श्रद्धेयरूप हैं उसको प्रधान करके जो कहता है वह द्वद्वसयोग को अर्थात् स्वजाति-विजाति-सयोग को ग्रहण करने वाला स्वजातिविजातीय-असद्भूत-व्यवहार उपनय है ।

॥ इस प्रकार असद्भूतव्यवहारनय के तीनों भेदो का कथन हुआ ॥

उपचरितासद्भूतव्यवहारस्त्रेधा ॥८८॥

सूत्रार्थ—उपचरित असद्भूत व्यवहारनय तीन प्रकार की है ।

विशेषार्थ—(१) स्वजात्युपचरित-असद्भूतव्यवहार-उपनय, (२) विजात्युपचरित-असद्भूतव्यवहार-उपनय, (३) स्वजातिविजात्युपचरित-असद्भूत-व्यवहार-उपनय के भेद से उपचरित असद्भूतव्यवहार-उपनय तीन प्रकार का है । इनका कथन आगे किया जा रहा है ।

सस्कृत नयचक्र मे पृ० ४८ पर कथन इस प्रकार है—

'उपचारादप्युपचार यः करोति स उपचरितासद्भूतव्यवहारः । स

च सत्यासत्योभयार्थेन त्रिधा।'

'देशनाथो यथा देशे जातो यथार्थनायकः।
देशार्थौ जल्पमानो मे सत्यासत्योभयार्थकः ॥१॥'

अर्थ—जो उपचार से भी उपचार करता है वह उपचरितअसद्भूतव्यवहार उपनय है। वह सत्योपचारासद्भूत, असत्योपचारासद्भूत और उभयोपचारासद्भूत के भेद से तीन प्रकार का है।

जो नय किसी प्रयोजन या निमित्त से बिलकुल भिन्न स्वजातीय, विजातीय तथा स्वजातिविजातीय पदार्थों को अभेदरूप से ग्रहण करता है वह उपचरितासद्भूतव्यवहार उपनय है।

प्राकृत नयचक्र पृ० १६ पर भी इसी प्रकार कहा है—

उवयारा उवयारं सच्चासच्चेसु उहयअत्थेसु।
सज्जाइइयरमिस्सो उवयरिओ कुणइ ववहारो ॥७१॥

स्वजातीयोपचरितासद्भूतव्यवहारो विजातीयोपचरितासद्भूतव्यवहारः सजातीयविजातियोपचरितासद्भूतव्यवहारः इति उपचरितासद्भूतोपि त्रेधा।

देसवई देसत्थो अत्थवणिज्जो तहेव जंपंतो।
मे देसं मे दव्वं सच्चासच्चंपि उभयत्थं ॥७२॥

अर्थ—जो नय सत्य (स्वजाति) पदार्थ में असत्य (विजातीय) पदार्थ मे और उभय (स्वजातीय-विजातीय) पदार्थ में उपचार से भी उपचार करता है वह स्वजाति - उपचरित - असद्भूत - व्यवहार-उपनय, विजाति-उपचरित-असद्भूत-व्यवहार-उपनय और स्वजाति-विजाति-उपचरित-असद्भूत-व्यवहार-उपनय है।

स्वजातीयोपचरितासद्भूतव्यवहार, विजातीयोपचरितासद्भूतव्यवहार, स्वजातीयविजातियोपचरितासद्भूतव्यवहार के भेद से उपचरितासद्भूतव्यवहार उपनय तीन प्रकार का है।

जिस प्रकार देश का स्वामी देशपति तथा अर्थ का स्वामी अर्थपति होता है उसी प्रकार सत्यपदार्थ (स्वजातीय पदार्थ), असत्य (विजातीय) पदार्थ और स्वजातीय-विजातीयपदार्थों को मेरा देश, मेरा द्रव्य है इत्यादि कहा जाता है।

राजा देश का स्वामी होता है और सेठ (धनपति) धन का स्वामी होता है। स्त्री का स्वामी पति होता है। यह सब कथन यद्यपि उपचरित-असद्भूत-व्यवहार उपनय का विषय है तथापि यथार्थ है। यदि यथार्थ न होता तो सीता के हरी जाने पर सीतापति श्री रामचन्द्र जी रावण से युद्ध क्यों करते? इसी प्रकार देश की रक्षा के लिए देशपति राजा शत्रु के साथ युद्ध क्यों करते? तथा रावण, कौरव आदि दोषी क्यों होते? इससे सिद्ध है कि स्त्री, धन व देश आदि का स्वामिपना यथार्थ है। यदि इस सम्बन्ध को अर्थात् स्वामिपने को सर्वथा अयथार्थ मान लिया जाय तो अराजकता और अन्याय फैल जायगा। चोरी आदि पाप नहीं ठहरेगा। इसका विशेष कथन सूत्र २१३ की टीका में है।

स्वजाति-उपचरित-असद्भूत-व्यवहार-उपनय—

स्वजात्युपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा पुत्रदारादि मम ॥८९॥

सूत्रार्थ—पुत्र, स्त्री आदि मेरे हैं ऐसा कहना स्वजात्युपचरितासद्भूत-व्यवहारनय का विषय है।

विशेषार्थ—जो नय उपचार से स्वजातीय द्रव्य का स्वजातीय द्रव्य को स्वामी बतलाता है वह स्वजात्युपचरितासद्भूतव्यवहार उपनय है। जैसे—पुत्र, स्त्री आदिक मेरे हैं। संस्कृत नयचक्र में भी कहा है—

पुत्रमित्रकलत्रादि ममैतदहमेव वा।
वदन्नेवं भवत्येषोऽसद्भूतो ह्युपचारवान् ॥२॥ [पृ० ४८]

'ये पुत्र, मित्र, स्त्री आदि मेरे हैं, मैं इनका स्वामी हूँ' यह कथन सत्योपचार असद्भूत व्यवहार की अपेक्षा है। लोकोपचार में यथार्थ स्वामित्वपना

पाया जाता है किन्तु आत्मरूप नही है इसलिये असद्भूत है ।

प्राकृत नयचक्र में भी इसी प्रकार कहा है—

पुत्ताइवंधुवग्ग अहं च मम संपयाइ जंपंतो ।
उवयारासब्भूओ सज्जाइदव्वेसु णायव्वो ॥७३॥ [पृ० १७]

अर्थ—पुत्रादि बन्धु वर्ग का मैं स्वामी हूँ, ये मेरी सम्पदा है ऐसा कहना स्वजातिउपचरित-असद्भूत-व्यवहार उपनय है ।

इस नय का विषय यथार्थ है । सूत्र ८८ व २१३ के विशेपार्थ मे विशद कथन है ।

विजात्युपचरितासद्भूतव्यवहार उपनय—

विजात्युपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा वस्त्राभरणहेमरत्नादिमम ॥९०॥

सूत्रार्थ—वस्त्र, आभूषण, स्वर्ण, रत्नादि मेरे हैं ऐसा कहना विजात्युपचरित-असद्भूत-व्यवहार उपनय है ।

विशेषार्थ—सोना, चाँदी आदि अपनी जाति के द्रव्य नही हैं, अत' विजातीय द्रव्य हैं । आत्मरूप नही हैं अत' असद्भूत है । तथापि लोकोपचार में यथार्थ स्वामिपना पाया जाता है । सस्कृत नयचक्र पृ० ४८ पर कहा भी है—

हेमाभरणवस्त्रादि ममेदं यो हि भाषते ।
उपचारादसद्भूतो विद्वद्भिः परिभाषितः ॥३॥

अर्थ—'सोना, आभरण वस्त्र आदि मेरे हैं' जो नय ऐसा कहता है, विद्वज्जनो ने उस नय को विजात्युपचरितासद्भूतव्यवहार नय कहा है ।

प्राकृत नयचक्र पृ० १७ पर भी इसी प्रकार कहा है—

आहरणहेमरयणं वत्थादीया ममन्ति जंपंतो ।
उवयारअसब्भूओ विजादिदव्वेसु णायव्वो ॥७४॥

'आभरण, सोना, वस्त्रादि मेरे हैं' ऐसा कहना विजात्युपचरितासद्भूत-

व्यवहार-उपनय जानना चाहिए। सूत्र ८८ व २१३ मे इसका विशेष कथन है।

स्वजातिविजात्युपचरितासद्भूतव्यवहार उपनय—

स्वजातिविजात्युपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा देशराज्य-दुर्गादि मम ॥६१॥

सूत्रार्थ—'देश, राज्य, दुर्ग आदि मेरे हैं' यह स्वजातिविजात्युपचरित-असद्भूतव्यवहार उपनय का विषय है।

विशेषार्थ—यहाँ पर मिश्र द्रव्य का स्वामिपना बतलाया गया है, क्योकि देशादिक मे सचेतन और अचेतन दोनो ही प्रकार के पदार्थों का समावेश रहता है। 'मैं' की अपेक्षा से देशादिक मे रहने वाले सचेतन पदार्थ स्वजातीय हैं और अचेतन पदार्थ विजातीय हैं। अत 'यह देश अथवा राज्य मेरा है' ऐसा ग्रहण करना स्वजातिविजात्युपचरितअसद्भूतव्यवहारनय है। यहाँ पर सचेतन-अचेतन मिश्रित पदार्थ को अभेदरूप से ग्रहण किया गया है।

देशं दुर्गं च राज्यं च गृह्णातीह ममेति य·।
उभयार्थोपचारत्वादसद्भूतोपचारकः ॥४॥

[सस्कृत नयचक्र पृ० ४८]

अर्थ जो नय देश, दुर्ग, राज्य आदि को ग्रहण करता है वह नय चेतना-चेतन मिश्र पृथक् पदार्थ को अपने बतलाता है। वह स्वजातिविजात्युपचरिता-सद्भूत व्यवहार उपनय है।

देसं च रज्ज दुग्गं एवं जो चेव भणइ मम सव्व।
उहयत्थे उपयरिओ होइ असब्भूयववहारो ॥७५॥

[प्राकृत नयचक्र पृ० १७]

अर्थ—देश, राज्य, दुर्ग ये सब मेरे हैं ऐसा जो नय कहता है वह स्वजाति-विजात्युपचरितासद्भूतव्यवहार उपनय है।

॥ उपचरितअसद्भूतव्यवहार उपनय के तीनों भेदो का कथन हुआ ।।

गुण-व्युत्पत्ति अधिकार

सहभुवो गुणाः, क्रमवर्तिनः पर्यायाः ॥९२॥

सूत्रार्थ—साथ मे होने वाले गुण हैं और क्रम क्रम से होने वाली पर्यायें हैं। अर्थात् अन्वयी गुण हैं और व्यतिरेक परिणाम पर्यायें हैं।

विशेषार्थ—सस्कृत नयचक्र मे पृ० ५७ पर भी कहा है—

'सहभुवो गुणाः। क्रमभाविनः पर्यायाः।'

अर्थ—साथ मे होने वाला गुण है और क्रमवर्ती पर्यायें हैं।

ऐसा नही है कि द्रव्य पहिले हो और बाद मे गुणों से सम्बन्ध हुआ हो। किन्तु द्रव्य और गुण अनादि काल से हैं, इनका कभी भी विच्छेद नही होता है अतः गुण का लक्षण 'सहभुवः' कहा है। अथवा जो निरन्तर द्रव्य में रहते हैं और अन्य गुण से रहित हैं वे गुण हैं। [मोक्षशास्त्र ५/४१]

विशेष गुण का लक्षण—

गुण्यते पृथक्क्रियते द्रव्यं द्रव्याद्यैस्तेगुणाः ॥९३॥

सूत्रार्थ—जिनके द्वारा एक द्रव्य दूसरे द्रव्य से पृथक् किया जाता है, वे (विशेष) गुण कहलाते हैं।

विशेषार्थ—संस्कृत नयचक्र पृ० ५७ पर भी कहा है—

'गुणव्युत्पत्तिर्गुण्यते पृथक्क्रियते द्रव्याद्द्रव्यं येनासौ विशेष-गुणः।'

अर्थ—जिसके द्वारा एक द्रव्य दूसरे द्रव्य से पृथक् किया जाता है वह विशेषगुण है, यह गुण का व्युत्पत्ति अर्थ है।

सामान्यगुण और विशेषगुण के भेद से गुण दो प्रकार के हैं। सामान्य-गुण सब द्रव्यो में पाये जाते हैं। उन सामान्यगुणो के द्वारा तो एक द्रव्य दूसरे द्रव्य से पृथक् नही किया जा सकता, विशेषगुणों के द्वारा ही एक द्रव्य दूसरे द्रव्य से पृथक् किया जा सकता है। अत. गुण का यह व्युत्पत्ति अर्थ विशेष गुण मे ही घटित होता है और 'सहभुवो गुणाः' अथवा 'द्रव्याश्रया

निर्गुणा गुणाः ॥४१॥ [मोक्षशास्त्र अ० ५]' ये दोनो लक्षण सब गुणो मे घटित होते हैं।

अस्तीत्येतस्य भावोऽस्तित्वं सद्रूपत्वम् ॥६४॥

सूत्रार्थ—'अस्ति' इसके भाव को अर्थात् सत्रूपपने को अस्तित्व कहते हैं।

विशेषार्थ—संस्कृत नयचक्र पृ० ५७ पर भी कहा है—

'अस्तित्वस्य भावोऽस्तित्वं। सीदति स्वकीयान् गुणपर्यायान् व्यापनोतीति सत्।'

अर्थ—अस्तित्व का भाव अस्तित्व है। अपने गुण और पर्याय मे व्याप्त होने वाला सत् है।

अस्तित्व गुण का विशेष कथन सूत्र ६ की टीका मे किया जा चुका है।

वस्तुनोभावो वस्तुत्वम्, सामान्यविशेषात्मकं वस्तु ॥६५॥

सूत्रार्थ—सामान्य-विशेषात्मक वस्तु होती है। उस वस्तु का जो भाव वह वस्तुत्व है।

विशेषार्थ—यही लक्षण सस्कृत नयचक्र पृ० ५७ पर कहा गया है।

परीक्षामुख चतुर्थ अध्याय मे वस्तु का तथा सामान्य व विशेष का लक्षण निम्न प्रकार कहा गया है—

'सामान्यविशेषात्मा तदर्थो विषयः ॥१॥ सामान्यं द्वेधा तिर्यगूर्ध्वताभेदात् ॥३॥ सदृशपरिणामस्तिर्यक्, खण्डमुण्डादिषु गोत्ववत् ॥४॥ परापरविवर्तव्यापि द्रव्यमूर्ध्वता मृदिव स्थासादिषु ॥५॥ विशेषश्च ॥६॥ पर्याय व्यतिरेकभेदात् ॥७॥ एकस्मिन् द्रव्ये क्रमभाविनः परिणामाः पर्याया आत्मनि हर्षविषादादिवत् ॥८॥ अर्थान्तरगतो विसदृशपरिणामो व्यतिरेको गोमहिषादिवत् ॥९॥

अर्थ—सामान्य-विशेषात्मक पदार्थ प्रमाण का विषय है ॥१॥ तिर्यक्

सामान्य और ऊर्ध्वतासामान्य के भेद से सामान्य दो प्रकार का है ॥३॥ सदृश अर्थात् सामान्य परिणाम को तिर्यक् सामान्य कहते है, जैसे—खण्डी, मुण्डी आदि गायो मे गोपना समान रूप से रहता है ॥४॥ पूर्व और उत्तर पर्यायो मे रहने वाले द्रव्य को ऊर्ध्वता सामान्य कहते हैं। जैसे—स्थास, कोश, कुशूल आदि घट की पर्यायो मे मिट्टी रहती है ॥५॥ विशेष भी दो प्रकार का है, पर्याय, व्यतिरेक के भेद से ॥६-७॥ एक द्रव्य मे क्रम से होने वाले परिणाम को पर्याय कहते हैं। जैसे—आत्मा मे हर्ष, विषाद आदि परिणाम क्रम से होते हैं, वे ही पर्याय हैं ॥८॥ एक पदार्थ की अपेक्षा अन्य पदार्थ मे रहने वाले विसदृश परिणाम को व्यतिरेक कहते हैं। जैसे—गाय, भैस आदि मे विलक्षणपना पाया जाता है ॥९॥

द्रव्यस्यभावो द्रव्यत्वम्, निजनिजप्रदेशसमूहैरखण्डवृत्या स्वभावविभावपर्यायान् द्रवति द्रोष्यति अदुद्रुवदिति द्रव्यम् ।९६।

अर्थ—जो अपने अपने प्रदेश समूह के द्वारा अखण्डपने से अपने स्वभाव-विभाव पर्यायो को प्राप्त होता है, होवेगा, हो चुका है, वह द्रव्य है। उस द्रव्य का जो भाव है, वह द्रव्यत्व है।

विशेषार्थ—वस्तु के सामान्य अश को द्रव्यत्व कहते हैं, क्योकि वह सामान्य ही विशेषो (पर्यायो) को प्राप्त होता है। जैसे—पिंड और घट पर्यायो को मिट्टी प्राप्त होती है। सामान्य के बिना विशेष नही हो सकते और विशेष के बिना सामान्य नही रह सकता।

पचास्तिकाय गाथा ९ की टीका मे भी कहा है—

'द्रवति गच्छति सामान्यरूपेण स्वरूपेण व्याप्नोति तांस्तान् क्रमभुवः सहभुवश्च सद्भावपर्यायान् स्वभावविशेषानित्यनुगतार्थया निरुक्त्या द्रव्यं व्याख्यातम् ।'

अर्थ—उन उन क्रमभावी, सहभावी पर्यायो को अर्थात् स्वभावविशेषो को जो द्रवित होता है, प्राप्त होता है, सामान्यरूप स्वरूप से व्याप्त होता है. वह द्रव्य है। इस प्रकार निरुक्ति से द्रव्य की व्याख्या की गई।

सद्द्रव्यलक्षणम्, सीदति स्वकीयान् गुणपर्यायान् व्याप्नोतीति सत्; उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत् ॥९७॥

सूत्रार्थ—द्रव्य का लक्षण सत् है। अपने गुण और पर्यायों को व्याप्त होने वाला सत् है। अथवा जो उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य से युक्त है, वह सत् है।

विशेषार्थ—सूत्र ६ मे 'सद्द्रव्यलक्षणम्' और सूत्र ७ मे 'उत्पाद-व्ययध्रौव्ययुक्तं सत्' का अर्थ कहा जा चुका है।

द्रव्यसामान्य ही अपने गुण और पर्यायों मे व्याप्त होता है, वह द्रव्य सामान्य ही द्रव्यार्थिक नय का विषय है। जैसे—स्वर्ण ही अपने पीतत्व आदि गुणो को तथा कुण्डल आदि पर्यायों को प्राप्त होता है। द्रव्य आधार है, गुण और पर्यायें आधेय हैं। कहा भी है—

'द्रव्याश्रयानिर्गुणागुणाः ॥४१॥' [मोक्षशास्त्र अ० ५]

जिन के रहने का आश्रय द्रव्य है, वे द्रव्याश्रय कहलाते है अर्थात् जो सदा द्रव्य के आश्रय से रहते हैं और जो गुणों से रहित हैं, वे गुण हैं।

प्रमेयस्यभावः प्रमेयत्वम्, प्रमाणेन स्वपररूपं परिच्छेद्यं प्रमेयम् ॥९८॥

सूत्रार्थ—प्रमाण के द्वारा जानने के योग्य जो स्व और परस्वरूप है, वह प्रमेय है। उस प्रमेय के भाव को प्रमेयत्व कहते है।

विशेषार्थ—परीक्षामुख मे प्रमाण का लक्षण निम्न प्रकार कहा है—

'स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञान प्रमाणम् ॥१॥'

अर्थ—स्व और अपूर्व अर्थ (अनिश्चित अर्थ) का निश्चयात्मक ज्ञान प्रमाण है।

अथवा, जो ज्ञान स्व और पर स्वरूप को विशेष रूप से निश्चय करे, वह प्रमाण है। उस प्रमाण के द्वारा जो जानने योग्य है अथवा जो प्रमाण के द्वारा जाना जाय, वह प्रमेय है। उस प्रमेय के भाव को प्रमेयत्व कहते हैं।

जिस शक्ति के निमित्त से द्रव्य ज्ञान का विषय अवश्य होता है वह प्रमेयत्व गुण है। यदि द्रव्य मे प्रमेयत्व गुण न हो तो वह किसी भी ज्ञान का विषय नही हो सकता था।

यद्यपि अन्य गुणो मे और पर्यायो मे प्रमेयत्व गुण नही है तथापि वे गुण और पर्याय द्रव्य से अभिन्न हैं इसलिए वे भी ज्ञान का विषय वन जाते हैं। यदि कहा जाय कि भूत और भावि पर्यायो का वर्तमान काल मे द्रव्य मे अभाव है, अर्थात् उनका प्रध्वसाभाव और प्रागभाव है, वे ज्ञान का विषय नही हो सकती, क्योकि उनमे प्रमेयत्व गुण नही पाया जाता तो ऐसा कहना ठीक नही है। यद्यपि भूत और भावि पर्यायो का वर्तमान मे अभाव है, क्योकि एक समय मे एक ही पर्याय रहती है, तथापि वे भूत और भावि पर्यायें वर्तमान पर्यायो मे शक्तिरूप से रहती हैं और वर्तमान पर्याय द्रव्य से अभिन्न होने के कारण ज्ञान का विषय है। अत. वर्तमान पर्याय मे शक्तिरूप से पडी हुई भूत और भावि पर्यायें भी ज्ञान का विषय वन जाती हैं। जयधवल पु० १ पृ० २२ व २३ पर कहा भी है—

'जो जाना जाता है उसे अर्थ कहते हैं, इस व्युत्पत्ति के अनुसार वर्तमान पर्याय मे ही अर्थपना पाया जाता है। शका—वह अर्थ अतीत और अनागत पर्यायो मे भी समान है? समाधान—नही, क्योकि अनागत और अतीत पर्यायो का ग्रहण वर्तमान अर्थ के ग्रहणपूर्वक होता है। अर्थात् अतीत और अनागत पर्यायें भूतशक्ति और भविष्यत् शक्ति रूप से वर्तमान अर्थ मे ही विद्यमान रहती हैं। अत. उनका ग्रहण वर्तमान अर्थ के ग्रहणपूर्वक ही हो सकता है, इसलिये उन्हे 'अर्थ' यह संज्ञा नहीं दी गई।

[नोट—इसका विशेष कथन सूत्र ३७ के विशेषार्थ मे है।]

अगुरुलघोर्भावोऽगुरुलघुत्वम् सूक्ष्मा अवाग्गोचरा: प्रतिक्षण वर्तमाना आगमप्रमाण्यादभ्युपगम्या अगुरुलघुगुणा: ॥६६॥

[1]सूक्ष्मं जिनोदितं तत्त्वं हेतुभिर्नैव हन्यते।
आज्ञासिद्धं तु तद्ग्राह्यं नान्यथावादिनो जिना: ॥५॥

१. यह गाथा पचास्तिकाय गाथा १६ की टीका मे उद्धृत है।

सूत्रार्थ—जो सूक्ष्म है, वचन के अगोचर है, प्रतिसमय मे परिणमनशील है तथा आगम प्रमाण से जाना जाता है, वह अगुरुलघुगुण है ।

गाथार्थ—जिनेन्द्र भगवान के कहे हुए सूक्ष्म तत्त्व हेतुओ के द्वारा खण्डित नही किये जा सकते । उन आज्ञासिद्ध सूक्ष्म तत्त्वो को ग्रहण करना चाहिये क्योकि जिनेन्द्र भगवान अन्यथावादी नही होते ।

विशेषार्थ—अगुरुलघु गुण के विषय मे सूत्र ९ व सूत्र १७ के विशेषार्थ मे वहुत कुछ कहा जा चुका है, वहा से देख लेना चाहिये ।

अनेक विषमभवरूपी गहन ससार मे प्राप्ति के हेतु कर्मरूपी शत्रु हैं । इन कर्मरूपी शत्रुओ को जिसने जीत लिया अथवा क्षय कर दिया, वह जिन है । उन जिनेन्द्र भगवान ने ही अगुरुलघुगुण का कथन किया है और वह अनुमान आदि से भी सिद्ध होता है ।

प्रदेशस्यभावः प्रदेशत्वं क्षेत्रत्वं अविभागिपुद्गलपरमाणु-नावष्टब्धम् ॥१००॥

सूत्रार्थ—प्रदेश का भाव प्रदेशत्व है अथवा क्षेत्रत्व है । एक अविभागी पुद्गल परमाणु के द्वारा व्याप्त क्षेत्र को प्रदेश कहते हैं ।

विशेषार्थ—वृहद्द्रव्यसग्रह मे भी प्रदेश का लक्षण निम्न प्रकार कहा है—

जावदियं आयास अविभागिपुग्गलाणुवट्ठद्धं ।
तं खु पदेसं जाणे सव्वाणुट्ठाणदाणरिहं ॥२७॥

अर्थ—जितना आकाश का क्षेत्र अविभागी पुद्गल परमाणु द्वारा रोका जाता है वह प्रदेश है ।

प्राकृत नयचक्र पृ० ५८ पर प्रदेश का लक्षण निम्न प्रकार कहा है—

जेत्तियमेत्त खेतं अणूण रुद्धं खु गयणदव्वस्स ।
तं च पएसं भणियं जाण तुमं सव्वदरसीहिं ॥१४१॥

अर्थ—आकाश द्रव्य के जितने क्षेत्र को पुद्गल परमाणु रोकता है, उस को प्रदेश जानो, ऐसा सर्वज्ञ ने कहा है ।

इस आकाश प्रदेश के द्वारा ही धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, जीवद्रव्य और कालद्रव्य मे प्रदेशो की गणना की जाती है।

चेतनस्य भावश्चेतनत्वम् चैतन्यमनुभवनम् ॥१०१॥

चैतन्यमनुभूतिः स्यात् सा क्रियारूपमेव च ।
क्रिया मनोवचःकायेष्वन्विता वर्तते ध्रुवम् ॥६॥

सूत्रार्थ—चेतन के भाव को अर्थात् पदार्थों के अनुभव को चेतनत्व कहते हैं।

गाथार्थ—चैतन्य नाम अनुभूति का है। वह अनुभूति क्रियारूप अर्थात् कर्तव्यस्वरूप ही होती है। मन, वचन, काय से अन्वित (सहित) वह क्रिया नित्य होती रहती है।

विशेषार्थ—जीवाजीवादि पदार्थों के अनुभवन को, जानने को चेतना कहते हैं। वह अनुभवन ही अनुभूति है। अथवा द्रव्यस्वरूप चिंतन को अनुभूति कहते हैं। श्री अमृतचन्द्राचार्य ने पचास्तिकाय गाथा ३९ की टीका में लिखा है—

'चेतयंते अनुभवन्ति उपलभंते विदंतीत्येकार्थाश्चेतनानुभूत्युपलब्धिवेदनानामेकार्थत्वात् ।'

अर्थ—चेतता है, अनुभव करता है, उपलब्ध करता है और वेदता है ये एकार्थ हैं क्योकि चेतना, अनुभूति, उपलब्धि और वेदना का एकार्थ है।

अचेतनस्य भावोऽचेतनत्वमचैतन्यमननुभवनम् ॥१०२॥

सूत्रार्थ—अचेतन के भाव को अर्थात् पदार्थों के अननुभवन को अचेतनत्व कहते हैं।

विशेषार्थ—जीव के अतिरिक्त पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये पाचो द्रव्य अचेतन हैं, जड हैं, क्योकि इनमे जानने की शक्ति अर्थात् अनुभवन का अभाव है।

मूर्तस्य भावो मूर्तत्वं रूपादिमत्त्वम् ॥१०३॥

सूत्रार्थ—मूर्त के भाव को अर्थात् रूप, रस, गन्ध, स्पर्शयुक्तता को मूर्त कहते है।

विशेषार्थ—पुद्गल और ससारी जीव मूर्त हैं। सूत्र २९ मे भी जीव के मूर्त स्वभाव कहा है। श्री अमृतचन्द्रादि अन्य आचार्यो ने भी ससारी जीव को मूर्तिक कहा है।

तथा च मूर्तिमानात्मा सुराभिभवदर्शनात्।
नह्यमूर्त्तस्य नभसो मदिरा मदकारिणी ॥१६॥ [तत्त्वार्थसार बध]

अर्थात्—आत्मा मूर्तिक होने के कारण मदिरा से पागल हो जाती है, किन्तु अमूर्तिक आकाश को मदिरा मदकारिणी नही होती है।

'यथा खलु पयःपूरः प्रदेशस्वादाभ्यां पिचुमन्दचन्दनादिवनराजीं परिणमन्न द्रवत्वस्वादुत्वस्वभावमुपलभते, तथात्मापि प्रदेशभावाभ्यां कर्मपरिणमनान्नामूर्तत्वनिरुपरागविशुद्धिमत्त्वस्वभावमुपलभते।'
[प्रवचनसार गा० ११८ टीका]

अर्थ—जैसे पानी का पूर प्रदेश से और स्वाद से निम्ब, चन्दनादि वनराजिरूप परिणमित होता हुआ द्रवत्व और स्वादुत्वरूप स्वभाव को उपलब्ध नही करता, उसी प्रकार आत्मा भी प्रदेश से और भाव से स्वकर्मरूप परिणमित होने से अमूर्तत्व और विकाररहित विशुद्ध स्वभाव को उपलब्ध नही करता।

जीवाजीव दव्वं रूवारूविति होदि पत्तेयं।
संसारत्था रूवा कम्मविमुक्का अरूवगया ॥
[गो० जीवकाड ५६३]

अर्थात्—ससारी जीव रूपी (मूर्तिक) है और कर्मरहित सिद्धजीव अमूर्तिक हैं।

'कम्मसंबधवसेण पोग्गलभावमुवगय जीवदव्वाणं च पच्चक्खेण परिच्छित्ति कुणइ ओहिणाणं।' [जयधवल पु० १ पृ० ४३]

अर्थ—कर्म के सम्बन्ध से पुद्गल भाव को प्राप्त हुए जीवों को जो प्रत्यक्षरूप से जानता है, वह अवधिज्ञान है। धवल पु० १३ पृ० ३३३ पर भी इसी प्रकार कहा है।

'अनादिबन्धनबद्धत्वतो मूर्तानां जीवावयवानां मूर्तेण शरीरेण सम्बन्धं प्रति विरोधासिद्धेः।' [धवल पु० १ पृ० २९२]

अर्थ—जीव के प्रदेश अनादिकालीन बन्धन से बद्ध होने के कारण मूर्त हैं अतः उनका मूर्त शरीर के साथ सम्बन्ध होने मे कोई विरोध नही आता।

इसी प्रकार धवल पु० १६ पृ० ५१२ पर भी कहा है।

धवल पु० १५ पृ० ३२, पु० १४ पृ० ४५ पर कहा है 'अनादिकालीन बन्धन से बद्ध रहने के कारण जीव के अमूर्तत्व का अभाव है।'

अमूर्तस्य भावोऽमूर्तत्वं रूपादिरहितत्वम्।।१०४।।

सूत्रार्थ—अमूर्त के भाव को अर्थात् स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण से रहितपने को अमूर्तत्व कहते हैं।

विशेषार्थ—सिद्धजीव, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य ये अमूर्तिक है। इनमे स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण नही पाया जाता है और पुद्गल द्रव्य से बधे हुए भी नही हैं, इसलिये असद्भूत व्यवहारनय से भी इनके मूर्तपना नही है।

।। इस प्रकार गुणों की व्युत्पत्ति का कथन हुआ ।।

पर्याय की व्युत्पत्ति

स्वभावविभावरूपतया याति पर्येति परिणमतीति पर्यायः ।।१०५।।

सूत्रार्थ—जो स्वभाव विभावरूप से सदैव परिणमन करती रहती है, वह पर्याय है।

विशेषार्थ—सूत्र १५ मे 'गुणविकाराः पर्यायाः' कहा है। परि+आयः

= पर्याय है। परि का अर्थ समन्तात है और आयः का अर्थ अय गतौ अयनं है।

स्वभाव और विभाव के भेद से पर्याय दो प्रकार की है। बन्धन से रहित शुद्ध द्रव्यो की अगुरुलघुगुण की षड्वृद्धि हानि के द्वारा स्वभाव पर्याय होती है। बन्धन को प्राप्त अशुद्ध द्रव्यो की परनिमित्तक विभाव पर्याय होती है। इसका विशेष कथन सूत्र १६ के विशेषार्थ मे है।

द्रव्य का लक्षण उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य है। अर्थात् द्रव्य मे प्रतिसमय पूर्व पर्याय का व्यय और उत्तर पर्याय का उत्पाद होता रहता है। यही द्रव्य का परिणमन है। सिद्धजीव, पुद्गल परमाणु, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्य इनमे स्वभाव परिणमन होने से स्वभाव पर्यायें होती है। ससारीजीव और पुद्गलस्कध अशुद्ध द्रव्य हैं इनमे विभाव पर्याय होती हैं।

॥ इस प्रकार पर्याय की व्युत्पत्ति का कथन हुआ ॥

स्वभावव्युत्पत्ति अधिकार

स्वभावलाभादच्युतत्वादस्तिस्वभावः ॥१०६॥

सूत्रार्थ—जिस द्रव्य को जो स्वभाव प्राप्त है उससे कभी भी च्युत नही होना अस्तिस्वभाव है।

विशेषार्थ—जीव का चेतन स्वभाव है। चेतन स्वभाव से कभी च्युत नही होना जीव का अस्तिस्वभाव है। यदि जीव चेतनस्वभाव से च्युत हो जावे तो जीव का अस्तित्व ही समाप्त हो जावेगा

स्व का होना या स्व के द्वारा होना स्वभाव है। लाभ का अर्थ व्याप्ति है।

परस्वरूपेणाभावान्नास्तिस्वभावः ॥१०७॥

सूत्रार्थ—परस्वरूप नही होना नास्ति स्वभाव है।

विशेषार्थ—संस्कृत नयचक्र पृ० ६१ पर लिखा है—

'परस्वरूपेणाभावत्वान्नास्तिस्वभावं।'

अर्थात्—परस्वरूप की अपेक्षा अभाव होने से नास्तिस्वभाव है।

सूत्र मे 'अभावात्' शब्द का अर्थ अभवनात् है।

निज-निज-नानापर्यायेषु तदेवेदमिति द्रव्यस्योपलम्भान्नित्य-स्वभावः ॥१०८॥

सूत्रार्थ—अपनी अपनी नाना पर्यायो मे 'यह वही है' इस प्रकार द्रव्य की प्राप्ति 'नित्य स्वभाव' है।

विशेषार्थ—ध्रुवत्व अश की अपेक्षा से अथवा सामान्य अश की अपेक्षा से द्रव्य नित्य स्वभावी है जो द्रव्यार्थिक नय का विषय है। अर्थात् द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा द्रव्य नित्य है।

तस्याप्यनेकपर्यायपरिणामितत्वादनित्यस्वभावः ॥१०९॥

सूत्रार्थ—उस द्रव्य का अनेक पर्यायरूप परिणत होने से अनित्य स्वभाव है।

विशेषार्थ—प्रतिसमय उत्पाद व्यय की दृष्टि से द्रव्य परिणमनशील होने से अथवा पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा द्रव्य अनित्यस्वभावी है। प्रमाण की अपेक्षा द्रव्य नित्यानित्यात्मक है।

स्वभावानामेकाधारत्वादेकस्वभावः ॥११०॥

सूत्रार्थ—सम्पूर्ण स्वभावों का एक आधार होने से एक स्वभाव है।

विशेषार्थ—अनेक गुणों, पर्यायो और स्वभावो का एक द्रव्य सामान्य आधार होने से द्रव्य एक स्वभावी है। सस्कृत नयचक्र पृ० ६५ पर कहा भी है—

'सामान्यरूपेणैकत्वमिति।'

अर्थात्—सामान्य की अपेक्षा एक स्वभाव है।

एकस्याप्यनेकस्वभावोपलम्भादनेक स्वभावः ॥१११॥

सूत्रार्थ—एक ही द्रव्य के अनेक स्वभावो की उपलब्धि होने से 'अनेक स्वभाव' है।

विशेषार्थ—एक ही द्रव्य नाना गुणो, पर्यायो और स्वभावो का आधार

है। यद्यपि आधार एक है किन्तु आधेय अनेक हैं। अतः आधेय की अपेक्षा से अथवा विशेषो की अपेक्षा से द्रव्य अनेक स्वभावी है। संस्कृत नयचक्र पृ० ६५ पर कहा है—'स्यादनेक इति विशेषरूपेणैव कुर्यात।'

अर्थात्—विशेष की अपेक्षा अनेक स्वभाव है।

गुणगुण्यादिसंज्ञादिभेदाद् भेदस्वभावः ॥११२॥

सूत्रार्थ—गुण गुणी आदि मे सज्ञा, संख्या, लक्षण और प्रयोजन की अपेक्षा भेद होने से 'भेद स्वभाव' है।

विशेषार्थ—गुण और गुणी दोनो पृथक् पृथक् सज्ञा हैं अतः सज्ञा की अपेक्षा गुण और गुणी मे भेद है। गुण अनेक हैं और गुणी एक है अतः संख्या की अपेक्षा भी गुण और गुणी मे भेद है। द्रव्य का लक्षण सत् है और गुण का लक्षण है 'द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः' (जो द्रव्य के आश्रय और अन्य गुणो से रहित है वह गुण है) अतः दोनो का पृथक् पृथक् लक्षण होने से गुण और गुणी मे लक्षण की अपेक्षा भी भेद है। द्रव्य के द्वारा लोक का ज्ञान किया जाता है और गुण के द्वारा द्रव्य जाना जाता है, इस प्रकार गुण गुणी का पृथक् पृथक् प्रयोजन होने से गुण और गुणी मे प्रयोजन की अपेक्षा से भी भेद है। जैसे—जीव द्रव्य मे गुणी की सज्ञा 'जीव' है और गुण की सज्ञा 'ज्ञान' है। जो इन्द्रिय, बल, आयु, प्राणापान इन चार प्राणों के द्वारा जीता है, जीता था और जीवेगा, यह जीव द्रव्य—गुणी का लक्षण है। जिस के द्वारा पदार्थ जाना जाय वह ज्ञान है, यह ज्ञान का लक्षण है। जीव द्रव्य—गुणी अविनश्वर रहते हुये भी बंध, मोक्ष आदि पर्याय रूप परिणमन करता है यह जीव गुणी का प्रयोजन है। मात्र पदार्थ को जानना ज्ञान गुण का प्रयोजन है। इस प्रकार गुण गुणी मे पर्याय पर्यायी आदि मे सज्ञादि की अपेक्षा भेद होने से द्रव्य मे भेद स्वभाव है।

संस्कृत नयचक्र पृ० ६५ पर कहा है 'सद्भूतव्यवहारेण भेद इति।' अर्थात् सद्भूतव्यवहारनय की अपेक्षा भेद स्वभाव है।

गुणगुण्याद्येकस्वभावादभेदस्वभावः ॥११३॥

सूत्रार्थ—गुण और गुणी का एक स्वभाव होने से अभेद स्वभाव है।

विशेषार्थ—निश्चयनय अर्थात् द्रव्यार्थिक नय की दृष्टि मे एक अखण्ड द्रव्य है उसमे गुणो की कल्पना नही है। समयसार[1] गाथा ७ मे श्री कुंदकुंद आचार्य ने कहा है कि व्यवहारनय से जीव मे दर्शन, ज्ञान, चारित्र है किन्तु निश्चयनय से न दर्शन है, न ज्ञान है, न चारित्र है। द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा जीव मे दर्शन, ज्ञान, चारित्र ऐसा भेद नही है। सस्कृत नयचक्र पृ० ६५ पर कहा है—'स्यादभेद इति द्रव्यार्थिकेनैव कुर्यात।' अर्थात् द्रव्यार्थिक नय से ही अभेद स्वभाव है।

प्राकृत नयचक्र पृ० ३१ पर कहा है—

गुणपज्जयदो दव्व दव्वादो ण गुणपज्जया भण्णा।
जह्मा तह्मा भणियं दव्वं गुणपज्जयमणण्णं ॥४२॥

अर्थ—गुण, पर्याय से द्रव्य और द्रव्य से गुण, पर्याय भिन्न नही है अर्थात् प्रदेशभेद नही है इसलिए गुण, पर्याय से द्रव्य को अनन्य कहा है अर्थात् गुण गुणी मे अभेद स्वभाव कहा है।

भाविकाले परस्वरूपाकार[2]भवनाद्भव्यस्वभावः ॥११४॥

सूत्रार्थ—भाविकाल मे पर (आगामी पर्याय) स्वरूप होने से भव्य स्वभाव है।

विशेषार्थ—'पर' शब्द के अनेक अर्थ हैं किन्तु इस सूत्र मे भाविकाल की दृष्टि से 'पर' का अर्थ 'आगे' होगा। श्री अमृतचन्द्राचार्य ने भी पचास्तिकाय गाथा ३७ की टीका मे कहा है—

'द्रव्यस्य सर्वदा अभूतपर्यायैः भाव्यमिति।'

अर्थ—द्रव्य सर्वदा अभूत (भावि) पर्यायो से भाव्य है। अर्थात् भावि

---

१. ववहारेणुवदिस्सइ णाणिस्स चरित्त दंसणं णाणं।
णवि णाणं ण चरित्तं ण दंसणं जाणगो सुद्धो ॥

२ सस्कृत नयचक्र पृ० ६२ पर 'स्वस्वभाव' पाठ है।

पर्याय रूप होने योग्य है अतः द्रव्य में भव्य भाव है ।

प्राकृत नयचक्र पृ० ३८ पर टिप्पण मे भी कहा है—

'भवितुं परिणामितुं योग्यत्वं तु भव्यत्वं, तेन विशिष्टत्वाद्-भव्याः ।'

अर्थ—होने योग्य अथवा परिणमन करने योग्य वह भव्यत्व है । उस भव्यत्व भाव से विशिष्ट द्रव्य भव्य है ।

यद्यपि सूत्र मे 'परस्वरूपाकार' है किन्तु सस्कृत नयचक्र में 'स्वस्वभाव' पाठ है । क्योकि प्रत्येक द्रव्य अपने स्वभाव रूप परिणमन करने योग्य है इसलिए प्रत्येक द्रव्य में भव्य स्वभाव है ।

प्राकृत नयचक्र पृ० ४० पर भी कहा है कि भव्य स्वभाव के स्वीकार न करने पर सर्वथा एकान्त से अभव्य भाव मानने पर शून्यता का प्रसंग आ जायगा क्योकि अपने स्वरूप से भी अभवन अर्थात् नही होगा ।[1]

अत. संस्कृतनयचक्रानुसार इस सूत्र का पाठ निम्न प्रकार होना चाहिये—

'भाविकाले स्वस्वभावभवनाद्भव्यस्वभावत्वं ।'

कालत्रयेऽपि परस्वरूपाकाराभवनादभव्यस्वभावः ।।११५।।

सूत्रार्थ—क्योकि त्रिकाल मे भी परस्वरूपाकार (दूसरे द्रव्य रूप) नही होगा अतः अभव्य स्वभाव है ।

विशेषार्थ—अनादि काल से छहों द्रव्य एक क्षेत्रावगाह हो रहे हैं किन्तु किसी द्रव्य के एक प्रदेश का भी अन्य द्रव्यरूप परिणमन नही हुआ । इसी बात को स्वयं ग्रन्थकार पंचास्तिकाय गाथा ७ उद्धृत करके सिद्ध करते हैं ।

अण्णोण्णं पविसंता दिता ओगासमण्णमण्णस्स ।
मेलंता वि य णिच्चं सगं सभावं ण विजहंति ।।७।।

गाथार्थ—वे द्रव्य एक-दूसरे मे प्रवेश करते हैं, अन्योन्य को अवकाश

---

१. 'अभव्यस्यापि तथा शून्यताप्रसंगः स्वरूपेणाप्यभवनात् ।'

देते हैं, परस्पर मिल जाते हैं तथापि सदा अपने-अपने स्वभाव को नही छोडते।

विशेषार्थ—जीव और पुद्गल परस्पर एक-दूसरे मे प्रवेश करते हैं तथा शेष धर्मादि चार द्रव्य क्रियावान् जीव और पुद्गलो को अवकाश देते हैं तथा धर्मादि निष्क्रिय चार द्रव्य एक क्षेत्र मे परस्पर मिलकर रहते हैं तथापि कोई भी द्रव्य अपने स्वभाव को नही छोडता।[1]

पारिणामिकभावप्रधानत्वेन परमस्वभावः ॥११६॥

सूत्रार्थ—पारिणामिक भाव की प्रधानता से परमस्वभाव है।

विशेषार्थ—अपने स्वभाव से रहना या होना पारिणामिक भाव है। उस पारिणामिक भाव की मुख्यता से परमस्वभाव है।

॥ इस प्रकार से सामान्य स्वभावो का निरूपण हुआ ॥

प्रदेशादिगुणानां व्युत्पत्तिश्चेतनादि विशेषस्वभावानां च व्युत्पत्तिर्निगदिता ॥११७॥

सूत्रार्थ—प्रदेश आदि गुणो की व्युत्पत्ति तथा चेतनादि विशेष स्वभावो की व्युत्पत्ति कही गई।

विशेषार्थ—सूत्र ६४ से यहा तक ११ सामान्यस्वभावो की; चेतन, अचेतन, मूर्त, अमूर्त व प्रदेश—विशेष स्वभावो की; तथा प्रदेशत्व आदि गुणो की व्युत्पत्ति कही गई।

धर्मापेक्षया स्वभावा गुणा न भवन्ति ॥११८॥

सूत्रार्थ—स्वभाव की अपेक्षा स्वभाव गुण नही होते।

विशेषार्थ—ऐसे भी स्वभाव हैं जो गुण नही हैं। जैसे—'नास्तित्व' स्वभाव तो है परन्तु गुण नही है। इसी प्रकार एकस्वभाव, अनेकस्वभाव, भेदस्वभाव, अभेदस्वभाव आदि के विषय में भी जानना चाहिये। गुण और स्वभाव में क्या अन्तर है, इस सम्बन्ध मे सूत्र २८ के विशेषार्थ में सविस्तार कथन हो चुका है।

---

१ पचास्तिकाय गाथा ७ श्री जयसेन आचार्य की टीका।

स्वद्रव्यचतुष्टयापेक्षया परस्परं गुणाः स्वभावा भवन्ति ॥११९॥

सूत्रार्थ—स्वद्रव्य चतुष्टय अर्थात् स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभाव की अपेक्षा परस्पर मे गुण स्वभाव हो जाते हैं।

विशेषार्थ—अस्तित्व द्रव्य का गुण है। इस गुण का चतुष्टय और द्रव्य का चतुष्टय एक है। इस अस्तित्व गुण के कारण ही द्रव्य व अन्य गुणो का अस्तित्व है। अत. यह अस्तित्व गुण स्वभाव भी हो जाता है। इसी प्रकार अन्य गुणो के विषय मे भी यथायोग्य जान लेना चाहिये।

द्रव्याण्यपि भवन्ति ॥१२०॥

सूत्रार्थ—स्वद्रव्य चतुष्टय की अपेक्षा गुण द्रव्य भी हो जाते हैं।

विशेषार्थ—द्रव्य का चतुष्टय और गुण का चतुष्टय एक है। अत गुण द्रव्य भी हो जाते हैं। जैसे—चेतनद्रव्य, अचेतनद्रव्य, मूर्तद्रव्य, अमूर्तद्रव्य इत्यादि।

अब क्रमप्राप्त विभाव-स्वभाव की व्युत्पत्ति—

स्वभावादन्यथाभवनं विभावः ॥१२१॥

सूत्रार्थ—स्वभाव से अन्यथा होने को, विपरीत होने को विभाव कहते हैं।

विशेषार्थ—जीव का स्वभाव क्षमा है। क्षमा से विपरीत क्रोध रूप होना विभाव है।

शुद्धस्वभाव और अशुद्धस्वभाव की व्युत्पत्ति—

शुद्धं केवलभावमशुद्धं तस्यापि विपरीतम् ॥१२२॥

सूत्रार्थ—केवलभाव (खालिस, अमिश्रित भाव) शुद्धस्वभाव है। इस शुद्ध के विपरीत भाव अर्थात् मिश्रित भाव अशुद्धस्वभाव है।

विशेषार्थ—जो द्रव्य अवध है अर्थात् दूसरे द्रव्यो से बधा हुआ नही है, वह द्रव्य शुद्ध है और उसके जो भाव हैं वे भी शुद्ध हैं। किन्तु जो द्रव्य अन्य द्रव्यो से बधा हुआ है वह अशुद्ध है। उस अशुद्ध द्रव्य के जो भाव हैं वे भी अशुद्ध हैं। क्योकि 'उपादानकारण सदृश कार्यं भवतीति' अर्थात् उपादान कारण के सदृश ही कार्य होता है। इसी वात को श्री कुंदकुंद आचार्य दृष्टात द्वारा

वतलाते हैं।

कणयमया भावादो जायंते कुण्डलादयो भावा।
अयमयया भावादो जह जायंते तु कडयादी ॥

[समयसार गाथा १ ०]

अर्थ—सुवर्णमय द्रव्य से सुवर्णमय कुंडलादि भाव होते हैं और लोहमय द्रव्य से लोहमयी कडे इत्यादिक भाव होते हैं।

उपचरित स्वभाव की व्युत्पत्ति—

स्वभावस्याप्यन्यत्रोपचारादुपचरितस्वभावः ॥१२३॥

सूत्रार्थ—स्वभाव का भी अन्यत्र उपचार करना उपचरितस्वभाव है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रिय जीव, द्वीन्द्रिय जीव तथा पर्याप्त जीव, अपर्याप्त जीव इत्यादि कहना उपचरितस्वभाव हैं, क्योकि ये भाव पुद्गलमयी नामकर्म की प्रकृतियो के हैं।

उपचरितस्वभाव के भेद—

स द्वेधा कर्मज-स्वाभाविक-भेदात्। यथा जीवस्य मूर्तत्वमचेतनत्वं। यथा सिद्धात्मनां परज्ञता परदर्शकत्वं च ॥१२४॥

सूत्रार्थ—वह उपचरितस्वभाव कर्मज और स्वाभाविक के भेद से दो प्रकार का है। जैसे—जीव के मूर्तत्व और अचेतनत्व कर्मज-उपचरितस्वभाव हैं। तथा जैसे—सिद्ध आत्माओ के पर का जाननपना तथा पर का दर्शकत्व स्वाभाविक-उपचरित-स्वभाव है।

विशेषार्थ—जीव का लक्षण यद्यपि अमूर्तत्व और चेतनत्व है तथापि कर्मवन्ध से एकत्व हो जाने के कारण जीव मूर्तभाव को प्राप्त हो जाता है। सूत्र १०३ के विशेषार्थ में तथा सूत्र २९ के विशेषार्थ मे इसका विशद व्याख्यान है। ज्ञानावरण, दर्शनावरण कर्मोदय से जीव मे अज्ञान (अचेतन) औदयिक भाव है। अतः जीव मे मूर्तत्व और अचेतनत्व कर्मज-औपचारिकभाव हैं। विशेप कथन सूत्र २९ के विशेषार्थ मे है।

सिद्ध भगवान् नियम से आत्मज्ञ हैं उनमे सर्वज्ञता उपचार से है अर्थात् औपचारिक भाव हैं। श्री कुंदकुंद आचार्य ने कहा भी है—

जाणदि पस्सदि सव्वं ववहारणयेण केवलो भगवं।
केवलणाणी जाणदि पस्सदि णियमेण अप्पाण ॥१५९॥

[नियमसार]

अर्थ—केवली भगवान सर्व पदार्थों को जानते देखते हैं—यह कथन व्यवहारनय (उपचरितनय) से है परन्तु केवलज्ञानी नियम से अपनी आत्मा को ही जानते और देखते हैं।

एवमितरेषां द्रव्याणामुपचारो यथा संभवो ज्ञेयः ॥१२५॥

सूत्रार्थ—इसी प्रकार अन्य द्रव्यो मे भी यथासम्भव उपचरितस्वभाव जानना चाहिये।

विशेषार्थ—धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्य इन चार मे उपचरित स्वभाव नही है [सूत्र ३० व ३१]। मात्र जीव और पुद्गल इन दो द्रव्यो मे उपचरित-स्वभाव होता है।

॥ इस प्रकार विशेष स्वभावों का निरूपण हुआ ॥

एकान्त पक्ष मे दोष

दुर्नयैकान्तमारूढा भावानां स्वार्थिका हि ते।
स्वार्थिकाश्च विपर्यस्ताः सकलङ्का नया यतः ॥८॥

गाथार्थ—जो नय पदार्थो के दुर्नयरूप एकान्त पर आरूढ हैं, परस्पर विरुद्ध प्रतीत होने वाले नित्य, अनित्य आदि उभय धर्मो मे से एक को मान कर दूसरे का सर्वथा निषेध करते है, वे स्वार्थिक हैं अर्थात् स्वेच्छा-प्रवृत्त हैं। स्वार्थिक होने से वे नय विपरीत हैं, क्योकि वे दूषित नय अर्थात् नयाभास हैं।

विशेषार्थ—सस्कृत नयचक्र मे इस गाथा का पाठ निम्न प्रकार है—

दुर्नयैकान्तमारूढा भावा न स्वार्थिकाहिता ।
स्वार्थिकास्तद्विपर्यस्ता निःकलंकास्तथा यतः ॥ [पृ० ६१]

अर्थ—दुर्नय एकान्त को लिये हुए भाव सम्यगर्थ वाले नही होते हैं। जो नय एकान्त से रहित भाव वाले हैं वे समीचीन अर्थ को बतलाने वाले हैं।

तत्कथं ? ॥१२६॥

सूत्रार्थ—वह किस प्रकार ?

तथाहि—सर्वथैकान्तेन सद्रूपस्य न नियतार्थव्यवस्था संकरादिदोषत्वात् ॥१२७॥

सूत्रार्थ—संकरादि दोषों से दूषित होने के कारण सर्वथा एकान्त के मानने पर सद्रूप पदार्थ की नियत अर्थव्यवस्था नही हो सकती है।

विशेषार्थ—१. संकर, २. व्यतिकर, ३. विरोध, ४. वैयाधिकरण, ५. अनवस्या, ६. संशय, ७. अप्रतिपत्ति, ८ अभाव, ये सकरादि आठ दोष हैं।

१. संकर—सर्व वस्तुओं का परस्पर मिलकर एक वस्तु हो जाना।

२. व्यतिकर—जिस वस्तु की किसी भी प्रकार से स्थिति न हो, वह व्यतिकर दोष है। जैसे—'चक्षु से सुना' यह व्यतिकर दोष है।

३. विरोध—जड का चेतन हो जाना और चेतन का जड़ होना। जड और चेतन मे परस्पर विरोध है।

४ एक समय मे अनेक वस्तुओ मे विषम अर्थात् परस्पर विरुद्ध पर्यायें रह सकती हैं। जैसे—शीत व उष्ण पर्यायें भिन्न-भिन्न वस्तुओ मे तो रह सकती हैं, यथा—जल मे शीतलता और अग्नि मे उष्णता। किन्तु इन दोनो परस्पर विरुद्ध अर्थात् विषम पर्यायो को एक ही समय मे एक के आधार कहना वैयाधिकरण दोष है।

५ अनवस्या (ठहर व नही)—एक से दूसरे की, दूसरे से तीसरे की और तीसरे से चौथे की उत्पत्ति—इस प्रकार कही पर भी ठहराव नही होना। जैसे—ईश्वर-कर्तृत्व मे अनवस्या दोष आता है, क्योकि संसार का कर्ता

ईश्वर है, ईश्वर का कर्ता अन्य है और उस अन्य का कर्ता दूसरा है। इस प्रकार कल्पनाओं का कहीं विराम न होना अनवस्था दोष है।

६. संशय—वर्तमान में निश्चय न कर सकना संशय है। अथवा, विरुद्ध अनेक कोटि को स्पर्श करने वाले विकल्प को संशय कहते हैं। जैसे—यह सीप है या चांदी।

७. अप्रतिपत्ति—वस्तुस्वरूप की अज्ञानता अप्रतिपत्ति है।

८. अभाव—जिस वस्तु का सर्वथा अभाव हो उसको कहना अभाव दोष है। जैसे—गधे के सींग।

तथासद्रूपस्य सकलशून्यताप्रसंगात् ॥१२८॥

सूत्रार्थ—यदि सर्वथा एकान्त से असद्रूप माना जाय तो सकल-शून्यता का प्रसंग आ जायगा।

विशेषार्थ—सर्वथा असद्रूप मानने पर सम्पूर्ण पदार्थ असदात्मक हो जायेंगे, क्योंकि स्वरूप से भी अभाव मानना पड़ेगा। अतः कोई भी वस्तु सद्रूप न रहने से सकल-शून्यता हो जायगी।

नित्यस्यैकरूपत्वादेकरूपस्यार्थक्रियाकारित्वाभावः। अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः ॥१२९॥

सूत्रार्थ—सर्वथा नित्यरूप मानने पर पदार्थ एकरूप हो जायगा। एकरूप होने पर अर्थक्रियाकारित्व का अभाव हो जायेगा और अर्थक्रियाकारित्व के अभाव में पदार्थ का ही अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—जिस वस्तु से किसी भी कार्य की सिद्धि नहीं होती अर्थात् जिसमें अर्थक्रियाकारिपना नहीं है, वह वस्तु नहीं है। अर्थक्रियाकारिपना वस्तु का धर्म है, क्योंकि उससे उत्तर पर्याय की सिद्धि होती है।

अनित्यपक्षेऽपि निरन्वयत्वात् अर्थक्रियाकारित्वाभावः। अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः ॥१३०॥

सूत्रार्थ—सर्वथा अनित्य पक्ष मे भी निरन्वय अर्थात् निर्द्रव्यत्व होने से अर्थक्रियाकारित्व का अभाव हो जायगा और अर्थक्रियाकारित्व का अभाव होने से द्रव्य का भी अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—पर्याय अनित्य है और द्रव्य नित्य है। सर्वथा अनित्य मानने पर नित्यता के अभाव का प्रसग आ जायगा अर्थात् पर्यायो मे अन्वयरूप से रहने वाले द्रव्य का अभाव हो जायगा। और अन्वयरूप द्रव्य के अभाव में पर्यायो का भी अभाव हो जायगा।

एकस्वरूपस्यैकान्तेन विशेषाभावः सर्वथैकरूपत्वात्। विशेषाभावे सामान्यस्याप्यभावः ॥१३१॥

सूत्रार्थ—एकान्त से एकरूप मानने पर सर्वथा एकरूपता होने से विशेष का अभाव हो जायगा और विशेष का अभाव होने पर सामान्य का भी अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—सूत्र ६५ मे सामान्य और विशेषात्मक वस्तु बतलाई है। विशेष का अर्थ पर्याय है। जैसे—शवक, छत्रक, स्थाश, कोश, कुशूल, घट आदि पर्यायें। इन पर्यायो मे अन्वयरूप से रहने वाला द्रव्य 'सामान्य' है। जैसे—शवक आदि पर्यायो मे रहने वाली मिट्टी। द्रव्य बिना पर्याय नही होती और पर्याय बिना द्रव्य नही होता। श्री कुदकुद आचार्य ने कहा भी है—

पज्जयविजुदं दव्वं दव्वविजुत्ता य पज्जया णत्थि।
दोण्हं अणण्णभूदं भावं समणा परूविंति ॥१२॥ [पचास्तिकाय]

अर्थ—पर्याय (विशेष) से रहित द्रव्य (सामान्य) और द्रव्य (सामान्य) से रहित पर्यायें (विशेष) नही होती। दोनो का अनन्यपना है, ऐसा श्रमण प्ररूपित करते हैं।

अत· सर्वथा एकान्त से सामान्य मानने पर विशेष का अभाव हो जाने पर सामान्य का भी अभाव हो जायगा क्योकि दोनो के अनन्यपना है।

निर्विशेषं हि सामान्यं भवेत् खरविषाणवत्।
सामान्यरहित्वाच्च विशेषस्तद्वदेव हि ॥६॥ इति ज्ञेय.

गाथार्थ—विशेष रहित सामान्य निश्चय से गधे के सींग के समान है और सामान्य से रहित होने के कारण विशेष भी गधे के सींग के समान है अर्थात् अवस्तु है। ऐसा जानना चाहिये।

अनेकपक्षेऽपि तथा द्रव्याभावो निराधारत्वात् आधाराधेया-भावाच्च ॥१३२॥

सूत्रार्थ—सर्वथा अनेक पक्ष मे भी पदार्थों (पर्यायो) का निराधार होने से तथा आधार-आधेय का अभाव होने से द्रव्य का अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—सामान्य आधार है और विशेष (पर्यायें) आधेय हैं। यदि केवल विशेषरूप अर्थात् अनेकरूप ही माना जाय तो विशेष (पर्यायो) का आधार जो सामान्य, उसका अभाव हो जाने से विशेष निराधार रह जायेंगे और आधार-आधेय सम्बन्ध का भी अभाव हो जायगा। सामान्य रूप आधार के अभाव मे विशेषरूप आधेयो का भी अभाव हो जायगा। इस प्रकार द्रव्य का भी अभाव हो जायगा।

भेदपक्षेऽपि विशेषस्वभावानां निराधारत्वादर्थक्रियाकारि-त्वाभावः। अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः ॥१३३॥

सूत्रार्थ—गुण-गुणी और पर्याय-पर्यायी के सर्वथा भेद पक्ष मे विशेष स्वभाव अर्थात् गुण और पर्यायो के निराधार हो जाने से अर्थक्रियाकारित्व का अभाव हो जायगा और अर्थक्रियाकारित्व के अभाव मे द्रव्य का भी अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—गुण और गुणी का सर्वथा भेद मानने पर तथा पर्याय और पर्यायी का सर्वथा भेद मानने पर अर्थात् प्रदेश अपेक्षा भी भेद मानने पर गुण और गुणी दोनो की भिन्न-भिन्न सत्ता हो जायगी तथा पर्याय और पर्यायी की भी भिन्न-भिन्न सत्ता हो जायगी। भिन्न-भिन्न सत्ता हो जाने से गुण और पर्याय निराधार हो जायेंगे अर्थात् द्रव्य के आधार नही रहेंगे। गुण और पर्यायरूप विशेष स्वभावो के निराधार हो जाने से अर्थक्रियाकारित्व का

अभाव हो जायगा। अर्थक्रियाकारित्व का अभाव हो जाने से द्रव्य का भी अभाव हो जायगा। श्री अमृतचन्द्राचार्य ने प्रवचनसार गाथा ११० की टीका मे कहा भी है—

'न खलु द्रव्यात्पृथग्भूतो गुण इति वा पर्याय इति वा कश्चिदपि स्यात्। यथा सुवर्णात्पृथग्भूतं तत्पीतत्वादिकमिति वा तत्कुण्डलादिकत्वमिति वा।'

अर्थ—निश्चय नय से द्रव्य से पृथग्भूत कोई भी गुण या पर्याय नही होती। जैसे—सुवर्ण का पीलापन गुण तथा कुण्डलादि पर्यायें सुवर्ण से पृथग्भूत नही होती।

अभेदपक्षेऽपि सर्वेषामेकत्वम्, सर्वेषामेकत्वेऽर्थक्रियाकारित्वाभावः, अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः ॥१३४॥

सूत्रार्थ—सर्वथा अभेद पक्ष मे गुण-गुणी, पर्याय-पर्यायी सम्पूर्ण पदार्थ एकरूप हो जायेंगे। सम्पूर्ण पदार्थों के एकरूप हो जाने पर अर्थक्रियाकारित्व का अभाव हो जायगा और अर्थक्रियाकारित्व के अभाव मे द्रव्य का भी अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—प्रवचनसार गाथा २७ की टीका मे श्री जयसेन आचार्य ने कहा है—

'यदि पुनरेकान्तेन ज्ञानमात्मेति भण्यते तदा ज्ञानगुणमात्र एवात्मा प्राप्तः सुखादिधर्माणामवकाशो नास्ति। तथा सुखवीर्यादिधर्मसमूहाभावादात्माऽभावः, आत्मन आधारभूतस्याभावादाधेयभूतस्य ज्ञानगुणस्याप्यभाव, इत्येकान्ते सति द्वयोरप्यभावः।'

अर्थ – यदि एकान्त से ज्ञान ही आत्मा है, ऐसा कहा जाय तब ज्ञानगुण मात्र ही आत्मा प्राप्त होगा, फिर सुख आदि स्वभावो का अवकाश नही रहेगा तथा सुख, वीर्य आदि स्वभावो के समुदाय का अभाव होने से आत्मा का अभाव हो जायगा। जब आधारभूत आत्मा का अभाव हो गया, तब

उसका आधेयभूत ज्ञानगुण का भी अभाव हो गया। इस तरह अभेद एकान्त मत मे ज्ञानगुण और आत्मद्रव्य दोनों का ही अभाव हो जायगा।

भव्यस्यैकान्तेन पारिणामिकत्वात् द्रव्यस्य द्रव्यान्तरत्व प्रसङ्गात्, सङ्करादिदोषसम्भवात् ॥१३५॥

सूत्रार्थ—एकान्त से सर्वथा भव्य स्वभाव के मानने पर द्रव्य के द्रव्यान्तर का प्रसग आ जायगा, क्योकि द्रव्य परिणामी होने के कारण पर-द्रव्यरूप भी परिणम जायगा। इस प्रकार संकर आदि दोष सम्भव हैं।

विशेषार्थ—द्रव्य परिणामी है, यदि उसमें एकान्त से भव्य स्वभाव ही माना जाय, अभव्य स्वभाव स्वीकार न किया जाय तो द्रव्य द्रव्यातररूप भी परिणमन कर जायगा, जिससे सकरादि आठ दोष आ जायेंगे। सकर आदि आठ दोपो का कथन सूत्र १२७ के विशेषार्थ मे किया जा चुका है।

सर्वथाऽभव्यस्यैकान्तेऽपि तथा शून्यताप्रसङ्गात् स्वरूपेणाप्यभवनात् ॥१३६॥

सूत्रार्थ—एकान्त से सर्वथा अभव्य स्वभाव के मानने पर शून्यता का प्रसङ्ग आ जायगा, क्योकि स्वस्वरूप से भी वह नही हो सकेगा।

विशेषार्थ—यदि सर्वथा अभव्यस्वभाव माना जाय तो द्रव्य स्वस्वरूप से भी अर्थात् अपनी भावविपर्यायरूप भी नही हो सकेगा जिससे द्रव्य का ही अभाव हो जायगा। तथा द्रव्य के अभाव मे सर्व शून्य हो जायगा।

स्वभावस्वरूपस्यैकान्तेन संसाराभावः ॥१३७॥

सूत्रार्थ—एकान्त से सर्वथा स्वभावस्वरूप माना जाय तो ससार का ही अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ ससार विभावस्वरूप है। स्वभाव के एकान्तपक्ष मे विभाव को अवकाश नही। अतः विभावनिरपेक्ष सर्वथा स्वभाव के मानने पर ससार का अभाव हो जायगा।

विभावपक्षेऽपि मोक्षस्याप्यभावः ॥१३८॥

सूत्रार्थ—स्वभाव निरपेक्ष विभाव के मानने पर मोक्ष का भी अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—स्वभावरूप परिणमन मोक्ष है। एकान्त से सर्वथा विभाव स्वरूप मानने पर स्वभाव का अभाव हो जायगा। स्वभाव के अभाव मे मोक्ष का भी अभाव हो जायगा।

सर्वथा चैतन्यमेवेत्युक्ते सर्वेषां शुद्धज्ञानचैतन्यावाप्तिः स्यात्, तथा सति ध्यानं ध्येय ज्ञानं ज्ञेयं गुरुःशिष्याद्याभावः ॥१३९॥

सूत्रार्थ—सर्वथा चैतन्य पक्ष के मानने से सब जीवो के शुद्ध-ज्ञानरूप चैतन्य की प्राप्ति हो जायगी। शुद्धज्ञानरूप चैतन्य की प्राप्ति हो जाने पर ध्यान, ध्येय, ज्ञान, ज्ञेय, गुरु, शिष्य आदि का अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—यदि सर्वथा चैतन्यपक्ष माना जाय तो ज्ञानावरणकर्मोदय जनित अज्ञान का अभाव होने से सम्पूर्ण जीवो के शुद्धज्ञानरूप चैतन्य होने का प्रसग आ जायगा। शुद्धज्ञानरूप चैतन्य की प्राप्ति का प्रसग आ जाने से ध्यान, ध्येय आदि का अभाव हो जायगा, क्योकि शुद्धज्ञानरूप चैतन्य के अभाव मे उसकी प्राप्ति के लिये ही ध्यान की आवश्यकता होती है।

सर्वथाशब्दः सर्वप्रकारवाची, अथवा सर्वकालवाची, अथवा नियमवाची वा, अनेकान्तसापेक्षी वा ? यदि सर्वप्रकार-वाची सर्वकालवाची अनेकान्तवाची वा, सर्वादिगणे पठनात् सर्वशब्द, एवं विधश्चेत्तर्हि सिद्धं नः समीहितम्। अथवा नियमवाची चेत्तर्हि सकलार्थानां तव प्रतीतिः कथं स्यात् ? नित्यः अनित्यः एकः अनेकः भेदः अभेदः कथं प्रतीतिः स्यात् नियमितपक्षत्वात् ? ॥१४०॥

अर्थ—सर्वथा शब्द सर्वप्रकारवाची है, अथवा सर्वकालवाची है, अथवा नियमवाची है, अथवा अनेकान्तवाची है ? यदि सर्व-आदि गण मे पाठ होने से सर्वथा शब्द सर्वप्रकार, सर्वकालवाची अथवा अनेकान्तवाची है तो हमारा समीहित अर्थात् इष्टसिद्धान्त सिद्ध हो गया। यदि सर्वथा शब्द नियमवाची है तो फिर नियमित पक्ष होने के कारण सम्पूर्ण अर्थों की अर्थात् नित्य-अनित्य, एक-अनेक, भेद-अभेद आदि रूप सम्पूर्ण पदार्थों की प्रतीति कैसे होगी ? अर्थात् नही हो सकेगी।

विशेषार्थ—अन्य मत वाले सर्वथा शब्द का अर्थ 'नियम' करते हैं। अत. 'सर्वथा' शब्द के प्रयोग को मिथ्या कहा है—

परसमयाणं वयणं मिच्छं खलु होदि सव्वहा वयणा।
जइणाणं पुण वयणं सम्म खु कहंचि वयणादो॥
गो क. गा. ८९५]

अर्थ—मिथ्यामतियो का वचन सर्वथा कहने से नियम से मिथ्या अर्थात् असत्य होते हैं और जैनमत के वचन 'कथचित्' का प्रयोग होने से सम्यक् हैं अर्थात् सत्य हैं।

तथाऽचैतन्यपक्षेऽपि सकलचैतन्योच्छेदः स्यात् ॥१४१॥

सूत्रार्थ—वैसे ही सर्वथा अचेतन पक्ष के मानने पर सम्पूर्ण चेतन का उच्छेद हो जायगा, क्योकि केवल अचेतन ही माना गया है।

मूर्तस्यैकान्तेनात्मनो न मोक्षस्यावाप्तिः स्यात् ॥१४२।

सूत्रार्थ—सर्वथा एकान्त से आत्मा को मूर्त स्वभाव के मानने पर आत्मा को कभी भी मोक्ष की प्राप्ति नही होगी, क्योकि अष्ट कर्मो के वन्धन से मुक्त हो जाने पर सिद्धात्मा अमूर्तिक है। सूत्र १०३ व २९ के विशेषार्थ मे मूर्त अमूर्त का विशेष कथन है।

सर्वथाऽमूर्तस्यापि तथात्मनः संसारविलोपः स्यात् ॥१४३॥

सूत्रार्थ—आत्मा को सर्वथा अमूर्तिक मानने पर संसार का लोप हो जायगा।

विशेषार्थ—सूत्र १०३ व २६ के विशेषार्थ मे यह कहा जा चुका है कि अनादि कर्मबंध के कारण आत्मा मूर्तिक हो रही है और कर्मों से मुक्त होने पर अमूर्तिक हो जाती है। यदि आत्मा को सर्वथा अमूर्तिक माना जायगा तो संसार के अभाव का प्रसंग आयेगा, क्योंकि संसारी आत्मा कर्मबंध के कारण मूर्तिक है।

एकप्रदेशस्यैकान्तेनाखण्डपरिपूर्णस्यात्मनोऽनेककार्यकारित्व एव हानिः स्यात् ॥१४४॥

सूत्रार्थ—सर्वथा एकप्रदेशस्वभाव के मानने पर अखण्डता से परिपूर्ण आत्मा के अनेक कार्यकारित्व का अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—अनेक प्रदेश का फल अनेककार्यकारित्व है। सर्वथा एकान्त से एकप्रदेशस्वभाव मानने से अनेकप्रदेशस्वभाव का अभाव हो जायगा जिससे अनेककार्यकारित्व की हानि हो जायगी।

सर्वथाऽनेकप्रदेशत्वेऽपि तथा तस्यानर्थकार्यकारित्वं स्वस्वभाव शून्यताप्रसङ्गात् ॥१४५॥

सूत्रार्थ—आत्मा के अनेक प्रदेशत्व मानने पर भी अखण्ड एकप्रदेशस्वरूप आत्म-स्वभाव के अभाव हो जाने से अर्थक्रियाकारित्व का अभाव हो जायगा।

विशेषार्थ—यद्यपि आत्मा बहुप्रदेशी है तथापि अखण्ड, एक द्रव्य है। यदि अखण्डता की अपेक्षा आत्मा को एकप्रदेश न माना जाय तो सर्व-प्रदेश बिखर जायेंगे, परस्पर कोई सम्बन्ध नही रहेगा। अतः अर्थक्रिया-कारित्व का अभाव हो जायगा। 'अर्थक्रियाकारित्व' का अर्थ सूत्र १२६ के विशेषार्थ मे देखना चाहिये।

शुद्धस्यैकान्तेनात्मनो न कर्ममलकलङ्कावलेपः सर्वथा-निरञ्जनत्वात् ॥१४६॥

सूत्रार्थ—सर्वथा एकान्त से शुद्धस्वभाव के मानने पर आत्मा सर्वथा निरञ्जन हो जायगी। निरजन हो जाने से कर्ममलरूपी कलङ्क का अवलेप अर्थात् कर्मबंध सम्भव नहीं होगा।

विशेषार्थ—यदि आत्मा को सर्वथा शुद्ध माना जाय तो कर्मों से रहित होने के कारण आत्मा के कर्मबंध नही होगा।

सर्वथाऽशुद्धैकान्तेऽपि तथाऽऽत्मनो न कदापि शुद्धस्वभाव-प्रसङ्गः स्यात् तन्मयत्वात् ॥१४७॥

सूत्रार्थ—एकान्त से सर्वथा अशुद्ध स्वभाव के मानने पर अशुद्धमयी हो जाने से आत्मा को कभी भी शुद्धस्वभाव की प्राप्ति नही होगी अर्थात् मोक्ष नही होगा।

उपचरितैकान्तपक्षेऽपि नात्मज्ञता सम्भवति नियमित-पक्षत्वात् ॥१४८॥

सूत्रार्थ—उपचरित-स्वभाव के एकान्त पक्ष मे भी आत्मज्ञता सम्भव नही है, क्योकि नियत पक्ष है।

विशेषार्थ—सूत्र १२४ मे बतलाया गया कि उपचरित-स्वभाव से परज्ञता है। यदि सर्वथा उपचरित-स्वभाव माना जाय और अनुपचरित स्वभाव न माना जाय तो आत्मा मे परज्ञता ही रहेगी और आत्मज्ञता अनुपचरित-स्वभाव होने से उसके अभाव का प्रसग आ जायगा।

तथात्मनोऽनुपचरितपक्षेऽपि परज्ञतादीनां विरोध. स्यात् ॥१४९॥

सूत्रार्थ—उसी प्रकार अनुपचरित एकान्त पक्ष मे भी आत्मा के परज्ञता आदि का विरोध आ जायगा।

विशेषार्थ—आदि शब्द से परदर्शकत्व का भी गहण हो जाता है। परज्ञता और परदर्शकत्व, ये उपचरित-स्वभाव हैं [सूत्र १२४]। एकान्त अनुपचरित

पक्ष मे उपचरित-पक्ष का निषेध होने से आत्मा का परज्ञता और परदर्शकत्व से विरोध आ जायगा जिससे सर्वज्ञता के अभाव का प्रसग आ जायगा।

॥ इस प्रकार एकान्त पक्ष मे दोषों का निरूपण हुआ ॥

नय योजनिका

नानास्वभावसंयुक्तं द्रव्यं ज्ञात्वा प्रमाणतः।
तच्च सापेक्षसिद्धयर्थं स्यान्नयमिश्रितं कुरु ॥१०॥[1]

गाथार्थ—प्रमाण से नाना स्वभाव वाले द्रव्य को जान करके, सापेक्षसिद्धि के लिये उसको कथचित् नयो से मिश्रित अर्थात् युक्त करना चाहिये।

विशेषार्थ—सूत्र ३३ मे बतलाया गया है कि द्रव्य आदि का ज्ञान प्रमाण और नय से होता है। सूत्र ३४ मे प्रमाण का लक्षण और सूत्र ३९ मे नय का लक्षण बतलाया जा चुका है। आगे भी सूत्र १७७ मे प्रमाण का स्वरूप और सूत्र १८१ मे नय का स्वरूप कहा जायगा। स्यात् (कथचित्) सापेक्ष नय सम्यग्नय हैं। द्रव्य मे सापेक्ष स्वभावो की सिद्धि के लिये स्यात् सापेक्ष नयो का प्रयोग करना चाहिये। गाथा ८ मे कहा गया है कि जो नय एकान्त पक्ष को ग्रहण करने वाली हैं अर्थात् 'स्यात्' निरपेक्ष हैं, वे दुर्नय हैं।

अब आगे किस-किस द्रव्य मे किस-किस नय की अपेक्षा कौन-कौन स्वभाव पाया जाता है इसका कथन किया जाता है—

स्वद्रव्यादिग्राहकेणास्तिस्वभावः ॥१५०॥

सूत्रार्थ—स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल, स्वभाव अर्थात् स्वचतुष्टय को ग्रहण करने वाले द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से अस्तिस्वभाव है। क्योकि स्वचतुष्टय की अपेक्षा अस्तिस्वभाव है।

विशेषार्थ—स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक नय का कथन सूत्र ५४ व १८८ मे है।

---

१. यह श्लोक सस्कृत नयचक्र पृ० ६४ पर भी है।

परद्रव्यादिग्राहकेण नास्तिस्वभाव: ।।१५१।।

सूत्रार्थ—परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल, परभाव अर्थात् परचतुष्टय को ग्रहण करने वाले द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा नास्तिस्वभाव है, क्योकि परचतुष्टय की अपेक्षा नास्तिस्वभाव है ।

विशेषार्थ—परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक नय का कथन सूत्र ५५ व १८९ मे है ।

उत्पादव्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहकेण नित्यस्वभाव: ।१५२।

सूत्रार्थ—उत्पाद, व्यय को गौण करके ध्रौव्य को ग्रहण करने वाले शुद्ध-द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा नित्यस्वभाव है ।

विशेषार्थ—उत्पादव्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहक शुद्धद्रव्यार्थिक नय का कथन सूत्र ४८ मे हो चुका है ।

केनचित्पर्यायार्थिकेनानित्यस्वभाव: ।।१५३।।

सूत्रार्थ —किसी पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा अनित्यस्वभाव है ।

वशेषार्थ—सत्तागौणत्वेनोत्पादव्ययग्राहकस्वभावोऽनित्यशुद्धपर्यायार्थिक नय का कथन सूत्र ६० मे है । इस नय की अपेक्षा अनित्यस्वभाव है ।

भेदकल्पनानिरपेक्षेणैक स्वभाव: ।।१५४।।

सूत्रार्थ—भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा एकस्वभाव है ।

विशेषार्थ—भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक नय का स्वरूप सूत्र ४९ मे कहा गया है । यह नय गुण गुणी को अभेदरूप से ग्रहण करता है अर्थात् द्रव्य मे भेदरूप से गुणो को ग्रहण नही करता । जैसा कि समयसार गाथा ७ मे कहा है—

'णवि णाणं ण चरित्तं ण दंसणं जाणगो सुद्धो ।'

अर्थात् जीव के न ज्ञान है, न चारित्र है, न दर्शन है, वह तो एक ज्ञायक, शुद्ध है ।

यह कथन भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक नय की दृष्टि से है।

अन्वयद्रव्यार्थिकेनैकस्याप्यनेकद्रव्यस्वभावत्वम् ॥१५५॥

सूत्रार्थ—अन्वयद्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से एक द्रव्य के भी अनेक स्वभाव पाये जाते हैं।

विशेषार्थ—सूत्र ५३ व १८७ मे अन्वयसापेक्ष द्रव्यार्थिक नय का कथन है। वहा पर दृष्टान्त दिया है—'यथा गुणपर्यायस्वभाव द्रव्यम्'। अर्थात् द्रव्य गुण-पर्याय-स्वभाव वाला है। द्रव्य एक है किन्तु गुण और पर्याय अनेक हैं। अतः इस नय की दृष्टि मे एक द्रव्य के अनेक स्वभाव होते हैं। जैसे—एक ही देवदत्त पुरुष की बाल-वृद्ध अवस्था होती है। अथवा उन अवस्थाओ मे एक ही देवदत्त रहता है।

सद्भूतव्यवहारेण गुणगुण्यादिभिर्भेदस्वभावः ॥१५६॥

सूत्रार्थ—सद्भूतव्यवहार उपनय की अपेक्षा गुण-गुणी आदि मे भेद-स्वभाव है।

विशेषार्थ—सद्भूतव्यवहार उपनय का कथन सूत्र २०६ मे किया गया है। इस नय का विषय गुण और गुणी में तथा पर्याय-पर्यायी मे भेद ग्रहण करना है। अतः इस नय की अपेक्षा गुण और गुणी मे तथा पर्याय-पर्यायी मे सज्ञा आदि की अपेक्षा भेद है।

भेदकल्पनानिरपेक्षेण गुणगुण्यादिभिरभेद स्वभावः।१५७।

सूत्रार्थ—भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा गुण, गुणी आदि मे अभेदस्वभाव है।

विशेषार्थ—भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक नय का कथन सूत्र ४९ मे है। उस सूत्र मे कहा है—'**निजगुणपर्यायस्वभावाद् द्रव्यमभिन्नम्।**' अर्थात् निज गुण, पर्याय और स्वभाव से द्रव्य अभिन्न है। अतः इस नय की दृष्टि से गुण, गुणी में, पर्याय-पर्यायी मे तथा स्वभाव-स्वभावी मे अभेद है। अर्थात् प्रदेशभेद नही है।

परमभावग्राहकेण भव्याभव्यपारिणामिकस्वभावः ॥१५८॥

सूत्रार्थ—परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा भव्य और अभव्य पारिणामिक स्वभाव है।

विशेषार्थ—सूत्र ११६ मे कहा है 'पारिणामिक भाव की मुख्यता से परमस्वभाव है।' अतः यहा पर परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा भव्यभाव और अभव्यभाव को पारिणामिक भाव कहा गया है।

सूत्र ५६ के विशेषार्थ में बतलाया गया है कि शुद्ध और अशुद्ध के उपचार से रहित जो नय द्रव्य के स्वभाव को ग्रहण करता है, वह परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय है। 'ज्ञानस्वरूप आत्मा' यह परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय का विषय है। स्वरूप से परिणमन करना भव्यस्वभाव और पररूप से परिणमन नही करना अभव्यस्वभाव, ये दोनो स्वभाव शुद्ध और अशुद्ध के उपचार से रहित हैं। अतः भव्य, अभव्य स्वभाव परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय का विषय है। परमभावग्राहक नय का कथन सूत्र १९० मे भी है।

शुद्धाशुद्धपरमभावग्राहकेण चेतनस्वभावो जीवस्य ॥१५९॥

सूत्रार्थ—शुद्धाशुद्ध-परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से जीव के चेतन-स्वभाव है।

विशेषार्थ—चेतनस्वभाव जीव का लक्षण है, वह पारिणामिक भाव है। किन्तु छद्मस्थ अवस्था मे वह चेतनस्वभाव अशुद्ध रहता है और परमात्म अवस्था मे आवरक कर्म के क्षय हो जाने से शुद्ध हो जाता है। परमभावग्राहक नय की अपेक्षा जीव के चेतनस्वभाव है ऐसा सूत्र ५६ में कहा गया है। चेतनस्वभाव शुद्ध, अशुद्ध दो प्रकार का है अत. परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय को भी शुद्धाशुद्ध-परमभावग्राहकद्रव्यार्थिक नय कहा है।

असद्भूतव्यवहारेण कर्मनोकर्मणोरपि चेतनस्वभावः ।१६०।

सूत्रार्थ—असद्भूतव्यवहार उपनय की अपेक्षा कर्म, नोकर्म के भी चेतन-स्वभाव है।

विशेषार्थ—असद्भूतव्यवहार नय का कथन सूत्र २०७ मे है। असद्भूतव्यवहार उपनय के तीन भेद हैं। उनमे जो दूसरा भेद 'विजात्यसद्भूतव्यवहार उपनय' है, उसकी अपेक्षा कर्म, नोकर्म के भी चेतनस्वभाव है। सूत्र ८६ के विशेषार्थ मे संस्कृत नयचक्र के आधार पर यह कहा गया है कि शरीर (नोकर्म) को जीव कहना विजात्यसद्भूतव्यवहार उपनय का विषय है। श्री राजवार्तिक अ० ५ सूत्र १६ वार्तिक २४ मे भी कहा है—

'पौरुषेयपरिणामानुरञ्जितत्वात् कर्मणः स्याच्चैतन्यम्।'

अर्थ—पौद्गलिक कर्म पुरुष (जीव) के परिणामो से अनुरंजित होने के कारण कथंचित् चेतन है।

मूलाराधना गाथा ६१६ की टीका मे भी इसी प्रकार कहा गया है—

'सह चित्तेनात्मना वर्तते इति सचित्तं जीवशरीरत्वेनावस्थितं पुद्गलद्रव्यं।'

अर्थात्—इस आत्मा के साथ जो पुद्गलपदार्थ रहता है वह सचित्त है। जीव का शरीर बनकर जो पुद्गल रहता है वह सचित्त है।

प्राकृत नयचक्र पृ० ८२ पर कहा है—

एइंदियादिदेहा जीवा ववहारदो य जिणदिट्ठा।
हिंसादिसु जइ पापं सव्वत्थवि किं ण ववहारो ॥२३४॥

अर्थात्—एकेन्द्रिय आदि का शरीर है, ऐसा जिनेन्द्र ने व्यवहार से कहा है। यदि हिंसा आदि मे पाप है तो सर्वत्र व्यवहार का प्रयोग क्यो न हो? अर्थात् व्यवहार सत्य है, उसका सर्वत्र प्रयोग होना चाहिए।

इस प्रकार कर्म, नोकर्म के भी चेतनस्वभाव है किन्तु वह निजस्वभाव नही है। जीव से बंध की अपेक्षा उनमे चेतनस्वभाव है जो विजात्यसद्भूतव्यवहार उपनय का विषय है।

परमभावग्राहकेण कर्मनोकर्मणोरचेतनस्वभावः ॥१६१॥

सूत्रार्थ—परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा कर्म, नोकर्म के अचेतन

स्वभाव है।

विशेषार्थ—परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय का स्वरूप सूत्र ५६ व १९० मे कहा गया है। अचेतनत्व पुद्गल द्रव्य का निजस्वभाव है अतः यह परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय का विषय है।

जीवस्याप्यसद्भूतव्यवहारेणाचेतनस्वभावः ॥१६२॥

सूत्रार्थ – विजात्यसद्भूतव्यवहार उपनय की अपेक्षा जीव के भी अचेतनस्वभाव है।

विशेषार्थ—सूत्र २९ के विशेषार्थ मे जीव के अचेतनभाव का विशेष कथन है। अचेतनभाव जीव का निजस्वभाव नही है। कर्मबंध के कारण जीव मे अचेतनभाव है, अतः यह विजात्यसद्भूतव्यवहार उपनय का विषय है। सूत्र ८६ मे विजात्यसद्भूतव्यवहार-उपनय का कथन है। असद्भूतव्यवहारनय का कथन सूत्र २०७ मे है।

परमभावग्राहकेण कर्मनोकर्मणोर्मूर्तस्वभावः ॥१६३॥

सूत्रार्थ—परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा कर्म, नोकर्म के मूर्तस्वभाव है।

विशेषार्थ—परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय का कथन सूत्र १९० व ५६ [म] है। कर्म, नोकर्म पौद्गलिक है। मूर्तस्वभाव पुद्गल का असाधारण गुण है। अत कर्म, नोकर्म के मूर्तस्वभाव परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय का विषय है।

जीवस्याप्यसद्भूतव्यवहारेण मूर्तस्वभावः ॥१६४॥

सूत्रार्थ—असद्भूतव्यवहार-उपनय की अपेक्षा जीव के भी मूर्तस्वभाव है।

विशेषार्थ—सूत्र २०७ मे असद्भूतव्यवहारनय का कथन है। सूत्र १०३ [व] २९ के विशेषार्थ मे जीव के मूर्तस्वभाव का विशेष कथन है और सूत्र ८६ [मे] विजात्यसद्भूतव्यवहारउपनय का कथन है। कर्मबंध की अपेक्षा जीव मे [मू]र्तस्वभाव है जो विजात्यसद्भूतव्यवहारनय का विषय है।

परमभावग्राहकेण पुद्गलं विहाय इतरेषाममूर्तस्वभावः ॥१६५॥

सूत्रार्थ—परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा पुद्गल के अतिरिक्त जीवद्रव्य, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्य के अमूर्तस्वभाव है।

विशेषार्थ—परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय का कथन सूत्र ५६ व १६० मे है। जीवद्रव्य, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्य, इन पाच द्रव्यों मे अमूर्तत्व निजस्वभाव है अतः यह परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय का विषय है।

पुद्गलस्योपचारादेवास्त्यमूर्तत्वम् ॥१६६॥

सूत्रार्थ पुद्गल के भी उपचार से अमूर्तस्वभाव है।

विशेषार्थ—विजात्यसद्भूतव्यवहार उपनय का कथन सूत्र ८६ मे है। यद्यपि अमूर्तत्व पुद्गल का निजस्वभाव नही है तथापि जीव के साथ बंध की अपेक्षा कर्मरूप पुद्गल भी सूत्र १६० में कथित चेतनस्वभाव के समान अमूर्तस्वभाव को प्राप्त हो जाता है। अत यह विजाति-असद्भूत-व्यवहार-उपनय का कथन है।

परमभावग्राहकेण कालपुद्गलाणूनामेकप्रदेश स्वभावत्वम् ॥१६७॥

सूत्रार्थ—परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा कालाणुद्रव्य और पुद्गलपरमाणु के एकप्रदेश स्वभाव है।

विशेषार्थ—सूत्र १०० मे बतलाया गया है कि पुद्गलपरमाणु के द्वारा व्याप्त क्षेत्र को प्रदेश कहते हैं। अतः पुद्गल परमाणु एकप्रदेश-स्वभावी है। आकाश के प्रत्येक प्रदेश पर एक-एककालाणु है। अत. कालाणु भी एकप्रदेशी है।

लोयायासपदेसे इक्किक्के जे ठिया हु इक्किक्का।
रयणाणं रासी इव ते कालाणू असंखदव्वाणि ॥२२॥

[बृहद्द्रव्यसंग्रह]

अर्थ—जो लोकाकाश के एक-एक प्रदेश पर रत्नो के ढेर के समान परस्पर भिन्न होकर एक-एक स्थित हैं वे कालाणु असख्यात द्रव्य है ।

लोकाकाश के प्रत्येक प्रदेश पर एक एक कालाणु है अत. कालाणु भी एकप्रदेश-स्वभाव वाला है । अतः पुद्गलपरमाणु और कालाणु का एकप्रदेश-स्वभाव परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय का विषय है । परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय का कथन सूत्र ५६ व १९० मे है ।

भेदकल्पनानिरपेक्षेणेतरेषां चाखण्डत्वादेकप्रदेशत्वम् ॥१६८॥

सूत्रार्थ—भेदकल्पनानिरपेक्ष द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा धर्मद्रव्य, अधर्म-द्रव्य, आकाशद्रव्य और जीवद्रव्य के भी एकप्रदेश-स्वभाव है क्योकि वे अखण्ड हैं ।

विशेषार्थ—भेदकल्पनानिरपेक्ष द्रव्यार्थिकनय का कथन सूत्र ४९ मे है । प्रदेश और प्रदेशवान् का भेद न करके धर्मादि द्रव्यो को अखण्डरूप से ग्रहण करने पर उनमे बहुप्रदेशत्व गौण हो जाता है और वे अखण्ड एकरूप से ग्रहण होने पर उनमे एकप्रदेश-स्वभाव सिद्ध हो जाता है जो भेदकल्पना-निरपेक्ष शुद्ध-द्रव्यार्थिकनय का विषय है ।

भेदकल्पनासापेक्षेण चतुर्णामपि नानाप्रदेशस्वभावत्वम् ॥१६९॥

सूत्रार्थ—भेदकल्पनासापेक्ष-अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और जीवद्रव्य के नानाप्रदेश-स्वभाव है ।

विशेषार्थ—भेदकल्पनासापेक्ष-अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का कथन सूत्र ५२ मे है । द्रव्य मे प्रदेश खण्ड का भेद किया जाता है तो धर्मादि चार द्रव्यो का बहुप्रदेश-स्वभाव है । तत्त्वार्थ सूत्र अध्याय पाँच मे कहा भी है—

'असंख्येयाः प्रदेशा धर्माधर्मैकजीवानाम् ॥८॥

'आकाशस्यानन्ताः ॥९॥'

अर्थ—धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, एकजीवद्रव्य के असख्यातप्रदेश हैं। आकाश के अनन्त प्रदेश हैं।

बहुप्रदेश के कारण धर्मादि द्रव्यो की अस्तिकाय संज्ञा है।

पुद्गलाणोरुपचारतो नानाप्रदेशत्वम्; न च कालाणोः स्निग्धरूक्षत्वाभावात् ऋजुत्वाच्च ॥१७०॥

सूत्रार्थ—उपचार से पुद्गलपरमाणु के नानाप्रदेश-स्वभाव है किन्तु कालाणु के, उपचार से भी नानाप्रदेशस्वभाव नही है क्योकि कालाणु मे स्निग्ध व रूक्ष गुण का अभाव है तथा वह स्थिर है।

विशेषार्थ—श्री नेमिचन्द्र आचार्य ने द्रव्यसंग्रह मे कहा है—

एयपदेसो वि अणू णाणाखंधप्पदेसदो होदि।
बहुदेसो उवयारा तेण य काओ भणंति सव्वण्हु ॥२६॥

अर्थ—एक प्रदेशी भी पुद्गलपरमाणु स्निग्ध, रूक्ष गुण के कारण बध होने पर अनेक स्कंधरूप बहुप्रदेशी हो सकता है। इस कारण सर्वज्ञदेव उपचार से पुद्गलपरमाणु को काय अर्थात् नानाप्रदेशस्वभाव युक्त कहते हैं।

सूत्र ८५ मे बतलाया है कि परमाणु को बहुप्रदेशी कहना स्वजात्यसद्भूत-व्यवहार उपनय का विषय है।

वृहद्द्रव्यसग्रह गाथा २६ की टीका मे कालाणु के बहुप्रदेशी न होने के सम्बन्ध मे निम्न कथन पाया जाता है—

'अथ मतं यथा पुद्गलपरमाणोर्द्रव्यरूपेणैकस्यापि द्व्यणुकादि-स्कन्धपर्यायरूपेण बहुप्रदेशरूपं कायत्वं जातं तथा कालाणोरपि द्रव्ये-णैकस्यापि पर्यायेण कायत्वं भवत्विति? तत्र परिहारः स्निग्धरूक्षहेतु-कस्य बन्धस्याभावान्न भवति। तदपि कस्मात्? स्निग्धरूक्षत्वं पुद्गल-स्यैव धर्मो यतः कारणादिति।'

अर्थ—यदि कोई ऐसी शंका करे कि जैसे द्रव्यरूप से एक भी पुद्गल-

परमाणु के द्वि-अणुक आदि स्कंध पर्याय द्वारा बहुप्रदेशरूप कायत्व सिद्ध हुआ है, ऐसे ही द्रव्यरूप से एक होने पर भी कालाणु के पर्याय द्वारा कायत्व सिद्ध होता है ? इसका परिहार करते हैं कि स्निग्ध-रूक्ष गुण के कारण होने वाले बन्ध का कालद्रव्य में अभाव है इसलिये वह काय नही हो सकता। ऐसा भी क्यो ? क्योंकि स्निग्ध तथा रूक्षपना पुद्‌गल का ही धर्म है। काल मे स्निग्धता, रूक्षता नही होने से, बंध नही होता। अतः कालाणु के उपचार से भी बहु-प्रदेशी-स्वभाव नही है।

अणोरमूर्तकालस्यैकविंशतितमो भावो न स्यात् ॥१७१॥

सूत्रार्थ—अमूर्तिक कालाणु के २१वां अर्थात् उपचरित-स्वभाव नही है।

विशेषार्थ—कालाणु मे उपचरित-स्वभाव नही है ऐसा सूत्र ३०–३१ मे कहा गया है। जब कालाणु मे उपचरित-स्वभाव ही नही है तो कालाणु उपचार से बहुप्रदेशी कैसे हो सकता है ? अर्थात् नही हो सकता। पुद्‌गल मे उपचरित स्वभाव है, अत पुद्‌गल परमाणु मे उपचार से नानाप्रदेश-स्वभाव भी सम्भव है।

परोक्षप्रमाणापेक्षयाऽसद्‌भूतव्यवहारेणाप्युपचारेणामूर्तत्वं पुद्‌गलस्य ॥१७२॥

सूत्रार्थ—परोक्षप्रमाण की अपेक्षा से और असद्‌भूतव्यवहार उपनय की दृष्टि से पुद्‌गल के उपचार से अमूर्त स्वभाव है।

विशेषार्थ—सूत्र १० के विशेषार्थ मे बतलाया गया है कि स्पर्श, रस, गंध, वर्ण को मूर्त कहते हैं। सूत्र ११ के विशेषार्थ मे कहते हैं कि जो स्पर्श किया जाय, चखा जाय, सूंघा जाय और देखा जाय, वह स्पर्श, रस, गध, वर्ण है। किन्तु पुद्‌गल परमाणु स्पर्शनादि इन्द्रियो द्वारा स्पर्श नही होता, चखा नही जाता, सूंघा नही जाता, देखा नही जाता। परोक्षज्ञान अर्थात् मति-श्रुत ज्ञान इन्द्रिय निमित्तक है। अत सूक्ष्म पुद्‌गल-परमाणु परोक्षज्ञान अर्थात् इन्द्रियों द्वारा ग्राह्य न होने से अमूर्त है। विजात्यसद्‌भूतव्यवहार उपनय की अपेक्षा पुद्‌गल के उपचार से अमूर्त स्वभाव है जैसा सूत्र १६६ मे कहा जा

चुका है। सूत्र १६६ की दृष्टि से इस सूत्र की कोई विशेष आवश्यकता नही है, इसीलिए संस्कृत नयचक्र मे यह सूत्र नही है।

शुद्धाशुद्धद्रव्यार्थिकेन स्वभावविभावत्वम् ॥१७३॥

सूत्रार्थ—शुद्ध-द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा द्रव्य मे स्वभाव भाव है और अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा जीव, पुद्गल मे विभाव-स्वभाव है।

विशेषार्थ—सूत्र १८५ मे शुद्धद्रव्यार्थिक नय का कथन है और सूत्र १८६ मे अशुद्धद्रव्यार्थिक नय का कथन है। स्वभाव भाव शुद्धद्रव्यार्थिक नय का विषय है। विभाव भाव अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का विषय है। पर से बंध होने पर ही द्रव्य में अशुद्धता आती है। जीव और पुद्गल, ये दो द्रव्य बंध को प्राप्त होते हैं अतः जीव और पुद्गल में ही विभाव भाव है, धर्मादि शेष चार द्रव्यो मे विभाव भाव नही होता।

शुद्धद्रव्यार्थिकेन शुद्धस्वभावः ॥१७४॥

सूत्रार्थ—शुद्धद्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा शुद्धस्वभाव है।

विशेषार्थ—शुद्धस्वभाव शुद्धद्रव्यार्थिक नय का विषय है। शुद्धद्रव्यार्थिक नय का कथन सूत्र १८५ मे है।

अशुद्धद्रव्यार्थिकेनाशुद्धस्वभावः ॥१७५॥

सूत्रार्थ—अशुद्धद्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा अशुद्ध-स्वभाव है।

विशेषार्थ—अशुद्धस्वभाव अशुद्धद्रव्यार्थिक नय का विषय है। अशुद्ध-द्रव्यार्थिक नय का कथन सूत्र १८६ मे है।

असद्भूतव्यवहारेण उपचरितस्वभावः ॥१७६॥

सूत्रार्थ—असद्भूतव्यवहार नय की अपेक्षा उपचरित-स्वभाव है।

विशेषार्थ—उपचरित-स्वभाव मात्र जीव और पुद्गल मे है। शेष द्रव्यो मे उपचरित-स्वभाव नही है। यह उपचरितभाव असद्भूतव्यवहार उपनय का विषय है।

द्रव्याणां तु यथारूपं तल्लोकेऽपि व्यवस्थितम् ।
तथा ज्ञानेन संज्ञातं नयोऽपि हि तथाविधः ॥११॥

गाथार्थ—द्रव्यो का जिस प्रकार का स्वरूप है, वह लोक मे व्यवस्थित है । ज्ञान से उसी प्रकार जाना जाता है, नय भी उसी प्रकार जानता है ।

विशेषार्थ—'प्रमाणनयैरधिगमः ॥१/६॥' [त० सू०] के अनुसार जिस प्रकार ज्ञान से पदार्थ का बोध होता है उसी प्रकार नय से भी बोध होता है ।

॥ इस प्रकार नययोजनिका का प्ररूपण हुआ ॥

प्रमाण का कथन

प्रमाण का लक्षण—

सकलवस्तुग्राहकं प्रमाण, प्रमीयते परिच्छिद्यते वस्तुतत्त्वं येन ज्ञानेन तत्प्रमाणम् ॥१७७॥

सूत्रार्थ—सकल वस्तु को ग्रहण करने वाला ज्ञान प्रमाण है । जिस ज्ञान के द्वारा वस्तुस्वरूप जाना जाता है, निश्चय किया जाता है, वह ज्ञान प्रमाण है ।

विशेषार्थ—सूत्र ३४ मे 'सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्' कहा था किन्तु वहा पर सम्यग्ज्ञान का स्वरूप नही बतलाया गया था । यहा पर प्रमाण का विषय तथा कार्य बतलाया गया है । प्रमाण का विषय सकल वस्तु है अर्थात् वस्तु का पूर्ण अंश है और नय का विषय विकल वस्तु अथवा वस्तु का एकांश है । अर्थात् सकलादेश प्रमाण और विकलादेश नय है । वस्तुस्वरूप का यथार्थ निश्चय करना प्रमाण का कार्य है ।

प्रमाण के भेद—

तद्द्वेधा सविकल्पेतरभेदात् ॥१७८॥

सूत्रार्थ—सविकल्प और निर्विकल्प के भेद से प्रमाण दो प्रकार का है ।

विशेषार्थ—सूत्र ३५ में, प्रत्यक्ष और परोक्ष—प्रमाण के ऐसे दो भेद किये गये थे। यहा पर सविकल्प और निर्विकल्प की अपेक्षा प्रमाण के दो भेद किये गये हैं। जिस ज्ञान मे प्रयत्नपूर्वक, विचारपूर्वक या इच्छापूर्वक पदार्थ को जानने के लिये उपयोग लगाना पड़े वह सविकल्प है। इससे विपरीत निर्विकल्प है।

सविकल्प ज्ञान का लक्षण तथा भेद—

सविकल्पं मानसं तच्चतुर्विधम् मतिश्रुतावधिमनःपर्यय-रूपम् ॥१७९॥

सूत्रार्थ—मानस अर्थात् विचार या इच्छा सहित ज्ञान सविकल्प ज्ञान है। वह चार प्रकार का है—१. मतिज्ञान, २. श्रुतज्ञान, ३. अवधिज्ञान, ४. मनःपर्ययज्ञान।

विशेषार्थ—मतिज्ञान और श्रुतज्ञान का कथन सूत्र ३८ मे और अवधि, मनःपर्यय ज्ञान का कथन सूत्र ३६ मे हो चुका है। ये चारों ज्ञान विचार-सहित या इच्छा सहित होते हैं इसलिये इनको सविकल्प कहा है। यहां पर मन का अर्थ इच्छा या विचार है।

निर्विकल्पं मनोरहितं केवलज्ञानम् ॥१८०॥

सूत्रार्थ—मन रहित अथवा विचार या इच्छा रहित ज्ञान निर्विकल्प ज्ञान है। केवलज्ञान निर्विकल्प है।

विशेषार्थ—सूत्र ३७ में केवलज्ञान का कथन है। सूत्र १७९ व १८० मे विकल्प का अर्थ मन किया है। यहा मन से अभिप्राय इच्छा या विचार का है। केवलज्ञान इच्छा या विचार रहित होता है, अतः केवलज्ञान को मनोरहित अर्थात् निर्विकल्प कहा गया है।

॥ इस प्रकार प्रमाण व्युत्पत्ति का कथन हुआ ॥

नय का लक्षण व भेद

नय का लक्षण—

प्रमाणेन वस्तु संगृहीतार्थैकांशो नयः, श्रुतविकल्पो वा, ज्ञातुरभिप्रायो वा नयः, नानास्वभावेभ्यो व्यावृत्य एकस्मिन् स्वभावे वस्तु नयति प्राप्नोतीति वा नयः ॥१८१॥

सूत्रार्थ—प्रमाण के द्वारा सम्यक् प्रकार ग्रहण की गई वस्तु के एक धर्म अर्थात् अंश को ग्रहण करने वाले ज्ञान को नय कहते हैं। अथवा, श्रुतज्ञान के विकल्प को नय कहते हैं। ज्ञाता के अभिप्राय को नय कहते हैं। अथवा, जो नाना स्वभावो से हटाकर किसी एक स्वभाव मे वस्तु को प्राप्त कराता है वह नय है।

विशेषार्थ—सूत्र ३९ मे भी प्रमाण के अवयव को नय कहा है। यहा पर नय का लक्षण नाना प्रकार से कहा है। सर्वार्थसिद्धि मे नय का लक्षण इस प्रकार कहा है—

'तावद्वस्तुन्यनेकान्तात्मन्यविरोधेन हेत्वर्पणात्साध्यविशेषस्य यथात्म्यप्रापण प्रवणः प्रयोगो नयः।' [सर्वार्थसिद्धि १/३३]

अर्थ—अनेकान्तात्मक वस्तु मे विरोध के विना हेतु की मुख्यता से साध्यविशेष की यथार्थता के प्राप्त कराने मे समर्थ प्रयोग को नय कहते हैं।

स द्वेधा सविकल्पनिर्विकल्पभेदात् ॥१८२॥

सूत्रार्थ - सविकल्प और निर्विकल्प के भेद से नय भी दो प्रकार है।

विशेषार्थ—नय दो प्रकार का है दुर्नय और सुनय। सापेक्ष अर्थात् सविकल्प सुनय है और निरपेक्ष, निर्विकल्प दुर्नय है।

[स्वामिकार्तिकेय गाथा २६६ पृ० १९०]

॥ इस प्रकार नय की व्युत्पत्ति का कथन हुआ ॥

निक्षेप की व्युत्पत्ति

प्रमाणनययोर्निक्षेपणं आरोपणं निक्षेपः, स नामस्थापनादि-भेदेन चतुर्विधः ॥१८३॥

सूत्रार्थ—प्रमाण और नय के विषय मे यथायोग्य नामादिरूप से पदार्थ निक्षेपण करना अर्थात् आरोपण करना निक्षेप है। वह निक्षेप नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव के भेद से चार प्रकार का है।

विशेषार्थ—नाम, स्थापना, द्रव्य और भावरूप से जीवादि द्रव्यो का न्यास अर्थात् निक्षेप होता है। (१) सज्ञा के अनुसार गुणरहित वस्तु मे व्यवहार के लिये अपनी इच्छानुसार की गई सज्ञा को नाम निक्षेप कहते हैं। (२) काष्ठ-कर्म, पुस्तकर्म, चित्रकर्म और अक्षनिक्षेप आदि मे 'यह वह है' इस प्रकार स्थापित करने को स्थापना निक्षेप कहते हैं। (३) जो गुणो के द्वारा प्राप्त हुआ था या गुणो को प्राप्त हुआ था अथवा जो गुणो के द्वारा प्राप्त किया जायगा या गुणो को प्राप्त होगा वह द्रव्यनिक्षेप है। (४) वर्तमान पर्याय से युक्त द्रव्य भाव निक्षेप है। खुलासा इस प्रकार है—नाम जीव, स्थापना जीव, द्रव्य जीव और भाव जीव—इस प्रकार जीव पदार्थ का न्यास चार प्रकार से किया जाता है।[1] कहा भी है—

णामजिणा जिणणाम, ठवणजिणा पुण जिणंदपडिमाओ।
दव्वजिणा जिणजीवा भावजिणा समवसरणत्था ॥

अर्थ—जिन नाम जिन का नामनिक्षेप है। जिनेन्द्र भगवान् की प्रतिमा जिन की स्थापना निक्षेप है। जिनेन्द्र का जीव जिन का द्रव्यनिक्षेप है। समव-शरण मे स्थित जिनेन्द्र जिन का भावनिक्षेप है।

धवल मे श्री वीरसेन आचार्य ने इन निक्षेप का स्वरूप निम्न प्रकार कहा है—

नाम निक्षेप—अन्य निमित्तो की अपेक्षा रहित किसी की 'मगल' ऐसी

१. सर्वार्थसिद्धि १/५।

संज्ञा करने को नाम मंगल कहते हैं। नाम निक्षेप मे संज्ञा के चार निमित्त होते हैं—जाति, द्रव्य, गुण और क्रिया। उन चार निमित्तो मे से तद्भव और सादृश्य लक्षण वाले सामान्य को जाति कहते हैं। द्रव्यनिमित्त के दो भेद हैं, संयोग द्रव्य और समवाय द्रव्य। उनमे अलग अलग सत्ता रखने वाले द्रव्यो के मेल से जो पैदा हो, उसे संयोग-द्रव्य कहते हैं। जो द्रव्य मे समवेत हो उसे समवाय द्रव्य कहते हैं। जो पर्यायादिक से परस्पर विरुद्ध हो अथवा अविरुद्ध हो, उसे गुण कहते हैं। परिस्पन्द को क्रिया कहते हैं।

उन चार प्रकार के निमित्तो मे से गौ, मनुष्य, घट, पट आदि जाति निमित्तक नाम हैं। दण्डी, छत्री इत्यादि संयोगद्रव्यनिमित्तक नाम है क्योकि स्वतन्त्र सत्ता रखने वाले दण्ड आदि के संयोग से दण्डी आदि नाम व्यवहार मे आते हैं। गलगण्ड, काना, कुबडा इत्यादि समवाय-द्रव्य-निमित्तक नाम हैं, क्योंकि जिनके लिये 'गलगण्ड' इस नाम का उपयोग किया गया है उससे, गले का गण्ड भिन्न सत्ता वाला द्रव्य नही है। कृष्ण, रुधिर इत्यादि गुण-निमित्तक नाम हैं, क्योकि कृष्ण आदि गुणो के निमित्त से उन गुण वाले द्रव्यो मे ये नाम व्यवहार मे आते हैं। गायक, नर्तक इत्यादि क्रिया-निमित्तक नाम हैं, क्योकि गाना, नाचना आदि क्रियाओ के निमित्त से गायक, नर्तक आदि नाम व्यवहार मे आते हैं। इस तरह जाति आदि इन चार निमित्तो को छोडकर संज्ञा की प्रवृत्ति मे अन्य कोई निमित्त नही है।[1]

स्थापना निक्षेप—किसी नाम को धारण करने वाले दूसरे पदार्थ की 'वह यह है' इस प्रकार स्थापना करने को स्थापना निक्षेप कहते हैं। स्थापना निक्षेप दो प्रकार का है—सद्भाव स्थापना और असद्भाव स्थापना। जिस वस्तु की स्थापना की जाती है उसके आकार को धारण करने वाली वस्तु मे सद्भावस्थापना समझना चाहिये तथा जिस वस्तु की स्थापना की जाती है उसके आकार से रहित वस्तु मे असद्भाव स्थापना समझना चाहिये।[2]

द्रव्य निक्षेप—आगे होने वाली पर्याय को ग्रहण करने के सन्मुख हुए

१. धवल पु० १ पृ० १७-१८ २. धवल पु० ? पृ० १९

द्रव्य को (उस पर्याय की अपेक्षा) द्रव्यनिक्षेप कहते हैं अथवा वर्तमान पर्याय की विवक्षा से रहित द्रव्य को द्रव्यनिक्षेप कहते हैं।[1]

[नोट—इसके भेद प्रतिभेदो का विशद कथन धवल पु० १ मे है]

भाव निक्षेप—वर्तमान पर्याय से युक्त द्रव्य को भाव कहते हैं।[2]

[नोट—इसके भेदो का विशेष कथन धवल पु० १ मे है]

॥ इस प्रकार निक्षेप की व्युत्पत्ति का कथन हुआ ॥

नयों के भेदों की व्युत्पत्ति

द्रव्यमेवार्थः प्रयोजनमस्येति द्रव्यार्थिकः ॥१८४॥

सूत्रार्थ—द्रव्य जिसका प्रयोजन (विषय) है वह द्रव्यार्थिक नय है।

विशेषार्थ—सूत्र ४१ के विशेषार्थ मे इसका विशेष कथन है।

शुद्धद्रव्यमेवार्थः प्रयोजनमस्येति शुद्धद्रव्यार्थिकः ॥१८५॥

सूत्रार्थ—शुद्धद्रव्य जिसका प्रयोजन है वह शुद्धद्रव्यार्थिक नय है।

विशेषार्थ—सूत्र ४७, ४८, ४९ मे शुद्धद्रव्यार्थिक नय के भेदो का कथन है। धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य ये चारो द्रव्य तो नित्यशुद्ध हैं। कर्मबध के कारण ससारीजीव अशुद्ध हैं, और कर्मबंध से मुक्त हो जाने पर सिद्ध जीव शुद्ध हैं। इसी प्रकार बध के कारण द्वि-अणुक आदि स्कध-पुद्गलद्रव्य अशुद्ध हैं और बध रहित पुद्गल परमाणु शुद्ध पुद्गल द्रव्य है। कहा भी है—

'सिद्धरूपः स्वभावपर्यायः, नरनारकादिरूपा विभावपर्यायाः।··· शुद्धपरमाणुरूपेणावस्थानं स्वभावद्रव्यपर्यायः ···द्व्यणुकादिस्कंधरूपेण परिणमनं विभावद्रव्यपर्यायाः।' [पचास्तिकाय गाथा ५ टीका]

---

१. धवल पु० १ पृ० २० २. धवल पु० १ पृ० २८

अतः शुद्धद्रव्यार्थिक नय के विषय धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य, सिद्धजीवद्रव्य और पुद्गलपरमाणु हैं।

अशुद्धद्रव्यमेवार्थः प्रयोजनमस्येति अशुद्धद्रव्यार्थिकः ॥१८६॥

सूत्रार्थ—अशुद्धद्रव्य जिसका प्रयोजन है वह अशुद्धद्रव्यार्थिक नय है।

विशेषार्थ—द्व्यणुक आदि स्कंध रूप अशुद्ध पुद्गलद्रव्य और नर, नारक आदि संसारी जीवरूप अशुद्ध जीवद्रव्य इस अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय के विषय हैं। सूत्र ५०–५१–५२ में अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय के भेदों का कथन है।

सामान्यगुणादयोऽन्वयरूपेण द्रव्यं द्रव्यमिति व्यवस्थापयतीति अन्वयद्रव्यार्थिकः ॥१८७॥

सूत्रार्थ—जो नय सामान्य गुण, पर्याय, स्वभाव को—यह द्रव्य है, यह द्रव्य है, इस प्रकार अन्वयरूप से द्रव्य की व्यवस्था करता है वह अन्वयद्रव्यार्थिकनय है।

विशेषार्थ—स्वभावयुक्त भी द्रव्य है, गुणयुक्त भी द्रव्य है, पर्याययुक्त भी द्रव्य है—ऐसा कहा जाता है। इसलिये द्रव्यत्व के कारण कहीं पर भी जाति नहीं आती तथापि जो नय स्वभाव-विभाव रूप से अस्तिस्वभाव, नास्तिस्वभाव, नित्यस्वभाव इत्यादि अनेक स्वभावों को एकद्रव्यरूप से प्राप्त करके भिन्न-भिन्न नामों की व्यवस्था करता है, वह अन्वयद्रव्यार्थिकनय है।

इस नय का विशद कथन सूत्र ५३ के विशेषार्थ में किया जा चुका है।

स्वद्रव्यादिग्रहणमर्थः प्रयोजनमस्येति स्वद्रव्यादिग्राहकः ॥१८८॥

सूत्रार्थ—स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभाव अर्थात् स्वचतुष्टय को ग्रहण करना जिसका प्रयोजन है वह स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक नय है।

विशेषार्थ—सूत्र ५४ में इसका विशेष कथन हो चुका है।

परद्रव्यादिग्रहणमर्थः प्रयोजनमस्येति परद्रव्यादिग्राहकः ॥१८९॥

सूत्रार्थ—परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल, परस्वभाव अर्थात् परचतुष्टय को ग्रहण करना जिसका प्रयोजन है वह परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक नय है।

विशेषार्थ—इसका विशेष कथन सूत्र ५५ मे है।

परमभावग्रहणमर्थः प्रयोजनमस्येति परमभावग्राहकः ॥१६०॥

सूत्रार्थ—परमभावग्रहण करना जिसका प्रयोजन है वह परमभावग्राहक द्रव्यार्थिक नय है।

विशेषार्थ—इस नय का विशेष कथन सूत्र ५६ में है।

॥ इस प्रकार द्रव्यार्थिक नय की व्युत्पत्ति का कथन हुआ ॥

पर्यायार्थिक नय का कथन

पर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येति पर्यायार्थिकः ॥१६१॥

सूत्रार्थ—पर्याय ही जिसका प्रयोजन है वह पर्यायार्थिक नय है।

विशेषार्थ—सूत्र ४१ के विशेषार्थ मे इसका विशेष कथन है।

अनादिनित्यपर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येत्यानादिनित्य-पर्यायार्थिकः ॥१६२॥

सूत्रार्थ—अनादि, नित्य पर्याय जिसका प्रयोजन है वह अनादि-नित पर्यायार्थिक नय है।

विशेषार्थ—मेरु आदि, पुद्‌गल द्रव्य की अनादि-नित्य पर्याय है। इस नय का विशेष कथन सूत्र ५८ मे है।

सादिनित्यपर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येति सादिनित्यपर्याया-र्थिकः ॥१६३॥

सूत्रार्थ—सादि-नित्य पर्याय जिसका प्रयोजन है, वह सादि-नित्य पर्यायार्थिक नय है।

विशेषार्थ—जीव की सिद्ध पर्याय सादि हैं किन्तु नित्य है। इस नय का विशेष कथन सूत्र ५९ मे है।

शुद्धपर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येति शुद्धपर्यायार्थिकः ॥१९४॥

सूत्रार्थ—शुद्धपर्याय जिसका प्रयोजन है, वह शुद्धपर्यायार्थिक नय है।

विशेषार्थ—शुद्ध द्रव्य की पर्याय शुद्ध होती है। धर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य, सिद्धजीवद्रव्य और परमाणु रूप पुद्गलद्रव्य शुद्ध द्रव्य हैं अतः इनकी पर्यायें भी शुद्ध हैं, जो शुद्धपर्यायार्थिक नय का विषय हैं। शुद्धपर्यायार्थिक नय के नित्य, अनित्य की अपेक्षा दो भेद हैं जिनका कथन सूत्र ६२ व ६० मे है।

अशुद्धपर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येत्यशुद्धपर्यायार्थिकः ॥१९५॥

सूत्रार्थ—अशुद्ध पर्याय जिसका प्रयोजन है, वह अशुद्ध पर्यायार्थिक नय है।

विशेषार्थ—पुद्गल की द्वयणुक आदि स्कध पर्यायें और कर्मोपाधि सहित जीव की नर, नारक आदि पर्यायें अशुद्ध द्रव्यपर्यायें हैं। इन्ही की अशुद्ध गुणपर्यायो सहित ये सब अशुद्ध पर्यायें इस नय का विषय हैं।

॥ इस प्रकार पर्यायार्थिक नय की व्युत्पत्ति का कथन हुआ ॥

नैकं गच्छतीति निगमः, निगमोविकल्पस्तत्रभवो नैगमः ॥१९६॥

सूत्रार्थ—जो एक को प्राप्त नही होता अर्थात् अनेक को प्राप्त होता है वह निगम है। निगम का अर्थ विकल्प है। जो विकल्प को ग्रहण करे वह नैगम नय है।

विशेषार्थ—इस नय का कथन सूत्र ४१ के विशेषार्थ मे है। इसके भेदो का कथन सूत्र ६४ से ६७ तक है।

अभेदरूपतया वस्तुजातं संगृह्णातीति संग्रहः ॥१९७॥

सूत्रार्थ—जो नय अभेद रूप से सम्पूर्ण वस्तु समूह को विषय करता है, वह सग्रह नय है।

विशेषार्थ—इस नय का विशेष कथन सूत्र ४१ के विशेषार्थ मे है। इसके भेदो का कथन सूत्र ६८ से ७० तक है।

संग्रहेण गृहीतार्थस्य भेदरूपतया वस्तुव्यवह्रियत इति व्यवहारः ॥१९८॥

सूत्रार्थ—सग्रह नय से ग्रहण किये हुए पदार्थ को भेदरूप से व्यवहार करता है, ग्रहण करता है, वह व्यवहार नय है।

विशेषार्थ—इसका विशेष कथन सूत्र ४१ के विशेषार्थ में है तथा इस नय के भेदो का कथन सूत्र ७१ व ७२ मे है।

ऋजु प्रांजलं सूत्रयतीति ऋजुसूत्रः ॥१९९॥

सूत्रार्थ—जो नय ऋजु अर्थात् अवक्र, सरल को सूत्रित अर्थात् ग्रहण करता है वह ऋजुसूत्र नय है।

विशेषार्थ—इसका विशेष कथन सूत्र ४१ के विशेषार्थ मे है तथा भेदो का कथन सूत्र ७३ से ७५ मे है।

शब्दात् व्याकरणात् प्रकृतिप्रत्ययद्वारेण सिद्धः शब्दः शब्दनयः ॥२००॥

सूत्रार्थ—जो नय शब्द अर्थात् व्याकरण से प्रकृति और प्रत्यय के द्वारा सिद्ध अर्थात् निष्पन्न शब्द को मुख्यकर विषय करता है वह शब्द नय है।

विशेषार्थ—इस नय का कथन सूत्र ४१ के विशेषार्थ मे तथा सूत्र ७७ मे है।

परस्परेणाभिरूढाः समभिरूढाः । शब्दभेदेऽप्यर्थभेदो-नास्तिः । यथा शक्र इन्द्रः पुरन्दर इत्यादयः समभिरूढाः ॥२०१॥

सूत्रार्थ—परस्पर मे अभिरूढ शब्दो को ग्रहण करने वाला नय समभिरूढ नय है । इस नय के विषय मे शब्द-भेद होने पर भी अर्थ-भेद नही है । जैसे—शक्र, इन्द्र, पुरन्दर ये तीनो ही शब्द देवराज के पर्यायवाची होने से देवराज मे ही अभिरूढ हैं ।

विशेषार्थ—इस नय का विशेष कथन सूत्र ४१ के विशेषार्थ मे है तथा सूत्र ७८ मे भी है ।

एवं क्रियाप्रधानत्वेन भूयत इत्येवंभूतः ॥२०२॥

सूत्रार्थ—जिस नय मे वर्तमान क्रिया की प्रधानता होती है, वह एवंभूत नय है ।

विशेषार्थ—इसका विशेष कथन सूत्र ४१ के विशेषार्थ मे है तथा सूत्र ७९ मे भी इस नय का कथन है ।

'चिडिया ग्राम मे, वृक्ष मे, झाडी मे, शाखा मे, शाखा के एक भाग में, अपने शरीर मे तथा कण्ठ मे चहचहाती हैं'—इस दृष्टान्त मे कहे गये सात स्थान सूक्ष्म, सूक्ष्म होते गये हैं । इसी प्रकार नैगमादि सात नयों का विषय भी सूक्ष्म, सूक्ष्म होता गया है । धवल पु० ७ पृ० २८–२९ पर कहा भी है—

कं पि णरं दट्ठूण य पावजणसमागमं करेमाणं ।
णेगमणएण भण्णइ णेरइओ एस पुरिसो त्ति ॥१॥
ववहारस्स दु वयणं जइया कोदंड-कंडगयहत्थो ।
भमइ मए मग्गंतो तइया सो होइ णेरइओ ॥२॥
उज्जुसुदस्स दु वयणं जइआ इर ठाइदूण ठाणम्मि ।
आहणदि मए पावो तइया सो होइ णेरइओ ॥३॥
सद्दणयस्स दु वयणं जइया पाणेहि मोइदो जंतू ।
तइया सो णेरइयो हिंसाकम्मेण संजुत्तो ॥४॥

वयणं तु समभिरूढं णारयकम्मस्स बंधगो जइया।
तइया सो णेरइओ णारयकम्मेण संजुत्तो ॥५॥
णिरयगइं संपत्तो जइया अणुहवइ णारयं दुक्खं।
तइया सो णेरइओ एवंभूदो णओ भणदि ॥६॥

अर्थ—किसी मनुष्य को पापी जीवो का समागम करते हुए देखकर नैगम नय से कहा जाता है कि यह पुरुष नारकी है। [जब वह मनुष्य प्राणिवध करने का विचार कर सामग्री का सग्रह करता है तब वह सग्रह नय से नारकी है।] जब कोई मनुष्य हाथ मे धनुष और बाण लिये मृगो की खोज में भटकता फिरता है तब वह व्यवहार नय से नारकी कहलाता है। जब आखेट-स्थान पर बैठकर पापी, मृगो पर आघात करता है तब वह ऋजुसूत्र नय से नारकी है। जब जन्तु प्राणो से विमुक्त कर दिया जाय तभी वह आघात करने वाला, हिंसा कर्म से संयुक्त मनुष्य, शब्द नय से नारकी है। जब मनुष्य नारक कर्म का बधक होकर नारक कर्म से संयुक्त हो जाय तब वह समभिरूढ नय से नारकी है। जब वही मनुष्य नारक गति को पहुँच कर नरक के दु.ख अनुभव करने लगता है तब वह एवंभूत नय से नारकी है।

शुद्धाशुद्धनिश्चयौ द्रव्यार्थिकस्य भेदौ ॥२०३॥

सूत्रार्थ—शुद्धनिश्चय नय और अशुद्धनिश्चय नय ये दोनो द्रव्यार्थिक नय के भेद हैं।

निश्चयनय का लक्षण—

अभेदानुपचारितया वस्तुनिश्चीयत इति निश्चयः ॥२०४॥

सूत्रार्थ—अभेद और अनुपचारता मे जो नय वस्तु का निश्चय करे वह निश्चय नय है।

विशेषार्थ—गुण-गुणी पर्याय-पर्यायी का भेद अथवा द्रव्य मे पर्याय व गुण-भेद निश्चय नय का विषय नही है, जैसा कि समयसार गाथा ६ व ७ मे कहा गया है। अन्य द्रव्य के सम्बन्ध से द्रव्य में उपचरित होने वाले ध

भी निश्चय नय का विषय नही है। अत: इस निश्चय नय का विषय, भेद और उपचार की अपेक्षा से रहित अखण्ड द्रव्य है। गाथा ४ मे कहा भी गया है कि निश्चय नय का हेतु द्रव्यार्थिक नय है।

व्यवहारनय का लक्षण—

भेदोपचारितया वस्तुव्यवह्रियत इति व्यवहारः ॥२०५॥

सूत्रार्थ—जो नय भेद और उपचार से वस्तु का व्यवहार करता है, वह व्यवहारनय है।

विशेषार्थ—गुण-गुणी का भेद करके या पर्याय-पर्यायी का भेद करके जो वस्तु को ग्रहण करता है वह व्यवहारनय है। जैसे—जीव के ज्ञान, दर्शन आदि गुण तथा नर, नारक आदि पर्यायें। पुद्गल के मूर्तिक गुण को जीव मे बतलाना और जीव के चेतन गुण को पुद्गल मे बतलाना इस प्रकार उपचार करके वस्तु को ग्रहण करना व्यवहारनय का विषय है। गाथा ४ मे कहा गया है कि व्यवहारनय का हेतु पर्यायार्थिक नय है।

यह भेद सर्वथा असत्य भी नही है। यदि इसको सर्वथा असत्य मान लिया जाय तो आकाश के लोकाकाश और अलोकाकाश ऐसे भेद सम्भव नही हैं तथा प्रत्यक्ष के विषयभूत जीव मे मनुष्य, तिर्यंच आदि पर्यायों की अपेक्षा भेद भी सम्भव नही होगा तथा गुण-गुणी आदि मे सज्ञा, लक्षण, प्रयोजन की अपेक्षा भेद सिद्ध नही होगा।

यदि उपचार को सर्वथा असत्य मान लिया जाय तो सिद्ध भगवान के सर्वज्ञता का लोप हो जायगा, जीव मे मूर्तत्व के अभाव से ससार का लोप हो जायगा। ऐसा सूत्र १४३ व १४९ मे कहा गया है।

अतः व्यवहार का विषय भी यथार्थ है।

सद्भूत व्यवहारनय का लक्षण—

गुणगुणिनोः संज्ञादिभेदात् भेदकः सद्भूतव्यवहारः ॥२०६॥

सूत्रार्थ—संज्ञा, संख्या, लक्षण और प्रयोजन के भेद से जो नय गुण-गुणी मे भेद करता है वह सद्भूत व्यवहारनय है।

विशेषार्थ—सूत्र ४४ के विशेपार्थ मे इसका विशेष कथन है और भेदों का कथन सूत्र ८१–८२–८३ मे है।

असद्भूत व्यवहारनय का लक्षण—

अन्यत्र प्रसिद्धस्य धर्मस्यान्यत्र समारोपणमसद्भूतव्यवहारः ॥२०७॥

सूत्रार्थ—अन्यत्र प्रसिद्ध धर्म (स्वभाव) अन्यत्र समारोप (निक्षेप) करने वाला असद्भूत व्यवहारनय है।

विशेषार्थ—इसका विशेष कथन सूत्र ४४ के विशेपार्थ में है और इसके भेदो का कथन सूत्र ८४ से ८७ तक है।

उपचरितासद्भूत व्यवहारनय का लक्षण—

असद्भूतव्यवहार एवोपचारः, उपचारादप्युपचारं यः करोति स उपचरितासद्भूतव्यवहारः ॥२०८॥

सूत्रार्थ—असद्भूत व्यवहार ही उपचार है, जो नय उपचार से भी उपचार करता है वह उपचरित-असद्भूत-व्यवहार नय है।

विशेषार्थ—उपचरित-असद्भूत-व्यवहार नय का विशेष कथन सूत्र ४४ के विशेषार्थ मे है और इसके भेदो का कथन सूत्र ८८ से ९१ तक है।

सद्भूत व्यवहारनय का विषय—

गुणगुणिनोः पर्यायपर्यायिणोः स्वभावस्वभाविनोः कारक-कारकिणोर्भेदः सद्भूतव्यवहारस्यार्थः ॥२०९॥

सूत्रार्थ—गुण-गुणी मे, पर्याय-पर्यायी में, स्वभाव-स्वभावी मे, कारक कारकी में भेद करना सद्भूत व्यवहारनय का विषय है।

विशेषार्थ—इसका विशेष कथन सूत्र ४४ के विशेषार्थ मे है तथा भेदों का कथन सूत्र ८१–८२–८३ मे है।

असद्भूत व्यवहारनय का विषय—

१. द्रव्ये द्रव्योपचारः, २. पर्याये पर्यायोपचारः, ३. गुणे गुणोपचारः, ४. द्रव्ये गुणोपचारः, ५. द्रव्ये पर्यायोपचारः, ६. गुणे द्रव्योपचारः, ७. गुणे पर्यायोपचार, ८. पर्याये द्रव्योपचारः, ९. पर्याये गुणोपचार इति नवविधोपचारः असद्भूतव्यवहारस्यार्थो द्रष्टव्यः ॥२१०॥

सूत्रार्थ—१ द्रव्य मे द्रव्य का उपचार, २ पर्याय मे पर्याय का उपचार, ३. गुण मे गुण का उपचार, ४ द्रव्य मे गुण का उपचार, ५ द्रव्य मे पर्याय का उपचार, ६ गुण मे द्रव्य का उपचार, ७ गुण में पर्याय का उपचार, ८. पर्याय मे द्रव्य का उपचार, ९. पर्याय मे गुण का उपचार, ऐसे नौ प्रकार का उपचार असद्भूत व्यवहारनय का विषय है।

विशेषार्थ—यद्यपि सूत्र ४४ के विशेषार्थ मे इन नौ प्रकार के उपचारों का विशेष कथन है तथापि संस्कृत नयचक्र के पृ० ४५ के अनुसार कथन किया जाता है—

> शरीरमपि यो जीवं प्राणिनो वदति स्फुटं ।
> असद्भूतो विजातीयो ज्ञातव्यो मुनिवाक्यतः ॥१॥

अर्थ—प्राणी के शरीर को ही जीव कहना—यहां विजाति पुद्गल द्रव्य मे विजाति जीव-द्रव्य का उपचार किया गया है। यह असद्भूतव्यवहार नय का विषय है।

> मूर्तमेवमिति ज्ञानं कर्मणा जनितं यतः।
> यदि नैव भवेन्मूर्तं मूर्तेन स्खलितं कुतः ॥२॥

अर्थ—मतिज्ञान मूर्तिक है क्योकि कर्मजनित है। यदि ज्ञान मूर्त न होता

तो मूर्त पदार्थ से स्खलित क्यो होता । यह विजातीय गुण मे विजातीय गुण का उपचार है जो असद्भूत व्यवहारनय का विषय है ।

प्रतिबिंबं समालोक्य यस्य चित्रादिषु स्थितं ।
तदेव तच्च यो ब्रूयादसद्भूतो ह्युदाहृत. ॥३॥

अर्थ—किसी के प्रतिबिंब को देखकर, जिसका वह चित्र हो उसको उस चित्ररूप बतलाना असद्भूतव्यवहार नय का उदाहरण है । यहा पर्याय मे पर्याय का उपचार है ।

जीवाजीवमपि ज्ञेयं ज्ञानज्ञानस्य गोचरात् ।
उच्यते येन लोकेस्मिन् सोऽसद्भूतो निगद्यते ॥४॥

अर्थ—ज्ञान का विषय होने से जीव-अजीव-ज्ञेय ज्ञान है, लोक मे ऐसा कहा जाता है । यह असद्भूतव्यवहार नय है । द्रव्य मे गुण का उपचार किया गया है ।

अणुरेकप्रदेशोपि येनानेकप्रदेशकः ।
वाच्यो भवेदसद्भूतो व्यवहारः स भण्यते ॥५॥

अर्थ—जो नय एकप्रदेशी परमाणु को भी बहुप्रदेशी कहता है वह असद्भूत व्यवहारनय है । यहाँ द्रव्य मे पर्याय का उपचार किया गया है ।

स्वजातीयगुणे द्रव्यं स्वजातेरुपचारतः ।
रूपं च द्रव्यमाख्याति श्वेतः प्रसादको यथा ॥६॥

अर्थ—स्वजाति गुण मे स्वजाति द्रव्य का उपचार । जैसे—सफेद महल । यहा पर रूप गुण मे महल द्रव्य का उपचार किया गया है ।

ज्ञानमेव हि पर्यायं पर्याये परिणामिवत् ।
गुणोपचारपर्यायो व्यवहारो वदत्यसौ ॥७॥

अर्थ पर्याय मे परिणमन करने वाले की तरह ज्ञान ही पर्याय है । यह गुण मे पर्याय का उपचार है । यह असद्भूत व्यवहार नय का विषय है ।

उपचारो हि पर्याये येन द्रव्यस्य सूच्यते ।
असद्भूतः समाख्यातः स्कंधेपि द्रव्यता यथा ॥८॥

अर्थ—पर्याय मे द्रव्य का उपचार । जैसे—स्कध भी द्रव्य है । यह भी असद्भूतव्यवहार नय है ।

यो दृष्ट्वा देहसंस्थानमाचष्टे रूपमुत्तमं ।
व्यवहारो ह्यसद्भूतः स्वजातीयसंज्ञकः ॥९॥

अर्थ—पर्याय मे गुण का आरोप करना भी असद्भूत व्यवहार है। जैसे—देह के संस्थान को देखकर यह कहा जाता है कि यह उत्तम रूप है ।

इस प्रकार उपर्युक्त नौ प्रकार का उपचार भी असद्भूत व्यवहार नय का विषय है ।

उपचरित असद्भूत व्यवहार नय का कथन—

उपचारः पृथग् नयो नास्तीति न पृथक् कृतः ॥२११॥

सूत्रार्थ—उपचार पृथक् नय नही है अत. उसको पृथक् रूप से नय नही कहा है ।

विशेषार्थ—व्यवहार नय के तीन भेद कहे हैं १. सद्भूत व्यवहार, २. असद्भूत व्यवहार, ३ उपचरित असद्भूल व्यवहार । इस तीसरे भेद मे उपचार नय का अन्तर्भाव हो जाता है ।

मुख्याभावे सति प्रयोजने निमित्ते चोपचारः प्रवर्तते ॥२१२॥

अर्थ—मुख्य के अभाव में प्रयोजनवश या निमित्तवश उपचार की प्रवृत्ति होती है ।

विशेषार्थ—बिलाव को सिंह कहना । यहा पर बिलाव और सिंह मे सादृश्य सम्बन्ध है अतः सिंहरूप मुख्य के अभाव मे सिंह को समझाने के लिये बिलाव को सिंह कहा गया है । चूहे और सिंह मे सादृश्य सम्बन्ध नही है अतः

चूहे मे सिंह का उपचार नही किया जाता है ।

टिप्पण अनुसार—यदि यहा कोई प्रश्न करे कि उपचार-नय पृथक् क्यों कहा गया, यह तो व्यवहारनय का ही भेद है इसलिये व्यवहारनय का ही कथन करना चाहिये था—तो इसका उत्तर दिया जाता है कि उपचार के कथन बिना, किसी भी एक कार्य की सिद्धि नही होती । जहाँ पर मुख्य वस्तु का अभाव हो, वहा पर प्रयोजन या निमित्त के उपलब्ध होने पर उपचार की प्रवृत्ति की जाती है । वह उपचार भी सम्बन्ध के विना नही होता । इस प्रकार उपचरित असद्भूत व्यवहार नय की प्रवृत्ति होती है । इसलिये उपचरित नय भिन्न रूप से कही गई है । सूत्र ४४ के विशेषार्थ मे भी इस नय का कथन है । इसके भेदो का कथन सूत्र ८८ से ९१ तक है ।

सम्बन्ध का कथन—

सोऽपि सम्बन्धोऽविनाभावः, संश्लेषः सम्बन्धः, परिणाम-परिणामिसम्बन्धः, श्रद्धाश्रद्धेयसम्बन्धः, ज्ञानज्ञेयसम्बन्धः, चारित्रचर्यासम्बन्धश्चेत्यादि, सत्यार्थः असत्यार्थः सत्यासत्यार्थ-श्चेत्युपचरितासद्भूतव्यवहारनयस्यार्थः ॥२१३॥

सूत्रार्थ- वह सम्बन्ध भी सत्यार्थ अर्थात् स्वजाति पदार्थों मे, असत्यार्थ अर्थात् विजाति पदार्थों मे तथा सत्यासत्यार्थ अर्थात् स्वजाति-विजाति, उभय पदार्थो मे निम्न प्रकार का होता है—१. अविनाभावसम्बन्ध, २. सश्लेष सम्बन्ध, ३. परिणामपरिणामिसम्बन्ध, ४. श्रद्धाश्रद्धेयसम्बन्ध, ५. ज्ञानज्ञेय-सम्बन्ध, ६. चारित्रचर्या सम्बन्ध इत्यादि ।

विशेषार्थ—इस नय का कथन सूत्र ८८ मे भी है । इत्यादि से निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध, स्वस्वामी सम्बन्ध, वाच्य-वाचक सम्बन्ध, प्रमाण-प्रमेय सम्बन्ध, वध्य-वधक सम्बन्ध, वद्धय-घातक सम्बन्ध आदि को भी ग्रहण कर लेना चाहिये । ये सम्बन्ध यथार्थ हैं । यदि इनको यथार्थ न माना जाये तो ससार का, मोक्ष का, मोक्ष-मार्ग का, ज्ञान का और ज्ञेयो का, प्रमाण और प्रमेयो अर्थात् द्रव्यो का भी अभाव हो जायगा । सर्वज्ञ का भी अभाव हो

जायगा। तत्त्वार्थ सूत्र मे कहा गया है—

'तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम् ॥१/२॥ सर्वद्रव्यपर्यायेषुकेवलस्य ॥१/२९॥असदभिदानमनृतम् ॥७/१४॥ अदत्तादानं स्तेयम् ॥७/१५॥ मैथुनमब्रह्म ॥७/१६॥

जीव, अजीव, आस्रव, बध, सवर, निर्जरा, मोक्ष इन सात तत्त्वो का श्रद्धान सम्यग्दर्शन है जो मोक्षमहल की प्रथम सीढी है। यदि इन सात तत्त्वो के साथ श्रद्धान-श्रद्धेय सम्बन्ध यथार्थ न माना जाय तो सम्यग्दर्शन के लक्षण का अभाव हो जायगा और लक्षण के अभाव मे लक्ष्य रूप सम्यग्दर्शन का अभाव हो जायगा। सम्यग्दर्शन के अभाव मे मोक्षमार्ग का भी अभाव हो जायगा।

यदि बध्य बधक सम्बन्ध को यथार्थ न माना जाय तो बध तत्त्व का अभाव हो जायगा। बध के अभाव मे ससार व निर्जरा तत्त्व और मोक्ष तत्त्व का भी अभाव हो जायगा, क्योकि बध अवस्था का नाम ससार है, बधे हुए कर्मो का एक देश झडना निर्जरा है, तथा बध से मुक्त होने का नाम मोक्ष है। वृहद्द्रव्यसग्रह गाथा ५७ की टीका मे कहा भी है—

मुक्तश्चेत् प्राक्भवेद्बन्धो नो बन्धो मोचन कथम्।
अबंधे मोचनं नैव मुञ्चेरर्थो निरर्थकः॥

अर्थ—यदि जीव मुक्त है तो पहले इस जीव के बध अवश्य होना चाहिये, यदि बध न हो तो मोक्ष कैसे हो सकता है?

यदि ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध यथार्थ न हो तो 'सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य' यह सूत्र निरर्थक हो जायगा। और इस सूत्र के निरर्थक हो जाने पर सर्वज्ञ का अभाव हो जायगा। ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध के अभाव मे पदार्थो का ज्ञान नही हो सकेगा और द्रव्यो मे से 'प्रमेयत्व' गुण का अभाव हो जायगा। ज्ञेय व प्रमेय के अभाव मे ज्ञान व प्रमाण का भी अभाव हो जायगा।

यदि वाच्य वाचक सम्बन्ध को यथार्थ न माना जावे तो 'असदभि-दानमनृतम्' सूत्र निरर्थक हो जायगा। अथवा मोक्षमार्ग के उपदेश तथा

मोक्षमार्ग का ही अभाव हो जायगा। धवल पु० १ पृ० १० पर कहा है—

शब्दात्पदप्रसिद्धिः पदसिद्धेरर्थनिर्णयो भवति।
अर्थात्तत्वज्ञानं तत्त्वज्ञानात्परं श्रेयः॥

अर्थ—शब्द से पद की सिद्धि होती है, पद की सिद्धि से उसके अर्थ का निर्णय होता है, अर्थ-निर्णय से तत्त्वज्ञान होता है और तत्त्वज्ञान से परम कल्याण होता है।

यदि स्वस्वामी-सम्बन्ध यथार्थ न माना जाय तो 'अदत्तादानं स्तेयम्' यह सूत्र निरर्थक हो जायगा, क्योंकि जब कोई स्वामी ही नही तो आहारादिक दान देने का किसी को अधिकार भी नही रहेगा। अत दान, दातार, देय और पात्र सभी का लोप हो जायगा। इससे मोक्षमार्ग का भी अभाव हो जायगा।

पति-पत्नी सम्बन्ध यथार्थ न माना जाय तो स्वदारासन्तोष व्रत तथा पर-स्त्री-त्याग व्रत का अभाव हो जायगा।

इस प्रकार उपचरित असद्भूत-व्यवहारनय का विषय यथार्थ है, सर्वथा अयथार्थ नही है। यदि सर्वथा, एकान्त से अनुपचरित को यथार्थ माना जाय और उपचरित को अयथार्थ मानकर छोड दिया जाय तो परज्ञता का विरोध हो जायगा, ऐसा सूत्र १४६ में कहा है।

॥ इस प्रकार आगम नय का निरूपण हुआ ॥

अध्यात्म भाषा से नयों का कथन

पुनरप्यध्यात्मभाषया नया उच्यन्ते ॥२१४॥

सूत्रार्थ—फिर भी अध्यात्म-भाषा से नयो का कथन करते है।

तावन्मूलनयौ द्वौ निश्चयो व्यवहारश्च ॥२१५॥

सूत्रार्थ—नयो के मूल भेद दो हैं—एक निश्चय नय और दूसरा व्यवहार नय।

तत्र निश्चयनयोऽभेदविषयो, व्यवहारो भेदविषयः ॥२१६॥

सूत्रार्थ—निश्चय नय का विषय अभेद है। व्यवहार नय का विषय भेद है।

विशेषार्थ—गुण और गुणी मे तथा पर्याय-पर्यायी आदि मे भेद न करके, जो नय वस्तु को ग्रहण करता है वह निश्चय नय है। गुण-गुणी के भेद द्वारा अथवा पर्याय-पर्यायी के भेद द्वारा, जो नय वस्तु को ग्रहण करता है वह व्यवहार नय है। गाथा ४ मे कहा गया है कि निश्चय नय का हेतु द्रव्यार्थिक नय है और व्यवहार नय का हेतु पर्यायार्थिक नय है।

तत्र निश्चयो द्विविधः शुद्धनिश्चयोऽशुद्धनिश्चयश्च ॥२१७॥

सूत्रार्थ—उनमे से निश्चय नय दो प्रकार का है—१ शुद्धनिश्चय, २. अशुद्धनिश्चय।

विशेषार्थ—शुद्धनिश्चय नय का विषय शुद्धद्रव्य है। अशुद्धनिश्चय नय का विषय अशुद्ध द्रव्य है।

तत्र निरुपाधिकगुणगुण्यभेद विषयकः शुद्धनिश्चयो यथा केवलज्ञानादयो जीव इति ॥२१८॥

सूत्रार्थ—उनमे से जो नय कर्मजनित विकार से रहित गुण और गुणी को अभेद रूप से ग्रहण करता है, वह शुद्धनिश्चय नय है। जैसे—केवलज्ञान आदि स्वरूप जीव है। अर्थात् जीव केवलज्ञानमयी है, क्योंकि ज्ञान जीव-स्वरूप है।

विशेषार्थ—इस शुद्धनिश्चय नय की अपेक्षा जीव के न बंध है, न मोक्ष है और न गुणस्थान आदि हैं।

'बंधश्च शुद्धनिश्चयनयेन नास्ति तथा बंधपूर्वको मोक्षोऽपि। यदि पुनः शुद्धनिश्चयेन बंधो भवति तदा सर्वदैव बंध एव, मोक्षो नास्ति।' [बृहद्द्रव्यसंग्रह गाथा ५७ टीका]

अर्थ—शुद्धनिश्चय नय की अपेक्षा बंध है ही नहीं। इसी प्रकार शुद्ध-निश्चय नय की अपेक्षा बन्धपूर्वक मोक्ष भी नहीं है। यदि शुद्धनिश्चय नय की अपेक्षा बंध होवे तो सदा ही बंध होता रहे, मोक्ष ही न हो।

णवि होदि अप्पमत्तो ण पमत्तो जाणगो दु जो भावो।
एवं भणंति सुद्धं णाओ जो सो उ सो चेव ॥६॥
ववहारेणुवदिस्सइ णाणिस्स चरित्त दंसणं णाणं।
णवि णाणं ण चरित्तं ण दंसणं जाणगो सुद्धो ॥७॥
[समयसार]

अर्थात्—शुद्धनिश्चय नय की अपेक्षा जीव प्रमत्त (मिथ्यादृष्टि गुणस्थान से प्रमत्तसयत गुणस्थान अर्थात् प्रथम छह गुणस्थान रूप) भी नहीं और अप्रमत्त (सातवें से चोदहवें गुणस्थान तक इन आठ गुणस्थान रूप) भी नहीं है। सद्भूतव्यवहार नय से जीव के चारित्र, दर्शन और ज्ञान कहे गये हैं। शुद्ध-निश्चय नय से जीव के न ज्ञान है, न चारित्र है और न दर्शन है।

इस प्रकार का अभेद शुद्धनिश्चय नय का विषय है।

सोपाधिकविषयोऽशुद्धनिश्चयो यथा मतिज्ञानादयो जीव इति ॥२१९॥

सूत्रार्थ—जो नय कर्मजनित विकार सहित गुण और गुणी को अभेदरूप से ग्रहण करता है वह अशुद्धनिश्चय नय है। जैसे—मतिज्ञानादि स्वरूप जीव।

विशेषार्थ—अशुद्धनिश्चय नय ससारी जीव को गुण और गुणी मे अभेद दृष्टि से ग्रहण करता है, क्योंकि ससारी जीव कर्मजनित विकार सहित होता है। ससारी जीव मे 'मतिज्ञान' ज्ञान गुण की विकारी अवस्था है। अत. निश्चयनय मतिज्ञान और ससारी जीव को अभेद रूप से ग्रहण करता है। जैसे—मतिज्ञानमयी जीव। क्योंकि, ज्ञान जीवस्वरूप है।

शुद्धनिश्चय नय की अपेक्षा 'अशुद्धनिश्चय नय भी व्यवहार है, ऐसा समयसार गाथा ५७ टीका मे कहा गया है—

'ननु वर्णादयो बहिरंगास्तत्र व्यवहारेण क्षीरनीरवत्संश्लेषसंबंधो

भवतु नचाभ्यंतराणां रागादीनां तत्राशुद्धनिश्चयेन भवितव्यमिति ? नैवं, द्रव्यकर्मबंधापेक्षया योसौ असद्भूतव्यवहारस्तदपेक्षया तारतम्यज्ञापनार्थं रागादीनामशुद्धनिश्चयो भण्यते। वस्तुतस्तु शुद्धनिश्चयापेक्षया पुनरशुद्धनिश्चयोपि व्यवहार एवेति भावार्थः ॥५७॥'

अर्थात्—यह शका की गई कि वर्णादि तो बहिरग हैं, इनकी साथ आत्मा का क्षीर-नीरवत् सश्लेष सबंध होहु किन्तु अभ्यन्तर मे उत्पन्न होने वाले रागादि का आत्मा के साथ व्यवहारनय से सश्लेष सम्बन्ध नही हो सकता, क्योकि रागादि का सम्बन्ध अशुद्ध निश्चयनय से है ? आचार्य समाधान करते हैं कि ऐसा नही है, द्रव्यकर्म-बध की अपेक्षा यह जो असद्भूत व्यवहारनय है, उस व्यवहारनय की अपेक्षा तरतमता दिखलाने के लिये रागादि का सम्बन्ध अशुद्ध निश्चयनय से कह दिया गया। वास्तव मे शुद्ध निश्चयनय की अपेक्षा अशुद्ध निश्चयनय भी व्यवहार है।

'यद्यप्यशुद्धनिश्चयेन चेतनानि तथापि शुद्धनिश्चयेन नित्यं सर्वकालमचेतनानि। अशुद्धनिश्चयस्तु वस्तुतो यद्यपि द्रव्यकर्मापेक्षयाभ्यंतररागादयश्चेतना इति मत्वा निश्चयसंज्ञां लभते तथापि शुद्धनिश्चयापेक्षया व्यवहार एव। इति व्याख्यानं निश्चयव्यवहारनय विचारकाले सर्वत्र ज्ञातव्यं।' [समयसार गाथा ६८ टीका]

अर्थात्—रागादि यद्यपि अशुद्ध निश्चयनय से चेतन हैं तथापि शुद्ध निश्चयनय से नित्य सर्वकाल अचेतन हैं। यद्यपि द्रव्यकर्म की अपेक्षा आभ्यन्तर रागादि चेतन हैं ऐसा माना गया है और निश्चय सज्ञा को प्राप्त हैं तथापि शुद्ध निश्चयनय की अपेक्षा वस्तुत: अशुद्ध निश्चयनय व्यवहार ही है। निश्चय नय और व्यवहारनय के विचार काल मे यह व्याख्यान सर्वत्र जान लेना चाहिये।

'द्रव्यकर्माण्यचेतनानि भावकर्माणि च चेतनानि तथापि शुद्धनिश्चयापेक्षया अचेतनान्येव। यत. कारणादशुद्धनिश्चयोपि शुद्ध-

निश्चयापेक्षया व्यवहार एव । अयमत्र भावार्थः । द्रव्यकर्मणां कर्तृत्वं भोक्तृत्वं चानुपचरितासद्भूतव्यवहारेण रागादिभावकर्मणां चाशुद्धनिश्चयेन । स च शुद्धनिश्चयापेक्षया व्यवहारएवेति ।'

[समयसार गाथा ११५ टीका]

अर्थ—द्रव्यकर्म अचेतन हैं, भावकर्म चेतन हैं तथापि शुद्ध निश्चयनय की अपेक्षा भावकर्म अचेतन हैं। इसलिये शुद्ध निश्चयनय की अपेक्षा अशुद्ध निश्चयनय व्यवहार ही है। आत्मा द्रव्यकर्मों का कर्ता व भोक्ता है, यह अनुपचरित असद्भूतव्यवहारनय का विषय है और रागादि का भोक्ता और कर्ता है, यह अशुद्धनिश्चय नय का विषय है। वह अशुद्धनिश्चय नय भी शुद्धनिश्चय नय की अपेक्षा व्यवहार ही है।

अत' समयसार आदि ग्रन्थो मे निश्चय और व्यवहार का यथार्थ अभिप्राय जानकर अर्थ करना चाहिये क्योंकि, कही-कही पर असद्भूत व्यवहारनय की अपेक्षा सद्भूतव्यवहार को भी निश्चय कह दिया गया है। जैसे, व्यवहार-षट्कारक असद्भूतव्यवहार नय की अपेक्षा हैं और निश्चयषट्कारक सद्भूत-व्यवहार नय की अपेक्षा हैं क्योंकि निश्चयनय मे षट्कारक का भेद नही है।

व्यवहारो द्विविधः सद्भूतव्यवहारोऽसद्भूतव्यवहारश्च ॥२२०॥

सूत्रार्थ—सद्भूतव्यवहार नय और असद्भूतव्यवहार नय के भेद से व्यवहारनय दो प्रकार का है।

विशेषार्थ—एक सत्ता वाले पदार्थों को जो विषय करे वह सद्भूत-व्यवहार नय है और भिन्न सत्ता वाले पदार्थों को जो विषय करे वह असद्भूत-व्यवहार नय है।

तत्रैकवस्तुविषयः सद्भूतव्यवहारः ॥२२१॥

सूत्रार्थ—उनमे से एक वस्तु को विषय करने वाली सद्भूतव्यवहार नय है।

विशेषार्थ—जैसे वृक्ष एक है, उसमे लगी हुई शाखायें यद्यपि भिन्न हैं,

तथापि वृक्ष ही हैं। उसी प्रकार सद्भूतव्यवहार नय गुण, गुणी का भेद कथन करती है। गुण-गुणी का सज्ञा, लक्षण, प्रयोजन आदि की अपेक्षा भेद है किन्तु प्रदेशसत्ता भिन्न नहीं है इसलिये एक वस्तु है। उस एक वस्तु मे गुण-गुणी का सज्ञादि की अपेक्षा भेद करना सद्भूतव्यवहार नय का विषय है। जैसे—जीव के ज्ञान, दर्शनादि।

भिन्नवस्तुविषयोऽसद्भूतव्यवहारः ॥२२२॥

सूत्रार्थ— भिन्न वस्तुओ को विषय करने वाला असद्भूतव्यवहार नय है।

विशेषार्थ—जैसे एक स्थान पर भेडें तिष्ठती हैं परन्तु पृथक् पृथक् हैं, इसी प्रकार भिन्न-भिन्न सत्ता वाले पदार्थों के सम्बन्ध को विषय करने वाला असद्भूतव्यवहार है। जैसे—ज्ञान ज्ञेय पदार्थों को जानता है। अर्थात् ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध, वाच्य-वाचक सम्बन्ध आदि सब सम्बन्ध असद्भूतव्यवहार नय के विषय हैं।

तत्र सद्भूतव्यवहारो द्विविध उपचरितानुपचरितभेदात् ॥२२३॥

सूत्रार्थ—उपचरित और अनुपचरित के भेद से सद्भूतव्यवहार नय दो प्रकार का है।

विशेषार्थ—सद्भूतव्यवहार नय के दो भेद हैं—उपचरित-सद्भूत-व्यवहार नय और अनुपचरित-सद्भूतव्यवहार नय। सूत्र २२४ व २२५ मे क्रमश इनका स्वरूप कहा जायगा।

तत्र सोपाधिगुणगुणिनोर्भेदविषयः उपचरितसद्भूतव्यवहारो, यथा जीवस्य मतिज्ञानादयो गुणाः ॥२२४॥

सूत्रार्थ—उनमे से, कर्मजनित विकार सहित गुण और गुणी के भेद को विषय करने वाला उपचरित-सद्भूतव्यवहारनय है। जैसे—जीव के मति-ज्ञानादिक गुण।

विशेषार्थ—अशुद्धद्रव्य मे गुण-गुणी का भेद कथन करने वाला उपचरित-

असद्भूतव्यवहार नय है। अशुद्धद्रव्य मे गुण-गुणी का, प्रदेशत्व की अपेक्षा, अभेद कथन करना अशुद्धनिश्चय नय का विषय है, किन्तु सज्ञा, सख्या, लक्षण, प्रयोजन आदि की अपेक्षा भेद कथन करना उपचरित सद्भूतव्यवहार नय का विषय है। दोनो ही कथन अपनी अपनी अपेक्षा से वास्तविक हैं। इनमे से किसी का भी एकान्त ग्रहण करने से वस्तुस्वरूप का अभाव हो जायगा, क्योकि वस्तु भेदाभेदात्मक, अनेकान्तमयी है।

निरुपाधिगुणगुणिनोर्भेदविषयोऽनुपचरितसद्भूतव्यवहारो, यथा जीवस्य केवलज्ञानादयो गुणाः ॥२२५॥

सूत्रार्थ—उपाधिरहित अर्थात् कर्मजनित विकार रहित जीव मे गुण और गुणी के भेदरूप विषय को ग्रहण करने वाला अनुपचरित-सद्भूतव्यवहार है। जैसे – जीव के केवलज्ञानादि गुण।

विशेषार्थ—शुद्ध गुण-गुणी मे भेद कथन करना अनुपचरित-सद्भूत-व्यवहार नय है। प्रदेशत्व की अपेक्षा शुद्ध गुण-गुणी मे अभेद कथन करना शुद्धनिश्चय नय का विषय है किन्तु सज्ञा, सख्या, लक्षण, प्रयोजन आदि की अपेक्षा भेद कथन करना अनुपचरित-असद्भूतव्यवहार नय का विषय है। अपनी अपनी अपेक्षा दोनो ही कथन यथार्थ हैं। इनमे से किसी एक का भी एकान्त ग्रहण करने से वस्तुस्वरूप का लोप हो जायगा क्योकि वस्तु भेदाभेदात्मक, अनेकान्तमयी है।

असद्भूतव्यवहारो द्विविधः उपचरितानुपचरितभेदात् ॥२२६॥

सूत्रार्थ—उपचरित और अनुपचरित के भेद से असद्भूतव्यवहार नय भी दो प्रकार का है।

विशेषार्थ—असद्भूतव्यवहार नय के दो भेद हैं—(१) उपचरितासद्भूत-व्यवहार नय, (२) अनुपचरितासद्भूतव्यवहार नय। इनका स्वरूप क्रमशः सूत्र २२७ व २२८ मे कहा जायगा।

तत्र संश्लेषरहितवस्तुसम्बन्धविषय उपचरितासद्भूतव्यवहारो यथा देवदत्तस्य धनमिति ॥२२७॥

सूत्रार्थ—उनमे से संश्लेष सम्बन्ध रहित, ऐसी भिन्न वस्तुओ का परस्पर मे सम्बन्ध ग्रहण करना उपचरितासद्भूतव्यवहार नय का विषय है। जैसे—देवदत्त का धन।

विशेषार्थ—देवदत्त भिन्न सत्ता वाला द्रव्य है और धन भिन्न सत्ता वाला द्रव्य है। इन दोनो का संश्लेष सम्बन्ध भी नही है। किन्तु, स्व-स्वामी सम्बन्ध है। देवदत्त धन का स्वामी है और धन उसका स्व है। देवदत्त को अधिकार है कि वह अपने धन को तीर्थ वन्दना, जिनमन्दिर-निर्माण तथा दान आदिक धर्म-कार्यों मे व्यय करे या अपने भोगोपभोग मे व्यय करे। देवदत्त के धन को व्यय करने का देवदत्त के अतिरिक्त अन्य किसी पुरुष को अधिकार नही है। देवदत्त के दिये विना यदि देवदत्त के धन को कोई अन्य पुरुष ग्रहण करता है तो वह चोर है, क्योकि 'अदत्तादानं स्तेयम्' ऐसा आर्ष-वाक्य है। इसी प्रकार ज्ञान-ज्ञेय सम्बन्ध भी इस उपचरितासद्भूत-व्यवहार नय का विषय है, क्योकि ज्ञान का स्वचतुष्टय भिन्न है और ज्ञेय-द्रव्यो का स्वचतुष्टय भिन्न है। ज्ञान और ज्ञेय मे सश्लेष सम्बन्ध भी नही है तथापि ज्ञान ज्ञेयो को जानता है और ज्ञेय ज्ञान के द्वारा जाने जाते हैं। अत ज्ञान-ज्ञेय सम्बन्ध यथार्थ है जो कि उपचरितासद्भूतव्यवहार नय का विषय है। यदि ज्ञान-ज्ञेय सम्बन्ध यथार्थ न हो तो सर्वज्ञता का अभाव हो जायगा। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धों के विषय मे भी जानना चाहिये।

संश्लेषसहितवस्तुसम्बन्धविषयोऽनुपचरितासद्भूतव्यवहारो, यथा जीवस्य शरीरमिति ॥२२८॥

सूत्रार्थ—सश्लेष सहित वस्तु के सम्बन्ध को विषय करने वाला अनुप-

चरितासद्भूतव्यवहार नय है, जैसे जीव का शरीर इत्यादि ।

विशेषार्थ—यद्यपि जीव का स्वचतुष्टय भिन्न है और शरीर का स्व चतुष्टय भिन्न है, तथापि जीव और शरीर का सश्लेष सम्बन्ध है । जि शरीर को धारण करे है, सकोच या विस्तार होकर आत्मप्रदेश उस शरी प्रमाण व आकाररूप हो जाय हैं । कहा भी है—

'अणुगुरुदेहपमाणो उवसंहारप्पसप्पदो चेदा ।' [वृहद्द्रव्यसंग्रह

अर्थात्—संकोच तथा विस्तार से यह जीव अपने छोटे और वडे शरी के प्रमाण रहता है ।

आत्मा और शरीरादिकरूप पुद्गल के एक क्षेत्रावगाहरूप वधान है तहाँ आत्मा हलन, चलन आदि क्रिया करना चाहे और शरीर तिस शक्तिकर रहित है तो हलन, चलन क्रिया न होय सके । इसी प्रकार शरीर मे हलन चलन शक्ति पाइये है और आत्मा की इच्छा हलन, चलन की न होय तो भी हलन, चलन न होय सके । यदि शरीर बलवान होय हालै चालै तो उसके साथ विना इच्छा भी आत्मा हालै, चालै । जैसे कापनी वायु की रुग्ण अवस्था में विना इच्छा भी आत्मा हालै चालै है । और अधरग रोग मे इच्छा होते हुए भी हलन, चलन क्रिया नही होती है ।

शरीर, वचन, मन और प्राणापान—यह पुद्गलो का उपकार है । 'शरीर-वाङ्मनः प्राणापानाः पुद्गलानाम् ॥५/१६॥' [तत्त्वार्थ सूत्र] द्वारा ऐसा कहा भी गया है । शरीर, वचन और मन की क्रिया योग है और वही आस्रव है । कहा भी है—

कायवाङ्मनः कर्मयोगः ॥६/१॥ स आस्रवः ॥६/२॥' [त०सू०]

इस प्रकार भिन्न, भिन्न चतुष्टय वाले जीव और शरीर का सश्लेष सवध है । यदि यह सश्लेष सम्बन्ध न माना जाय अथवा जीव का शरीर न माना जाय तो शरीर के वध से हिंसा के अभाव का प्रसग आ जायगा । कहा भी है—

आत्मशरीरविभेदं वदन्ति ये सर्वथा गतविवेकाः ।
कायवधे हंत कथं तेषां संजायते हिंसा ॥६/२१॥

[अमितगति श्रावकाचार]

अर्थ—जो विवेक रहित आत्मा का और शरीर का सर्वथा भेद कहे हैं, तिन के मत मे शरीर के वध होते सते हिंसा कैसे होय ? यह बडे आश्चर्य की बात है ।

यदि इस असद्भूतव्यवहार नय को यथार्थ न माना जाय और परमार्थनय (शुद्धनिश्चय नय) को सर्वथा यथार्थ माना जाये तो निम्न दोष आयेंगे—

१ परमार्थनय जीव को शरीर से भिन्न कहता है, यदि उसका ही एकान्त किया जाय तो नि शकपने से त्रस, स्थावर जीवो का घात करना सिद्ध हो सकता है । जैसे भस्म के मर्दन करने मे हिंसा का अभाव है उसी तरह जीवो के शरीर को मारने में भी हिंसा सिद्ध नही होगी किन्तु हिंसा का अभाव ठहरेगा—तब उनके घात होने से बध होने का भी अभाव ठहरेगा ।

[समयसार गाथा ४६ टीका]

२ उसी तरह रागी, द्वेषी, मोही जीव कर्म से बधता है और उसको छुडाना है—ऐसा कहा गया है । परमार्थ (निश्चय नय) से राग, द्वेष, मोह से जीव को भिन्न बतलाने से मोक्ष के उपाय का (मोक्षमार्ग का) उपदेश व्यर्थ हो जायगा—तब मोक्ष का भी अभाव ठहरेगा । [समयसार गाथा ४६ टीका]

अत. व्यवहारनय से भी वस्तुस्वरूप का कथन किया गया है ।

श्री अमृतचन्द्राचार्य ने उपर्युक्त कथन को समयसार गाथा ४६ की टीका मे निम्न शब्दो द्वारा कहा है—

'तमंतरेण तु शरीराज्जीवस्य परमार्थतो भेददर्शनात्त्रसस्थावराणां भस्मन इव निःशंकमुपमर्देनेन हिंसाऽभावाद्भवत्येव वधस्याभावः । तथा रक्तो द्विष्टो विमूढो जीवो बध्यमानो मोचनीय इति रागद्वेष-

मोहेभ्यो जीवस्य परमार्थतो भेददर्शनेन मोक्षोपायपरिग्रहणाभावात् भवत्येव मोक्षस्याभावः।'

अतः असद्भूतव्यवहार नय का विषय 'जीव का शरीर गहना' यथार्थ है।

॥ इस प्रकार पदार्थ के सरल बोध के लिये श्रीमद्देवसेनाचार्य विरचित आलापपद्धति समाप्त हुई ॥

तेतीस व्यंजनाए सत्तावीसं स्वरा तहा भणिया।
चत्तारिय योगवाहा चउसट्ठी मूल वण्णाउ॥

गाथार्थ—३३ व्यंजन अक्षर हैं, २७ स्वर हैं और ४ योगवाह हैं। इस प्रकार ६४ मूल वर्ण है।

परिशिष्ट १

अनेकान्त व स्याद्वाद

भावः स्यादस्तिनास्तीति कुर्यान्निर्दोषमेव तं ।
फलेन चास्य संबन्धो नित्यानित्यादिकं तथा ॥

अर्थ—द्रव्य कथंचित् अस्ति है, कथंचित् नास्ति है, इस प्रकार की मान्यता निर्दोष है। फलितार्थ से उसी प्रकार कथंचित्-नित्य कथंचित्-अनित्य इत्यादिक से सम्बन्ध जोडना चाहिये।

स्यादस्ति। स्यात् केनचिदभिप्रायेण। कोसावभिप्रायः? स्वस्वरूपेणास्तित्वमिति। तर्हि स्याच्छब्देन किं। यथा स्वस्वरूपेणास्तित्वं तथा पररूपेणाप्यस्तित्वं माभूदिति स्याच्छब्दः। स्यान्नास्तीति पररूपेणैव कुर्यात् स्यादस्तित्वाददोषतास्य फलं चास्यानेकस्वभावाधारत्वं नास्तिस्वभावस्य तु संकरादिदोषरहितत्त्वं।

स्यान्नित्य। स्यात्केनचिदभिप्रायेण। कोसावभिप्रायो? द्रव्यरूपेण नित्य इति। तर्हि स्याच्छब्देन किं? यथा द्रव्यरूपेण नित्यत्वं तथा पर्यायरूपेण नित्यत्वं माभूदिति स्याच्छब्दः। स्यादनित्य इति पर्यायरूपेणैव कुर्यात्। स्यान्नित्यत्वाददोषता सफलं चास्य चिरकालावस्थायित्वं। अनित्यस्वभावस्य तु कर्मोदानविमोचनादिकं स्वहेतुभिः।

स्यादेकः। स्यात्केनचिदभिप्रायेण। कोसावभिप्रायः? सामान्यरूपेणैकत्वमिति। तर्हि स्याच्छब्देन किं यथा सामान्यरूपेणैकत्वं तथा विशेषरूपेणाप्येकत्वं माभूदिति स्याच्छब्दः। स्यादनेक इति विशेषरूपेणैव कुर्यात्। स्यादेकत्वाददोषतास्य फलं चास्य सामान्यत्वसमर्थः। अनेकस्वभावस्य त्वनेकस्वभावदर्शकत्वं।

स्याद्भेदः । स्यात्केनचिदभिप्रायेण । कोसावभिप्रायः ? सद्भूतव्यवहारेण भेद इति । तर्हि स्याच्छब्देन कि ? यथा सद्भूत-व्यवहारेण भेदस्तथा द्रव्यार्थिकेनापि माभूदिति स्याच्छब्दः । स्यादभेद इति द्रव्यार्थिकेनैव कुर्यात् । स्याद्भेदत्वाददोषतास्य फलं चास्य व्यवहारसिद्धिः । अभेदस्वभावस्य तु परमार्थसिद्धिः ।

स्याद्भव्यः । स्यात्केनचिदभिप्रायेण । कोसावभिप्रायः ? स्वकीय स्वरूपेण भवनादिनि । तर्हि स्याच्छब्देन किं ? यथा स्वकीयरूपेण भवनं तथा पररूपेण भवनं माभूदिति स्याच्छब्दः । स्यादभव्य इति पररूपेणैव कुयात् । स्याद्भव्यत्वाददोषतास्य फलं चास्य स्वपर्याय-परिणामित्वं । अभव्यस्य तु परपर्यायत्यागित्वं ।

स्यात्परमः । स्यात्केनचिदभिप्रायेण । कोसावभिप्रायः ? पारि-णामिकस्वभावत्वेनेति । तर्हि स्याच्छब्देन किं ? यथा पारिणामिक-स्वभाव प्रधानत्वेन परस्वभावत्वं तथा कर्मजस्वभावप्रधानत्वेन माभूदिति स्याच्छब्दः । स्याद्विभाव इति कर्मजरूपेणैव कुर्यात् । स्यात्परमत्वाददोषतास्य फलं चास्य स्वभावादचलिता वृत्तिः । विभावस्य तु स्वभावे विकृतिः ।

स्याच्चेतनः । स्यात्केनचिदपि । कोसावभिप्रायः ? चेतनस्व-भावप्रधानत्वेनेति । तर्हि स्याच्छब्देन कि ? यथा स्वभावप्रधानत्वेन चेननत्वं तथाऽचेतनस्वभावेनापि चेतनत्वं माभूदिति स्याच्छब्दः । स्यादचेतन इति व्यवहारेणैव कुर्यात् । स्याच्चेतनत्वाददोषनास्य फलं चास्य कर्मादान हानिर्वा । अचेतनस्वभावस्य तु कर्मादानमेव ।

स्यान्मूर्तः । स्यात्केनचिदभिप्रायेण । कोसावभिप्रायः ? असद्भूतव्यवहारेण मूर्त इति । तर्हि स्याच्छब्देन कि ? यथाऽसद्-भूतव्यवहारेण मूर्त्तत्वं तथा परमभावेन मूर्त्तत्व माभूदिति स्याच्छब्दः ।

स्यादमूर्त इति परमभावेनैव कुर्यात्। स्यान्मूर्त्तत्वाददोषतास्य फलं चास्य कर्मबन्धः। अमूर्त्तस्य तु स्वभावापरित्यागित्वं।

स्यादेकप्रदेशः। स्यात्केनचिदभिप्रायेण। कोसावभिप्रायो ? भेदकल्पना निरपेक्षेणेति। तर्हि स्याच्छब्देन किं ? यथा भेदकल्पना निरपेक्षेणैकप्रदेशत्वं तथा व्यवहारेणाप्येकप्रदेशत्व माभूदिति स्याच्छब्दः। स्यादनेकप्रदेश इति व्यवहारेणैव कुर्यात्। स्यादेकप्रदेशत्वाद-दोषताम्य फलं चास्य निश्चयादेकत्वसमर्थनं। अनेक प्रदेशस्य तु अनेककार्यकारित्वं।

स्याच्छुद्धः। स्यात्केनचिदभिप्रायेण। कोसावभिप्रायः ? केवलस्वभावप्रधानत्वेनेति। तर्हि स्याच्छब्देन किं। यथा केवलस्व-भाव प्रधानत्वेन शुद्धस्वभावत्वं तथा मिश्रस्वभावप्रधानत्वेन शुद्धत्वं माभूदिति स्याच्छब्दः। स्यादशुद्ध इति मिश्रभावेनैव कुर्यात्। शुद्धत्वाददोषता तस्य फलं चास्य स्वभावावाप्तिः। अशुद्धस्वभा-वस्य तु तद्विपरीता।

स्यादुपचरितः। स्यात्केनचिदभिप्रायेण। कोसावभिप्रायः ? स्वभावस्याप्यन्यत्रोपचारादिति। तर्हि स्याच्छब्देन किं। यथा स्वभावस्याप्यन्यत्रोपचारादुपचरितस्वभावत्वं तथानुपचारेणाप्युपचा-रत्वं माभूदिति स्याच्छब्दः। स्यादनुपचरित इति निश्चयादेव कुर्यात्। स्यादुपचरिताददोषता तस्य फलं चास्य परज्ञतादयः। अनुपचरित-स्वभावस्य तथापि विपरीतं।

[श्री आचार्य देवसेन कृत नयचक्र—सोलापुर से प्रकाशित]

अर्थ—स्यात्—किसी अभिप्राय से—द्रव्य अस्तिरूप है, सद्भावरूप है। वह अभिप्राय क्या है ? स्वस्वरूप से वह है, यह अभिप्राय है। फिर स्यात् शब्द से क्या प्रयोजन है ? जिस प्रकार स्वस्वरूप से है उसी प्रकार परस्वरूप से भी है, इस प्रकार की आपत्ति का निवारण करना स्यात् शब्द का प्रयोजन है।

कथचित् परस्वरूप से नहीं है, इस प्रकार से प्रयोग करना चाहिए। कथचित् अस्तित्व होने से दोष नहीं है। इसका फल अनेक स्वभाव-आधारत्वपना है। इतना विशेष है कि नास्तिस्वभाव के संकरादि दोष रहितपना है।

स्यात् अर्थात् किसी अभिप्राय से द्रव्य नित्य है। वह अभिप्राय क्या है ? द्रव्यरूप से नित्य है, यह अभिप्राय है। फिर स्यात् शब्द से क्या प्रयोजन है ? जिस प्रकार द्रव्य रूप से नित्य है उसी प्रकार पर्याय रूप से भी नित्य है, इस प्रकार की आपत्ति का निवारण करना स्यात् शब्द का प्रयोजन है। कथचित् पर्यायरूप से अनित्य है, इस प्रकार से प्रयोग करना चाहिए। स्यात् या कथचित् का प्रयोग होने से नित्यता के निर्दोषता है। इसका फल चिरकाल तक स्थायीपना है। किन्तु, अनित्यस्वभाव से तो कर्म-ग्रहण व मोचन निज हेतुओ के द्वारा होते हैं।

स्यात् द्रव्य के एकपना है। स्यात् अर्थात् किसी अभिप्राय से। वह अभिप्राय क्या है ? सामान्य रूप से द्रव्य के एकपना है, यह अभिप्राय है। फिर स्यात् शब्द से क्या प्रयोजन है ? जिस प्रकार सामान्यरूप से द्रव्य के एक-पना है, उसी प्रकार विशेषरूप से द्रव्य के अनेकपना है, इस प्रकार की आपत्ति का निवारण करना स्यात् शब्द का प्रयोजन है। कथचित् विशेषरूप से अनेकपना है, इस प्रकार से प्रयोग करना चाहिए। स्यात् या कथचित् का प्रयोग होने से एकत्व के निर्दोषता है। इसका फल सामान्यपने मे समर्थ है। अनेकस्वभाव से तो अनेकपना है, ऐसा दिखाना है।

कथचित् भेद है। किसी अभिप्राय से अर्थात् सद्भूतव्यवहार से, भेद है। स्यात् शब्द से यहा क्या प्रयोजन है ? जिस प्रकार सद्भूतव्यवहार नय से भेद है, उसी प्रकार द्रव्यार्थिक नय (निश्चय नय) से भेद न हो, यह स्यात् पद का प्रयोजन है। कथचित् अभेद है, यह प्रयोग द्रव्यार्थिक नय से करना चाहिए। कथचित् का प्रयोग होने से भेदपना के निर्दोषता है और इसका फल व्यवहार की सिद्धि है, किन्तु अभेद स्वभाव से परमार्थ की सिद्धि होती है।

कथचित् भव्य है। किसी अभिप्राय से अर्थात् स्वकीय स्वरूप से परि-णमन हो सकने से भव्यस्वरूप है। स्यात् शब्द से क्या प्रयोजन है ? जिस प्रकार स्वकीयस्वरूप से परिणमन हो सकता है वैसे परकीय रूप से परिणमन

न हो सके यह यहा पर स्यात् शब्द से प्रयोजन है। कथचित् अभव्य है, यह कथन 'पररूप से परिणमन नही होने से' ही करना चाहिए। कथचित् अभव्यता मानने से इसमे दोष नही है और इसका फल स्वकीयरूप से परिणत होना है किन्तु अभव्यता का फल परपर्याय रूप से परिणमन का त्यागपना है।

कथंचित् परमस्वभावरूप है। किसी अभिप्राय से अर्थात् पारिणामिक भाव से परमस्वभावरूप है। स्यात् शब्द से यहा क्या प्रयोजन है ? जिस प्रकार पारिणामिक भाव से परमस्वरूप है उसी प्रकार कर्मजनित भाव से परमस्वभाव न हो। कथचित् विभावरूप है, यह कर्मजभाव से होता है। कथचित् परमस्वभाव होने से दोष नही है, इसका फल स्वभाव से अचलित रूप वृत्ति है। किन्तु विभाव का फल स्वभाव मे विकृति है।

कथचित् चेतन है। किसी अभिप्राय से अर्थात् चेतनस्वभाव की प्रधानता से चेतन है। यहाँ स्यात् शब्द से क्या प्रयोजन है ? जिस प्रकार चेतनस्वभाव की प्रधानता से चेतनत्व है, वैसे अचेतनत्व की अपेक्षा न हो, यह स्यात् शब्द का प्रयोजन है। कथचित् अचेतन है, यह व्यवहार से कहना चाहिये। कथचित् चेतनपना होने से इसके दोष नही है, इसका फल कर्म की हानि है। किन्तु अचेतनस्वभाव के मानने का फल कर्म का ग्रहण ही है।

कथचित् मूर्त है। किसी अभिप्राय से अर्थात् असद्भूत व्यवहारनय से मूर्त है। यहा स्यात् शब्द से क्या प्रयोजन है ? जिस प्रकार असद्भूत-व्यवहार नय से मूर्त है, वैसे परमभाव से मूर्त न हो, यह स्यात् शब्द का प्रयोजन है। कथचित् अमूर्त है, ऐसा परमभाव से कहना चाहिये। कथचित् मूर्त होने से इसके दोष नही है, इसका फल कर्मबध है। किन्तु अमूर्त मानने का फल स्वभाव का अपरित्याग है।

कथचित् एकप्रदेशी है। किसी अभिप्राय से अर्थात् भेदकल्पना-निरपेक्ष अभिप्राय से एकप्रदेशी है। यहाँ स्यात् शब्द से क्या प्रयोजन है ? जैसे भेदकल्पना-निरपेक्षता से एक प्रदेशपना है उसी प्रकार व्यवहार से एक प्रदेशपना न हो, यह स्यात् शब्द का प्रयोजन है। कथचित् अनेकप्रदेशी है, ऐसा

व्यवहारनय से ही मानना चाहिये। कथचित् एकप्रदेशपना होने से दोष नहीं है। और इसका फल निश्चय से एकपने का समर्थन है। किन्तु अनेकप्रदेशत्व का फल अनेककार्यकारित्व है।

कथचित् शुद्ध है। किसी अभिप्राय से अर्थात् केवलस्वभाव की प्रधानता से शुद्धस्वभाव है। स्यात् शब्द से यहाँ क्या प्रयोजन है? जैसे केवलस्वभावपने से शुद्धता है वैसे मिश्रस्वभावपने से शुद्धता न हो इसलिये स्यात् शब्द है। कथचित् अशुद्ध है, ऐसा प्रयोग मिश्रस्वभाव से ही करना चाहिये। कथंचित् शुद्धपना होने से इसके निर्दोषता है और इसका फल स्वभाव की प्राप्ति है, किन्तु अशुद्ध स्वभाव का फल स्वभाव की प्राप्ति नही है।

कथचित् उपचरित है। किसी अभिप्राय से अर्थात् स्वभाव के भी अन्यत्र उपचार से उपचरितस्वभाव है। यहाँ पर स्यात् शब्द से क्या प्रयोजन है? जैसे उपचरित नय से अन्यअस्वभाव का उपचार होने से उपचरितपना है, वैसे अनुपचरितस्वभाव से उपचारपना न हो, यह स्यात् शब्द का प्रयोजन है। कथचित् अनूपचरित है, यह निश्चय से समझना चाहिये। कथचित् उपचरितपन होने से दोष नही है, और उसका फल परज्ञता और सर्वज्ञता है। अनुपचरित का फल उससे विपरीत आत्मज्ञता है।

स्याद्वादो हि समस्तवस्तुतत्त्वसाधकमेवमेकस्खलितं शासनमर्हत्सर्वज्ञस्य। स तु सर्वमनेकांतात्मकमित्यनुशास्ति, सर्वस्यापि वस्तुनोऽनेकांतस्वभावत्वात्।

यदेव तत् तदेवातत् यदेवैकं तदेवानेक, यदेव सत्तदेवासत्, यदेव नित्य तदेवानित्यमित्येकवस्तुवस्तुत्व-निष्पादकंपरस्परविरुद्ध शक्तिद्वय-प्रकाशनमनेकांत:।

[समयसार आत्मख्याति, स्याद्वादाधिकार]

अर्थ—स्याद्वाद है वह सब वस्तुस्वरूप के साधने वाला एक निर्बाध अर्हंत्सर्वज्ञ का शासन है। वह स्याद्वाद सब वस्तुओ को अनेकांतात्मक' ऐसा कहता है—क्योकि सभी पदार्थों का अनेक धर्मरूप स्वभाव है। अनेकान्त का ऐसा स्वरूप है कि जो वस्तु तत् रूप है वही अतत् स्वरूप है, जो सत्स्वरूप है

वही वस्तु असत्स्वरूप है, जो वस्तु नित्यरूप है वही वस्तु अनित्यरूप है। इस तरह एक वस्तु में वस्तुपने की उपजाने वाली परस्पर विरुद्ध दो शक्तियों का प्रकाश होता है।

इससे उस मत का खण्डन हो जाता है जो अनेकान्त व स्याद्वाद का स्वरूप ऐसा मानते हैं कि वस्तु नित्य है, अनित्य नही है; एक है, अनेक नही है; अभेद है, भेद नही है इत्यादि, क्योकि इससे तो सर्वथा एक धर्म की सिद्धि होती है।

परसमयाण वयणं मिच्छं खलु होदि सव्वहा वयणा।

जइणाणं पुण वयणं सम्म खु कहंचि वयणादो ॥

अर्थ—परसमयो (अजैनो) का वचन 'सर्वथा' कहा जाने से वास्तव मे मिथ्या है और जैनो का वचन 'कथंचित्' कहा जाने से वास्तव मे सम्यक् है।

परिशिष्ट—२

अर्थक्रियाकारित्व

'अनुवृत्तव्यावृत्तप्रत्ययगोचरत्वात्पूर्वोत्तराकारपरिहारा वाप्तिस्थिति-लक्षणपरिणामेनार्थक्रियोपपत्तेश्च ।'[1]

वस्तु अनुवृत्त (सामान्य अथवा गुण) और व्यावृत्त (पर्याय) रूप से दिखाई देती है तथा पूर्व पर्याय का परिहार (नाश) और स्थिति (ध्रौव्य) रूप परिणमन से अर्थक्रिया की उत्पत्ति होती है ।

अर्थक्रियाविरोधादिति—कार्यकर्तृत्वायोगात्[2]

सामान्य-विशेषात्मक वस्तु मे उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य रूप अर्थक्रिया होती है ।

'त्रिलक्षणाभावतः अवस्तुनि परिच्छेदलक्षणार्थ क्रियाभावात ।'[3]

उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य रूप लक्षणत्रय का अभाव होने के कारण अवस्तु स्वरूप जो ज्ञान उसमे परिच्छित्ति रूप अर्थक्रिया का अभाव है । जैसे-जैसे ज्ञेयो मे उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य रूप परिणमन होता है उस ही के अनुसार ज्ञान मे भी जानने की अपेक्षा उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य होता रहता है । जो पर्याय प्रति-क्षण उत्पन्न होती है उस पर्याय को ज्ञान सद्भाव रूप से जानता है । जो उत्पन्न होकर विनष्ट हो चुकी हैं या अनुत्पन्न हैं उनको अभाव रूप से जानता है, अन्यथा ज्ञेयो के अनुकूल ज्ञान मे परिणमन नही बन सकता ।[4]

स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा मे भी कहा है—

जं वत्थु अणेयंत तं चिय कज्जं करेदि णियमेण ।
बहुधम्मजुदं अत्थ कज्जकरं दीसदे लोए ॥ २२५ ॥
एयंतं पुणु दव्व कज्जं ण करेदि लेसमेत्तं पि ।
जे पुणु ण करदि कज्जं तं वुच्चदि केरिसं दव्वं ॥२२६॥

---

१. श्लोकवार्तिक भाग ६ पृ० ३५९ । २. प्रमेयरत्नमाला पृ० २९४ ।
३ धवल पु० ९ पृ० १४२ । ४. धवल पु० १ पृ० १९८ ।

टीका—कार्यं न करोति, तुच्छमपि प्रयोजनं न विदधाति ।

अर्थ—जो वस्तु अनेकान्त रूप है वही नियम से कार्यकारी है, क्योकि लोक मे बहुत धर्मयुक्त पदार्थ ही कार्यकारी देखा जाता है । एकान्त रूप द्रव्य लेशमात्र भी कार्य नही करना । और जो कार्य नही करता उसको द्रव्य कैसे कहा जाय ?

कार्य नही करता अर्थात् किंचित् भी प्रयोजनवान् नही है ।

'अर्थस्य कार्यस्य क्रिया करणं निष्पत्तिर्न युज्येत् ।'

[लघीयस्त्रय पृ० २२]

प्रयोजन निष्पत्ति को अर्थ-क्रिया कहते हैं । जैसे, ज्ञान का प्रयोजन जानना है, अतः ज्ञान का परिच्छित्ति रूप जो परिणमन है वही ज्ञान की अर्थक्रिया है । अपने स्वरूप को न छोड़कर परिणमन करना द्रव्य का प्रयोजन है, क्योकि उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य से ही द्रव्य की सत्ता है । अतः द्रव्य मे जो परिणमन रूप क्रिया होती है वह द्रव्य की अर्थ-क्रिया है ।

श्री पं० पन्नालाल जी साहित्याचार्य, सागर लिखते हैं—'अर्थक्रियाकारित्व का अर्थ है—जिस पदार्थ को जिस रूप से जाना है, उस रूप से उसका कार्य भी होना । जैसे जल को जल रूप जाना, यहाँ जल मे स्नान, अवगाहन आदि क्रिया होती हैं वह जल का अर्थ-क्रिया-कारित्व है । अर्थ-क्रिया-कारित्व से अपने द्वारा ज्ञात पदार्थ का यथार्थ निर्णय हो जाता है और जहाँ अर्थ-क्रिया-कारित्व नही होता, वहाँ वस्तु की यथार्थता का निर्णय नहीं होता ।'

श्री पं० जीवधर जी, इन्दौर लिखते हैं—'प्रत्येक सद्भूत पदार्थ जो भी कार्य करता है या परिणति करता है वही उसकी अर्थक्रिया है ।'

परिशिष्ट—३

अनेक-क्रिया-कारित्व

अनेक-क्रिया-कारित्व :—एक पदार्थ सहकारी कारणो के वैविध्य से अनेक कार्यों का संपादन करता है, अतः वह अनेक-क्रिया-कारित्व कहा जाता है। जैसे—एक ही दीपक एक ही समय मे अन्धकार का नाश करता है, प्रकाश फैलाता है, बत्ती का मुख जलाता है, तैल का शोषण करता है, धूम्र रूपी कालिमा को उत्पन्न करता है। इन अनेक कार्यों का निर्मापक होने से वह अनेक क्रिया-कारित्व माना जाता है। [श्री पं० जीवधर जी, इन्दौर]

परिशिष्ट—४

संकर आदि आठ दोष

सूत्र १२७ व उसके टिप्पण मे सकर आदि आठ दोषों का वर्णन है । उन आठ दोषो का विशेष कथन 'प्रमेयरत्नमाला' के अनुसार निम्न प्रकार है—

'भेदाभेदयोर्विधिनिषेधयोरेकत्राभिन्ने वस्तुन्यसम्भवः शीतोष्ण-स्पर्शयोर्वेति १। भेदस्यान्यदधिकरणमभेदस्य चान्यदिति वैयधिकरण्यम् २। यमात्मानं पुरोधाय भेदो यं च समाश्रित्याभेदः, तावात्मनौ भिन्नौ चाभिन्नौ च । तत्रापि तथापरिकल्पनादनवस्था ३। येन रूपेण भेदस्तेन भेदश्चाभेदश्चेति सङ्करः ४। येन भेदस्तेनाभेदो येनाभेदस्तेन भेद इति व्यतिकरः ५। भेदाभेदात्मकत्वे च वस्तुनोऽसाधारणाकारेण निश्चेतुमशक्तेः संशयः ६। ततश्चाप्रतिपत्तिः ७। ततोऽभावः ८।'

अर्थ—भेद और अभेद ये दोनो विधि और निषेध स्वरूप हैं, इसलिये उनका एक अभिन्न वस्तु मे रहना असम्भव है, जैसे कि शीत और उष्ण स्पर्श का एक साथ वस्तु मे रहना असम्भव है । इस प्रकार जीवादि पदार्थों को सामान्य-विशेषात्मक मानने पर विरोध दोष आता है ।।१।। भेद का आधार अन्य है और अभेद का आधार अन्य है, इसलिये इन दोनो का एक आधार मानने से वैयधिकरण्य दोष भी आता है ।।२।। जिस स्वरूप को मुख्य करके भेद कहा जाता है और जिस स्वरूप का आश्रय लेकर, अभेद कहा जाता है, वे दोनो स्वरूप भिन्न भी हैं और अभिन्न भी हैं । पुनः उनमे भी भेद, अभेद की कल्पना से अनवस्था दोष प्राप्त होता है ।।३।। जिस रूप से भेद है, उस रूप से भेद भी है, अभेद भी है; अतः सकर दोष प्राप्त होता है ।।४।। जिस अपेक्षा से भेद है, उसी अपेक्षा से अभेद है और जिस अपेक्षा से अभेद है उसी अपेक्षा से भेद है, इस प्रकार व्यतिकर दोष आता है ।।५।। वस्तु को भेदा-

भेदात्मक मानने पर उसका असाधारण आकार से निश्चय नही किया जा सकता, अतः सशय दोष आता है ॥६॥ सशय होने से उसका ठीक ज्ञान नही हो पाता, अतः अप्रतिपत्ति नामक दोष आता है ॥७॥ ठीक प्रतिपत्ति के न होने से अभाव नाम का दोष भी आता है ॥८॥

निरपेक्ष, एकान्त दृष्टि मे ये आठो दोष सम्भव हैं। सापेक्ष, अनेकान्त दृष्टि मे इन आठ दोषो मे से एक दोष भी सम्भव नही है।

जो गुण और गुणी (द्रव्य) में सर्वथा भेद मानते हैं; उनके मत मे उपर्युक्त आठो दोष सम्भव हैं, जो गुण और गुणी का सर्वथा अभेद मानते हैं, उनके मत मे उपर्युक्त आठों दोष सम्भव हैं तथा जो भेद और अभेद को परस्पर सापेक्ष नही मानते हैं उनके मत मे भी उपर्युक्त आठों दोष सम्भव हैं। किन्तु, भेद और अभेद को सापेक्ष मानने वाले स्याद्वादियों के मत मे उक्त आठ दोष सम्भव नही हैं क्योकि, वस्तुस्वरूप अनेकान्तात्मक है।

पारिभाषिक व विशेष शब्द सूची

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३	४	नास्ति ।	नास्ति । धर्माधर्माकाशकाल-द्रव्येषु चेतनत्वं मूर्तत्वं च नास्ति ।
५	५	सख्यातभाग	सख्यातभाग
६	३	ध्वंसीपर्याय	ध्वंसी पर्याय
६	१५	वभाव	विभाव
६	१८	···रसैंकैंका···	···रसैकैका···
८	३	पृथक	पृथक्
८	१८	पर्याये·	पर्यायैः
८	२६	गंधवरण	गधवर्णं
९	९	स्वभाव:	स्वभावा:
१०	१२	स्थित:	स्थिता:
१४	७	ज्ञानोत्पात्त	ज्ञानोत्पत्ति
१५	९	स्तदायुः प्रमाण	स्तदायु प्रम
१५	१२	मेकैके नया:	मेकैका नया:
१५	१७	एवं भूत	एवंभूत
१८	२०	स्पर्शवत्वं	स्पर्शवत्त्वं
१९	१९	नेक स्वभाव	नेकस्वभाव:
२०	३	चतुर्भिप्राणै:	चतुर्भिः प्राणै.
२०	४	अजीवतिति	अजीवदिति
२०	६	च्छित्ति मात्र	च्छित्तिमात्र
२५	५	प्रसङ्ग:	प्रसङ्गः स्यात्
२८	४	तद्वेधा	तद्द्वेधा
२८	९	वस्तुसगृही	वस्तु सगृही
२८	२२	गाहा	गाथा

३१	९	रूडया=प्रसिद्धः	रूढ्याप्रसिद्धः
३१	१०	इत्येव भूतः	इत्येवंभूत
३७	२	मङ्गलार्थिभि.	मङ्गलार्थिभिः
४१	२३	ववहारे	ववहार
४२	१६	॥६॥	॥६॥[१]
४३	२२	पदेसत्तं	देसत्त
४५	२५	चरित	चरिम
४९	२३	भणिय	भणिया
५२	११	व्यजन	व्यजन
५५	१४	सूक्ष्मा वाग…वर्तमान… प्रमाणाद	सूक्ष्मावग…वर्तमाना…प्रमाण्याद
५६	२१	लाक्खविणासस्स णाइपत्तादो	लक्खविणासस्स णाइयत्तादो।
५६	२२	अगुरुलहुत्त	अगुरुलहुअत्त
५६	२३	उवलभादो	उवलभा
५७	१५	१ ०००	१२०००
५८	४	होती	होती हैं।
५८	१०	)—(	)=(
५८	२६	पृ० १ ९ से	पृ० १९६ से
५९	७	वृद्धि विशुद्ध	वृद्धिविशुद्धि
६०	२६	सम्वन्धात	सम्वन्धात्
६२	७	मूस	मूषा
६२	२३	किंचूण चरिम	किंचूणचरिम
६२	२४	मूषगर्भा	मूषागर्भा
६३	१२	व्यजन'' स्कध	व्यजन…स्कध
६३	१५	सुहुमा	सुहुमो
६४	९	गाथा ६	गाथा १६
६५	११	परमाण	परमाणु
६६	२	परमाण	परमाणु
६८	२५	वदो	व दो

७२	२३	५/ ८	५/ ३८
७६	२५	तरत्तस्या	तरत्तस्मा
८०	२०	कायाधर्म्मा	काया धर्म्मा
८०	२६	परमाण	परमाणु
१०८	२३	गुणगुणियईण	गुणगुणियाईण
१०९	३	द्रव्याथिको	द्रव्यार्थिको
१०९	८	रूबेण	रूवेण
१११	२५	गिहणइ	गिह्णइ
११२	२४	गिहणइ	गिह्णइ
११५	१०	गिहणए	गिह्णए
११६	८	अशुद्धओ	असुद्धओ
१२२	हैडिंग	[सूत्र ६८	[सूत्र ६८
१२५	१०	जलाकार	जालकार
१२८	१४	जोवपुद्गला	जीवपुद्गला
१२९	२३	भणिओ पुस्सा	भणिओ णेओ पुस्सा
१४४	हैडिंग	[सूत्र ९९	[सूत्र ९९ गाथा ५
१५७	१४	दा	दो
१७२	१८	शरीर है।	शरीर जीव है।
१७९	२	वयोऽपि	नयोऽपि
१८४	१६	वघ	बध
१८४	२१	पचास्तिकाय	पचास्तिकाय
१८६	१६	अनादि, नित्य	अनादि-नित्य
१९१	२०	लाप	लोप
१९२	६	घमस्या	धर्मस्या

नोट (१)—पृ० १७२ सूत्र १६० की टीका मे यह जोड़ना चाहिये—

'अनन्तानन्त विस्रसोपचय सहित कर्मपुद्गलस्कंध कथचित् जीव है, क्योंकि वह जीव से पृथक् नही पाया जाता है [धवल पु० १२ पृ० २९६]।' 'आधेय मे आधार का उपचार करने से परमाणु की जीवप्रदेश सज्ञा है।

अथवा, जीव और पुद्गलों के परस्पर मे अनुगत होने पर परमाणु की भी जीवप्रदेश सज्ञा होने मे कोई विरोध नही है [धवल पु० १४ पृ० ४३९] ।'

नोट (२)—पृ० १७३ पर सूत्र १६२ की टीका मे यह जोडना चाहिये—

'शरीराकार से स्थित कर्म व नोकर्म स्वरूप स्कंधो को नोजीव कहा जाता है, क्योकि वे चैतन्य भाव से रहित हैं। उनमे स्थित जीव भी नोजीव है क्योकि उनका उससे भेद नहीं है [धवल पु० १२ पृ० २९७] ।'